चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024
वर्ष -2, अंक -238, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वैज्ञानिकों ने की ब्रह्मांड के दुर्लभ कण की खोज 18

शाहरुख के साथ कभी आईपीएल मैच नहीं देखती हूं 17

## भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मार्च में साढ़े 13 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी




- सेवा क्षेत्र की 400 कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है सर्वेक्षण

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत मांग के दम पर मार्च में साढ़े 13 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण के अनुसार मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया, भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 पहुंच गया। यह फरवरी में 60.6 पर था।

खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी इंडिया सर्विस पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, फरवरी में मामूली गिरावट के बाद मार्च में भारत की सेवाओं का पीएमआई बढ़ा, मजबूत मांग के कारण बिक्री तथा व्यावसायिक गतिविधि में तेजी आई। सेवा प्रदाताओं ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अगस्त 2023 के बाद से सबसे तेज गति से नियुक्तियां बढ़ाईं हैं। सर्वेक्षण में कहा गया, रोजगार में नवीनतम वृद्धि कई महीनों में 22वीं और नवंबर 2022 के बाद से संयुक्त रूप से सबसे मजबूत है। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स फरवरी में 60.6 से बढ़कर मार्च में 61.8 हो गया।

**आवक कम होने से प्याज 40%, टमाटर 36%, आलू 22% , चावल 14% और दालों की कीमतें 22% तक बढ़ी**

## प्याज, टमाटर के दाम बढ़े, शाकाहारी थाली मार्च में 7% महंगी

मुंबई, एजेंसी



- शाकाहारी थाली की कीमत मार्च में बढ़कर 27.3 रुपये प्रति प्लेट हुई जो पिछले साल 25.5 रुपये थी
- 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट के अनुसार, पॉल्ट्री की कीमतें घटने से मांसाहारी थाली में सात प्रतिशत की गिरावट

मार्च महीने में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतें बढ़ने से शाकाहारी थाली सालाना आधार पर सात प्रतिशत तक महंगी हो गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की इकाई ने गुरुवार को यह सर्वेक्षण पेश किया। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट में कहा कि पॉल्ट्री की कीमतें घटने से पिछले महीने मांसाहारी थाली की लागत में सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद आता है। इस थाली की कीमत मार्च में बढ़कर 27.3 रुपये प्रति प्लेट हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.5 रुपये थी। हालांकि, फरवरी के 27.4 रुपये की तुलना में मार्च में शाकाहारी थाली की कीमत घटी है। रिपोर्ट अनुसार, आवक कम होने और कम आधार दर के कारण प्याज का दाम सालाना आधार पर 40 प्रतिशत, टमाटर का दाम 36 प्रतिशत और आलू का दाम 22 प्रतिशत बढ़ने से शाकाहारी थाली महंगी हो गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कम आवक के कारण एक साल पहले की तुलना में चावल का दाम भी 14 प्रतिशत और दालों की कीमतें 22 प्रतिशत बढ़ गई हैं।

### मांसाहारी थाली की लागत में आई कमी

मांसाहारी थाली की कीमत एक साल पहले की समान अवधि में 59 .2 रुपये थी जो पिछले महीने घटकर 54 .9 रुपये रह गई। लेकिन फरवरी के 54 रुपये प्रति थाली की तुलना में इसकी कीमत अब भी अधिक है। दरअसल ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट आने से सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की लागत घटी। मांसाहारी थाली में ब्रॉयलर का भारांक 50 प्रतिशत होता है। हालांकि, फरवरी की तुलना में मार्च में रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत होने और अधिक मांग आने से ब्रॉयलर की कीमतें पांच प्रतिशत बढ़ गईं।




## नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश कर रहे तीन आतंकवादी गिरफ्तार

### तीनों आईएसआई के सहयोग से हिजबुल मुजाहिद्दीन के कैंप में ट्रेनिंग ले चुके हैं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


मो. अल्ताफ भट


सैय्यद गजनफर


नासिर अली

- एटीएस के मुताबिक, तीनों प्रशिक्षण लेकर भारत में बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घुस रहे थे

**अमृत विचार :** यूपी एटीएस ने बुधवार को नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश कर रहे दो पाकिस्तानी आतंकवादियों समते तीन को गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक तीनों आतंकवादी बाकायदा प्रशिक्षण लेकर भारत में बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घुस रहे थे। एटीएस की फील्ड इकाई गोरखपुर टीम को आतंकवादियों को भारत-नेपाल सीमा के तटवर्ती गांव शेख फरेंदा होते हुए गुप्त रास्ते से भारत में प्रवेश करने की पूर्व सूचना मिली थी। भौतिक और इलेक्ट्रानिंक सर्विलांस से सूचनाएं विकसित कर टीम ने तीनों को सोनौली सीमा पर गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि तीनों में एक जम्मू -कश्मीर का निवासी है।

गिरफ्त में आए आतंकवादियों में पहला मोहम्मद अल्ताफ भट पुत्र खिजर मोहम्मद भट पाकिस्तान के रावलपिंडी,दूसरा सैयद गजनफर पुत्र सैयद मोहम्मद सैयद भी पाकिस्तान के इस्लामाबाद का निवासी है। तीसरा नासिर अली पुत्र गुलाम अहमद अली श्रीनगर का निवासी है। एटीएस द्वारा पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों को भारत पहुंचने के उपरांत बड़ी घटना को अंजाम देने कार्य दिया जाना था। भारत में इन तीनों को कौन टारगेट दे रहा था? किससे मिलने का निर्देश मिला था? इसकी जानकारी एटीएस खंगाल रही है। एटीएस ने तीनों के खिलाफ मुअसं-04/24 की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120बी, 121ए भारतीय दंड विधान, 13, 18, 38 के अंतर्गत विधि विरुद्ध क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम एवं 14, 14सी विदेशी अधिनियम-1946, के तहत लखनऊ एटीएस थाने में रिपोर्ट पंजीकृत कर न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो पाकिस्तानी समेत तीन आतंकियों की पुलिस रिमांड मंजूर

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** भारत में गुप्त रास्ते से प्रवेश कर आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के प्रयास के आरोपी पाकिस्तान के अल्ताफ भट व सैयद गजनफर तथा कश्मीर के नासिर अली को एटीएस प्रभारी न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने छह दिन के लिए पुलिस कस्टडी में दिए जाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि पुलिस रिमांड अवधि 5 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से 10 अप्रैल को शाम 6 बजे तक प्रभावी होगी। विशेष लोक अभिलेख नागेंद्र गोस्वामी एवं एमके सिंह ने अदालत को बताया कि दोनों पाकिस्तानी नागरिकों को कश्मीर के नासिर अली के साथ शेख फरेंदा गांव के चौराहे से पकड़ा गया, जहां से नासिर उन्हें कश्मीर ले जाता। दोनों पाकिस्तानियों ने फर्जी आधार कार्ड बनवाया था तथा उनका उद्देश्य भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देना था। उनके पास से पाकिस्तानी व भारतीय पासपोर्ट व पाकिस्तानी पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस फ्लाइट की टिकट तथा नेपाल, बांग्लादेश ,भारत एवं अमेरिका की करेंसी भी बरामद हुई थी। आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनसे गुप्त रास्ते की जानकारी, आईएसआई एवं हिजबुल मुजाहिदीन के बारे में पूछताछ करना, मोबाइल डाटा बरामद करना, बैंक खातों के बारे में भी जानकारी करना है। मामले की रिपोर्ट एटीएस निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने एटीएस के थाना गोमती नगर में दर्ज कराई है।

### एक नजर

#### सोनिया और वैष्णव सहित 14 सांसदों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत 14 सांसदों ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नए संसद भवन में उन्हें शपथ दिलाई। सोनिया गांधी ने राजस्थान से उच्च सदन के सदस्य के रूप में जबकि वैष्णव ने ओडिशा से राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली।

#### पूर्वोत्तर भारत में सात अप्रैल तक बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर हिस्सों में सात अप्रैल तक गरज के साथ बारिश के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अरुणाचल में चार से सात अप्रैल तक बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। असम और मेघालय में पांच अप्रैल को भारी बारिश का अनुमान है।

## स्वामी प्रसाद व संघमित्रा समेत 5 के खिलाफ गैर जमानती वारंट

लखनऊ, विधि संवाददाता




- संघमित्रा पर तलाक बिना दूसरी शादी का मामला
- मारपीट, धमकी व साज़िश के आरोपी नहीं हुए थे हाज़िर

**अमृत विचार :** बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी की कथित आरोपी सांसद संघमित्रा व मारपीट, गाली-गलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोपी पूर्व सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या, नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला उर्फ़ चिंटू तथा रितिक सिंह कोर्ट में हाज़िर नहीं हो रहे थे। इसे गंभीर मानते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश श्रीवास्तव ने सभी के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख़ तय की गई है।

अदालत द्वारा आरोपियों के विरुद्ध भेजे गए सभी जमानती वारंट आदेश के पीछे पुलिस द्वारा चस्पा किया गया था कि वारंट की तामीला के लिए आरोपी के घर जब जाया गया तो वह नहीं मिले। अदालत ने कहा है कि जमानती वारंट की तामीला रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि अभियुक्तगण वारंट की तामीला से बच रहे हैं। अदालत ने सभी आरोपियों की उपस्थिति के लिए उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है । पत्रावली के अनुसार यह मामला सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा, स्वामी प्रसाद मौर्या, उत्कृष्ट मौर्या, शिवा मौर्या,नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला एवं रितिक सिंह के ख़िलाफ़ दाखिल किया है।

### सातवें अभियुक्त को भी मिली उम्र कैद की सजा

**राजूपाल हत्याकांड**

**लखनऊ।** प्रयागराज के चर्चित पूर्व बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड के सातवें एवं अंतिम आरोपी इसरार अहमद ने सीबीआई की विशेष न्यायाधीश कविता मिश्रा ने उम्र कैद की सजा के साथ एक लाख नब्बे हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। 29 मार्च को अदालत ने आबिद, जावेद, रंजीत पाल, अब्दुल कवि, गुल हसन एवं फरहान को सजा सुनाई थी जबकि दोषी इसरार के मौजूद न होने पर अदालत ने हाजिरी माफी अर्जी को खारिज करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सोमवार को इसरार अपने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में आत्म समर्पण किया था जिसे अभिरक्षा में लेने के बाद अदालत ने सजा के प्रश्न पर सुनने को 4 अप्रैल के लिए तलब किया था।

### इरफान सोलंकी के मामले में फैसला टला

**कानपुर।** सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ गुरुवार को आगजनी मामले में कोर्ट का फैसला पांचवीं बार टल गया। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण के लिए अगली तिथि 6 अप्रैल निर्धारित की। पुलिस महाराजगंज जेल से सपा विधायक को लाई लेकिन उनको तीन घंटे पुलिस लाइन में रखा। जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी की नजीर फातिमा की झोपड़ी जलाने के मामले में इरफान, रिजवान, शौकत, इजरायल, मो. शरीफ समेत अन्य को एमपीएमएलए सेशन जज सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में पेश किया गया।

## केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की दूसरी याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी

- आपका समाधान यहां नहीं, आप सक्षम प्राधिकरण के पास जाएं

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से गुरुवार को इनकार कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा ने कहा, कई बार राष्ट्रीय हित को निजी हित से ऊपर रखना पड़ता है, लेकिन यह उनका व्यक्तिगत फैसला है। हमें अदालत के तौर पर कानून के अनुसार चलना होगा। आपका समाधान यहां नहीं, कहीं और है। आप सक्षम प्राधिकरण के पास जाइए। पीठ ने कहा कि उसने हाल में ऐसी ही जनहित याचिका खारिज की थी, जिसमें केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध किया गया था और इसलिए वह कोई अलग रुख नहीं अपना सकती है। याचिकाकर्ता विष्णु गुप्ता के वकील ने कहा कि अदालत ने इस मामले में हस्तक्षेप से इनकार किया है तो उन्हें याचिका वापस लेने का निर्देश दिया गया है और वह उपराज्यपाल के समक्ष अपनी अर्जी लेकर जाएंगे।

## पूर्व जिपं सदस्य समेत छह को उम्रकैद

अयोध्या कार्यालय

**दोहरा हत्याकांड**

- 21 वर्ष में आया फैसला, कब्जेदारी के विवाद में चाचा-भतीजे की हुई थी हत्या

**अमृत विचार :** मकान के कब्जेदारी के विवाद में चाचा और भतीजे की हत्या में कोर्ट ने 20 साल 12 महीने बाद यानी 21 साल पर गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। मामले में पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिपाल वर्मा समेत छह आरोपियों को दोषी पाते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। साथ ही दोषियों पर 11.80 लाख रुपये का जुर्माना भी ठोका है। जुर्माने की धनराशि में से चार लाख रुपये मृतक रामसुंदर की पत्नी गायत्री देवी को और पांच लाख रुपये विवेक उर्फ पिंकू के माता-पिता को देने का आदेश हुआ है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर प्रेम प्रकाश की अदालत से गुरुवार को हुआ है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण कुमार सिंह, विकास शुक्ला व वादिनी के अधिवक्ता अभय प्रताप सिंह ने बताया कि वारदात एक जून 2003 की है। पहाड़गंज स्थित एक मकान के कब्जेदारी के विवाद को लेकर रामसुंदर पांडेय व उनके भतीजे पिंकू उर्फ विवेक की लाइसेंसी बंदूक और तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात वाले दिन सुबह 10:30 बजे मकान पर कब्जा करने की नीयत से पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिपाल वर्मा व उनके भाई पहाड़ी, श्रीपाल निवासी छतिरवा थाना पूरा कलंदर अपने साथी गिरीश पांडेय शकील निवासी हैदरगंज थाना कोतवाली नगर अन्य साथियों के साथ असलहों से लैस होकर आए। हरिपाल वर्मा के हाथ में दो नाली बंदूक थी। आते ही उसके किराएदार निर्मला मौर्य का सामान घर से बाहर फेंकने लगे। इस पर उनका भतीजा पिंकू उर्फ विवेक इसकी सूचना उसके पति राम सुंदर पांडेय को देने के लिए दुकान पर नवीन मंडी चला गया। बाद में हरिपाल ने अपनी बंदूक से फायर कर दिया। विवेक के ऊपर हरिपाल के भाई पहाड़ी व श्रीपाल ने तमंचे से फायर किया। गोली लगने से दोनों की मौत हो गई थी।

### तीन की हो गई मौत, सात हुए दोषमुक्त

सुनवाई के बाद दुर्गा प्रसाद, रमेश यादव, सुकई वर्मा, राम शंकर, हरिश्चंद्र वर्मा, शकील व लालजी चौधरी दोष मुक्त हो गए थे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिपाल वर्मा, श्रीपाल वर्मा, शिव शंकर उर्फ पहाड़ी, लाल जी वर्मा, गिरीश पांडे व जगन्नाथ उर्फ लालू को हत्या और जानलेवा हमले की धारा में दोषी पाते हुए जेल भेज दिया। अन्य तीन की मुकदमे के दौरान ही मौत हो गई थी।

## बाबा तरसेम हत्याकांड: कत्ल की साजिश में चार गिरफ्तार

संवाददाता, खटीमा/नानकमत्ता

- आरोपियों के पास से दो कारें व दो मोबाइल फोन बरामद



**अमृत विचार :** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में पुलिस को सफलता मिली है। बाबा की हत्या के लिए सुपारी देने वाले मास्टर माइंड और बाबा के करीबी सेवादार समेत चार साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। हत्या के एवज में दस लाख की सुपारी दी गई थी। इधर, पुलिस महानिदेशक ने दोनों शूटर्स पर इनाम राशि बढ़ाकर एक-एक लाख रुपये करने का ऐलान किया है।

डेरा कार सेवा प्रमुख की 28 मार्च की सुबह बाइक सवार दो सिखों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मामले में दिलबाग सिंह, अमनदीप सिंह, हरमिंदर उर्फ पिंडी और बलकार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। हरमिंदर सिंह उर्फ पिंडी शाहजहांपुर के रणधीरपुर, बलकार सिंह पीलीभीत जिले के ग्राम बाधे कंजा का रहने वाला है। आरोपियों से दो कार तथा दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

## मानक पर खरे मदरसे ही होंगे संचालित

जीशान कदीर, लखनऊ



- मुख्य सचिव की ओर से दिये गए जिलावार आदेश
- समायोजन एवं अन्य अर्हताओं को लेकर पांच सदस्यीय कमेटी गठित

**अमृत विचार :** उप्र में जो मदरसे विभिन्न मानकों के आधार पर यूपी बोर्ड सहित अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने के लिए अर्ह हैं, वे मान्यता लेकर मदरसों का संचालन कर सकते हैं। इसको लेकर मुख्य सचिव की ओर से आदेश जारी किये गए हैं। प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे पांच सदस्यीय समिति बनाकर छात्रों का विद्यालयों में समायोजन करें, जो मानकों से इतर मदरसों में अध्ययनरत रहे हैं।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण और जिलाधिकारियों को आदेश दिए गए हैं। हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश के जो मदरसे, विभिन्न मानकों के आधार पर यूपी/सीबीएसई/आईसीएसई बोर्ड आदि से मान्यता प्राप्त करने को अर्ह हैं। ऐसे मदरसे बोर्ड से मान्यता प्राप्त करके प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों का संचालन कर सकते हैं। इन मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को बेसिक / माध्यमिक में प्रवेश दिलाया जाए। इसको लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति भी बनाई जाए। इसमें मुख्य विकास अधिकारी के अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को शामिल किया जाना है।

### स्थापित होंगे विद्यालय, बढ़ेंगी सीटें

मदरसों से जुड़े छात्रों के लिए खबर राहत भरी है, इनके लिए जल्द ही नए विद्यालय स्थापित किये जाएंगे। जनपद स्तर पर नए विद्यालयों की स्थापना के साथ प्रवेश के लिए सीटों का भी निर्धारण किया जाएगा। सीटें बढ़ाकर छात्र-छात्राओं को समायोजित किये जाने के निर्देश दिये गए हैं।

## सपा ने मेरठ से प्रधान की जगह सुनीता को दिया टिकट

**लखनऊ।** सपा ने मेरठ सीट पर फिर टिकट बदला है। वहां दूसरी बार उम्मीदवार बदलते हुए पार्टी ने नामांकन के अंतिम दिन अतुल प्रधान की जगह पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बना दिया। गुरुवार को सपा के सिंबल के साथ पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता ने पर्चा भर दिया है। हालांकि अतुल प्रधान ने भी बुधवार को नामांकन कर दिया था। प्रधान से भी पहले अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया गया था।

टिकट कटने की सूचना मिलते ही प्रधान ने पार्टी छोड़ने की चेतावनी दे दी लेकिन पार्टी नेतृत्व के समझाने पर निर्णय को स्वीकार कर लिया। गुरुवार को एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्णय है, वह स्वीकार है।

**संस्कृति** लगभग 300 साल पहले कलाबाजी करते समय नट की हो गई थी मौत, उनके साथ जिंदा दफन हुई थी पत्नी

## परंपरा के लिए दफन किए जाते हैं हिंदुओं के शव

ऋषिदेव गंगवार/हिमांशु उपाध्याय, बिसौली (बदायूं)

- नट और उनकी पत्नी की याद में गांव के पास बनवाया सती मंदिर


सती मंदिर में स्थापित पति को गोद में लेकर बैठी महिला की मूर्ति।

**अमृत विचार :** तेजी से बदलते दौर में लोग अपनी परंपराओं और संस्कृति को भूलते जा रहे हैं वहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने अपनी सामाजिक मान्यताओं और संस्कृति को जिंदा रखा है। हिंदू होने के बावजूद भुगोलिया नट जाति के लोग शवों का दाह संस्कार करने के बजाय दफनाते हैं। ऐसा वे अपनी परंपरा को जिंदा रखने के लिए करते हैं। ये लोग अपने पूर्वजों की समाधियों पर नियमित पूजा भी करते हैं।

राजस्थान के भूगोलिया नट उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बरेली, रामपुर, बदायूं समेत कई जिलों में डेरा डालकर रहते हैं। कलाबाजी के करतब दिखाना इनका पुश्तैनी पेशा है। कभी राजाओं, नवाबों ने इनकी कलाकारी देखकर जागीरें बख्शीश में दे डालीं जिसके चलते भुगोलिया नटों के पूर्वज कई गांवों के जमीदार भी रहे हैं। धीरे-धीरे जमींदारी चली गई। अब इन लोगों ने कलाबाजी करना बंद कर दिया है। ज्यादातर लोग मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। हिंदू होने के बाद भी वे शवों को दफनाते हैं।

### पति के साथ जिंदा दफन हुई थी, तभी बना सती मंदिर

भुगोलिया नटों के अनुसार शवों को दफनाने का रिवाज तकरीबन 300 साल पुराना है। बुजुर्गों ने बताया कि लगभग 300 साल पहले कलाबाजों को बहुत सम्मान की नजर से देखा जाता था। उनके पूर्वजों ने गांव में डेरा डाला था। उस समय बिसौली की रियासत पर नवाब दूदे खां की हुकूमत थी। एक कलाबाज नट की रस्सी से गिरकर मौत हो गई। उसकी पत्नी ने नवाब के समक्ष पति के साथ जीवित दफन होने की इच्छा जताई। महिला को समझाया गया लेकिन वह जिद पर अड़ी रही। आखिरकार नवाब को महिला को पति के साथ दफन करने की इजाजत देखी पड़ी। महिला को उसके पति के साथ जिंदा दफना दिया गया। महिला व उसके पति की याद में करौली में सती मंदिर बनवाया गया। इस मंदिर में पति के शव को गोद में रखे महिला की मूर्ति है। भुगोलिया नट हर त्यौहार पर मंदिर में पूजा करते हैं। इसीलिए देश भर में भुगोलिया नटों में शवों को दफनाने की परंपरा कायम है।

## एक नजर

### युवक की पिटाई के मामले में तीन पर केस

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** युवक की पिटाई करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के शिव तिवारी का पुरवा तोरोमाफी निवासी नीलमणि तिवारी का आरोप है कि गांव के ही सुभाष, अंकित तिवारी व अमित तिवारी ने मामूली बात को लेकर गाली गलौज करते हुए उसको मारा पीटा। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बिना परमिट के काटे पेड़ रिपोर्ट दर्ज

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** बिना परमिट के हरा पेड़ काटने के मामले में वन विभाग ने तारुन थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। बीट प्रभारी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत गुरौली में दो पेड़ सागौन की अवैध कटान गांव के ही माधव तिवारी व इसी थाना क्षेत्र के बल्लीकूपालपुर निवासी ठेकेदार भोला वर्मा के द्वारा किया गया है। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश राय ने बताया बीट प्रभारी की तहरीर पर पेड़ मालिक व ठेकेदार के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है।

# जिला अस्पताल की दवा खरीद में बड़ा गड़बड़झाला

## मनमानी खरीदी दवा, लैप्स हो गए एलपी के 25 लाख, हर माह होती है दवाओं की खरीद

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में लोकल परचेजिंग (एलपी) में बड़ा गड़बड़झाला है। दवा की खरीद में मनमानी की और लोकल परचेज के 25 लाख रुपये लैप्स हो गए। अब नीचे से ऊपर तक के लोगों ने जुबान बंद कर ली। अनजान बन रहे हैं।

212 बेड के जिला अस्पताल में प्रतिदिन एक हजार से लेकर 1200 मरीजों की ओपीडी होती है। इस दौरान दवाओं की भी अत्यधिक खपत हो जाती है। यूपी मेडिकल कॉर्पोरेशन ही अस्पताल में दवा की व्यवस्था करता है। इसके बावजूद जिन दवाओं की कमी पड़ती है उसे अस्पताल प्रशासन लोकल परचेज करता है। सूत्र बताते हैं कि हर महीने हजारों रुपये की दवाओं की खरीदारी होती है। यही नहीं प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान तैयार होने वाली किट के लिए भी एक लाख से अधिक की दवाओं की खरीद लोकल स्तर से की गई थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 की शुरुआत व समाप्ति तक दो सीएमएस आए और गए। साल भर के दौरान जमकर खरीदारी भी हुई। दवाएं ही नहीं बल्कि बेड व अन्य उपकरण भी खरीदे गए, लेकिन इस दौरान किसी ने भी एलपी के बजट को छुआ नहीं, जबकि दवाओं व अन्य छोटे-छोटे उपकरणों की खरीदारी एलपी के मद से ही होनी चाहिए।

### ...कहीं इसलिए तो नहीं हो गया खेल

दरअसल लोकल परचेजिंग यानि खरीदारी के लिए जेम पोर्टल पर ब्योरा देना होता है। उसमें हर एक दवा व अन्य खरीद के बारे में विस्तार से जानकारी देनी पड़ती है। सूत्रों का कहना है कि इसी से बचने के लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से अन्य मद से दवाएं खरीद ली गईं। इसे ऐसे समझे मान लीजिए किसी दवा के 100 पत्ते खरीदने हैं। ऑनलाइन भरेंगे तो सारा मामला खुल जाएगा, लेकिन अगर ऑफलाइन खरीदारी करेंगे तो 100 की जगह 80 पत्ता मंगाकर 20 का दाम जेब में भी जा सकता है।

### एडी हेल्थ बोले- यह तो संदेहास्पद है

अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुशील कुमार चौधरी ने कहा कि मैं भी कई अस्पतालों में रहा हूं। नौबत ये आती है कि एलपी का बजट ही कम पड़ जाता है। अब यहां बजट क्यों नहीं खर्च हुआ? यह तो संदेहास्पद है। मैंने अभी जल्दी ही चार्ज संभाला है। सीएमएस ही बता सकते हैं।

### कोई नहीं बता पा रहा कि बजट क्यों नहीं खर्च हुआ: सीएमएस

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि मुझे चार्ज संभाले हुए अभी मुश्किल से डेढ़ माह ही हुए होंगे। 25 लाख रुपये लैप्स हो गए। इस संबंध में जब फार्मासिस्ट व अन्य जिम्मेदार कर्मियों से पूछा गया तो उन्होंने बजट के बारे में अनभिज्ञता जताई है। कोई नहीं बता पा रहा है कि बजट क्यों नहीं खर्च हुआ। यह जांच का विषय है।

## धन हुआ बर्बाद, डेढ़ माह में बंद हुआ दवा काउंटर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अगर आपको धन की बर्बादी देखनी है तो जिला अस्पताल आ जाइए। यहां पहले तो लोकल परचेजिंग का 25 लाख रुपये बजट लैप्स हो गया। इसके बाद जनता की गाढ़ी कमाई के पैसों से बना नया दवा काउंटर भी बंद कर दिया गया। इस काउंटर का उद्घाटन एडी हेल्थ और सीएमओ ने समारोहपूर्ण कार्यक्रम के दौरान किया था। जिला अस्पताल के नए भवन में मरीजों की सहूलियत को लेकर पूर्व सीएमएस डॉ. एमपी गुप्ता ने दवा काउंटर का निर्माण कराया था। इसके लिए एल्युमिनियम की शीट व रैक इत्यादि बनवाए गए थे। इस काउंटर से सर्जरी, ईएनटी व आई ओपीडी में आने वाले मरीजों को दवाएं मिल जाती थी। साथ ही सर्जरी शुल्क भी जमा हो जाया करता था, लेकिन अभी काउंटर को शुरू हुए डेढ़ माह ही बीते थे कि उसे बंद कर दिया गया। इस संबंध में सीएमएस डॉ. अरुण प्रकाश ने बताया कि फार्मासिस्ट का कहना था कि वहां तक दवाएं पहुंचाने और शुल्क एकत्रित करने में परेशानी हो रही थी। जिस कारण इसे बंद कर दिया गया। चालू करने पर विचार किया जा रहा है।



नए भवन में बंद पड़ा दवा काउंटर।

## राममंदिर डाक टिकट की होगी होम डिलेवरी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनगरी के दौरे पर गुरुवार को आए उप्र के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल बी सेल्वाकुमार ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बिक्री स्टॉल का गुरुवार को उद्घाटन किया। इस पर प्रधानमंत्री द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर जारी डाक टिकट मिलेंगे। सीपीएमजी ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए सुगन्धित व खूबसूरत फ्रेम जड़ित राममंदिर डाक टिकट को होम डिलेवरी भी डाक विभाग करेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर छह स्मारक टिकट जारी किए थे। सीपीएमजी ने कहा कि इन डाक टिकटों में राम मंदिर का भव्य चित्र, कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से रामभक्ति की भावना व लोकप्रिय चौपाई मंगल भवन अमंगल हारी के माध्यम से राष्ट्र के मंगल की कामना के साथ सूर्यवंश के प्रतीक सूर्य की छवि, पुण्य नदी सरयू का चित्र है। मंदिर के आंतरिक वास्तु के सौंदर्य को बड़ी ही बारीकी से इन डाक टिकटों में दर्शाया गया है। राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के साथ-साथ संतों के मार्गदर्शन में इन स्मारक डाक टिकटों को बनाने में सरयू नदी का जल, राम जन्म भूमि की मिट्टी और चंदन का प्रयोग किया गया है। प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव ने बताया कि बढ़ती मांग व रामनवमी के अवसर पर मंडल के सभी डाकघरों सहित हनुमानगढ़ी व राम जन्मभूमि मन्दिर पर स्टाल लगाकर तथा होम डिलेवरी की सुविधा से श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर डाक टिकटों की बिक्री शुरू हुई है। सुगन्धित व खूबसूरत फ्रेम में जड़ित स्मारक डाक टिकट मात्र 500 रुपये में बिक्री के लिए उपलब्ध है। इस दौरान सहायक निदेशक रोहिताश वाजपेयी, सहायक अधीक्षक ओमेश्वर सिंह, मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, जितेन्द्र सिंह, प्रकाश चौधरी, विवेक यादव आदि मौजूद रहे।



रामलला के दर्शन के लिए पहुंचीं पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी।

## प्रभु श्रीराम के दर्शन कर अभिभूत हूं : सांसद प्रणीत कौर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** यहां आकर और श्रीराम के दर्शन कर अभिभूत हो रही हूँ। उसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकती। ये बात पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह की पत्नी सांसद प्रणीत कौर ने गुरुवार को कही। वो रामलला के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि लोकसभा का टिकट मिलने के बाद यहां पहली बार दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अयोध्या दर्शन के बाद पंजाब में दरबार साहब और राम तीरथ तथा दुर्गियाना मंदिर में दर्शन पूजन करूंगी। इस बार मोदी सरकार 400 पर होगी। जिसमें पंजाब का भी पूरा योगदान रहेगा। उन्होंने कहा कि बदलती अयोध्या की तस्वीर बहुत ही अच्छी है। एयरपोर्ट पर सुविधा अंतरराष्ट्रीय स्तर की है। इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि पंजाब में गठबंधन का कोई असर नहीं है।

# एसडीएम कोर्ट पर वकीलों का हंगामा

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** विभिन्न समस्याओं का समाधान न होने से नाराज अधिवक्ताओं ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी कोर्ट पर हंगामा काटा। विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की।

बार कार्यकारिणी की बैठक में अधिवक्ता राधेश्याम की पट्टे की भूमि पर निर्माण में किया जा रहे अवरोध, बाबा बाजार में अधिवक्ता रमेश सिंह की बैनामा भूमि पर तहसीलदार के रोकने के बाद दुकान संचालित किए जाने ,अधिवक्ता अलगू प्रसाद के भूमि की पैमाइश किए जाने, अधिवक्ता गुंजीत कुमार का रास्ता खुलवाने का मामला उठाया। समस्याओं का समाधान होने तक बहिष्कार करने का प्रस्ताव एसडीएम न्यायालय पर भेजा गया। उच्च न्यायालय की पत्रावलियों में सुनवाई करने के उप जिलाधिकारी के निर्णय की जानकारी पेशकार से मिलने पर अधिवक्ता भड़क गए थे। महामंत्री संतोष पांडे ने पुलिस प्रशासन पर लीपा पोती करने का आरोप लगाते हुए न्यायिक कार्य में सहयोग करने पर असमर्थता जताई। इसके बाद आम सदन की बैठक में सर्वसम्मत से न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया।



तहसील परिसर में नारेबाजी करते आक्रोशित अधिवक्ता। अमृत विचार

बार अध्यक्ष हरि नरायण यादव ने बताया अधिवक्ता राधेश्याम, रमेश सिंह, अलगू प्रसाद और गुंजित कुमार के प्रकरण का समाधान सोमवार तक करने की समय सीमा तहसील प्रशासन दी गई है। इस मौके पर अब्दुल जब्बार अंसारी, राम भोला तिवारी, अब्दुल हई खान, रमेश तिवारी, प्रमोद द्विवेदी, कुलभूषण यादव, फहीम खान,साहब शरण वर्मा,गया शंकर कश्यप, गोरखनाथ तिवारी,रमेश शुक्ला, धर्मेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

> उच्च न्यायालय के प्रतिदिन सुनवाई के निर्देश की पत्रावली के सुनवाई के लिए न्यायालय पर गई थी। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य सहयोग न करने की वजह से न्याय कार्य नहीं हो सका है।अधिवक्ताओं के प्रतिदिन मंडल से समस्याओं के समाधान के लिए वार्ता की गई है। राजस्व,पुलिस टीम के साथ समस्या का समाधान कराया जाएगा। – **अंशिका दीक्षित, उप जिलाधिकारी**

## हज यात्रियों के लिए जारी किया गया निर्देश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** अब हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को विशेष सावधानियां बरतनी होगी। इसके उल्लंघन पर कार्रवाई हो सकती है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमित प्रताप सिंह ने गुरुवार को बताया कि हज यात्रियों के लिए कुछ विशेष निर्देश व चेतावनी जारी की गई है। हज वीज़ा पर तीर्थ यात्रियों से किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि करना सख्त वर्जित है। यदि तीर्थ यात्री ऐसी किसी भी गतिविधि करने का प्रयास करते हैं तो उन्हें स्थानीय पुलिस से पकड़ा जा सकता है। मक्का मुकर्रमा और मदीना मुनव्वराह में पवित्र मस्जिदों पर झंडे या किसी भी प्रकार के बैनर फहराना, मस्जिदों के फर्श पर पड़ी दूसरों की वस्तुओं को उठाना, सऊदी सुरक्षा कर्मियों के साथ बहस करना या झगड़ा करना, धरना करना या सऊदी अरब के कानूनों के तहत किसी भी प्रकार की नारेबाज़ी राख्त वर्जित है। तीर्थ यात्रियों को सऊदी अधिकारियों से गिरफ्तार किया जा सकता है, हिरासत में लिया जा सकता है या यहां तक कि सऊदी अरब यात्रा पर भारी जुर्माना या स्थायी प्रतिबंध की संभावना के साथ निर्वासित भी किया जा सकता है।

**▶▶ नियम उल्लंघन पर होगी कार्रवाई**

## सार-संक्षेप



फ्लोर मिल का निरीक्षण करते खाद्य एवं विपणन विभाग के अधिकारी।

### गेहूं खरीद को लेकर अब मैदान में उतरे अफसर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले में अब गेहूं खरीद को लेकर खाद्य एवं विपणन विभाग के अधिकारी मैदान में उतर गए हैं। संभागीय खाद्य नियंत्रक अशोक पाल के नेतृत्व में गुरुवार को कई फ्लोर मिलों और थोक व्यापारियों के यहां निरीक्षण किया गया। फ्लोर मिल मालिकों से शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए सहयोग की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए सभी 68 केंद्रों को भी और सक्रिय किया जा रहा है। बता दें कि अब तक पंजीकृत 2797 किसानों से एक दाना भी गेंहू खरीद नहीं हुई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद को बढ़ाने के उद्देश्य से संभागीय खाद्य नियंत्रक, अयोध्या संभाग की अध्यक्षता में जनपद के राजपूत रोलर फ्लोर मिल, मुमताज नगर तथा थोक व्यापारियों शीबू ट्रेडर्स, विकास ट्रेडिंग कम्पनी सोहावल के यहां स्टाक सत्यापन के संदर्भ में निरीक्षण कर व्यापारियों को निर्देश दिए गए। निरीक्षण में सत्येन्द्र नाथ पाण्डेय, संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी, अजित प्रताप सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश कुमार चौधरी, दिनेश कुमार क्षेत्रीय विपणन अधिकारी शिव गोपाल आदि मौजूद रहे।

### होली मिलन से मजबूत होते हैं रिश्ते

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** होली मिलन आपसी रिश्तों को मजबूत करता है। यह बात उपजिला अधिकारी अशोक कुमार सैनी ने कही। वो बतौर मुख्य अतिथि अधिवक्ताओं की ओर से गुरुवार को संघ सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आध्यात्मिक और अयोध्या के महात्म से जुड़े संस्मरण सुनाए। इससे पूर्व अबीर–गुलाल के चंदन लगाने के साथ लोगों ने एक–दूसरे को होली की बधाई देते हुए रंगीन फुहारों भरी होली के गीत प्रस्तुत किए गए। नायब तहसील दार स्नेहिल वर्मा, अधिवक्ता सुधीर कुमार मिश्र, कमलेंद्र शुक्ला,अध्यक्ष लखन धर त्रिपाठी, रामयज्ञ तिवारी आदि की रचनाएं मनोरंजक गुदगुदाने वाली रही। अधिवक्ता अनूप पांडेय, शिवमूर्ति तिवारी, बैजनाथ पांडेय, संकटा प्रसाद निषाद, हेमंत दुबे आदि मौजूद रहे।

### मनुष्य को हमेशा सत्संग में रहना चाहिए

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड पूराबाजार के विशेषरपुर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास पंडित सुकदेव महाराज ने कहा कि मनुष्य के संग में रहकर मनुष्य बन पाना सरल है किंतु ब्रहमनिष्ठ हो पाना अत्यंत कठिन है। इसलिए मनुष्य को हमेशा सत्संग में रहने का प्रयास करना चाहिए। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओ व कंस वध की कथा को विस्तार से सुनाया। इससे पूर्व कबड्डी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह ने व्यास पीठ की आरती कराकर कथा का शुभारंभ कराया। साधूराम मिश्रा, राम सुरेश दूबे, योगेश मिश्र, आनंद सहित ग्रामीणों ने कथा का रसपान किया।

### बस चालकों का किया गया नेत्र परीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** रोडवेज बस स्टेशन पर गुरुवार को नेत्र परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। आयोजन परिवहन निगम ने कराया। कैंप में बस चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। एआरएम आदित्य प्रकाश ने बताया कि गुरुवार को कैंप में 26 बस चालकों का नेत्र परीक्षण डॉक्टर ने किया। इसमें 25 बस चालकों की आंख की फिटनेस ठीक मिली। एक चालक को ऑपरेशन के लिए कहा गया।

### रोजगार सेवकों को हो गया मानदेय का भुगतान

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के ज्यादातर रोजगार सेवकों के मानदेय का भुगतान हो गया। रोजगार सेवकों के होंठो पर मुस्कान आई तो सभी धन्यवाद भी दिया। रोजगार सेवकों का मानदेय कई महीनों से लटका हुआ था। मानदेय भुगतान न होने से उनके ईपीएफ की किश्त भी जमा नहीं हो पा रही थी। विकास प्रशासन के अफसरों ने गुरुवार को रोजगार सेवकों के मानदेय भुगतान का निर्देश दे दिया। ग्राम रोज़गार सेवक संघ क जिलाध्यक्ष अमरदीप गौड़ ने बताया कि मसौधा के 29 ग्राम रोज़गार सेवकों का आठ माह और अन्य सभी का चार माह का भुगतान हुआ है। नगर निगम में शामिल गांवों के आठ ग्राम रोज़गार का इस वित्तीय वर्ष का भुगतान हुआ। इसके अलावा हरिग्टनगंज का दो माह, तारून का एक माह, मयाबाजार का एक माह, सोहावल का एक माह, पूराबाजार, रूदौली, मवई, बीकापुर, मिल्कीपुर, अमानीगंज का मार्च तक भुगतान कर दिया गया है। अन्य ब्लाकों के रोजगार सेवकों के मानदेय का भुगतान का प्रयास किया जा रहा है।

### राजगोपाल मंदिर में हुआ अखंड रामायण का पाठ



अखंड रामायण का पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** दो मिनट लो राम नाम संदेश देने के लिए अयोध्या के रामपथ स्थित प्राचीन मठ राजगोपाल मंदिर में दो दिवसीय अनाड़ी मंडल के द्वारा अखंड रामायण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टोली वार भक्त जनों ने श्री राम लला, हनुमान गढ़ी, कनक भवन, राम की पैड़ी सहित विभिन्न दर्शनीय स्थलों का दर्शन भ्रमण किया। सांध्य सरयू आरती, लेजर शो में भी शामिल हुए। आयोजन अनाड़ी मंडल के संरक्षक लखीमपुर के महाबीर प्रसाद लला की अगुवाई में हुआ। इस मौके पर राजगोपाल मंदिर के महंत सीताराम शरण, महंत अवध किशोर शरण, हनुमत सदन, महंत राम लोचन, महंत राम लखन, महंत वीरेंद्र नाथ, महंत राकेश शरण,महंत हरभजन दास, महंत उद्धव शरण, महंत अखिलेश दास, सर्वेश्वर दास शरद, पुजारी महेंद्र प्रताप तिवारी, बाबा अजय शास्त्री उपस्थित रहे।

# पंचायत भवन व आंगनबाड़ी केंद्र का रास्ता ठेकेदार ने किया बंद




पंचायत भवन के सामने पड़े पाइप से आने में हो रही मुश्किल। अमृत विचार

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** मिल्कीपुर ब्लॉक के डोभियारा पूरे बिशुनपुर गांव में बने पंचायत भवन को जल जीवन मिशन के कर्मियों द्वारा गोदाम बना लिया गया है। पंचायत भवन में संचालित मिनी आंगनबाड़ी केंद्र को भी जल जीवन मिशन के कर्मियों द्वारा सामान रखकर पूरी तरह से प्रभावित किया गया है। वहीं पंचायत भवन में संचालित मिनी आंगनबाड़ी केंद्र में अपना भविष्य संवारने वाले नौनिहालों की शिक्षा–दीक्षा पूरी तरह से चौपट हो रही है। शुद्ध पेयजल घर–घर तक पहुंचाने हेतु पाइप बिछाने का कार्य जल निगम विभाग को सौंप दिया है। ब्लॉक मिल्कीपुर के डोभियारा पूरे बिशुनपुर गांव के पंचायत भवन पर जल जीवन मिशन के कर्मियों द्वारा पाइप डंप किया गया है। विगत चार माह से जल जीवन मिशन के कर्मियों द्वारा पाइप रख कर पंचायत भवन को जाने वाला रास्ता पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। ग्राम प्रधान नरेंद्र कुमार का कहना है कि कई बार शिकायत की जा चुकी है। खंड विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि पंचायत भवन पर रखा जल जीवन मिशन के सामान को अविलंब हटवा कर रास्ता बहाल कराया जाएगा।

## चुनाव : गलत पाई गई 92 में से 17 कर्मचारियों की सूचना

**अयोध्या कार्यालय : अमृत विचार:** मेडिकल बोर्ड से सरकारी कर्मचारियों का मेडिकल परीक्षण दूसरे दिन भी जारी रहा। 92 कर्मचारियों का मेडिकल परीक्षण किया गया। इसमें 17 कर्मचारियों से भरी गई सूचना गलत निकली। यह ड्यूटी करने के लायक पाए गए।इनकी डियूटी चुनाव में लगाई जाएगी। चुनाव ड्यूटी से बचाव के लिए कर्मचारियों ने डाटा इंट्री के समय स्वास्थ्य और निःशक्तता जैसे कारणों की इंट्री कराई थी। कार्मिक प्रशासन ने ऐसे कर्मचारियों को मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण करवा रहा है। गुरुवार को विकास भवन में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण में 17 ऐसे कर्मचारी मिले जिनकी सूचना गलत मिली। स्वास्थ्य परीक्षण में यह ड्यूटी करने की स्थिति में पाए गए। 75 कर्मचारी स्वास्थ्य कारणों से ड्यूटी से डियूटी करने में असमर्थ बताए गए। इन्हें चुनाव ड्यूटी से मुक्त किया जाएगा। जिला विकास अधिकारी उपेंद्र प्रसाद पाल ने बताया कि जिन कर्मचारियों को मेडिकली फिट बताया गया है। उन्हें चुनाव ड्यूटी में लगाया जाएगा। जिन्हें बोर्ड ने डियूटी के काबिल नहीं बताया उन्हें मुक्त रखा जाएगा।

**▶▶ 75 कर्मचारियों की नहीं लगेगी चुनाव में ड्यूटी**

# सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन व जीपीएफ को लेकर संघ मुखर

अयोध्या कार्यालय



विभिन्न मामलों को लेकर उप शिक्षा निदेशक से वार्ता करता प्रतिनिधि मंडल।

**अमृत विचार :** अयोध्या और देवीपाटन मंडल के सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों के पेंशन और जीपीएफ को लेकर माध्यमिक शिक्षक संघ के तेवर तीखे हो गए हैं। लम्बे अर्से से लंबित मामलों को लेकर मुखर हुए संघ ने गुरुवार को उप शिक्षा निदेशक आनंदकर पांडेय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने लंबित मामलों को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए पेंशन और जीपीएफ के शीघ्र निस्तारण की मांग की। कहा है कि पेंशन और जीपीएफ मामलों का निपटारा कराया जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल ने मण्डलीय शिक्षा अधिकारी आनन्दकर पाण्डेय ने दोनों मंडलों में हुए सेवानिवृत्तिक शिक्षकों का ब्योरा सौंपा। बताया कि जो प्रकरण अभी नहीं आएं है उसे भी मंगाकर निस्तारित कर दिया जायेगा। मंडल अध्यक्ष कुमार तिवारी को अध्यक्षता में प्रतिनिधि मंडल ने देवीपाटन मंडल की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। वार्ता में सुरेन्द्र कुमार सिंह, रामेश्वर प्रसाद, सतीश चन्द्र, सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष शशिकांत पांडेय ने बताया कि अयोध्या मंडल के 51 में 21 प्रकरण का ही निस्तारण कर पेंशन और जीपीएफ अब तक हुआ है। वहीं देवीपाटन मंडल के 15 मामलों का ही निस्तारण किया गया है। उन्होंने बताया कि मंडलीय शिक्षा अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया है कि शीघ्र ही सभी मामलों का निपटारा कर दिया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि संघ शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर गंभीर है। इसे लेकर अनवरत संघर्ष किया जाएगा। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मार्कंडेय सिंह व रुद्ध त्रिपाठी भी वार्ता में उपस्थित रहे।

**हालात** 28 करोड़ की लागत से दिसम्बर तक पूरा होना था रिवैंप योजना के तहत कार्य

# 722 की जगह बिछी केवल 500 किमी एबीसी लाइन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बिजली कटौती और चोरी रोकने के लिए रिवैंप योजना के तहत बिछाई जाने वाली एबीसी लाइन का काम अभी तक पूरा नहीं हो सका है। हालांकि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों का दावा है कि शीघ्र ही कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

शासन की शीर्ष प्राथमिकता वाले जिले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुधार के लिए पॉवर कार्पोरेशन द्वारा साल भर पहले रिवैंप योजना के तहत नगर क्षेत्र के सभी 13 उप केन्द्रों को आच्छादित किया जाना था। खासकर लाइन लॉस रोकने के लिए रबड़ के तार बिछाए जाने थे। नगर क्षेत्र के 267 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि के बाद इसका कार्य तो शुरू हुआ लेकिन अयोध्या में विभिन्न बड़े आयोजनों के कारण विलम्ब हो गया। योजना थी कि गर्मियों के मौसम में विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली कटोती व बार-बार होने वाली विद्युत ट्रिपिंग का सामना नही करना पड़े इसके लिए अत्याधुनिक तरीके से बिजली तारों को रबड़ से कवर किया जाए। बताया जाता है कि जिले में विद्युत विभाग द्वारा रिवैंप योजना पर 80 फीसदी काम पूरा हो गया है। इस योजना के तहत विभाग ने लाईन लॉस व बिजली चोरी रोकने के लिए रबड के तार बिछाने तथा जर्जर हुऐ तारों को भी बदला कर नए और रबड़ युक्त तार बिछाए जाने का निर्णय लिया था। जिसमें करीब 28 करोड की लागत से 174 फीडर पर 722 किलोमीटर लम्बी एबीसी लाइन (रबडिंग केबल) बिछाई जा रही है। हालांकि योजना के तहत 31 दिसंबर तक काम पूरा होना था लेकिन विभाग अब तक 500 किलोमीटर ही एबीसी लाइन ही बिछा सका है। अब गर्मी की दस्तक के साथ ही विभाग ने कार्य में तेजी शुरू की है। विभागीय अफसर इसे शीघ्र ही पूरा करने का दावा का रहे है। इसके अलावा 134 जर्जर बिजली तारों की लाइन का काम भी सुस्त गति से हो रहा है। इसमें 50 किलोमीटर की ही बिजली लाइन ठीक हो पाई है। शासन ने गर्मी के सीजन को ध्यान में रखते हुए इस माह के अंत तक काम पूरा करने के निर्देश दिए है।



चौक उपकेन्द्र में स्थापित ट्रांसफॉर्मर। अमृत विचार

**▶▶ लाइन लॉस और बिजली चोरी रोकने के लिए बिछाए जाने हैं रबड़ युक्त तार**

> 80 फीसदी कार्य पूरा हो गया है। रिवैंप योजना का अंतिम चरण चल रहा। अप्रैल के अंत तक निर्धारित किलोमीटर तक एबीसी लाइन पूरी कर ली जाएगी। – **प्रदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड प्रथम।**

# क्यूआरटी पहुंची कृषि विवि, नैक की समीक्षा

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में नैक को लेकर गुरुवार को समीक्षा बैठक हुई। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की।

इस दौरान आईसीएआर द्वारा नामित क्यूआरटी (क्विक्वेनियल रिव्यू टीम) की सात विशेषज्ञों की टीम ने प्रजेंटेशन के माध्यम से सभी गतिविधियों को जाना। नैक में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने के लिए सफलता के मूल मंत्र भी दिए। टीम ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रक्षेत्रों का भ्रमण किया। एएसआरबी के पूर्व सदस्य एवं आईसीएआर के पूर्व निदेशक डॉ. एन के त्यागी ने टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके साथ मौजूद आईआईएसएस भोपाल के पूर्व निदेशक डॉ. ए सुब्बा राव, आईएआरआई नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्रो. डॉ. एन के सिंह, एआईसीआरपी करनाल के पूर्व पीसी डॉ. एस के गुप्ता, नाबार्ड के पूर्व सीजीएम डॉ. के जे एस सत्यसाई, सीएसएसआरआई करनाल के प्रमुख डॉ. एके राय, सीसीएस-एचएयू हिसार के पूर्व डीन डॉ. अशोक कुमार मौजूद रहे। डॉ. एन के त्यागी ने कहा कि नैक में ए++ ग्रेड हासिल करने का यह पूरे विवि परिवार के लिए सुनहरा मौका है, इसे गंवाना नहीं चाहिए। इस विवि के अंदर सभी लोगों में वह क्षमता दिखाई देती है जो नैक में उच्च ग्रेड दिला सकते हैं। इस मौके पर समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, नैक अध्यक्ष एवं सह अध्यक्ष एवं समस्त विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

**▶▶ नैक में उच्च ग्रेड पाने की क्षमता, अनुसंधान और विकासात्मक गतिविधियों पर भी हुई चर्चा**

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.31 बजे
इफ्तार : 06.31 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.27 बजे
इफ्तार : 06.13 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**एक नजर**

### जगदीश प्रसाद बनें जन सूचना अधिकारी

**अयोध्या।** संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय में वित्त एवं लेखाधिकारी जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव की तैनाती कर दी गई। संयुक्त विकास आयुक्त अरविंद चंद्र जैन ने बताया कि श्रीवास्तव को जनसूचना अधिकारी नामित किया गया है। इसके पहले जन सूचना अधिकारी रवींद्र कुमार सिंह थे।

# रुपये की क्षति पर अठन्नी की रिकवरी का नोटिस

## परिवहन निगम में बड़े खेल का अंदेशा, मांगा स्पष्टीकरण

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** परिवहन निगम में बड़े खेल का अंदेशा है। यह खेल रोडवेज बसों के नुकसान और उसकी भरपाई से जुड़ा है। रुपये की क्षति पर अठन्नी की रिकवरी को लेकर जारी नोटिस कुछ इसी ओर इशारा करता है। बसों के नुकसान की यह भरपाई चालकों से की जाती है। यहां ऐसे 20 चालकों को नोटिस जारी किया गया है।

रोडवेज की बसें दुर्घटना या अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त होती हैं। इनकी मरम्मत कराई जाती है। यह मरम्मत संबंधित डिपो कार्यशाला में कराए जाने की व्यवस्था है। ज्यादा टूट-फूट या क्षतिग्रस्त होने पर बस को मरम्मत के लिए क्षेत्रीय कार्यशाला भेजा जाता है। विभागीय फोरमैन क्षति का लगभग आंकलन करता है। इसकी रिपोर्ट देता है। आउटसोर्सिंग फर्म से मरम्मत कराई जाती है। विभाग उसके बिल का भुगतान करता है। पूरे खर्च की रिपोर्ट संबंधित डिपो को भेजी जाती है। इसके बाद डिपो स्तर पर संबंधित चालक से इसका स्पष्टीकरण तलब किया जाता है। इसके बाद क्षति की रिकवरी किए जाने की प्रक्रिया अपनाई जाती है।



बस स्टेशन अयोध्या। अमृत विचार

**▸▸ रोडवेज ने 20 चालकों को जारी किया नोटिस**

यहां रोडवेज के 20 चालकों को रोडवेज बस क्षतिग्रस्त मामले में नोटिस जारी किया गया है। इनमें जनवरी से नवंबर 2023 तक क्षतिग्रस्त हुई बसों की मरम्मत पर खर्च धन का ब्योरा है। बसों पर खर्च अलग-अलग है। यह राशि एक से 25 हजार रुपये तक दर्शायी गई है।

### तीने माह में होनी चाहिए कार्रवाई 14 महीने में जारी हुआ नोटिस

रोडवेज बसों के क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत और कार्रवाई के लिए कुल तीन महीने की अवधि तय है लेकिन यहां पांच से 14 महीने के बाद चालकों को नोटिस जारी होना अपने में एक सवाल है। देर से जारी होने के पीछे मिलीभगत की आशंका है। 14 महीने बाद मरम्मत से जुड़े अभिलेख मिलेंगे भी या नहीं। ये भी एक बड़ा सवाल है।

### मरम्मत में खर्च तो दुगुना, रिकवरी के लिए आधे की धनराशि जारी

रिकवरी के लिए जारी किये गये नोटिस की धनराशि में बड़े खेल की आशंका है। सूत्रों के मुताबिक इनमें कुछ ऐसे रोडवेज बसों के मामले हैं जिनकी मरम्मत में खर्च तो



दुगुना–तिगुना हुआ लेकिन रिकवरी के लिए आधे की धनराशि जारी की गई।( अमृत विचार के पास ऐसा साक्ष्य है)। कहा तो यहां तक जा रहा है कि रिकवरी के लिए वह राशि जारी की गई जितना केवल बस मरम्मत के लेबर चार्ज पर भुगतान किया जा चुका है। कल पुर्जे और सामान की तो बात छोडिए। यह तो खेल की बानगी भर है, और भी बहुत कुछ हो सकता है। दंडाधिकारी चालक के क्षति पर राहत दे सकता है लेकिन उसकी भी एक सीमा है। जितना दिख रहा है। उतना नहीं।

### तीन दिन में देना होगा स्पष्टीकरण

रोडवेज के 20 चालकों को नोटिस सौंपा गया है। इनमें एक संविदा और 19 नियमित चालक हैं। तीन दिन में स्पष्टीकरण का निर्देश है। स्पष्टीकरण न मिलने पर एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए रिकवरी की जाएगी।

> साल 2023 की शुरूआत में मैं नहीं था लेकिन अब फोरमैन की रिपोर्ट पर कार्रवाई कर रहा हूं। विलंब हुआ है। ऐसा नहीं होना चाहिए। खर्च और रिकवरी की धनराशि में अंतर नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा है तो गंभीर है। इसे देखा जाएगा। **–आदित्य प्रकाश, एआरएम**

> बसों की क्षति के मामले में कार्रवाई तीन महीने में पूरी हो जानी चाहिए। ऐसा नहीं हुआ तो लापरवाही है। खर्च और रिकवरी की राशि एक होनी चाहिए। इसमें अंतर नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा है और कोई शिकायत आई तो जांच कराई जाएगी। **–विमल राजन, क्षेत्रीय प्रबंधक**

## 10 हजार लेकर बुजुर्ग को थमा गया कागज की गड्डी

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के बड़ागांव स्थित ग्रामीण बैंक शाखा पर रकम निकालने आया एक बुजुर्ग ग्राहक उचक्कों का शिकार हो गया। झांसा देकर उचक्कों ने उसको कागज की गड्डी थमा निकाली गई रकम 10 हजार रूपये ठग लिये। शिकायत के बाद पुलिस ने बाइक शाखा स्थित सीसीटीवी फुटेज को खंगलवाया है। थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पिरखौली मजरे हजरत का पुरवा निवासी दलित मिश्री लाल गत दिवस बड़ागांव स्थित ग्रामीण बैंक शाखा गया था। उसने अपने बैंक खाते से 10 हजार रूपये की रकम निकाली और वापस चला गया। ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबधक गोपाल राय ने बताया कि बैंक ग्राहक मिश्री लाल उनके पास आया और ठगे जाने की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि बैंक शाखा से बाहर निलकने के बाद उसको बाइक सवार दो युवक मिले और युवकों ने उसको एक लाख रुपये बता एक मोटी गड्डी थमा दी तथा बैंक से निकाली गई रकम 10 हजार की गड्डी ले ली। घर जाकर देखा तो पता चला कि गड्डी केवल कागज के टुकड़े हैं। केवल ऊपर और नीचे 500-500 की असली नोट लगे हैं। सत्ती चौरा चौकी पुलिस ने पड़ताल की है तथा सीसीटीवी फुटेज खंगलवाया है। फुटेज में उचक्कों में से एक की फोटो मिली है। चौकी प्रभारी गोविंद ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# 311 पेशियों के बाद मिला विधवा को न्याय

रवि पाठक, अयोध्या

**अमृत विचार :** शहर के बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड का फैसला आने और विधवा को न्याय मिलने में 21 साल का समय लग गया। मृतकों के परिजनों को न्याय की आस में अदालत की चौखट पर 311 बार आना पड़ा। पेशी-दर-पेशी चले इस मुकदमे में अभियुक्तों ने इसे विलंबित करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। फैसले वाले दिन एक अप्रैल को भी मामले में स्थानांतरण एप्लीकेशन सत्र न्यायाधीश के यहां विचाराधीन थी। उसके निस्तारित होते ही मामले में सभी छह अभियुक्तों को दोषी पाते हुए जेल भेजा गया।

इस सनसनीखेज मामले में मकान की कब्जेदारी के चक्कर में दिनदहाड़े असलहों से लैस अभियुक्तों ने चाचा-भतीजा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या वाले दिन ही इसकी रिपोर्ट गायत्री देवी ने 16 आरोपियों के खिलाफ लिखाई थी। वारदात की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की थी। मामले में साक्ष्य संकलन के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया गया।



कचेहरी गेट का मुख्य द्वार

इसके बाद शुरू हुआ पेशियों का खेल। अभियोजन पक्ष के 19 गवाहों में से केवल नौ गवाहों को ही अदालत के समक्ष पेश किया गया और इसमें 21 वर्ष लग गए। खैर किसी तरीके से इन गवाहों ने बयान और जिरह की गलियों को पार किया। जैसे ही कोई गैंगस्टर जज मामले के निस्तारण में तेजी दिखाता आरोपियों की तरफ से जिला जज की न्यायालय में स्थानांतरण प्रार्थना पत्र दे दिया जाता।

वर्ष 2019 में गैंगस्टर जज सुरेश चंद्र आर्य ने मामले के निस्तारण में तेजी दिखाई तो स्थानांतरण प्रार्थना पत्र देकर कई महीने तक मुकदमे को विलंबित किया गया। आरोपियों के इस मंसूबे को भांपकर मामले की वादिनी गायत्री देवी ने उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में 2019 में ही याचिका दाखिल की। जिसमें मामले के त्वरित निस्तारण का आदेश हुआ था। इसके बावजूद चार साल का लंबा समय लग गया। मामला अंतिम चरण में पहुंचा तो आरोपियों ने फिर जिला जज के न्यायालय में स्थानांतरण प्रार्थना पत्र दे दिया। फैसला वाले दिन जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव ने स्थानांतरण प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। जिस मामले में फैसला हो सका। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर प्रेम प्रकाश की अदालत ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिपाल वर्मा समेत छह आरोपियों को दोषी पाते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही अभियुक्तों पर लगाए गए 11.80 लाख रुपये के जुर्माने में से चार लाख रुपये मृतक रामसुंदर की पत्नी गायत्री देवी को देने का आदेश हुआ है।

### इन पर दर्ज कराया गया था मुकदमा

इसकी रिपोर्ट हरिपाल वर्मा, शिव शंकर उर्फ पहाड़ी, श्रीपाल गिरीश पांडेय, शकील, दुर्गा प्रसाद, रमेश यादव, सुकई वर्मा, लालजी वर्मा, जगन्नाथ, राम शंकर वर्मा, रामनाथ केवट, गोरखनाथ वर्मा, राम विशाल वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा व लाल जी चौधरी उर्फ राघवेंद्र के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास की धारा में लिखाई गई थी।

## दो ट्रकों की भिड़ंत में खलासी की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार।** लखनऊ हाईवे पर आगे चल रहे ट्रक के चालक ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लिया तो पीछे चल रहा ट्रक भिड़ गया। हादसे में एक ट्रक के खलासी की मौत हो गई। उत्तराखंड से पीवीसी पाइप की खेप लादकर यश ट्रांसपोर्ट कंपनी के दो ट्रक जनपद के नाका क्षेत्र स्थित एक एजेंसी आ रहे थे। दोनों वाहन आगे-पीछे चल रहे थे। हाईवे पर आगे चल रहा ट्रक अपने आगे चल रहे ट्रक में जा भिड़ा और दोनों ट्रक क्षतिग्रस्त हो गए। घायल खलासी 25 वर्षीय हरीश पुत्र चंद्रपाल निवासी सेण्टाखेड़ा माझरा थाना टाण्डा जिला रामपुर को साथ चल रहे ट्रक के चालक विपिन ने जिला अस्पताल पहुंचाया तो चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

**सार-संक्षेप**

### चुनाव बाद मिलेगी फोर लेन बाइपास की सौगात


मार्ग का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद जून माह के अंत तक बसखारी–मया बाजार फोर लेन मार्ग के पूरा होने का इंतजार खत्म हो जाएगा। इसे पूरा हो जाने से यातायात सुगम हो जाएगा। इस मार्ग को पूरा करने के लिए पहले मार्च तक का समय निश्चित किया गया, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। इसके संचालन से दर्शननगर समपार पर लगने वाले जाम और अयोध्या से होकर मया बाजार, अकबरपुर–बसखारी तक सीधे यातायात सुगम हो जाएगा। अयोध्या–अकबरपुर–बसखारी मार्ग पर मया बाजार तीन किमी. फोर लेन का निर्माण 60.71 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर सात जनवरी 2022 से निर्माण कार्य प्रारंभ है। इस सड़क का निर्माण 15 फरवरी 2024 तक पूरा होना था, लेकिन यह सड़क अब जून माह तक ही पूरी हो पाएगी। अधिशासी अभियंता सत्य प्रकाश भारती ने बताया कि रिजर्व फॉरेस्ट को कटने में देरी हो गई। इस कारण काम थोड़ा खिंच गया है। हालांकि कार्य युद्धस्तर पर जारी है। समय पर पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी लगे हैं।

### अयोध्या में पर्यटन की काफी संभावनाए: सीडीओ

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के आईईटी संस्थान के एमसीए विभाग में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं को अयोध्या विकास से जुडे.परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अयोध्या में पर्यटन की काफी संभावनाएं हैं। विकास के साथ आम जनमानस को आर्थिक सहायता मिल सकें, इस दिशा में कार्य तेजी से किया जा रहा है। बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद पर्यटकों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। यहां के निवासियों को रोजगार से जोड़ने के लिए कैब बुकिंग व अन्य पर्यटन के लिए ऐप डेवलपमेंट, वेबसाइट डेवलपमेंट, और डिजिटल मार्केटिंग पर कार्य हो रहा है। आईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. राजीव गौड़ ने बताया कि तकनीकि छात्रों को पर्यटन के दृष्टिगत एप विकसित करने की दिशा में कार्य करना होगा।अतिथि का स्वागत डॉ. मनीष सिंह द्वारा किया गया।संयोजन एमसीए विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश भारद्वाज और शिक्षक हर्षित सिंह ने किया।

### लगाई चौपाल, किया संपर्क व संवाद


बीकापुर में बैठक को सम्बोधित करते सांसद लल्लू सिंह।

**अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के छह गावों में गुरुवार को चौपाल लगाई। गांव के लोगों से सम्पर्क व संवाद किया। सोहावल में आयोजित चौपाल में सासंद लल्लू सिंह ने कहा भ्रष्टाचारियों पर हो रही कार्रवाई से विपक्षी दलों में बौखलाहट है। झूठ के दम पर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। अयोध्या का अभूतपूर्व विकास किया गया है। चार जून को अयोध्या को भगवा मय करने का संकल्प लें। बीकापुर ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा व नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पाण्डेय राना ने भी संबोधित किया। सरायभनौली, जनकीपुर बछौली, करौंदी, सोहावल, सलोनी व शाहगंज की चौपाल में बड़ी संख्या लोगों की मौजूदगी रही। चौपाल में अनिल उपाध्याय, दीप सिंह चौहान, गोमती तिवारी, जग बहादुर तिवारी, भरत श्रीवास्तव, सुनील मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आम लोग मौजूद रहे।

### तीन दिन बदले मार्ग से चलेंगी दो ट्रेनें

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे ने परिचालन सम्बन्धी दिक्क्तों से आठ, नौ व 10 अप्रैल को दो ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णण किया है। जबकि दो ट्रेनों का उनके प्रारम्भिक स्टेशन से प्रस्थान का समय बदला गया है। उत्तर रेलवे की सीनियर डीएसीएम रेखा शर्मा की ओर से बताया गया कि 8–9 व 10 अप्रैल को डाउन किसान एक्सप्रेस अयोध्या कैंट मार्ग के बजाय आलमनगर, उतरेठिया, सुल्तानपुर, जफराबाद होकर चलेंगी। इसके अलावा अप कोलकाता जम्मू तवी सियालदह एक्सप्रेस कोलकाता से सात, आठ तथा नौ अप्रैल को दिन में पौने बारह बजे के स्थान पर सवा दो बजे दिन में रवाना होगी।

### वार्षिकोत्सव में छात्रों ने बिखेरी छटा

**अयोध्या। अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय धर्मदासपुर में गुरुवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। ग्राम प्रधान सुनील शंकर यादव ने शुभारंभ किया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक एवं भाषण प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। प्रथम,द्वितीय एवम तृतीय स्थान अर्जित करने वाले बच्चों को प्रधानाध्यापक अमिताभ सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय गंगापुर में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम सभा के प्रधान नीरज कनौजिया एवं समस्त अभिभावक मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक जमाल अहमद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संजीव, श्वेता शाही, अरविंद, ममता तिवारी, नूतन पांडे एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक आज पांच बिंदुओं पर होगा मंथन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अहम बैठक शुक्रवार को होगी। जिसमें मंदिर निर्माण सहित आगामी रामनवमी को देखते हुए पांच प्रमुख बिंदुओं पर मंथन कर निर्णय होगा। इस बैठक में लगभग 11 सदस्य उपस्थित रहेंगे। अन्य सदस्य वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे।

निर्माणाधीन राम मंदिर और परकोटा के साथ सप्त मंडप के निर्माण का कार्य प्रारंभ हो रहा है। दूसरी तरफ प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य मंदिर में पहली रामनवमी पड़ रही है। जिसमें रामलला के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया जाना है। कार्यक्रमों की रूपरेखा को तैयार कर लिया गया है। रामनवमी पर 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की

**रामनवमी की तैयारी**

संभावना जताई जा रही है, जिसको देखते हुए रामलला के दर्शन को तीन दिन 24 घंटे जारी रखने के सवाल पर ट्रस्ट मंथन कर निर्णय लेगा। इस दौरान परिसर में सुरक्षा सुविधा और भीड़ नियंत्रण के लिए बनाए गए व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा होगी। सुबह 11 से ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के आश्रम मणि रामदास छावनी पर बैठक होगी। जिसमें मुख्य रूप से महासचिव चंपत राय, कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी, स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, युग पुरुष स्वामी परमानंद, विश्व तीर्थप्रसन्नाचार्य, राजा विमलेंद्र मोहन मिश्र, डॉ. अनिल मिश्रा, कामेश्वर चौपाल, निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास के साथ निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र भी शामिल होंगे।

# मेडिकल कॉलेज में पकड़ा चोर, लोगों ने किया 'इलाज'

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को एक युवक मोटरसाइकिल चोरी करते हुए पकड़ा गया। उसकी जमकर धुनाई हुई। इस दौरान वह तरह-तरह के बयान दे रहा था। मौके पर पुलिस बुलाई गई। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है।

दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में गुरुवार दोपहर एक बजे हंगामा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो नए भवन में गेट नंबर तीन के पास सेफ हाउस के बगल में स्ट्रेलाइजेशन रूम बना हुआ है, जिसमें ऑपरेशन से संबंधित सामान रखा है। वहां पर स्टाफ की गाड़ियों की चाबियां टंगी हुई थीं। आरोपी युवक सात से आठ चाबियां उठा ले गया। मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों ने बताया कि अस्पताल परिसर में खड़ी कई गाडिय़ों में चाबी लगा रहा था। इतने में एक बुजुर्ग ने उसे देख लिया और सुरक्षा में खड़े गार्डों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही गार्डों ने उसे दबोच लिया। हो-हल्ला सुनकर और लोग इकट्ठा हो गए। इस दौरान कॉलेज का स्टाफ भी आ गया। पुलिस ने मौके पर आरोपी युवक से पूछताछ की। पूछताद के दौरान आरोपी युवक ने कई पैंतरे बदले। वह अपना पता ठिकाना बताने की बजाय तमाम तरह के बयान देने लगा। इसके बाद लोगों ने उसकी दोबारा पिटाई की कोशिश की। हालांकि पुलिस की मौजूदगी के कारण वह बच गया। दर्शन नगर चौकी के एसआई संजय यादव ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी युवक की पहचान रौनक के रूप में हुई। गौरतलब है कि कई दिनों से मेडिकल कॉलेज में बाइक चोरी की घटनाएं हो रही थीं। अब तक दर्जनों बाइक व सैकड़ों साइकिलें गायब हो चुकी हैं। लोग भी चोरों की तलाश कर रहे थे। हाथ आने के इसीलिए रौनक पर अपना गुस्सा उतारा।

**▸▸ गार्डों ने किया पुलिस के हवाले, कई चाबियां बरामद**


वायरल वीडियो का स्क्रीन शॉट।

### अब पुलिस अपना काम करेगी: प्रिंसिपल

प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मोटर साइकिल चुराने के आरोपी को पुलिस को हैंडओवर कर दिया गया है। वह अपने आप को एक मेडिकल स्टोर वाले का रिश्तेदार बता रहा था। आरोपी अब पुलिस कस्टडी में है। पुलिस अपना काम करेगी।

**राहत** — जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने दिया निर्देश

# मरीजों के बेड के पास रखी गई चिलमची

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के द्वारा बाल्टी खरीदकर लाने के मामले में 'अमृत विचार' की खबर का असर हुआ है। मामले का सीएमएस ने संज्ञान लिया है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से वार्ड में चिलमची( स्टैंड पर तसला ) रखाने का निर्देश दिया है। साथ ही नर्स व अन्य कर्मचारियों को चेतावनी भी दी है कि मैं शुक्रवार को वार्ड में राउंड के दौरान इसकी जांच भी करूंगा। सीएमएस का आदेश जारी होते ही वार्डों में चिलमची रख दी गई है।

212 बेड के जिला अस्पताल में भर्ती होने के लिए आने वाले मरीजों को 30-30 रुपये की बाल्टियां खरीदनी पड़ती थी। इन बाल्टियों में उपयोग हुई सिरिंज व मरहम-पट्टी फेंकी जाती थी। कोई मरीज अस्पताल में भर्ती होने के लिए आता था तो उसे बाल्टी खरीदकर लाने के लिए कहा जाता था। कभी-कभार मरीजों को उल्टियां भी होती थीं तो इन्हीं बाल्टियों का प्रयोग किया जाता था। इस पूरे मामले को लेकर 'अमृत विचार' ने 30 मार्च के अंक में 'जिला अस्पताल में भर्ती होना है तो बाल्टी लेकर आइए' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद ही सीएमएस ने मामले में गंभीरता से कार्रवाई कराने की बात कही थी। उन्होंने गुरुवार को इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया।


जिला अस्पताल के मेडिकल वॉर्ड में रखाई गई चिलमची।

**असर**

**▸▸ आज राउंड के समय जांच भी करेंगे सीएमएस**


जिला अस्पताल में भर्ती होना है तो बाल्टी लेकर आइए
विडंबना: 212 बेड वाले अस्पताल में हर एक मरीज को खरीदनी पड़ती है 30 रुपये की बाल्टी

30 मार्च को प्रकाशित खबर की पीडीएफ। अमृत विचार

### जानिए क्या होती है चिलमची

लोहे के स्टैंड पर मरीजों के पास एक स्टील का तसला रखा होता है। उस तसले में न सिर्फ मरीज उल्टियां कर सकते हैं बल्कि उपयोग हुई सिरिंज व मरहम–पट्टी डाली जाती है।

> मैंने आदेश जारी कर दिया है। मेडिकल वार्ड से चिलमची रखने की शुरुआत कराई है। इसे शुक्रवार को राउंड के दौरान चेक भी करूंगा। धीरे–धीरे और वार्डों में शुरुआत कराऊंगा, ताकि मरीजों को एक ही रुपये में सारा लाभ मिल सके। **– डॉ. अरुण प्रकाश श्रीवास्तव, सीएमएस, जिला अस्पताल।**

### आठ को रामकोट की परिक्रमा करेंगे साधु-संत

**अयोध्या।** हिंदू नववर्ष पर अयोध्या में होने वाली परंपरागत रामकोट की परिक्रमा की तैयारी को लेकर विक्रमादित्य न्यास महोत्सव समिति की बैठक गुरुवार को लक्ष्मण किला में हुई। इसमें आठ अप्रैल को 21वीं परिक्रमा दोपहर तीन बजे गजेंद्र भगवान का पूजन अर्चन कर शुरू होगी। बैठक में शामिल राममंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि दो दशक पुरानी परंपरा को पूरे भव्यता से निभाया जाएगा। परिक्रमा में भगवान के स्वरूपों की झांकी सजेगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या की विद्यस्थली रामकोट की परिक्रमा के अंतर्गत पवित्र स्थान हनुमानगढ़ राम जन्मभूमि कनक भवन सहित कई मठ मंदिर आते हैं। बैठक में जगद्गुरु वासुदेवाचार्य, महंत मैथिली रमण शरण, महंत रामशरण दास, महंत अवधेश दास, महंत मिथिलेश नंदिनी शरण, महंत रामशरण दास रामायणी, महंत सीताराम दास महंत देवेशाचार्य, जगद्गुरु वासुदेवानंद भास्कराचार्य सहित अन्य मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## सार-संक्षेप



चित वर्ग के बच्चों के साथ खाकी वाले गुरु जी व अतिथि।

### बच्चों के लिए पालनहार बने खाकी वाले गुरु जी

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** वंचित वर्ग के बच्चों के लिए खाकी वाले गुरु जी के नाम से प्रख्यात इंस्पेक्टर रणजीत यादव पालनहार सरीखे बने हुए हैं। ड्यूटी पर जाने से पहले दो घंटे बच्चों के साथ बिता शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। जयसिंहपुर वार्ड में गुरुवार को वंचित वर्ग के बच्चों के लिए समर्पित निशुल्क अपना स्कूल में स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया। खाकी वाले गुरुजी ने मलिन बस्ती के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की मुहिम चलाते हैं। इनकी इस मुहिम में साकेत कॉलेज के छात्र ऋषभ शर्मा और अंशिका सिंह निशुल्क रूप से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। लोगों के सहयोग से गुरुवार को सभी बच्चों में ब्रश, मंजन, साबुन, बिस्कुट, कॉपी, पेंसिल रबर व कटर इत्यादि वितरित किया गया। अतिथि के रूप में आईं वरिष्ठ कवयित्री सुनीता पाठक ने अपनी कविता 'हमको पढ़ने की चाह है' सुनाकर बच्चों को प्रेरित किया। संचालक रणजीत यादव ने सभी बच्चों को बताया साबुन लगाकर रोजाना नहाना है और ब्रश-मंजन रोज करना है।

### सामूहिक दुरदुरिया कार्यक्रम का समापन



दुरदुरिया पूजन में शामिल महिलाएं।

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल क्षेत्र की ग्राम पंचायत महोली में सभी मजरों में हो रही सामूहिक दुरदुरिया कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। आयोजन सोहावल ब्लॉक प्रमुख व प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में गुरुवार को सामुहिक दुरदूरिया कार्यक्रम में सभी विवाहित महिलाओं ने भाग लिया। सभी मात्रशक्तियों को गुड़ , चना, लैया का प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें सभी सुहागिनों ने औसाना माई के भजन गाए। इस अवसर पर मुन्ना सिंह,अमर बहादुर तिवारी, गिरीश तिवारी, सुरेश मौर्य, मुन्ना सिंह, प्रभाकर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### मवई में तीन घरों में लगी आग

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार।** रूदौली के ग्राम पंचायत मवई के दिग़म्बरपुर गांव में गुरुवार दोपहर बाद तीन घरों में आग लग गई। आग से रामदेव रावत,प्रहलाद व लवकेश के घरों को भारी क्षति पहुंची है। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव ने पीड़ितों को सहायता प्रदान की। हलेखपाल वेद प्रकाश यादव ने बताया कि आग से नुकसान का आंकलन कर लिया गया है ।तहसील प्रसाशन को रिपोर्ट सौंपकर जल्द ही आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### धूमधाम से मनाएंगे निषाद राज का जन्मोत्सवः संजय

**अयोध्या, अमृत विचार :** भगवान राम के जन्मोत्सव से पहले पूरे देश में धूमधाम से निषाद राज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। अयोध्या पहुंचे निषाद राज पार्टी के राष्ट्रीय संजय निषाद ने गुरुवार को कहा कि 13 अप्रैल को देशभर में निषाद राज का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि निषाद राज रामलला के बालसखा हैं। रामलला से चार दिन पहले ही निषाद राज का जन्मोत्सव पड़ता है।

### पांच दिन बाद भी दर्ज नही हुई रिपोर्ट , सीएम पोर्टल पर शिकायत

**अयोध्या,अमृत विचार :** जिला अस्पताल परिसर में मारपीट और अभद्रता के मामले में पांच दिन पूर्व तहरीर दिए जाने के बावजूद नगर कोतवाली पुलिस ने अभी रिपोर्ट नहीं दर्ज की। जिसको लेकर पीड़ित ने मामले की शिकायत सीएम पोर्टल पर की है और रिपोर्ट दर्ज करवा कार्रवाई की मांग उठाई है। पीड़ित महाजनी टोला निवासी विनय सिन्हा का कहना है कि उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से जिला अस्पताल में दलालों की सक्रियता तथा कुछ चिकित्सकों की ओर से इनसे मिलीभगत कर बाहर की दवा और जाँच लिखवाने की शिकायत की थी। इसी को लेकर 30 मार्च को उनपर हमला किया गया था और अभद्रता की गई थी। पीड़ित ने तहरीर कोतवाली पुलिस को दी थी और जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई न होने पर शिकायत सीएम पोर्टल पर की है।

### वैश्य समाज ने होली मिलन का किया आयोजन



होली मिलन समारोह में मौजूद वैश्य समाज नगर अध्यक्ष शीतल सोनी।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अमृत विचार। प्रेम सद्भाव और भाईचारे का सामाजिक संदेश देते हुए वैश्य समाज ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करते हुए संगठन द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे लोगों की हौसला अफजाई की गई। वैश्य समाज नगर अध्यक्ष शीतल सोनी के संयोजन में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में वैश्य समाज के बड़े व्यवसाइयों, गणमान्य व्यक्तियों और समाजसेवियों ने भाग लिया। मुन्ना लाल जायसवाल, रविंद्र बरनवाल, डॉ. पवन गुप्ता, मानिक चंद्र सोनी, रमेश चंद्र, नंदलाल अग्रहरी, घनश्याम दास, मनोज मेहरोत्रा, विनोद कुमार मेहरोत्रा आदि संरक्षकों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता की मौजूदगी रही। होली मिलन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के लोगों का सम्मान करते हुए आने वाले समय में प्रेम सद्भाव रंग और भाईचारे के त्यौहार को सकारात्मक संदेश के साथ मनाए जाने और समाज की भलाई के क्षेत्र में कार्य किए जाने के बिंदुओं पर भी चर्चा हुई।

### पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर। अमृत विचार।** थाना कटका पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त संदीप पुत्र रामचन्दर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना कटका पुलिस टीम ने ड्यूटी के दौरान मुखबिर से सूचना मिली की करीब 3 माह पहले ग्राम पर्वतपुर कोटिया के राजभर बिरादरी की जिस लड़के के साथ भागी थी वह लड़का इस समय चितईपट्टी पुलिया के पास उस लड़की से मिलने जाने की फिराक में हैं। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तो आरोपी युवक भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा युवक को हिरासत में लेकर जब उससे जानकारी हासिल किया तो उसने अपना नाम संदीप पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम गोपालीपट्टी थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ जालंधर वाई पास नेताजी नगर हुसैनपुरा थाना जालंधर वाईपास पंजाब उम्र 22 बर्ष बताया है। पुलिस अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

# लक्ष्य नहीं शत प्रतिशत करें नामांकन

## सीडीओ ने 75 सेवानिवृत्त शिक्षकों को अंग वस्त्र, रामचरितमानस पुस्तक भेंट कर दी विदाई

अयोध्या कार्यालय



कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीडीओ और एडी बेसिक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अमानीगंज के क्षेत्र के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा गुरुवार को नामांकन कार्यशाला एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

नामांकन कार्यशाला और सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक शत प्रतिशत नामांकन करें। नए सत्र में प्रवेश प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर गत 10 वर्षों में सेवानिवृत हुए शिक्षा क्षेत्र के 75 शिक्षकों को अंग वस्त्र, रामचरितमानस पुस्तक भेंट की गई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भी हुआ। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष व प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी ने ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, मंत्री उद्धवश्याम तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रेमनाथ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण लाल यादव, संयुक्त मंत्री रामगोपाल को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक बेसिक रामसागर पति त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक कभी अवकाश प्राप्त नहीं करता है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य जय प्रताप सिंह ने अध्यक्षता की। संचालन शिक्षक अरुण द्विवेदी ने किया। वित्त एवं लेखा अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी अखिलेश गुप्ता, खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, वरिष्ठ शिक्षक बंशीधर द्विवेदी, अंजनी सिंह, ज्ञानधर दूबे सहित शिक्षा क्षेत्र के शिक्षक उपस्थित रहे।

# सिपाही लेकर घूम रहा नगर पंचायत चेयरमैन की तहरीर

सोहावल, अयोध्या।

**▸▸ ईओ की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट, मामला नगर पंचायत खिरौनी में हंगामे का**

**अमृत विचार।** कथित भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आमने-सामने आए नगर पंचायत खिरौनी के चेयरमैन और ईओ की तहरीर पर कार्रवाई भी अलग-अलग है। चेयरमैन की तहरीर सिपाही लेकर घूम रहा है और ईओ की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी गई।

बता दें कि नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज में बुधवार को चेयरमैन और ईओ के समर्थकों के बीच वाक युद्ध और हंगामा हुआ। आरोप रहा कि ईओ मनमानी कुछ कर्मचारियों की तैनाती की। टेंडर के बावजूद कार्यादेश जारी न होने और सौ की जगह 190 बोरी चूने के भुगतान कराए जाने का प्रयास है। मतभेद इतना गहरा गया है कि स्थिति खराब होते-होते बची।

इस झड़प के बाद चेयरमैन रेशमा भारती उनके पति रामसुमेर समर्थकों के साथ रौनाही थाने रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे। चेयरमैन के पति ने बताया कि उस समय वहां विवेकानंद यादव नामक सिपाही था। उसने तहरीर ली। लेकिन अब तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। गुरुवार को वह एसएसपी और आईजी से मिलने गए थे। लेकिन मुलाकात नहीं हुई। दूसरी ओर ईओ सचिन कुमार की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया गुरुवार की सुबह ईओ सचिन कुमार पटेल की तहरीर मिली। लेकिन चेयरमैन की तहरीर उनको नहीं मिली। पता करके बताऊंगा। ईओ की तहरीर पर चेयरमैन के पति राम सुमेर भारती, इनके भतीजे मनोज कुमार सहित छः अन्य के विरुद्ध आईपीसी की धारा 323, 504, 506, 147,332 में केस दर्ज किया गया है। छानबीन शुरू की गई है। चेयरमैन के पति की बात मानें तो ईओ के खिलाफ दी गई तहरीर 24 घंटे बाद तक सिपाही लेकर घूम रहा है। प्रभारी निरीक्षक तक यह नहीं पहुंची। लेकिन यह हास्यास्पद जरूर है। चर्चा तरह-तरह की है। संकेत और भी हैं जिसके कारण अब तक चेयरमैन की तहरीर पर रिपोर्ट नहीं दर्ज हो पाई।

# अलविदा की नमाज आज, कड़े इंतजाम

अयोध्या कार्यालय



जामा मस्जिद टाटशाह।

**▸▸ नगर में 67 समेत देहात क्षेत्र के दो हजार मस्जिदों में अदा की जाएगी जुमे की नमाज**

**अमृत विचार :** पवित्र माह रमजान के अंतिम जुमे की नमाज शुक्रवार को शहर की 67 समेत ग्रामीण क्षेत्रों की दो हजार से अधिक मस्जिदों में अदा की जाएगी। अलविदा की नमाज को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए कड़ी चौकसी का इंतजाम किया गया है।

जिला प्रशासन की ओर से नगर मजिस्ट्रेट को फ़ैजाबाद शहर और अयोध्या रेजीडेंट मजिस्ट्रेट को अयोध्या और समस्त एसडीएम व तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा और व्यवस्था को पुख्ता कराने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा सभी क्षेत्रों में क्षेत्राधिकारियों को सुरक्षा के लिए सहयोग में लगाया गया है। एसएसपी राजकरन नय्यर ने गुरुवार को राजपत्रित अधिकारियों और थाना-कोतवाली प्रभारियों के साथ सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा बैठककर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। अलविदा की नमाज को धर्मस्थलों पर पुलिस की पिकेट लगाई जा रही है। सभी संवेदनशील इलाकों में तैनात किए गए मैजिस्ट्रेटों के साथ पुलिस बल को निगरानी व सतर्कता की हिदयात दी गई है।

जामा मस्जिद टाटशाह के मीडिया प्रभारी मोहम्मद आतिफ ने गुरुवार को बताया कि इमाम मरकजी जामा मस्जिद टाटशाह के मुफ्ती शमसुल कमर की ओर से पूर्व में मस्जिदों के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक कर अलविदा और ईद की नमाज को लेकर इंतजाम किए जाने की अपील की जा चुकी है। दोपहर 12:30 बजे से लेकर दो बजे तक विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। शिया समुदाय की जामा मस्जिद इमामबाड़ा में दोपहर 12 बजे अलविदा की नमाज होगी।

### शहर क्षेत्र से दो और बाइक चोरी

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर कोतवाली के अलग-अलग क्षेत्रों से दो बाइक चोरी का मामला प्रकाश में आया है। कचहरी के अधिवक्ता और इनायतनगर थाना क्षेत्र के समरी निवासी नन्द कुमार गौतम का कहना है कि मंगलवार को उन्होंने अपनी बाइक कचहरी के दक्षिणी गेट के पश्चिम उद्यान किनारे खड़ी की थी। दोपहर बाद तहसील जाने के लिए मौके पर पहुंचे तो बाइक यूपी 42 जेड 5871 गायब मिली। काफी खोजबीन के बावजूद नहीं मली। वहीं दूसरे पीड़ित गोंडा के नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित पड़ाव निवासी मो. नईम का कहना है कि वह खरीदारी के लिए गुलाबबाड़ी स्थित साप्तहिक बाजार आये थे। अपनी बाइक यूपी 43 एक्स 8592 रीडगंज स्थित स्टार रेस्टोरेंट के समक्ष खड़ी की थी। वापस लौटा तो बाइक गायब मिली। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय का कहना है कि दोनों मामलों में अलग-अलग चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश कराई जा रही है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर किशोर की मौत

**अयोध्या,अमृत विचार।** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार रात ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर एक किशोर की मौत हो गई। महाराजा इंटर कॉलेज के पास सीवर लाइन का काम चल रहा है। सीवर लाइन के लिए खोदी गई मिटटी को ले जाने के लिए कार्यदायी संस्था की एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आयी थी। गुरुवार रात करीब आठ बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली बैक करते समय बेगमपुरा निवासी प्रांजल(8) पुत्र रमेश ट्रॉली के पहिये के नीचे आकर कुचल गया। घायल को लोगों ने लक्ष्मण घाट चौकी पुलिस की मदद से दर्शननगर मेडिकल कॉलेज भेजवाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसको मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले वाहन को कब्जे में लिया है।

# प्राण प्रतिष्ठा की तर्ज पर होगी सुरक्षा व्यवस्था

अयोध्या, कार्यालय

**▸▸ रेलवे पुलिस ने रामनवमी मेले को लेकर तैयार की कार्ययोजना**

**अमृत विचार :** राजकीय रेलवे पुलिस ने प्राण प्रतिष्ठा की तर्ज पर मेले की सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया जा रहा है। इसके लिए अतिरिक्त फ़ोर्स की मांग की गई है। साथ ही जीआरपी मुख्यालय से जाँच और तलाशी के लिए विशेष दस्तों की मांग हुई है।

प्राण-प्रतिष्ठा और उसके बाद दर्शन अभियान के लिए रेलवे पुलिस ने 20 उपनिरीक्षक, 10 महिला आरक्षी, 120 पुरुष आरक्षी व मुख्य आरक्षी तथा दो प्लाटून पीएसी और जाँच व तलाशी अभियान के लिए बम खोजी व निरोधी दस्ते, एंटी सेबोटाज चेक टीम आदि दस्ते की मांग की थी। रामनवमी मेले को लेकर भी यही मांग की गई है। राजकीय रेलवे के पास कुल 100 पुलिसकर्मी मौजूद हैं। यात्रियों का आगमन बढ़ने के चलते सुरक्षा में सहयोग के लिए जोन से 30 अतिरिक्त पुलिसकर्मी और उपलब्ध कराए गए हैं। वर्तमान में अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी थाना और अयोध्या धाम जंक्शन पर पुलिस चौकी स्थापित है।

राजकीय रेलवे के लखनऊ अनुभाग के क्षेत्राधिकारी विकास कुमार पांडेय का कहना है कि उच्चाधिकारियों के निर्देशन में रामनवमी मेले के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था का खाका तैयार किया गया है। अतिरिक्त फ़ोर्स की डिमांड मुख्यालय भेजवाई गई है। उन्होंने बताया कि तैयार सुरक्षा खाके की समीक्षा कर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किया जाएगा। प्रमुख ट्रेनों में घटनाओं पर रोकथाम व यात्रियों की सुरक्षा के लिए स्कॉर्ट कराया जा रहा है। रामनवमी मेले के दौरान स्कॉर्ट को बढ़ाया जाएगा।

# शूटिंग खिलाड़ियों ने जीते 10 पदक



राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक पाकर खिले शूटिंग खिलाड़ियों के चेहरे। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** एम टेन एक्स शूटिंग रेंज के खिलाड़ियों ने पांचवीं राष्ट्रीय स्तरीय ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार खेल प्रदर्शन कर छह स्वर्ण पदक सहित 10 पदक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया। एकेडमी के कोच कैप्टन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शूटिंग चैंप्स एकेडमी लखनऊ के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तरीय ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में एम टेन एक्स शूटिंग रेंज अयोध्या की तरफ से एयर राइफल जूनियर वर्ग में प्रनत पाल सिंह ने 600 में 577 अंक प्राप्त कर स्वर्ण अपने नाम किया। वहीं पिस्टल जूनियर वर्ग में भास्कर पांडेय को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। लिटिल चैम्प महिला वर्ग में आद्रिका सिंह ने 400 में 365 अंक के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। टीम वर्ग श्रेणी में शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए राइफल सीनियर वर्ग में आर्यन मौर्य, अरुण कुमार सिंह, विशाल सिंह व प्रनत पाल सिंह ने स्वर्ण पदक जीता और पिस्टल टीम सीनियर वर्ग में भास्कर पांडेय, उत्कर्ष सिंह व शिव ओम तिवारी ने रजत पदक हासिल किया। कोच कैप्टन सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से लगभग 250 शूटिंग खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अजय कुमार से बदलकर अजय चौधरी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अजय चौधरी पुत्र ज्ञान पासी ग्राम रेगी, पोस्ट सल्टौआ, गोपालपुर, जिला बस्ती**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद वारिस से बदलकर मोहम्मद वारिस अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **मोहम्मद वारिस अंसारी पुत्र अब्दुल गनी निवासी महादेवा तारायापारा, महुली, जिला सन्त कबीर नगर।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चार भाई जमील अहमद, शफीक अहमद, रफीक अहमद व रफील अहमद हैं। रफील अहमद और उनके ससुर शमशुद्दीन से आए दिन विवाद होता रहता है जिसके कारण हमें अन्य भाइयों से को परेशानी होती है। भविष्य में यदि रफील अहमद के साथ किसी भी प्रकार की कोई लेन देन या घटना होती है तो हम अन्य भाइयों से कोई लेना देना नहीं रहेगा। **शफीक अहमद पुत्र वाजिद अली, ग्राम पनेरा, टोला खैरहवा, थाना मोहाना, जिला सिद्धार्थनगर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं आकाश प्रताप सिंह पुत्र चन्द्रमान सिंह मूल निवासी – **ग्राम जिताई का पुरवा, पो0– बर्रा–ठर्रा, जनपद– कानपुर देहात** मेरा पैन कार्ड विपिन कुमार के नाम से था और आधार कार्ड और हाईस्कूल के प्रमाण पत्र अनुसार में आकाश प्रताप सिंह है। अतः पैन कार्ड में मेरा नाम संशोधित कर आकाश कुमार दर्ज किया जाय । – **आकाश प्रताप सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह, निवासी– ग्राम जिताई का पुरवा, पो0– बर्रा–ठर्रा, जनपद– कानपुर देहात**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मालती देवी पुत्री रूपकिशोर, निवासिनी– घनश्यामपुर, पोस्ट– बहलोलपुर, तहसील व जिला फतेहपुर** मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2223481 है तथा इन्टरमीडियट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1677957 का अंकपत्र व सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **द्वारिका प्रसाद पुत्र गुरू प्रसाद, निवासी– हसनापुर, परगना – हिसामपुर, तहसील– कैसरगंज** विगत 26 वर्षो से लापता है जिनकी भूमि हसनापुर व पारापरसरामपुर मे है इनके भाई राजामान पुत्र गुरू प्रसाद ने वरासत का दावा प्रस्तुत किया है यदि द्वारिका प्रसाद जीवित हैं तो एक माह मे साक्ष्य सहित तहसीलदार कैसरगंज जनपद बहराइच के न्यायालय मे प्रस्तुत हों

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SAROJ था अब मैने बदलकर अपना नाम SAROJ KUMAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: SANT LAL, VILL- TARSAND,POST-DHARMPUR, GAURABADA SHAHPUR, JAUNPUR, UTTAR PRADESH - 222001

**सूचना**

सूचित हो कि पालिसी संख्या 21616O247 में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम काव्या दर्ज है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में वैष्णवी गुप्ता दर्ज है। जिसे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **शिवप्रकाश निवासी – कस्बा मोहनलालगंज, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **प्रियंका सिंह पुत्री ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, निवासिनी– मुंगारी, रामपुर, करछना, प्रयागराज,** मेरी हाईस्कूल वर्ष 2004 जीजीआईसी रामपुर, करछना, प्रयागराज, इंटरमीडिएट– 2006 बृजमंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर, करछना, प्रयागराज, बीए–2006 कानपुर विश्वविद्यालय, एमए – 2008 सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, पूर्व में इलाहाबाद कृषि संस्थान,का मूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

बड़ौदा यू.पी. बैंक Baroda U.P. Bank

**मांग सूचना**

क्षेत्रीय कार्यालय : अयोध्या, पोस्ट- साहेबगंज, जिला-अयोध्या- 224001 (यू.पी.)

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम–2002(सरफेसी एक्ट 2002) धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग सूचना**

आप सभी निम्नलिखित पार्टियों को एतदद्वारा अधोहस्ताक्षरी सूचित करता है कि आप सभी के खिलाफ बैंक ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए एक्ट की धारा 13 (2) के अन्तर्गत आप सभी को अलग–अलग रजिस्ट्रर्ड पोस्ट द्वारा नीचे वर्णित तिथियों को नोटिस भेजी गई थी, जोकि बगैर तामील हुए वापस आ गई है। इसलिए आप सभी को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर आप संयुक्त/पृथक रूप से बकाया राशि अदा कर दें अन्यथा बैंक इस एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत निम्नलिखित सम्पत्तियों के प्रति बकाया राशि मय ब्याज व एक्ट के अन्तर्गत अपेक्षित लागत की वसूली के लिए कार्यवाही शुरू कर देगा। यह कहना आवश्यक नही है कि बैंक के पास और कोई उपाय न होने के कारण यह सूचना बगैर किसी पूर्वाग्रह के जारी की जा रही है। ऋणियों, गारन्टर्स, बन्धककर्ताओं तथा जनसाधारण को आगाह किया जाता है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों के प्रति कोई संव्यवहार न करें और इन सम्पत्तियों के प्रति किये गये संव्यवहार पर यदि कोई कार्य होता है, तो ब्याज सहित बैंक की बकाया राशि हेतु पहला अधिकार **बड़ौदा यू.पी. बैंक** का होगा।

सेक्शन 13 के सब सेक्शन (8) के प्राविधानों के अन्तर्गत सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने हेतु दिये गये समय पर ऋणियों / जमानतकर्ताओं बंधककर्ताओं का ध्यान आमंत्रित किया जाता है।

| खाता/उधारकर्ता/जमानतकर्ता का नाम एवं पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण (परिसम्पत्ति से सभी संबंधित भाग व एवं हिस्सों सहित) | मांग सूचना की तिथि नोटिस की रकम (रु.) |
|---|---|---|
| **शाखा-अयोध्या** **उधारकर्ता–मैसर्स उपाध्याय इलेक्ट्रिक मोटर वर्क्स**, जमुनियाबाग, राजकरन स्कूल के पास, अयोध्या–224001 प्रो कौशल किशोर उपाध्याय पुत्र दुखी राम उपाध्याय 06/13/61, बड़ा रमना, जमुनियाबाग, अयोध्या 224001 **जमानतकर्ताः (1) श्री राजेश कुमार मिश्र** पुत्र उमादत्त मिश्र, 734, अवधपुरी कॉलोनी, अमानीगंज, अयोध्या 224001 **(2) श्रीमती. रेखा उपाध्याय** पत्नी कौशल किशोर उपाध्याय, 6/13/61, बड़ा रमना, जमुनिया बाग अयोध्या 224001 **(3) अमरीश कुमार श्रीवास्तव** पुत्र सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, 9/5/86/2, चक्रतीर्थ, अयोध्या 224001 | प्लॉट नंबर–222, चक नंबर–8, मकान नंबर–6/13/57 नया, 6/13/48 पुराना, मुहल्ला–रमना, परगना– हवेली अवध, तह– सदर जिला– अयोध्या, विक्रय विलेख संख्या–3150/15, पुस्तक संख्या–1, जिल्द सं –5954, पृष्ठ संख्या–387–430 दिनांक 23.04.2015 द्वारा खरीदा गया, जोकि श्रीमती रेखा पत्नी कौशल किशोर उपाध्याय के नाम पर है, क्षेत्रफल–149.70 वर्ग मीटर। **चौहद्दी (डीड के अनुसार):** पूर्व–नाली, पश्चिम–16 फिट चौड़ा रास्ता, उत्तर– मुन्नी लाल और रमेश चंद्र शर्मा का घर, दक्षिण– सुरेन्द्र प्रसाद महेन्द्रा का घर और हाता। | **18.03.2024** दिनांक 29.02.2024 को रू. **10,29,789.00** + ब्याज प्रभावी एवं अन्य खर्चे |

आप को सलाह दी जाती है। कि (1) निर्धारित अवधि के समाप्त होने के बाद बैंक उक्त नियम की धारा 13 (4) के अन्तर्गत कब्जे की कार्यावाही शुरू कर देगा। (2) सरफेसी एक्ट 2002 के अन्तर्गत कार्यवाही से बचने के लिए नोटिस जारी होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण बकाया धनराशि ब्याज एवं अन्य खर्चे सहित का भुगतान कर दें। (3) उक्त नियम की धारा 13 (13) के अन्तर्गत आप को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त बंधक सम्पत्ति का विक्रय, हस्तातरण एवं अन्य किसी भी प्रकार से लेनदेन आदि सरफेसी एक्ट के उक्त नियम के विरुद्ध होगा।

दिनांक 05.04.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी–बड़ौदा यू.पी. बैंक, अयोध्या


राम जन्मोत्सव

## तुलसी मंच पर गूंजे बधाई के गीत, राम जन्म में मगन है सरयू

# संस्कार गीतों से गुंजायमान रामनगरी

अयोध्या कार्यालय



तुलसी के मंच पर भजन प्रस्तुत करतीं गायिका। अमृत विचार

**अमृत विचार :** तुलसी मंच पर संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित रामोत्सव अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में गीत, संगीत, नृत्य के द्वारा राम स्तुति अनवरत चल रही है।

बाराबंकी से आए लोक गायक मनोज कुमार और उनके दल ने पारंपरिक लोक भजनों और लोकगीतों को सुनाकर वातावरण रसमय बना दिया। फुलवारी प्रसंग सुनाते हुए गाया तूरे चले राम सुमन फुलवारी तो अगले लोकगीत में जनक जी के संशय को व्यक्त किया। बोले जानकी कय जिया, ई राम कैसे तुरीहे धनुहिया। जयमाल गीत साथ लय सखियां सारी चली मिथलेश कुमारी गाकर सभी को मुग्ध कर दिया। अगली प्रस्तुति में जौनपुर से आई श्रुति सिंह और दल ने श्री राम जानकी बैठे है मेरे सीने में गाकर आरंभ किया। इसके बाद पारंपरिक गारी रामजी से पूछे जनक पर कय नारी, बाता दे ए बबुआ काहे देत सब गारी प्रस्तुत किया। गोंडा से आई सोनाली ने अपने दल के साथ पारंपरिक और संस्कार गीत गाकर समृद्ध भारतीय परंपरा को स्थापित किया।

देवी गीत के बाद बधाई गीत जग में अवध रघुराई से जन्मोत्सव के उल्लास को प्रकट किया। महावीर बजरंगबली हनुमान गाकर हनुमंत लाल की और तोहरी लहरिया लहराए गाकर सरयू के प्रति श्रद्धा प्रदर्शित किया। संचालन आकाशवाणी उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया। उप्र.लोक जनजाति एवं संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी के निर्देशन में अतुल कुमार सिंह ने कलाकारों का सम्मान स्मृति चिन्ह देकर किया।

### हनुमानगढ़ी से केंद्रीय कर्मी का पर्स चोरी

**अयोध्या,अमृत विचार।** दर्शन-पूजन के लिए रामनगरी आए एक केंद्र सरकार के कर्मी का हनुमानगढ़ी क्षेत्र में पर्स चोरी हो गया। पीड़ित ने आरजेबी थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं तुलसी उद्यान से गायब महिला श्रद्धालु का पर्स पुलिस ने बरामद किया है। जयपुर में डाक विभाग के महाप्रबन्धक वित्त कार्यालय में तैनात दिनेश सिंह जैनी अपने परिवार के साथ अयोध्या दर्शन-पूजन को आए थे। पुलिस को दी गई शिकायत में उनका कहना है कि डाकघर मुख्य शाखा के सिविल लाइंस स्थित निरीक्षण भवन में तैनात एक कर्मी राजेश्वर दुबे के साथ परिवार सहित हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए गया था। इसी दौरान किसी ने मंदिर परिसर में जेब से पर्स पार कार दिया। पर्स में आधार व पैन कार्ड, गृह मंत्रालय भारत सरकार से जारी पहचान पत्र तथा कार्यालय का पहचान पत्र एवं कुछ नगदी भी रखी थी। शिकायत पर रामजन्मभूमि थाना पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है। उधर गुरुवार को अयोध्या दर्शन को आई देवरिया निवासी एक महिला श्रद्धालु का पर्स तुलसी उद्यान से गुम हो गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस से की। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि आरक्षी सचिन शर्मा और शेखर चौरसिया ने खोजबीन कराई और महिला का गायब पर्स खोज लिया। पर्स समेत उसमें रखा मोबाईल और दो हजार रूपये श्रद्धालु को वापस कराया गया है।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic
& Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112





25वां रोजा

शिया
सहरी : 04.25 बजे
इफ्तार : 06.30 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.21 बजे
इफ्तार : 06.23 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# त्योहारों में अराजकता फैलाने वालों पर हो कार्रवाई : डीएम

## पुलिस अधीक्षक ने जाम से निपटने के लिए त्योहार के दौरान रूट डायवर्जन के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** आगामी त्योहारों ईद और रामनवमी सहित अन्य त्योहार को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थित में कलेक्ट्रेट सभागार में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, संबंधित अधिकारियों, सम्मानित सदस्यों व विभिन्न धर्मो के धर्म गुरुओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान विभिन्न धर्मो के धर्म गुरुओं से त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। वहीं, जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। जाम की समस्या से निदान पाने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने संबंधित अधिकारियों को त्योहार के दौरान रूट डायवर्जन के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि असामाजिक और अराजकता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए खराब ट्रांसफार्मर को तत्काल ठीक कराया जाए और टूटे विद्युत तारों को समय से ठीक कर लिया जाए, जिससे आगामी त्योहारों में निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा सके। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त नगर पालिका, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों और जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में पानी और साफ-सफाई, फागिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव, नालियों की सफाई सहित अन्य कार्य समय से पूर्ण कर लिए जाएं। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी आदि उपस्थित रहे।



त्योहारों को लेकर धर्म गुरुओं के साथ बैठक करते जिलाधिकारी व साथ में एसपी।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने में करें सहयोग

आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में धारा 144 लागू है, इसका सभी लोग अनुपालन सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने आए हुए समस्त पीस कमेटी के सदस्यों से अपील किया कि जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना सहयोग प्रदान करें।

### त्योहार में 24 घंटे तैयार रहे मेडिकल टीमें

जिलाधिकारी ने सीएमओ डॉ. राजकुमार को निर्देशित किया कि त्योहार के दौरान मेडिकल टीम 24 घंटे तैयार रहें। बैठक के दौरान उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिया कि प्रत्येक सीएचसी और पीएचसी पर डॉक्टर उपस्थित रहे। जिससे त्योहार के दिन किसी प्रकार कोई समस्या न हो। साथ ही साथ यह भी निर्देश दिया कि समस्त मजिस्ट्रेट क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सीडीओ ने मतदान के लिए किया जागरूक





मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने मतदाताओं को किया सम्मानित।

जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर।

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन द्वारा विधानसभा टांडा में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम बनियानी विकास खंड बसखारी के मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गोद लिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने उक्त ग्राम पंचायत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्राम वासियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपील की गई की जिस भी परिवार के लोग बाहर रहते हैं, उन्हें मतदान दिवस 25 मई को मतदान के लिए अवश्य बुलाएं। जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। रितू सिंह, रोशनी, अमन, धर्मेंद्र जो प्रथम बार के युवा मतदाता हैं, दिनेश, सावित्री देवी, सन्तराम दिव्यांग मतदाता हैं। 80 वर्ष के ऊपर लखपति देवी, संतराम मतदाता हैं को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने गुरुवार को कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथ बनियानी में मतदाताओं को संबोधित किया और उनसे अधिक से अधिक वोट डालने की अपील और शपथ दिलाई। सीडीओ ने गांव का भ्रमण कर परिवारों के लोगों से वार्ता भी की और मतदान के लिए जागरूक किया।

### मीटर रीडर की कार्यशैली से उपभोक्ता परेशान

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। बिजली बिल में गड़बड़ी और गलत तरीके से मीटर रीडिंग करने के कारण उपभोक्ता परेशान हैं। मीटर रीडर प्रति माह रीडिंग न करके कई माह का बिल एक साथ निकाल देते हैं। जिसमें कई गड़बड़ियां नजर आती हैं, शिकायत के बाद भी रीडरों की कार्य शैली में कोई सुधार नहीं हो रहा है। मामला विद्युत उपकेंद्र कल्याणपुर से जुड़े सुल्तानगढ़ गांव का है। विद्युत उपभोक्ता राम संवारे ने बताया कि करीब 15 दिन पहले सोनू गुप्ता के नेतृत्व में आए मीटर रीडर ने करीब 700 का बिल बताया था। लेकिन 8774 का बिल मिला है, जिससे उपभोक्ता अधिकारियों के चक्कर काटने के लिए मजबूर है।

## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पुलिस ने दुष्कर्म के अभियुक्त को मुकदमा दर्ज होने के 34 दिन बाद गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। टांडा तहसील में प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत अभियुक्त अक्षय सिंह पुत्र गोविंद सिंह ने निवास प्रमाण पत्र बनवाने आयी एक लड़की को अपने जाल में फंसा कर उसको शादी का झांसा देते हुए दुष्कर्म किया। एसपी डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर बीते 29 फरवरी को कोतवली टांडा में मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार सुबह कोतवाल दीपक सिंह रघुवंशी, कांस्टेबल अजीत यादव, महिला कांस्टेबल शिखा मिश्रा के साथ बस स्टेशन टांडा के पूर्वी गेट के बगल से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त अक्षय सिंह को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### पीस कमेटी की बैठक संपन्न

देवरिया बाजार, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। तहसील क्षेत्र आलापुर अंतर्गत थाना जहांगीरगंज परिसर में रमजान के पवित्र माह में ईद, नवरात्रि और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के मद्देनजर तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बता दें कि तहसीलदार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग सौहार्दपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के माहौल में त्योहार मनाएं। वहीं थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अतुल श्रीवास्तव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आचार संहिता को ध्यान में रखकर शान्ति व्यवस्था कायम रखकर त्यौहार मनाएं। किसी भी तरीके की समस्या होने पर तुरंत प्रशासन की मदद लें पुलिस आप सभी के सेवाएं, सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर आराजकतत्वों पर नजर रखेगी।

### गन्ने की फसल जलकर राख, किसान परेशान

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। बीते दिवस देर रात अज्ञात कारणों से आग लगने के चलते गन्ने का बीज जलकर राख हो गया। मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी श्याम देव यादव बटाई के खेत में 6 बिस्वा गन्ने का बीज रखे हुए थे। जिसमें बुधवार देर रात करीब 1 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक लोग आग को बुझाने की कोशिश करते तब तक गन्ना जलकर राख हो गया। इस नुकसान से किसान काफी परेशान है।

# रिकवरी सेल ने 183 मोबाइल किए बरामद

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में रिकवरी सेल टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में गुम और चोरी हुए 185 मोबाइल फोन को बरामद किया है। गुरुवार को डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बुलाकर मालिकों को उनके मोबाइल सौंपे। एसपी ने बताया कि रिकवरी सेल द्वारा बरामद हुए मोबाइलों की कुल कीमत करीब 37 लाख रुपये है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव के पर्यवेक्षण में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रान्तर्गत आमजन के चोरी हुए और गुम हुए मोबाइलों की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस कार्यालय पर गठित मोबाइल रिकवरी सेल टीम द्वारा लगातार अथक प्रयास से विभिन्न जगहों से कुल 185 मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामद मोबाइल फोन की कीमत करीब 37 लाख रुपए है। पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल धारकों से कहा कि मोबाइल प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का एक हिस्सा बन गया है। इस पर हमारी कई तरह की जानकारी भी रहती हैं। मोबाइल गुम होने की स्थिति में तत्काल अपनी शिकायत दर्ज कराएं। जिससे कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन का दुरुपयोग न कर सके। पुलिस टीम पिछले कई दिनों से मोबाइल फोन को रिकवर करने में जुटी थी। कुल 185 मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को सौंप दिया गया है। मोबाइल फोन पाकर मालिकों के चेहरे खिल गए। रिकवरी सेल टीम में प्रभारी सर्विलांस उप निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव, मुख्य आरक्षी प्रदीप यादव, आरक्षी अंकुर यादव शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि रिकवरी सेल ने 185 मोबाइल फोन बरामद किया है। जिसकी कीमत करीब 37 लाख रुपए है। बरामद मोबाइल फोन को धारकों को वितरित कर दिया गया है।



धारकों को मोबाइल वितरित करते पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ।

# आयोग के आदेशों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई : एडीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान भारत निर्वाचन आयोग में दिए गए निर्देश के क्रम में लोकसभा प्रत्याशियों को नामांकन, सुविधा एप और 22 प्रकार की अनुमति के संबंध में विस्तार पूर्वक जिसमें प्रमुख रूप से वाहन, झंडा की साइज, फ्लैक्स, लाउड स्पीकर, रैली सहित अन्य अनुमतियों के बारे में बताया गया। लोकसभा चुनाव के दौरान सभी उम्मीदवारों को ऑनलाइन अनुमति प्रदान की जा रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करें और आयोग के आदेशों का उल्लंघन करने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, संबंधित विभाग के अधिकारी और प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौके पर उपस्थित रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

पूर्वोत्तर रेलवे
एसी 25000 वोल्ट कर्षण को चालू करना
''सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी''
जनसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि पूर्वोत्तर रेलवे के **फ्लैश वट साईडिंग लाइन नं. 01, 02, 03 तथा 04** तथा गोमती नगर स्टेशन लाइन नं.–19 सेक्शन विद्युतीकृत लाईन खण्ड पर 25000 वोल्ट एसी विद्युत कर्षण आरम्भ करने के लिए सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.78 मीटर की स्पष्ट ऊँचाई पर ऊँचाई गेजे लगायी गयी है। ताकि बहुत अधिक ऊँचाई वाले लोडेड सड़क वाहन को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके। जन साधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सड़क वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का अतिक्रमण न करें। **अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है–** 1. ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा। 2. वाहन पर ले जायी जा रही सामाग्रियों या उपस्कर को खतरा। 3. चालकों की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क के कारण आग लगने का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।
वमंविइं/टीआरडी/लखनऊ
मुजाधि/विद्युत–03
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# जनपद में 25 नए ट्रांसफार्मर लगेंगे, क्षमता में होगी बढ़ोत्तरी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** गर्मी में उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली मिल सके इसके लिए विद्युत वितरण खंड अकबरपुर ने तैयारी शुरू कर दिया है। विभाग द्वारा 150 ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि किया जा रहा है। वहीं 25 नए ट्रांसफार्मर लगाने के साथ ही जर्जर हो रहे तारों को बदलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग बढ़ गई है। जिसके चलते बिजली का अधिक लोड होने के कारण कहीं न कहीं जल जाता है। इसके साथ कही तार टूट जाता है और उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति में दिक्कत होती है। उपभोक्ताओं को समय से और बिना ट्रिपलिंग बिजली मिल सके इसके लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दिया है। बिजली विभाग 150 ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि कर रहा है और साथ ही 25 नए ट्रांसफार्मर भी लगा रहा है। वहीं पुराने हो गए जर्जर तारों को भी बदला जा रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली की अपूर्ति हो सके। अधिशासी अभियंता अनूप कुमार सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली उपलब्ध कराने के लिए ट्रांसफार्मरों की क्षमाता बढ़ाई जा रही है। वहीं नए ट्रांसफार्मरों और जर्जर तारों को भी बदलने का कार्य किया जा रहा है।

# निरीक्षण में डॉक्टर व दो एएनएम मिलीं अनुपस्थित, नोटिस जारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निरीक्षण में पीएचसी ब्राहिमपुर कुसुमा में बगैर सूचना के दो दिन से चिकित्सक नदारद मिले। इसी प्रकार अपर सीएमओ के भी निरीक्षण में अरबन स्वास्थ्य केंद्र मोहसिनपुर मंसूरपुर में टीकाकरण अभियान से दो एएनएम अनुपस्थित मिली। जिस पर तीनों का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इसके अलावा टीकाकरण में रुचि न लेने वाली तीन स्वास्थ्य कर्मचारियों से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है।

सीएमओ डॉ. राजकुमार ने पीएचसी ब्राहिमपुर कुसुमा का निरीक्षण किया। डॉ. आरके यादव बगैर किसी सूचना के दो दिन से गायब मिले। इस पर वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इसके बाद सीएमओ ने अरबन पीएचसी टांडा का निरीक्षण किया। जहां गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ-सफाई बेहतर किए जाने का निर्देश दिया है। उपस्वास्थ्य केंद्र अरियाबाजार के निरीक्षण में टीकाकरण तो चल रहा था, लेकिन बच्चों की संख्या कम थी। इस पर अधिक से अधिक बच्चों को टीका लगाए जाने का निर्देश दिया। अपर सीएमओ डॉ. रामानंद सिद्धार्थ ने अरबन पीएचसी मोहसिनपुर मंसूरपुर का निरीक्षण किया। एएनएम महिमा दुबे और कंचन मिश्रा अनुपस्थित मिलीं। जिस पर दोनों का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। मखदूमपुर उप स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में एएनएम बिंदू यादव, आशा सरिता देवी व आंगनबाड़ी फूलमती उपस्थित मिली। लेकिन सुबह 11 बजे तक एक भी बच्चे का टीकाकरण नहीं हुआ था। इस पर तीनों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

कार्यक्रम

छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, कविता, नृत्य, देशभक्ति गीत, नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

# धूमधाम से मना प्राथमिक विद्यालय नत्थूपुर खुर्द में वार्षिकोत्सव

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** ब्लॉक भियांव अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय नत्थूपुर खुर्द में गुरुवार को धूमधाम से वार्षिकोत्सव और अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रधानाध्यापक अरशद कमाल और प्रबंध समिति अध्यक्ष मंगल सिंह द्वारा दीप जलाकर किया गया। सोनाक्षी, अंजलि गौड़, परी सिंह, माही मिश्रा, पारो, रीतू द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं ने नाटक के माध्यम से शिक्षा और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का महत्व बताया। इस अवसर पर स्कूल में रंगोली बनाई गई और स्कूल को खूब सजाया गया।

विद्यालय में अभिभावक बैठक में प्रधानाध्यापक अरशद कमाल द्वारा विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद सिंह ने विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए प्राथमिक विद्यालय नत्थूपुर खुर्द की सराहना की। उत्सव में छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, कविता, नृत्य, देशभक्ति गीत, नाटक सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद सिंह ने परीक्षा में प्रथम रहे अभय, द्वितीय स्थान पर रही सोनाक्षी, तृतीय स्थान पर रही शिवानी को मेडल पहनाकर और वार्षिक परीक्षा रिपोर्ट कार्ड और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। सहायक अध्यापिका सपना कुमारी ने शिक्षक अभिभावक बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में शिक्षक संकुल कुमार, अमरेंद्र, अशोक चौधरी, हसन इमाम, वसीम हैदर, सहायक अध्यापिका सपना कुमारी, शिक्षामित्र प्रतिमा सिंह, प्रियंका मौर्या, रामावती, आंगनबाड़ी कार्यकत्री बृजबाला, अनीता, विमला, नर्मदा, गीता सहित शिक्षक, शिक्षिकाओं और सैकड़ों की संख्या अभिभावक और बच्चे मौजूद रहे।



छात्रों को रिपोर्ट कार्ड देते ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद सिंह। अमृत विचार

### बच्चों और अभिभावकों को किया गया सम्मानित

पीटीएम में अभिभावकों से सीधी बातचीत की गई और बच्चों को प्रगति रिपोर्ट के बारे में भी अभिभावकों से शिक्षक शिक्षिकाओं ने चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सहायक अध्यापक जफर अब्बास ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कायाकल्प निपुण लक्ष्य, डीबीटी, आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए शारदा कार्यक्रम, दिव्यांग बच्चों के लिए समर्थ कार्यक्रम पर चर्चा की गई। निपुण विद्यालय आकलन के परीक्षा परिणाम के अनुसार निपुण बच्चों को और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।


आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यताः- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# तालाब पर मिट्टी पटाई से संकट में कछुओं का जीवन

## तहसील प्रशासन ने खाताधारकों को भेजी नोटिस, करनैलगंज के सकरौरा में स्थित है तालाब

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** करनैलगंज नगर के मोहल्ला सकरौरा में स्थित एक जलमग्न बड़े तालाब की निजी भूमि पर मिट्टी पटाई होने से तालाब में पल रहे हजारों विलुप्त प्रजाति के कछुओं का जीवन संकट में है। वहीं मिट्टी पटाई का संज्ञान लेकर तहसील प्रशासन ने खाताधारकों को नोटिस जारी किया है।

खाताधारकों को भेजी गयी नोटिस में कहा गया है कि करीब आधा दर्जन गाटा संख्या की तीन एकड़ से अधिक भूमि जो तालाब के शक्ल में करीब छह दशक से बनी हुई है। उस जलमग्न तालाब में हजारों की संख्या में विलुप्त प्रजाति के कछुआ के होने का अनुमान है जिसे भूमि धरी लोगों द्वारा उस जलमग्न तालाब में मिट्टी पिटाई करके प्लाटिंग की जा रही है। तहसीलदार मनीष कुमार ने जिलाधिकारी के निर्देश पर जलमग्न भूमि की पटाई कर रहे लोगों के साथ-साथ गाटा संख्या की भूमि के मालिकों को नोटिस जारी किया है और दो दिन के भीतर तालाब पाटने का स्पष्टीकरण तलब किया है। तहसीलदार ने बताया कि सूचना मिली है कि उसमें हजारों विलुप्त प्रजाति कछुए पल रहे हैं और तालाब की पटाई होने से उनका जीवन खतरे में है। ऐसी स्थिति में तालाब की पटाई पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और स्पष्टीकरण तलब किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर वैधानिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तालाब की पटाई हो जाने से आने वाले बरसात में जल निकासी की व्यवस्था नहीं हो पाएगी जिससे आसपास के खेतों या नगर के नालों में पानी भर जाने का खतरा बना हुआ है।


तालाब में पाटी जा रही मिट्टी। अमृत विचार

### कोडर झील के तट पर पहुंचे अधिकारी ने लिया जायजा

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज क्षेत्र में पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने सौंदर्यीकरण के लिए कोंडर झील के तट पर स्थित बारादरी व वजीरगंज के हनुमानगढ़ी मंदिर का जायजा लिया। वजीरगंज प्रधान सुशील जायसवाल ने पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्रा से मिलकर बारादरी के सुंदरीकरण की मांग की थी। जिसके क्रम में पर्यटन विभाग ने ग्रामीण पर्यटन के लिए गोंडा जिले से वजीरगंज का चयन किया गया है। जिसे मूर्तरूप देने के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जिला पर्यटन अधिकारी वंदना को कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। बुधवार को विभागीय अधिकारियों ने बारादरी का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधान ने ऐतिहासिक बारादरी तक सड़क निर्माण, कोंडर झील में उतरती सीढ़ियां, झील में बोटिंग, साइन बोर्ड, स्वागत द्वार, सेल्फ़ी प्वाइंट, सोलर स्ट्रीट लाइट व झील की सफ़ाई के साथ वजीरगंज और कोंडर को जोड़ने के लिए कोडर झील पर पुल निर्माण की जरूरत बताई। प्रधान ने बताया पुल बनने से पतंजलि जन्मभूमि तक पर्यटक पहुंच सकेंगे।

# बीडीओ ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**मनकापुर, अमृत विचार:** गुरुवार को खंड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव लगातार मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर अपने मतहतों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान के पूर्व व्यवस्था पूर्ण रूप दुरुस्त होनी चाहिए।

आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर विकास खड अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव व एडीओ पंचायत राकेश कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के कंपोजिट विद्यालय मछली गांव नानकार, प्राथमिक विद्यालय देवरिया, प्राथमिक विद्यालय मेचुका, कंपोजिट विद्यालय कुड़ासन, प्राथमिक विद्यालय दतौली, प्राथमिक विद्यालय मुरली देवरिया, प्राथमिक विद्यालय अंधियारी, प्राथमिक विद्यालय चौबेपुर परिषदीय विद्यालय में बने महिला -पुरुष, दिव्यांग शौचालय, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, दिव्यांग रैंप, शुद्ध पेय जल व्यवस्था, मतदान भवन व बूथ जिस पर बीएलओ का नाम व आपात कालीन नम्बर बोर्ड आदि व्यस्थाओं का धरातल पर निरीक्षण किया। सम्बंधित ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जो भी कामियां हैं उन्हें यथा शीघ्र पूर्ण कर लें नही पुनः निरीक्षण में कार्यवाही की जायेगी। इस मौके ग्राम सचिव अनिरुद्ध यादव आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कक्षा पांच के विद्यार्थियों को मिला अंक पत्र

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हरभजन पुरवा में कक्षा पाँच उत्तीर्ण कर चुके छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र व प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रगति पत्र वितरित किया। विद्यालय के सहायक अध्यापक सुरेश कुमार राव, सोनवीर सिंह व प्रतिमा तिवारी भी उपस्थित रही।

### बकाएदारों से वसूले गए सात लाख रुपये

**रुपईडीह, अमृत विचार :** बकाया वसूली अभियान के तहत इंडियन बैंक की शाखा आर्य नगर के तत्वावधान मे भुड़कुड़ा गांव में वसूली शिविर आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न बकायेदारों को मिलाकर 18 बकायादारों से सात लाख पचास हजार रुपए का ऋण वसूल किया गया। सहायक प्रबंधक विनय कुमार शुक्ल भी उपस्थित रहे।

### बांस-बल्लियों के सहारे हो रही बिजली आपूर्ति

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत विशुनापुर बेलभरिया के कटैया गांव में बांस बल्लियों के सहारे अधिकांश उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जा रही है। इससे उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। प्रधान अफसर अली ने बताया कि इन बांस बल्लियों के सहारे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने से हमेशा ग्रामीण को जीवन का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने इन बांस बल्लियों के स्थान पर बिजली के खंभे न लगाए जाने की शिकायत क्षेत्रीय विधायक से की है।

### घर जलाने का आरोप लगाते हुए दी तहरीर

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना के बड़ा दरवाजा निवासी विमला देवी ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि 29 मार्च की रात लगभग एक बजे वादिनी के फूस के घर को विपक्षी रमेश सिंह निवासी बड़ा दरवाजा, अन्तिम तिवारी निवासी सोनारन टोला व सत्यम गोस्वामी निवासी भगोहर टेपरहन पुरवा ने मिल कर जला दिया है। वादिनी ने घर जला कर भागते हुए विपक्षियों को देखा व पहचाना भी है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है।

### घर से फरार किशोरियों को किया बरामद

**नवाबगंज, अमृत विचार :** घर से स्कूल जाने के बहाने फरार हुई दोनों चचेरी बहनों को पुलिस ने गुरुवार को बरामद कर लिया। पुलिस के पूछताछ में किशोरी बालिकाओं ने बताया कि भाई की प्रताड़ना से आजिज आकर दोनों चचेरी बहनों ने घर छोड़ कर रोजगार करने के मंसूबे से लखनऊ पलायन कर गई थीं। सोमवार को स्कूल से रिजल्ट लेने के बहाने दोनों नाबालिग बहने घर से निकली थीं। प्लान के तहत दोनों बहनों ने स्कूल के बैग में अपने कुछ कपड़े भी रख लिये थे। देर शाम तक बालिकाओं के घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू किया।

# खेतों में किसानों से की मनुहार, गेहूं बेचो सरकार

## सरकारी क्रय केंद्र पर ही बेचें गेहूं, खेतों में जाकर मिल रहे केंद्र प्रभारी

**अपील**

- खरीद न होने से अफसर परेशान, जनपद में खोले गए हैं 112 गेहूं क्रय केंद्र

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** किसानों का गेहूं खरीदने के लिए कांटा बांट रखकर तथा बैनर लगाकर सरकारी क्रय केंद्रों के प्रभारी किसानों का इंतजार कर रहे हैं। किसान हैं जो क्रय केंद्र तक आना नहीं चाहते। इसे देखते हुए क्रय केंद्रों के प्रभारी किसानों के खेतों तक पहुंच गए और गेहूं बेचने के लिए मनुहार कर रहे हैं।

जिले में गेहूं सत्र के शुभारंभ हुए एक माह से अधिक बीत गया, लेकिन खरीद नहीं हो पा रही है। सरकार हर हाल में खरीद करना चाह रही है। इसके लिए वह अभिनव प्रयोग भी कर रही है। अब खाद्य विभाग के अफसर गांव में जाकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं। गांव पहुंचने पर जब यह पता चलता है कि किसान अपने गेहूं की कटाई खेत में कर रहे हैं तो वे लोग चिलचिलाती दुपहरिया में खेत में पहुंचकर किसानों से सरकारी क्रय केंद्र पर गेहूं लाने के लिए मनुहार कर रहे हैं।

विकास खंड परसपुर के डोमा कल्पी गांव में देखने मिला। इस गांव में कुछ सरदार परिवार रहते हैं जो बेहतरीन खेती करते हैं। हर साल वह अप्रैल माह में ही गेहूं की मड़ाई करके अपनी उपज को बेचने के लिए मंडी के केंद्र पर टोकन ले लेते थे, लेकिन इस बार कुछ उल्टा ही हो रहा है। अभी तक वे लोग क्रय केंद्र पर नहीं पहुंचे।

खाद्य विभाग के अधिकारियों को लगा कि कहीं वे लोग भी अपनी उपज को खुले बाजार में ना भेज दें। इस डर की वजह से विपणन विभाग की एक टीम गांव पहुंची जब लोग किसान बूटा सिंह के घर पहुंचे तो पता चला वे लोग खेत में हैं। टीम वहां पहुंचकर सरकारी केंद्र पर ही गेहूं बेचने की मनुहार करती दिखी। हालांकि किसानों ने आश्वासन दिया कि वे लोग फसल की मड़ाई के बाद अपनी उपज को सरकारी केंद्र पर ही बेचेंगे।

वहीं इसी गांव के किसान चरण सिंह ने बताया कि फसल करीब करीब पककर तैयार है। कटाई की तैयारी हो रही है। जल्दी फसल को बेचने के लिए मंडी ले जाया जाएगा। फिलहाल गेहूं की खरीद न होने से अफसर हलकान हैं। अब केंद्र प्रभारी गांव में जाकर गेहूं बेचने वाले किसान के बारे में जानकारी ले रहे हैं।

मंडी में स्थापित खाद्य विभाग केंद्र प्रभारी संदीप सिंह नितेश कुमार सिंह, मंगरु हसन जो कि विपणन निरीक्षक के पद पर तैनात हैं, और गेहूं खरीद भी देख रहे हैं। इनके साथ भारतीय खाद्य निगम के चंद्र प्रकाश दुबे डोमा कल्पी गांव पहुंचकर किसानों से संपर्क करते केंद्र पर गेहूं लाने की बात कही है। मार्केटिंग इंस्पेक्टर का कहना है कि किसानों द्वारा आश्वासन दिया जा रहा है कि जल्द ही केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए आएंगे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि किसान सरकारी क्रय केंद्र पर नहीं आ रहे हैं। किसानों से सरकारी केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए केंद्र प्रभारी गांव में जाकर किसानों से संपर्क कर रहे हैं। उम्मीद है फसल पूरी तरीके से तैयार होने पर गेहूं खरीद में तेजी आएगी।


किसान के खेत में गेहूं खरीद के लिए पहुंची टीम। अमृत विचार

# चुनावी पाठशाला कार्यक्रम आज से

**रुपईडीह, अमृत विचार:** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्राथमिक व पूर्व मावि में शुक्रवार से चुनावी पाठशाला शुरू होगी। ब्लॉक के बीईओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि मतदान प्रतिशत में वृद्धि को लेकर जागरूकता अभियान के तहत स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाने के लिए तिथियां निर्धारित की गई हैं। निर्धारित तिथि के अनुसार पांच व 25 अप्रैल को प्रभातफेरी, आठ व 27 अप्रैल को ग्राम चौपाल, 12 व 23 अप्रैल को संपर्क अभियान, 15 अप्रैल व दो मई को प्रश्नोत्तरी, 18 अप्रैल व 4 मई को प्रबंध समितियों की बैठक, 20 अप्रैल व 8 मई को संकुल बैठक, 23 अप्रैल व 13 मई को नोडल शिक्षकों की बैठक होगी।

# एनसीसी कैडेट ने रैली निकाल आमजन को किया जागरूक

**परसपुर, अमृत विचार:** परसपुर नगर के तुलसी स्मारक इंटर कालेज में गुरुवार को मतदाता जागरूकता के तहत एनसीसी तथा स्काउट कैडेटों ने रैली निकालकर लोगों को मताधिकार प्रयोग के प्रति जागरूक किया।

छात्र-छात्राएं स्लोगन लिखी पट्टिका हाथ में लेकर रैली में शामिल हुए। सबसे पहले मतदान, फिर जलपान करें के नारे लगाए। महिला पुरुष एवं 18 वर्ष आयु पूर्ण होने वाले युवा मतदाताओं को निर्वाचन में मताधिकार प्रयोग के लिये प्रेरित किया। और कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिये निर्वाचन में आपकी हिस्सेदारी मतदान अमूल्य है। स्वतंत्र निर्भीक होकर बिना किसी लालच प्रलोभन के मतदान करें। और स्थायी सरकार व प्रतिनिधि चुने।

इसके अलावा अभिभावकों से संकल्प प्रपत्र तथा मतदाताओं से हस्ताक्षर प्रपत्र भरने का अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एएनओ लेफ्टिनेंट नरेंद्र कुमार मिश्र, नरेन्द्र सिंह, सुरेश सिंह, दिनेश सिंह, सुनील सिंह, राम बरन सरोज, संजय पंत तथा रामराज समेत काफी संख्या में छात्र- छात्राएं शामिल रही हैं।



मतदान के लिए लोगों को जागरूक करते एनसीसी कैडेट। अमृत विचार

# निष्पक्ष होकर करें दायित्व का निर्वहन

## जिला होमगार्ड कमांडेंट ने अधीनस्थों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश


मातहतों को चुनाव के बारे में जानकारी देते होमगार्ड कमांडेंट। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** सभी जवान लोकसभा चुनाव को लेकर मानसिक रूप से तैयार हो जाय। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त निर्देश जिला होमगार्ड कमांडेंट चंदन सिंह ने होमगार्ड जवानों को लोकसभा चुनाव को लेकर ब्रीफ के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का मतदान महापर्व होता है, इसमें सभी लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। साथ ही अपने आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक जरूर करें। उन्होंने कहा कि होमगार्ड विभाग के अधिकारी व कर्मचारी दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही न करें। जिसको जो दायित्व मिल रहा है उसकी ईमानदारी के साथ पूरा करें। होमगार्ड कमांडेंट ने कहा कि मतदान के दौरान निष्पक्षता का विशेष ख्याल रखें जहां भी ड्यूटी लगी है वहां लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए अपनी ड्यूटी करें। उन्होंने कहा कि नए परिधान व परिचय पत्र के साथ सभी लोगों को लोकसभा चुनाव में ड्यूटी करनी है। होमगार्ड कमांडेंट ने कहा कि वर्दी साफ सुथरी होनी चाहिए।

### गैर जनपद से आएंगे तीन हजार से अधिक जवान

होमगार्ड कमांडेंट चंदन सिंह ने बताया कि चुनाव को लेकर होमगार्ड विभाग तैयार है। प्रथम चरण चुनाव जो बिजनौर, द्वितीय चरण गाजियाबाद, तृतीय चरण फिरोजाबाद, चौथा चरण फर्रुखाबाद में चुनाव संपन्न करने के लिए जिले से हर चरण में 652 होमगार्ड के जवान चुनावी ड्यूटी देंगे। पांचवें चरण का चुनाव गोंडा में है। यहां चुनाव में जिले के 773 जवान ड्यूटी देंगे। इसके अलावा कुशीनगर, गोरखपुर, सिद्धार्थ नगर, बस्ती, संभल आदि जनपदों से 3 836 होमगार्ड जवान चुनावी ड्यूटी में आएंगे। इसी तरीके से छठवें चरण सुल्तानपुर तथा सातवें चरण मिर्जापुर में जिले से दोनों चरणों में चुनाव सकुशल संपन्न करने के लिए 644 होमगार्ड जवान जाएंगे।

# अधिसूचना जारी होने के बावजूद 91.31 लाख के टेंडर आमंत्रित

संवाददाता, गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से 16 मार्च दिन शनिवार को दोपहर 3 बजे लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की घोषणा की जा रही थी उधर नगरपालिका परिषद गोंडा के जिम्मेदार अफसर 91.31 लाख के लिए टेंडर आमंत्रित करने की प्रक्रिया मे व्यस्त थे।

भाजपा नेत्री रत्ना वर्मा ने इसकी शिकायत केंद्रीय और राज्य चुनाव आयोग समेत डीएम और आयुक्त से की है। दोषी अफसरों पर कार्रवाई की मांग भी की है। शहर के पटरी दुकानदारों से नगर पालिका ने आवेदन लिए हैं। उनमें से चयनित होने वाले 105 पथ विक्रेताओं के लिए शहर के वेंडिंग जोन में प्लेटफॉर्म बनने हैं। स्टेशन रोड पर सिंचाई विभाग डाक बंगले के बगल 40 पटरी दुकानदारों को, गांधी पार्क की बाउंड्री पर 34 पटरी दुकानदारों को और गुरुनानक चौकी के पास नेकी की दीवार के बगल 31 पटरी दुकानदारों के लिए प्लेटफॉर्म बनने हैं। केंद्र और राज्य के चुनाव आयोगों समेत मंडलायुक्त और जिला निर्वाचन आयोग को भेजे गए शिकायती पत्र में भाजपा महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रत्ना वर्मा ने इसे आचार संहिता उल्लंघन का मामला बताया है। उन्होंने लिखा है कि 16 मार्च दिन शनिवार को तीन बजे जिला प्रशासन ने चुनावों की अधिसूचना जारी कर दी। लेकिन आधे घंटे बाद नगर पालिका ने इन 3 कामों के लिए जमा हो चुकी निविदाओं को निरस्त करते हुए नई निविदाओं को आमंत्रित कर लिया। इसके लिए जिम्मेदार नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा और लोक निर्माण विभाग के जीई मनोज सिंह के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

उधर, इस मामले में नगरपालिका के ईओ संजय मिश्रा ने बताया कि योग्य फर्मों के न मिल पाने के चलते 16 मार्च को खुलने वाले इस टेंडर को निरस्त करते हुए री-टेंडर कराया गया है। बताया कि आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया गया है। जेई मनोज सिंह ने बताया कि इस री-टेंडर प्रक्रिया की उन्हें जानकारी नहीं है। उधर पालिका के निर्माण लिपिक गिरधर स्वरूप का कहना है कि 16 मार्च को वे अवकाश पर थे।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, छह लोग घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार:** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर एक महिला समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। थाना क्षेत्र के हरिवंश पुर के चकमखा गांव निवासी जोगिंदर यादव ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह गांव के नीबर उर्फ राम बहादुर चौबे, अंकित मोहन, विवेक मणि तथा रेखा देवी भूमि के विवाद को लेकर गाली देने लगे मना करने पर लाठी डंडों से मारने लगे। शोर सुनकर बीच-बचाव करने आए शिवलाल, घनश्याम तथा गायत्री देवी को भी मारा-पीटा जिससे सभी को गंभीर चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष के अमित उर्फ विवेक ने दी गई तहरीर में बताया कि गांव के जोगिंदर यादव, राजकुमार यादव, शिवलाल यादव तथा जग्गीलाल यादव भूमि विवाद को लेकर उसे गाली देने लगे मना करने पर लाठी डंडों से मारने लगे।

# मतदान के प्रति किया जागरूक

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** जनपद के जनता इंटर कॉलेज अमदही गोंडा, डीपी इंटर कॉलेज मनकापुर गोंडा, नगर पालिका इंटर कॉलेज नवाबगंज गोंडा, स्वर्गीय रामसेवक यादव बालिका इंटर कॉलेज कटरा, दयानंद वैदिक इंटर कॉलेज नवाबगंज, डॉक्टर जयदेव सिंह इंटर कॉलेज पंडरी कृपाल, जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौड़िया, कृषक बालिका इंटर कॉलेज इटियाथोक, शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज फतेहपुर बालपुर, कृषक समाज इंटर कॉलेज छतौनी, बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करनैलगंज, शांती देवी इंटर कॉलेज बरूआचक, हाजी लाल मोहम्मद कन्या इंटर कॉलेज बभनजोत, जनता इंटर कॉलेज पाटेश्वर नाथ पतिजिया बुजुर्ग छपिया, पराशर ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरबगंज तथा भवानी प्रसाद स्मारक इंटर कॉलेज मुजेहना गोंडा जनपद के 16 ब्लॉक तथा एक नगर क्षेत्र में ईएलसी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के अंम्बेसडर के द्वारा नए युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया है। समस्त प्रतिभागियों द्वारा देश के लोकतंत्र को मजबूत एवं सुदृढ़ करने के लिए तथा अपने परिवार के सभी सदस्यों रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। आम जनमानस में लोकतांत्रिक भावना का संचार करने के लिए विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली भी निकली गयी।


शपथ लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

**परेशानी** — दिन में तेज धूप व शाम को ठंड होने से बढ़ी बीमारी, मेडिकल कॉलेज आ रहे रोजाना 350 मरीज

# बुखार व जुकाम से रोगियों की बढ़ी मुश्किल

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** मौसम में बदलाव से सर्दी, जुकाम, बुखार का प्रकोप बढ़ गया है। मेडिकल कालेज में प्रतिदिन 300-400 जुकाम व बुखार के मरीज आ रहे हैं, इनमें बुजुर्ग व बच्चे शामिल हैं। पीडियाट्रिक वार्ड आठ बच्चों को भर्ती किया गया है, इसके अलावा जनरल वार्ड में 30 से अधिक बुजुर्ग भर्ती हैं। इनमें अधिकतर सांस की समस्या से पीड़ित हैं।

मौसम में बदलाव ने सांस रोगियों की मुश्किलें बढ़ा दी है। बीते 15 दिनों में मेडिकल कालेज में 7 लोगों की मौत हो चुकी है। ये सांस की समस्या को लेकर भर्ती कराए गए थे। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की ओपीडी में मौसमी बीमारी से ग्रस्त मरीजों की संख्या बढ़ी है। हर परिवार में सर्दी, खांसी व जुकाम के मरीज हैं। चिकित्सकों के मुताबिक तीन से पांच दिन लगातार या समस्या बनी रहती है। दवा लेने के बाद भी आराम नहीं मिलता है। बदन दर्द, सिर में दर्द की शिकायत रहती है।

चिकित्सक आराम की सलाह दे रहे हैं। बारिश व सर्द हवा चलने से और भी समस्या बढ़ गई है। गुरुवार को मेडिकल कालेज में करीब 1100 मरीजों का उपचार किया गया। जिनमें सर्वाधिक पीड़ित जुकाम, बुखार, सांस व निमोनिया से थे। मेडिकल कालेज के बाल रोग विशेषज्ञ डा. आफताब आलम ने कहा कि सर्दी से बचाव करें। धूप होने पर लोग गर्म कपड़ा निकाल देते हैं।

उधर, इस मामले में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय गोंडा के प्रधानाचार्य डॉ. धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने का कहना है कि मेडिकल कॉलेज में सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार के पीड़ित अधिक आ रहे हैं। उनको बेहतर ढंग से इलाज मुहैया कराया जा रहा है।


अस्पताल में लगी मरीजों की लाइन। अमृत विचार

# मेधावी बच्चों ने बढ़ाया माता-पिता का मान

संवाददाता, उमरी बेगमगंज

**अमृत विचार:** सिर्फ पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। प्राथमिक विद्यालय पूरे अर्जुन वैश्य, सोनौली मोहम्मदपुर में तैनात अध्यापक दिलीप ने उक्त पंक्ति को साकार कर सार्थक रूप दे दिया है। इस विद्यालय के होनहार बच्चों ने विभिन्न प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होकर अपने विद्यालय माता-पिता एवं अपने गुरुजनों के साथ ही पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बृहस्पतिवार को प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित विद्यालय के आठ बच्चों को सम्मान सहित भावपूर्ण विदाई दी गयी। चयनित मेधावियों में कु अंजली यादव का चयन आल इंडिया सैनिक स्कूल बंगलौर, यश प्रताप सिंह का चयन यू पी सैनिक स्कूल, यशवंत सिंह, कु प्रियंका सिंह, कु अंजली सिंह का चयन शिव नाडर फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्या ज्ञान परीक्षा, अभिनव सिंह, कु लवी, कु संगीता सिंह का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में अंतिम रूप से हो चुका है। बच्चों ने धूप, दीप, पुष्प से मां सरस्वती का पूजन कर अपनी भावी शैक्षिक यात्रा के लिए गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। चयनित मेधावियों को रोली-चंदन का टीका लगाकर उन्हें उपहार प्रदान किए। प्रधानाध्यापक दिलीप सिंह, अनिल कुमार उपाध्याय और नंदकिशोर के कुशल मार्ग दर्शन में पिछले कई सालों से यहां के बच्चे प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में शैक्षिक सफलता के ध्वज वाहक बने हुए हैं। या यूं कहें कि कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो रास्ते कहीं से भी निकल पड़ते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी आरके सिंह ने मेधावियों के साथ ही विद्यालय के गुरुजनों को बधाई दी और कहा कि सभी को इनका अनुसरण करना चाहिए। प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं काउंसलर अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ अर्जुन सिंह कहा कि पिछले कई वर्षों से माझा के सुदूर क्षेत्र में स्थित इस विद्यालय के अध्यापकों ने फीस के नाम पर मोटी रकम वसूलने वाले दिग्गज कान्वेंट स्कूलों को पीछे छोड़ दिया है। आज प्राइमरी स्कूलों में प्रदेश के सबसे योग्य और चुनिंदा शिक्षक तैनात हैं।


प्रतियोगी परीक्षा में चयनित बच्चों का सम्मान करते शिक्षक। अमृत विचार

## एक नजर

### दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

**नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव की दलित महिला के साथ दुष्कर्म करने तथा अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी रामू यादव के विरूद्ध पीड़ित महिला द्वारा अर्से से अश्लील वीडियो बनाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने और पीड़िता की शादी हो जाने के बाद भी उसे वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने का प्रयास किया। इतना ही नहीं अश्लील वीडियो व फोटो उसके पति के पास भेज दिया जिसके चलते उसके पति ने उसे छोड़ दिया। वर्तमान में वह अपने मायके में रह रही है। आरोपी व्यक्ति पर पीड़िता ने मारने पीटने का आरोप भी लगाया है।

### तहसील बार के पदाधिकारियों की शपथ आज

**मनकापुर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन मनकापुर के नव निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष जेपी तिवारी व महामंत्री अजय शुक्ला सहित सभी पदाधिकारियों को शुक्रवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जायेगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। बताते चले कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य अस्थाई अधिवक्ता व बार काउंसिल के सचिव प्रशांत सिंह अटल व बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ मुख्य अतिथि होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य व पूर्व उपाध्यक्ष बार काउंसिल यूपी जय नरायन पान्डेय, सदस्य बार काउंसिल यूपी मदसूदन त्रिपाठी, सदस्य बार काउंसिल राकेश पाठक होंगे। सभी अतिथियों के लिए अधिवक्ता संघ व तहसील के सभी अधिवक्ता कार्यक्रम के तैयारियों में लगे है। यह जानकारी वरिष्ठ अधिवक्ता/महाधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सीके पाठक ने दी है।

# बस्ती रेलखंड पर रेल पटरी छिटकने से नौ श्रमिक घायल

## मछमरवा के पास दुर्घटना, घायलों को मालगाड़ी से भेजा रेलवे अस्पताल, ट्रैक पर चल रहा था मेंटेनेंस का काम


घायल श्रमिकों को मालगाड़ी से अस्पताल ले जाते साथी। अमृत विचार


रेलवे अस्पताल में भर्ती घायल श्रमिक। अमृत विचार


घटनास्थल का निरीक्षण करती पुलिस। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** गोंडा बस्ती रेलखंड पर मछमरवा गांव के पास रेल पटरी छिटकने से ट्रैक पर काम कर रहे 9 श्रमिक घायल हो गए। हादसे के बाद रेल महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे रेल अधिकारियों ने गोरखपुर की तरफ से गोंडा जा रही मालगाड़ी के जरिये सभी घायलों को गोंडा स्थित रेल हॉस्पिटल पहुंचाया जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे को डीईएम प्रांजल शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

गोंडा बस्ती रेल खंड पर मनकापुर व मसकनवा रेलवे स्टेशन के बीच मछमरवा गांव के निकट बृहस्पतिवार को ट्रैक मेंटेनेंस का काम चल रहा था। श्रमिक रेल पटरी को गैस कटर से काट कर गैपिंग कर रहे थे इसी दौरान रेल पटरी अचानक छिटक गयी और श्रमिकों के ऊपर जा गिरी। इस हादसे में दिनेश कुमार यादव, अमित कुमार, कैसुम हुसैन, हरीलाल यादव, छेदीलाल,


घटनास्थल पर पड़ी क्षतिग्रस्त रेल पटरी।

सत्यानंद मिश्रा, महेंद्र कुमार, अंकित पटेल व अशोक कुमार घायल हो गए। हादसे की सूचना रेल अफसरों तक पहुंची तो महकमे में हड़कंप मच गया। आनन फानन में रेलवे को अधिकारी और जीआरपी मौके पर पहुंची और सभी घायल श्रमिकों को मालगाड़ी पर बैठाकर रेलवे अस्पताल पहुंचाया गया। सभी को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक अधिकतर के श्रमिकों के हाथ पैर फ्रैक्चर हो गए हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के डीएमई प्रांजल शुक्ला ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। प्रांजल शुक्ला ने बताया कि गर्मी के महीने में रेल पटरी पिघलने के वजह से रेल पटरी को गैस कटर से काटकर गैपिंग किया जाता है। श्रमिक इसी मरम्मत में लगे थे। रेल पटरी का बीआरसी पंडाल लगभग 15 से 20 मीटर निकाल लिया गया था। इसी को बदलने को लिए उसे गैस कटर से काटा जा रहा था। इसी दौरान पटरी छिटक गयी और 9 श्रमिक घायल हो गए। श्रमिकों का इलाज चल रहा है और घटना की जांच की जा रही है।

### छह महीने पहले भी इसी ट्रैक पर हुआ था हादसा

रेल ट्रैक की मरम्मत के दौरान छह महीने पहले भी इस ट्रैक पर इसी तरह का हादसा हो चुका है। तब भी 8 श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए थे लेकिन रेल महकमे के जिम्मेदारों ने हादसे से सबक नहीं लिया। बृहस्पतिवार के हादसे ने एक बार फिर से इस हादसे की याद दिला दी। दरअसल पिछले वर्ष छह नवंबर को गोंडा गोरखपुर रेलखंड पर सोमवार को मोतीगंज व बरुआचक रेलवे स्टेशन के बीच गेट संख्या 644/0 किलोमीटर के बीच रेल ट्रैक की मरम्मत का कार्य चल रहा था। कर्मचारी रेल की पटरी को काटकर उसे जोड़ने में जुटे हुए थे इसी दौरान पटरी को उठाते समय वह फिसल गई थी और उसकी सारी फिटिंग खुल गयी थी। फिटिंग खुलने से काम में जुटे कर्मचारी ट्रैक की चपेट में आ गए थे और 8 श्रमिक घायल हो गए थे। उस समय एनआई रेलवे मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने पीडब्लूआई कार्यालय पर प्रदर्शन किया था और अफसरों पर नियम विरुद्ध कार्य कराए जाने का आरोप लगाया था।


आरपीएफ के सिपाही को सम्मानित करतीं एनईआर की जीएम सौम्या माथुर।

# गोविंद खरवार की सतर्कता से टल गया रेल हादसा

गोंडा कार्यालय

**राहत**

- पूर्वोत्तर रेलवे की जीएम सौम्या माथुर ने किया पुरस्कृत
- रेलवे ट्रैक की मेन लाइन में दिखी दरार तो दिखाई थी तत्परता

**अमृत विचारः** आरपीएफ में कांस्टेबल के पद पर तैनात गोविंद कुमार खरवार को पूर्वोत्तर रेलवे के जीएम सौम्या माथुर ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लखनऊ में आयोजित रेलवे के सम्मान समारोह कार्यक्रम में उन्हें सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया तो गोविंद भावुक हो गए।

बात 28 फरवरी की है जब वो कर्नलगंज स्टेशन पर निगरानी के लिए गए हुए थे। तभी उन्हें रेलवे की मेन लाइन में दरार नजर आया। उन्होंने मौके की गंभीरता को भांपकर फौरन ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर को अवगत कराया। इसका नतीज़ा ये हुआ कि उस ट्रैक पर ट्रेनों का संचालन तत्काल रोक दिया गया। इससे बड़ी दुर्घटना को टाला जा सका। बाद मे पी वे अनुभाग ने क्रैक रेलवे लाइन का निर्माण पूरा कर संचालन व्यवस्था बहाल कराईं। कांस्टेबल गोविंद कुमार खरवार को पूर्वोत्तर रेलवे के जीएम सौम्या माथुर की ओर से इस सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

# मारपीट व धमकी के मामले में एसपी से लगाई गुहार

**खरगूपुर, अमृत विचारः** बंटवारे को लेकर न्यायालय में चल रहे विवाद में मारपीट व धमकी दिये जाने पर युवक ने पिता और भाई सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस अधीक्षक से गुहार लगायी है। मामला ग्राम पंचायत सुसगंवा के हेमाजोत का है जहाँ के मगन विहारी पुत्र श्याम सुंदर गोस्वामी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है कि उसके पिता के नाम पृथ्वीनाथ चौराहे पर एक भूखंड था जिस पर दस वर्ष पूर्व पीड़ित ने दो कमरा बना लिया था और वहीं लाई गट्टे की दुकान करता था। मगर उसके पिता ने चोरी छिपे उक्त भूखंड को उसके भाई विनय कुमार की पत्नी मिथिलेश के नाम रजिस्ट्री कर दिया था। पीड़ित को जानकारी हुई तो उसने न्यायालय में मुकदमा दर्ज करा दिया था। उसी को लेकर उसके पिता, भाई, उसकी पत्नी और मौलागंज चौहट्टा निवासी बजरंग बली उसके परिवार पर कई बार हमला कर चुके हैं। उसने आरोप लगाया है कि थाने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

# जिला उपाध्यक्ष बने

**परसपुर, अमृत विचारः** प्रधानाचार्य पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोंडरी पुरवा सरवन सिंह को प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर विक्रम सिंह ने उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया, जिसका उपस्थित शिक्षकों ने स्वागत एवं समर्थन किया।

# गायत्री मुक्तिधाम पर महोत्सव का आयोजन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** धानेपुर थाना क्षेत्र के रेतवागाड़ा में स्थित गायत्री मुक्तिधाम पर तीन दिवसीय बालाजी महोत्सव का गुरुवार को भव्य शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हो गया। जिसमें इलाके के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा गायत्री मुक्तिधाम मंदिर से शुरू होकर कस्बा बाबागंज श्रीनगर सहित आसपास के इलाकों में भ्रमण करते हुए इलाके के प्रसिद्ध मठ संत सहज वन मठ पर पहुंची। जहां पर मठ की ओर से भव्य स्वागत किया गया। यहां पर जल भरने के नगर भ्रमण करते हुए यात्रा मुक्तिधाम मंदिर पर आकर समाप्त हो गई। इस बार शोभायात्रा में पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा के अलावा हाथी को शामिल किया गया था जो कि आकर्षण का केंद्र रहा है। देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से निकलकर सड़क किनारे व अपने घरों की छतों व बालकनी से यात्रा को निहार रहे थे जबकि कुछ लोग पुष्प वर्षा कर रहे थे। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं बेटियां बड़े बूढ़े युवा सभी बड़े ही उत्साह के साथ शामिल होकर बालाजी का जयकारा लगाते हुए नृत्य कर रहे थे।शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे रेतवागाड़ा के प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष की बात इस वर्ष भी तीन दिवसीय बालाजी महोत्सव का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई है।


बालाजी की शोभायात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

शुक्रवार को धाम पर अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ होगा शनिवार को समापन के मौके पर विशाल भंडारा व बालाजी का भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर के तैयारियां चल रही है। अध्यक्ष विशनु ,संरक्षक राजकुमार सिंह, राजन सिंह,अजीत कश्यप, हिमांशु मिश्र, शिवपूजन, शिवा जायसवाल, राम प्रकाश, शेष राम, सुशील तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में बड़ी संख्या थाने का पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहा है।

# श्री बालाजी मंदिर पर आयोजित होगा महायज्ञ एवं संत सम्मेलन

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** क्षेत्र के श्री बालाजी मंदिर सोनवारा धाम में आगामी 21 मई से श्री कनकधारा महालक्ष्मी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। श्री बालाजी मंदिर सोनवारा धाम के अध्यक्ष शुभम पाण्डेय ने बताया कि 21 मई से प्रारंभ हो रहे कार्यक्रमों में 21 मई को मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकाली जाएगी जो करनैलगंज घंटाघर होते हुए सरयू तट तक जाएगी। 22 मई को मंडप प्रवेश और पंचांग पूजन के पश्चात सायं वृंदावन धाम से आए कलाकारों द्वारा रास लीला दिखाई जाएगी। 24 मई को अग्नि प्राकट्य एवं हवन प्रारंभ होगा। 31 मई को यज्ञ पूर्णाहुति, ब्राह्मण एवं कन्या भोज तथा 01 जून को मंदिर प्रांगण में भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों के आयोजक महंत बृजमोहन पाण्डेय, यज्ञाचार्य अयोध्या धाम के पं. केदारनाथ मिश्र, प्रबंधक मणि चंद बाबा तथा सचिव गोपाल जी कुशवाहा होंगे।


इसी मंदिर पर आयोजित होगा महायज्ञ व संत सम्मेलन। अमृत विचार


पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल युवा। अमृत विचार

### पेंटिंग के माध्यम से मतदान के प्रति किया जागरूक

**करनैलगंज, अमृत विचार :** बृहस्पतिवार को कन्हैया लाल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मेजर राजाराम के निर्देशन में स्वीप योजना के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने मतदाताओं को अपने पेंटिंग के माध्यम से मतदान करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में रौनक वैश्य ने प्रथम एवं आकाश वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का संचालन स्काउट प्रभारी व प्रवक्ता अमित कुमार श्रीवास्तव, त्रियुगी नारायण द्विवेदी एवं रिंकू मणि गौतम ने किया कार्यक्रम में नरेंद बहादुर सिंह, अमित यादव, जगदीश कुमार, दिलीप विश्वकर्मा, मनोज कुमार, प्रताप नारायण पाण्डेय, वीरेंद्र यादव, सीमा वर्मा आदि लोग शामिल रहे।

# फायर टेंडर की गाड़ी का शीशा तोड़ा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** आग बुझाने जा रही दमकल पर एक युवक ने ईंट मार दी जिससे उसका शीशा टूट गया। फायर स्टेशन के यूनिट प्रभारी नित्यानंद यादव ने बताया कि बुधवार को सायंकाल में थाना कटरा बाजार अंतर्गत पहाड़ापुर चौकी क्षेत्र के रामगढ़ डिहवा में आग लगने की सूचना मिली। जिस पर वह फायर यूनिट के साथ आग बुझाने के लिए जा रहे थे। रास्ते में दुर्जनपुरवा के मोड़ पर खड़े दिवाकर गोस्वामी पुत्र दुखराम गोस्वामी ने गाड़ी पर ईंट मार कर सीसा तोड़ दिया और मौके से भाग गया। दमकल टीम समय से घटना स्थल पर नहीं पहुंच सकी। यूनिट प्रभारी ने सूचना पुलिस को दी है।

# ग्राम न्यायालय के विरोध में धरना

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** ग्राम न्यायालय के स्थापना के विरोध में अधिवक्ताओं के छठे दिन आन्दोलन में जनपद न्यायालय के गेट संख्या दो पर चल रहे धरना प्रदर्शन में अधिवक्ताओं ने जनपद न्यायाधीश से आग्रह किया है कि ग्राम न्यायालय मानक के विपरीत और क्षेत्राधिकार के विरुद्ध स्थापित न करें इससे एक्ट का दुरुपयोग होने के साथ- साथ न्याय चला निर्धन से मिलने की मंशा खत्म हो जायेगी।

गोण्डा - लखनऊ राजमार्ग पर स्थित दीवानी परिसर के गेट संख्या तीन पर भी सैकड़ों अधिवक्ताओं के साथ राम बहाल पाण्डेय,संतोषी तिवारी, राम आशीष तिवारी, राम नाथ पाण्डेय, मनोज कुमार मिश्र,विजय प्रताप मिश्र शांति पूर्वक अपनी मांगों के समर्थन पर डटे रहे। ग्राम न्यायालय मानक और एक्ट के विपरीत स्थापित किए जाने के विरोध में वकीलों का धरना प्रदर्शन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संगम लाल द्विवेदी के नेतृत्व में और महामंत्री चंद्रमणि तिवारी, दिनेश नारायण पांडेय के संचालन में जारी है। कलमबंद हड़ताल के चलते सम्पूर्ण कचहरी में न्यायिक कार्य के अलावा बैनामा पंजीकरण, नोटिरियल, कागजात मुआयना आदि सभी कार्य बंद है। धरना प्रदर्शन स्थल पर गोकरण नाथ पाण्डेय, महाराज कुमार श्रीवास्तव, माधवराज मिश्र, दीनानाथ त्रिपाठी, केके मिश्र, कौशल किशोर आदि रहे।


धरने को संबोधित करते अधिवक्ता। अमृत विचार

# श्रीकृष्ण की मार्मिक कथा सुन भक्त भावुक

**नवाबगंज, अमृत विचारः** महंगूपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक ने गजेंद्र मोक्ष, श्रीराम और श्रीकृष्ण जन्म की कथा का बखान किया। कथावाचक आचार्य विद्याभूषण ने कहा अपने और पराये की पहचान मुसीबत में होती है।

जब पानी में गजेंद्र का पैर मकर ने पकड़ लिया तो उसे बचाने के लिए परिवार भी पीछे हट गया। निराश होकर जब गजेंद्र ने विष्णु हरि को पुकारा तो वे दौड़े चले आये और गजेंद्र की रक्षा की। कहा कंस के अत्याचार को समाप्त करने के लिए श्रीकृष्ण ने कारागार में जन्म लिया। माता देवकी के आठवीं संतान के रूप में अवतरित हुए श्याम सुंदर ने मां को कारागार में ही अपने विराट रूप के दर्शन करा दिए। अंधेरी रात में ही पिता वसुदेव ने श्याम सुंदर को गोकुल नंद बाबा के यहां पहुंचा दिया।

श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन श्रोता भावविभोर हो गए। महिला श्रोताओं ने सोहर पेश किया। बाद में श्रीकृष्ण की आरती उतारी गई। इस मौके पर भाई जी पांडेय, अश्वनी मिश्र, अमरनाथ पांडेय, हरिहर पांडेय, संदीप पांडेय, ज्ञान प्रकाश संजू, टोनी मिश्र, ख़ुशी राम शर्मा, संजय शर्मा, रामनिहाल पांडेय, दिनेश पांडेय समेत काफी संख्या में महिला श्रोता मौजूद रहीं।

# सौगंध मुझे इस मिट्टी की..मैं शीश नहीं झुकने दूंगा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** मुजेहना ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय धानेपुर में बृहस्पतिवार को स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूल के बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों का मन मोह लिया। देशभक्ति गीत सौगंध मुझे इस मिट्टी की मैं देश नहीं झुकने दूंगा की प्रस्तुति से समारोह में मौजूद लोग देशप्रेम की भावना से भर उठे।

समारोह का शुभारंभ बीईओ हेमलता त्रिपाठी, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष किरन सिंह आदि ने किया। प्रधानाध्यापक हरिप्रसाद वर्मा की देखरेख में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की। इनमें सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के साथ देशभक्ति गीत से लेकर नाटक, एकांकी, भाषण व नृत्य का समावेश रहा। बच्चों के प्रस्तुतियों की अतिथियों ने खूब सराहना की। सेवानिवृत्त शिक्षक मनीराम वर्मा व विजयनाथ वर्मा को अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें विदाई दी गयी। स्कूल के प्रधानाध्यापक हरिप्रसाद वर्मा, व्यायाम शिक्षक पुष्पेंद्र वर्मा, राहुल वर्मा व सुजीत त्रिपाठी ने सभी अतिथियों के स्वागत की जिम्मेदारी संभाली।

विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष राममूर्ति वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार जताया। समारोह का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष कुलदीप पाठक ने किया। समारोह में डायट प्राचार्य अतुल तिवारी के प्रतिनिधि के रूप में डायट मेंटर ज्ञान बहादुर ने तीन बच्चों का नामांकन कर प्रवेशोत्सव की शुरुआत की। समारोह में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय संयुक्त मंत्री विजय प्रकाश त्रिपाठी, जिला महामंत्री सुधाकर मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, एसआरजी विनीता कुशवाहा, कृष्ण बिहारी लाल शर्मा, एआरपी उषा वर्मा, एआरपी महेश चौधरी, अम्बरीष कुमार, सुनील वर्मा, जेपी यादव एआरपी परसपुर, कुलदीप शुक्ला, राम स्वरूप भास्कर, लखेश्वरी प्रसाद वर्मा, शिवचन्द वर्मा, समेत अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे।


समारोह में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि व शिक्षक। अमृत विचार

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ सम्मान

**परसपुर, अमृत विचारः** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ला के नेतृत्व में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान एवं शिक्षक उन्नयन गोष्ठी आयोजित हुई। संचालन मंडलीय कोषाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने किया। बताया गया कि गुरुवार को बीआरसी पर बीते 31 मार्च को सेवानिवृत्त पांच शिक्षकों प्रधानाचार्य उच्च प्राथमिक विद्यालय पूरे जुड़ावन रवि शंकर तिवारी, प्रधानाचार्य कंपोजिट विद्यालय चंगेरी गंगा प्रसाद तिवारी, प्रधानाचार्य उच्च प्राथमिक विद्यालय श्रीकांत तिवारी, प्रधानाचार्य कंपोजिट विद्यालय पूरे रुईहन उमेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रधानाध्यपिका कंपोजिट विद्यालय डेहरास अम्बालिका सिंह के सेवानिवृति पर उनका माल्यार्पण कर, अंगवस्त्र, धार्मिक पुस्तक व बैच लगाकर सम्मानित किया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विपिन सिंह ने कहा कि ये जो क्षण बहुत ही भावुक क्षण है। एक तरफ इनके सेवानिवृत्त होने पर सम्मानित कर रहे हैं दूसरी तरफ इनके बिछड़ने का गम भी सता रहा है। इनसे संघर्ष, परिश्रम की सीख मिली है।

### सेवानिवृत्त राम करन को दी भावभीनी विदाई

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** 31 मार्च को सेवानिवृत्ति फार्मासिस्ट रामकरन पांडे के विदाई सम्मान समारोह का आयोजन गुरुवार को राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी फार्मासिस्ट शाखा की ओर से किया गया। समारोह क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार कुरील की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें जनपद के सभी फार्मासिस्ट तथा चिकित्सा अधिकारी संघ के अध्यक्ष डॉ शिव प्रताप वर्मा, मंत्री राजकुमार वर्मा एवं डॉ अनिल उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक आदर्श मिश्रा, प्रवीण तिवारी तथा फार्मासिस्ट संघ के संरक्षक डॉ विजय किशोर मिश्रा एवं मंडलीय सचिव पूरन चंद्र मिश्र, उमेश मिश्रा, छेदी राम मिश्र अध्यक्ष फार्मासिस्ट संघ तथा ओम प्रकाश पांडे मंत्री फार्मासिस्ट संघ, विनोद शुक्ला चीफ फार्मासिस्ट, संजय शुक्ला चीफ फार्मासिस्ट तथा सेवानिवृत्त फार्मासिस्ट सलाउद्दीन खान तथा जनपद के अन्य फार्मासिस्ट विजय शंकर में श्री अशोक मिश्रा, अशोक पांडे, कृष्ण देव पांडे तथा कार्यालय के स्टाफ ओमप्रकाश सिंह, अखिलेश, परशुराम, नईम खान रहे।

# त्योहार की तरह चुनाव में भी बनाएं रखें शांति

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचारः** आसन्न त्योहारों ईद, नवरात्रि व अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शान्ति समिति बैठक आयोजित हुई। डीएम ने कहा कि त्योहार की तरह चुनाव में भी शांति बनाए रखें।

डीएम व एसपी ने समिति के सदस्यों से अपील की कि निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए पर्व मनायें। बैठक के दौरान डीएम नें डीपीआरओ, ईओ व बीडीओ को निर्देश दिया कि धार्मिक स्थलों व बाबा साहब भीवराव अम्बेडकर की मूर्ति स्थलों के आस-पास समुचित साफ-सफाई एवं चूनाकारी करा दें।



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शान्ति समिति की बैठक को संबोधित करतीं डीएम।

डीएम ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि फीडरवार समीक्षा कर त्योहार के अवसर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायें। डीएम ने प्रभारी सीएमओ को निर्देश दिया कि फागिंग, एण्टी लार्वा का छिड़काव आदि भी करा दें। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने कहा कि त्योहारों के अवसर पर विगत वर्षों से बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था हो यही हमारा उद्देश्य है। बैठक के दौरान समिति के सदस्य लड्डुन नेता, प्रमोद गुप्ता, उमा शंकर मिश्र, मोहम्मद अली, तेजे खां एडवोकेट, सईद अख्तर, शमशाद अहमद एडवोकेट, मनोज गुप्ता, रूमी मियां व मसऊद अहमद सहित अन्य धर्मगुरुओं, संभ्रान्तजनों द्वारा साफ-सफाई, बिजली-पानी, प्रकाश, फागिंग आदि के पुख्ता प्रबन्ध के सुझाव दिये गये।

बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन ने किया। इस मौके पर डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, देवेन्द्र पाल सिंह, शालिनी प्रभाकर, प्रिंस प्रर्मा, अश्वनी पाण्डेय, पंकज दीक्षित, अखिलेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार आदि थे।

## भारत व नेपाल पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



सीमा पर जांच करते भारत और नेपाल के जवान। अमृत विचार

**रूपईडीहा, बहराइच :** जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर नेपाल पुलिस की ओर से सुरक्षा को लेकर सहयोग किया जा रहा है। गुरुवार को भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह और नेपाल की पुलिस ने सड़कों पर फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने घर घर जाकर लोगों से सुरक्षा के बारे में जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक ने सीमावर्ती लोगों से वार्ता कर बिना भय के मतदान करने की बात कही। नेपाल के पुलिस अधिकारियों से थानाध्यक्ष ने सुरक्षा में सहयोग करने की बात दोहराई। इस दौरान एसएसबी, पुलिस और नेपाल के जवान मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं ने मतदान के प्रति किया जागरूक



मतदान के लिए छात्राओं को शपथ दिलाती वार्डेन।

**बहराइच, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर जिला प्रशासन के निर्देशन में विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। गुरुवार को बालिका विहान विद्यालय में छात्राओं को शिक्षकों ने मतदान के लिए शपथ दिलाई। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी द्वारा लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोग मतदान करें, इसके लिए सभी सरकारी और अर्ध सरकारी संस्थानों से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को बालिका विहान आवासीय विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वार्डेन प्रिया प्रसाद ने छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई। जिसमें हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए या शपथ लेते हैं कि हम अपने देश के लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर मतदान करेंगे शांति। वार्डेन ने कहा कि छात्र अपने माता-पिता के साथ पड़ोसियों को भी मतदान के दिन मतदान करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। इस दौरान वार्डेन प्रिया प्रसाद, शिक्षिका प्रियंका श्रीवास्तव, संजीव कुमार और अंकित कुमार समेत छात्राएं मौजूद रहीं।

## मतदान के दिन व उससे एक दिन पूर्व विज्ञापन के प्रकाशन पर रोक

**बहराइच :** निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दिन व मतदान के एक दिन पूर्व राजनीतिक दलों द्वारा दिये गये विज्ञापन को बिना एमसीएमसी से प्री-सर्टिफिकेशन कराये उनके प्रकाशन पर रोक लगा दी गयी है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार या किसी अन्य संगठन या व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित कराये जाने वाले विज्ञापनों की सामग्री को राज्य/जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति से पूर्व प्रमाणित कराया जाना आवश्यक होगा। डीएम ने बताया कि आवेदकों को विज्ञापन के प्रकाशन की प्रस्तावित तिथि से न्यूनतम दो दिन पूर्व एमसीएमसी समिति के समक्ष आवेदन करते हुए विज्ञापन प्रमाधित कराया जाना अनिवार्य होगा। डीएम ने निर्वाचन आयोग के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने की अपेक्षा की है।

# इस सत्र में 60 करोड़ से अधिक की शराब बिकी

## आबकारी विभाग ने प्रदेश सरकार को किया मालामाल

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** आबकारी विभाग ने बीते सत्र में सरकार के रेवेन्यू को आगे बढ़ाते हुए मालामाल कर दिया है। इस बार आबकारी विभाग की ओर से बीते सत्र से 60.43 करोड रुपए की अधिक की बिक्री की गई है। इसको लेकर जिला आबकारी अधिकारी ने टीम को और मेहनत से काम के निर्देश दिए हैं।

सरकार के राजस्व को बढ़ाने के लिए आबकारी विभाग का काफी सहयोग रहता है। जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि वर्ष 2022-23 की अपेक्षा 2023/24 में विभाग ने सरकार के रेवेन्यू में काफी वृद्धि की है। उन्होंने बताया कि सत्र 2022-23 में 372.15 करोड़ रूपये की शराब की बिक्री हुई थी। जबकि सत्र 2023 24 में 432.58 करोड़ रुपए की शराब की खपत हुई है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशन में पूरे जनपद में 60 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक के राजस्व का लाभ इस बार आबकारी विभाग की ओर से हुआ है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष की अपेक्षा 16.32 प्रतिशत ज्यादा बिक्री इस बार हुई है। जिला आबकारी अधिकारी के मुताबिक जिले में कुल 386 शराब की दुकान संचालित हैं। इनमें अंग्रेजी, बियर और देशी शराब की दुकान शामिल हैं।

### एक सप्ताह में 37 करोड़ की बिक्री



जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि जिले में संचालित 386 शराब की दुकानों पर होली के दौरान एक सप्ताह में जमकर बिक्री हुई है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह में रिकॉर्ड 37.12 करोड रुपए की शराब बिक्री कर सरकार के रेवेन्यू को बढ़ाया गया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि लक्ष्य से अधिक राजस्व का लाभ जिले से हुआ है।

# दहशत फैलाने के लिए व्यवसायी से मांगी थी 20 लाख की फिरौती

बहराइच

**अमृत विचारः** शहर के मोहल्ला खत्रीपुरा निवासी एक व्यापारी से 27 मार्च को अज्ञात लोगों ने मोबाइल पर मैसेज भेज कर बेटे की सलामती के लिए 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पुलिस और साइबर टीम ने फिरौती मांगने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली नगर के मोहल्ला खत्री पुरा निवासी व्यापारी जाने आलम अंसारी पुत्र उमर अंसारी के मोबाइल पर 27 मार्च को मैसेज और फोन कर 20 लख रुपए की फिरौती मांगी गई थी। कोतवाली नगर में तहरीर देकर व्यापारी ने बताया कि उसके बेटे की सलामती के लिए 20 लाख न देने पर हत्या की धमकी दी थी। कोतवाली नगर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू की। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए साइबर और कोतवाली नगर पुलिस की टीम को लगाया गया। उन्होंने बताया कि साइबर सेल की टीम ने कोतवाली नगर पुलिस की मदद से रामगढ़ थाना क्षेत्र के मीरपुर कस्बा निवासी रुस्तम उर्फ मोहम्मद असलम उर्फ अशरफ पुत्र अबरार खान, गुलफाम पुत्र नैयाब निवासी सैलरगंज दरगाह और कोतवाली नगर के नजीरपुरा निवासी अनवर पुत्र चुनान को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने बताया कि सभी ने परिवार में दहशत फैलाने के लिए फिरौती मांगी थी। खुलासा करने वाली टीम में साइबर सेल प्रभारी संतोष कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, हेमंत सिंह, कोतवाल मनोज कुमार पांडे, पंकज गुप्ता और नितिन अवस्थी शामिल रहे।

# घर में आग लगाने का आरोप चपेट में आकर वृद्ध झुलसा

बहराइच,जरवल

**अमृत विचारः** कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कहराई निवासी एक ग्रामीण के फूस के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। मकान में सो रहा ग्रामीण झुलस गया। चार मवेशी भी झुलस गए हैं। वृद्ध को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुत्र ने गांव के पांच लोगों पर जमीनी रंजिश में आग लगाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है।



आग लगने के बाद जला फूस का मकान। अमृत विचार

कोतवाली कैसरगंज के ग्राम पंचायत कहराई निवासी रक्षाराम अपने फूस के मकान में बुधवार रात को सो रहा था। मवेशियों के अहाते में देर रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसकी चपेट में आकर रक्षाराम गंभीर रूप से झुलस गया। शोर सुनकर दौड़े परिवार के लोगों ने आग बुझायी। इसके बाद वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। रक्षाराम के पुत्र शिव गोविंद ने कोतवाली में तहरीर दी है। शिव गोविंद का कहना है कि पिता का गांव निवासी शिव नारायन, विष्णु प्रताप सिंह, राम कुमार, अरुण और रमेश प्रसाद से जमीनी विवाद चल रहा है। सभी ने पिता को जान से मारने की धमकी दी थी। उसी नीयत से रात में मवेशियों की रखवाली करते समय अहाते में आग लगा दी। जिसमें चार मवेशी भी झुलसकर घायल हो गए। अभी पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। वहीं एसडीएम पंकज कुमार दीक्षित ने हल्का लेखपाल को गांव भेजकर मामले की जांच करवाई है।

# डीएम ने दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने संयुक्त जिला चिकित्सालय स्थित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नव संचालित आडियोमेट्री जांच कक्ष का भी निरीक्षण किया तथा जांच कराने आये मरीजों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना तथा जांच प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने दिव्यांगजनों की आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, वॉकिंग स्टिक, नेत्रहीन छड़ी एवं श्रवण यंत्र सहित अन्य जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने दिव्यांगजनों के हितार्थ अन्य सुविधाओं को प्रदान करने हेतु निर्देश दिया। इस अवसर पर डीडीआरसी संचालक विभाकर शुक्ला सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का जायजा लेतीं डीएम।

## दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से वंचित रखना अपराध : डीएम

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से वंचित रखना अपराध है, क्योंकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों को अनिवार्य रूप से शिक्षा की मुख्य धारा में समाहित किया जाना है। इसके लिए सर्वप्रथम यह जरूरी है कि इटीनरेन्ट टीचर्स द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे करके बच्चों का चिन्हीकरण कर लिया जाये तथा परिषदीय विद्यालय के अध्यापकों को उन बच्चों की सूची प्रदान करते हुए उनका नामांकन सुनिश्चित कराया जाये। बच्चों के नामांकन के पश्चात उन्हें उपकरण के लिए भी चिन्हित करते हुए यू-डायस में प्रत्येक बच्चे का अंकन किया जाये। वर्ष 2022-23 के यू-डायस तथा समर्थ पोर्टल के बच्चों की संख्या का मिलान कर लिया जाये तथा दोनों में एकरूपता होनी चाहिए। यदि किसी विद्यालय में यू-डायस तथा समर्थ पोर्टल के बच्चों के विवरण में भिन्नता पायी जाती है तो ऐसी दशा में संबंधित विद्यालय के अध्यापक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही संपादित की जायेगी।

## मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य 12 प्रकार के दस्तावेजों का कर सकते हैं प्रयोग

**श्रावस्ती, अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग आदेशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदाताओं को वोट डालने के लिए मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य वैकल्पिक 12 प्रकार के दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज होने पर मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा , परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड आदि शामिल हैं। इसके अलावा भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज को भी शामिल किया है।

## वर्ग पहेली-30

**बाएं से दाएं**

4. 1. वह वस्तु जिसपर रंग-बिरंगे बेल-बूटे
5. 1. मुड़ना 2. चक्कर लगाना, घूमना 3. (ज्योतिष) किसी ग्रह का अपने पथ से विचलित होना।
6. अनुमान करने योग्य, जिसे अनुमान से जाना जा सके।
7. 1. साथ रहने वाली स्त्री, साथिन, सहचरी 2. पत्नी, भार्या 3. सखी,सहेली
8. संस्कृत भाषा।
9. 1. माशूक 2. प्रिय, प्रेमी 3. प्रेमपात्र।

**ऊपर से नीचे**

1. बरगद की जाति का एक प्रसिद्ध वृक्ष।
2. समुद्र तट पर पानी के ऊपर बना लकड़ी का वह चबूतरा या स्थान जहां जहाज़ों पर माल लादा और उतारा जाता है।
3. 1. बेसुध 2. अचेत, बेख़बर, संज्ञाहीन 3. दुर्दशाग्रस्त 4. मरणासन्न 5. व्याकुल, बेचैन।
5. बाल्यावस्था और यौवनावस्था के मध्य का समय, बाल्यावस्था और यौवनावस्था के मध्य की स्थिति।
6. 1. यज्ञादि के समय किया जाने वाला स्नान 2. यज्ञ 3. शराब चुआना, आसवन 4. ख़मीर 5. कांजी।



### वर्ग पहेली -29 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जो | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 म |
| 3 श | रा | बो | 4 र | ■ | ■ | र |
| न | ■ | ■ | 5 ज़ा | दे | रा | ह |
| ■ | ■ | ■ | मं | ■ | ■ | म |
| 6 बु | 7 नि | या | दी | ■ | 8 पू | ■ |
| ■ | ग | ■ | ■ | 9 वी | थि | का |
| 10 मुँ | ड़ | ना | ■ | ■ | का | ■ |

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की इलाज के दौरान मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम गोविन्दपुर निवासी सुधीर शुक्ला पुत्र देवराज शुक्ला ने घरेलू विवाद के को जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिससे उसकी हालत गम्भीर हो गई थी। परिजनों ने उसे सीएचसी इकौना में भर्ती कराया किन्तु हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने बहराइच मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था। यहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## दुर्घटना के शिकार हुए श्रमिक के परिवार से मिला जिला प्रशासन

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जनपद से उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल में कार्य करने गये युवक भरत की दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर राहत आयुक्त कार्यालय से प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में एसडीएम भिनगा पीयूष जायसवाल, आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र लेखपाल मनोराम को जिलाधिकारी कृतिका शर्मा द्वारा संबंधित परिवार से मिलने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं राहत आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जनपद सहारनपुर के आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्र को उत्तराखंड घटना स्थल की ओर रवाना कर दिया गया। श्रमिक के गांव पहुंची जिला प्रशासन टीम ने परिवार को साहस बंधाया और उन्हें हर प्रकार से सहयोग का आश्वासन भी दिया। श्रमिक की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। अभी इससे पूर्व दीपावली के समय 12 नवंबर को सिल्क्यारा उत्तराखंड में घटी टनल दुर्घटना में जिले के 6 श्रमिक फंसे थे और अब होली के उपरान्त यह दुर्घटना घट गयी। श्रमिक परिवार से मिलकर लौटे उपजिलाधिकारी पीयूष जायसवाल ने बताया कि संबंधित श्रमिक के पिता उसके साथ ही कार्य करते थे। भरत की उम्र 21 वर्ष थी और वह अविवाहित था। इनके एक अन्य भाई व बहन है। पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया है।

### ट्रक की स्टेयरिंग हुई फेल, बचा चालक

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** कोतवाली भिनगा क्षेत्र के भिनगा-बहराइच मार्ग पर बुधवार रात दो बजे हुए सड़क हादसे में चालक बाल बाल बच गया। जयपुर से पानी सप्लाई का पाइप लेकर ट्रक भिनगा आ रहा था। पिपरा पुल पार करते ही ट्रक की स्टेयरिंग का गुल्ला टूट गया और ट्रक डिवाइडर से टकरा गया। चालक प्रशांत यादव ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक किसी तरह से काबू किया किन्तु तब तक ट्रक सड़क की पटरी पर बने गड्ढे की तरफ बढ़ गया। जब तक ट्रक रुकता, तब तक ट्रक का एक पहिया गड्ढे में और दूसरा पहिया टूटकर निकल गया।

## सुडोकू -109

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | 7 | | 9 |
| 4 | | 1 | | 3 | | 8 | | |
| | | 2 | | 5 | | 4 | | |
| 2 | 7 | | | | | | 3 | 4 |
| | | 5 | | | | 9 | | |
| 6 | 8 | | | 9 | | | 5 | |
| | | 3 | | | | 2 | | |
| | | 7 | | 4 | | 5 | | 6 |
| 9 | | | 7 | | | | | |

### सुडोकू -108 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 13.28 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** – आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। आर्थिक मामलों में काफी भाग्यशाली रहेंगे। अपनी बातों से आप लोगों को प्रभावित कर पाएंगे। युवाओं को जॉब के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे।

**वृष** – आज फिर भी किसी भी मुद्दे पर सावधानी पूर्वक प्रतिक्रिया दें। छोटे बच्चों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उलझा हुआ धन आपको प्राप्त होगा। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की संभावना है। करियर के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मिथुन** – आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। आप अनुसंधान के मूड में हो सकते हैं। बजट का ध्यान रखते हुए काम करें। भारी भोजन का सेवन करने से बचें। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कर्क** – आज आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्र गण आपसे नाराज हो सकते हैं। बुजुर्ग लोगों को घुटने व कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है। अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। अति आत्मविश्वास से बचें। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है।

**सिंह** – आज साझेदारी में व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**कन्या** – आज प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। यदि किसी मीटिंग पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी करनी पड़ेगी। उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**तुला** – आज बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें। वरना आपकी बातों का गलत मतलब भी निकल सकता है। अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। पुराने दोस्तों से आज मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। दौड़-धूप ज्यादा करनी पड़ेगी।

**धनु** – आज जीवनशैली में नयापन आएगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। मार्केटिंग संबंधी कारोबारियों को लाभ होगा। दांपत्य संबंधों में आनंद का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**मकर** – आज संतान को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई होगी। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी होगी। आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आज अपने काम का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपके व्यवहार में शालीनता रहेगी। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है।

**मीन** – आज राजनीतिक लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर क्रोध करने के बजाय उसे शांति से निपटाएं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 18.07 तक तत्पश्चात शतभिषा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
तकदीर का तमाशा – सुबह : 10.57
जख्मी सिपाही – रात : 07.02

&pictures
मैं तेरा हीरो – सुबह : 11.09
मॉम – रात : 08.00

Sony Pix
होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 – सुबह : 11.06
मैड मैक्स : फरी रोड – रात : 09.00

Zee Cinema
बधाई हो बधाई – सुबह : 10.45
गली बॉय – रात : 07.20

Colors Cineplex
खुदा गवाह – दोपहर : 02.00
अग्निपथ – रात : 09.31

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.09 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू अपने पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

मैडम- क्लास में जो बेवकूफ हो वो खड़ा हो जाए।
पप्पू मसूमियत से खड़ा हो गया
मैडम- क्या तुम बेवकूफ हो?
पप्पू- नहीं मैडम आप अकेली खड़ी थीं। इसलिए मुझे अच्छा नहीं लगा।



**25वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.18 बजे
इफ्तार : 06.35 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04 .31 बजे
इफ्तार :06.23 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# किशोरी ने फंदा लगा कर दी जान

**विशेश्वरगंज, बहराइच**

**अमृत विचार :** पंचायत बड़ागांव में अज्ञात कारणों से एक किशोरी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम ज्योति (17) पुत्री रामनरेश ने अपने पुराने घर में मोबाइल लगाने गई थी। वहीं उसने अज्ञात कारणों से पंखे के हुक में फंदा लगा लिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। अभी तहरीर नहीं मिली है। किशोरी की मौत से परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।


घटना के बाद गमगीन परिवार के लोग।

## सड़क पार कर रही महिला को ट्रक ने कुचला, मौत

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** नानपारा– बहराइच मार्ग पर सड़क पार कर रही महिला को ट्रक ने कुचल दिया। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। कोतवाली नानपारा अंतर्गत बहादुर पुरवा गांव निवासी रेशमा (25) पत्नी सलमान उर्फ कालिया बृहस्पतिवार सुबह 10 बजे पैदल सड़क पार कर रही थी। तभी उसे एक ट्रक रौंदते हुए गुजर गयी। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी कोतवाली में दी गई। प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ससुर रमजान खां पुत्र फैज खान की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

# जाम में एंबुलेंस फंसी, राहगीर भी हुए परेशान

▸▸ **पुलिस और प्रशासन जाम से नहीं दिला पा रहा निजात**

**मिहीपुरवा, बहराइच**

**अमृत विचार:** नगर पंचायत मिहींपुरवा में आए दिन जाम लग रहा है। इस पर पुलिस के साथ तहसील के अधिकारी भी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसका नतीजा है कि आए दिन लोग परेशान होते हैं। गुरुवार को एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई।

जनपद के थाना मोतीपुर क्षेत्र के अंतर्गत में मिहींपुरवा कस्बे में गुरुवार को अचानक जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, लेकिन मौके पर जाम हटाने के लिए पुलिस कर्मी दिखाई नहीं दिया। इससे कस्बा वासियों और राहगीरों में रोष देखने को मिला। मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस भी जाम में काफी देर तक फंसी रही, मरीज परेशान रहे। लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं था जो जाम हटवा सके। चौराहे पर जाम तथा सुरक्षा की जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस की है, लेकिन जाम के समय कोई भी पुलिस का जवान मौके पर मौजूद नहीं रहा। जाम घंटों लगा रहा जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। पर्यटकों के साथ ही विद्यार्थी भी परेशान हुए।

नगर पंचायत के लोग पुलिस और तहसील के अधिकारियों की उदासीनता से काफी नाराज दिखे। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जाम ट्रैफिक और सिविल पुलिस द्वारा हटवाया गया। थोड़ी बहुत दिक्कत होती है, जिस पर काम किया जा रहा है।


मोतीपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मिहीपुरवा में जाम में फंसी एम्बुलेंस।

## एक नजर

### सड़क पार करते समय ट्रक से कुचलकर अधेड़ की मौत

**जरवलरोड, बहराइच :** लखनऊ गोंडा मार्ग के सोसाइटी चौराहे पर सड़क पार करते समय 55 वर्षीय ग्रामीण की ट्रक की टक्कर से मौके पर मौत हो गई। जरवल रोड थाना अंतर्गत लखनऊ गोंडा मार्ग के सोसाइटी चौराहे के पास सड़क पार कर रहे 55 वर्षीय रामस्वरूप पत्थर कट उर्फ हन्ना निवासी ग्राम पंचायत अलीनगर मिर्जापुरवा की ट्रक का पहिया चढ़ने से मौत हो गई। सूचना पर घटनास्थल पर परिजन पहुंचे देखकर कोहराम मच गया। जरवलरोड थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद ने ट्रक को कब्जे में लेकर कर लाश का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बंद की गयी रेलवे क्रॉसिंग

**बहराइच।** चिलवरिया–बहराइच रेलवे क्रॉसिंग को आम यात्रियों के लिए बृहस्पतिवार से बंद कर दिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ओवर ब्रिज निर्माण में पिलर स्थापना के चलते रेलवे क्रॉसिंग बंद किया गया। उन्होंने बताया कि निर्माण पूरा होने के बाद पुन: क्रॉसिंग खोल दिया जाएगा। इस दौरान ट्रेनों का आवागमन सुचारू रूप से चलता रहेगा।

### पिता ने बेटी से दुष्कर्म कर रिश्ते को किया कलंकित

**बहराइच,हुजूरपुर, अमृत विचार :** जिले के थाना रानीपुर क्षेत्र की एक किशोरी के साथ उसके पिता द्वारा शराब के नशे में मारपीट कर कई बार दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी के गर्भवती होने पर उसका गर्भपात कराये जाने की घटना प्रकाश में आई है। जिले की रानीपुर पुलिस द्वारा बालिका को बरामद करके न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार श्रीवास्तव व सदस्य दीपमाला प्रधान, नवनीत मिश्रा व अर्चना पांडे के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पीड़िता ने यह सनसनीखेज खुलासा किया और दोबारा घर न भेजने की गुहार की।

# ग्राम प्रधान के ससुर की हत्या, खेत में मिला शव

## प्रधान प्रतिनिधि ने महिला समेत सात के विरुद्ध दी तहरीर

**विशेश्वरगंज, बहराइच**

**अमृत विचार:** जिले के ग्राम पंचायत नेठिया की ग्राम प्रधान के ससुर की खेत में अज्ञात लोगों ने पिटाई के बाद गला दबाकर हत्या कर दी। वह बुधवार की रात गेहूं के फसल की रखवाली के लिए खेत गए थे। गुरुवार की सुबह खेत में बने फूस के मकान में वह औंधे मुंह पड़े मिले। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर आए, यहां इलाज शुरू होते ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेठिया की ग्राम प्रधान आरती देवी हैं। प्रतिदिन की तरह बुधवार रात को ग्राम प्रधान के ससुर राम प्रसाद चौहान (65) पुत्र खिरोधार मकान से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित खेत में फसल की रखवाली के लिए गए थे। इसके बाद वह खेत के पास बने फूस के मकान में ही सो गए। गुरुवार की सुबह रामप्रसाद की पत्नी सुखिया देवी पति के पास खेत गईं तो देखा कि वे औंधे मुंह बिस्तर पर पड़े हुए हैं, चेहरे से खून निकल रहा है। इस पर उसने परिवारवालों को सूचना दी। परिवार के लोग रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में सुबह पांच बजे भर्ती कर डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। प्रधान के जेठ प्रधान प्रतिनिधि बच्चन चौहान ने प्रधानी की रंजिश में गांव निवासी पूर्व प्रधान श्रीचंद्र, अभिषेक, विवेक, आनंद, मोटे और अनूप के अलावा एक महिला पर पीटकर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।


रोते बिलखते परिवार के लोग। अमृत विचार

### प्रधान प्रतिनिधि पर भी हुआ था हमला

प्रधान प्रतिनिधि बच्चन चौहान ने बताया कि विपक्षी 25 वर्ष से प्रधानी चला रहे थे। बीते चुनाव में हारने के बाद से ही सभी खुन्नस रख रहे हैं। डेढ़ वर्ष पूर्व उसके ऊपर भी जानलेवा हमला किया था। जिसमें वह घायल हुआ। पुलिस ने प्राणघातक हमले का केस दर्ज किया, लेकिन विवेचना में केस हटाते हुए धारा 308 कर दी। इससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं।

### तीन दिन से मुखबिरी कर रही थी महिला

वृद्ध के पुत्र प्रधान प्रतिनिधि बच्चन चौहान ने बताया कि उसके पिता की हत्या के लिए चुनाव में खड़ी महिला द्वारा तीन दिनों से पल पल की जानकारी पूर्व प्रधान श्री चंद्र को दी जा रही थी। इसकी भनक उसके घर आने पर लगी थी। उसी की मुखबिरी पर हत्या कर दी गई।

## घर वापसी के लिए दौड़ लगा रही नेत्री

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के एक चर्चित नेत्री भाजपा में वापसी के लिए मुख्यमंत्री के साथ अन्य पदाधिकारियों के यहां चक्कर लगा रही हैं, लेकिन अभी तक हरी झंडी नहीं मिली है। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि जिले की एक बहुत ही तेज तर्रार महिला नेत्री जिन्होंने किसी समय भाजपा में रहते भाजपा पर ही अपनी वाणी और कार्यशैली से हमलावर होते सुर्खियां बटोरी थी। इसके अलावा कई दलों का चक्कर काटने के बाद पुन: अपने पुराने घर में वापसी के लिये चक्कर लगा रही हैं। महिला नेत्री इसके लिए लखनऊ, दिल्ली का चक्कर काट रही हैं। स्थानीय स्तर पर जहां उनकी वापसी को लेकर कुछ लोग विरोध कर रहे हैं, वहीं ऊपर वाले नेता उनकी वापसी को पार्टी हित मे बेहतर मान रहें हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि उनकी वापसी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

## श्रवन के निधन पर महंत राजू दास ने जताया शोक

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के जरवल रोड बाजार निवासी एक ग्रामीण की हृदय गति रुकने से निधन हो गया। जिस पर अयोध्या के महंत ने घर पहुंच कर शोक जताया है। जरवल विकास खंड के जरवल रोड बाजार निवासी 57 वर्षीय श्रवन कुमार मिश्रा पुत्र पंडित जगन्नाथ मिश्रा की हृदय गति रुकने से मौत हो गई थी। जरवल रोड बाजार निवासी सरवन कुमार मिश्रा की हृदयगति रूकने से की सूचना पर अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्ति किया। परिवार के लोगों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। शोकाकुल परिवार के घर पर मौजूद कमलेश मिश्रा, रमाशंकर मिश्रा, पंडित सुनिधि मिश्रा, मोनू मिश्रा को ढांढस बंधाया। ततपश्चात जरवल रोड बाजार से अयोध्या जाते समय बाजार के तूफानी चौराहा पर प्राचीन दुर्गा मंदिर परिसर में पहुंचकर दुर्गा माता का दर्शन किया। इस अवसर पर विवेक मिश्रा, माधव राम शुक्ला, विनोद शुक्ला आकाश सोनी, पंकज तिवारी, सुमित गुप्ता, प्रिंस तिवारी, रामू शुक्ला, राजन सोनी, पंकज सोनी, रोशन गुप्ता, पप्पू गुप्ता शिवा वर्मा लवकुश गुप्ता विनायक दुर्गेश मौर्य सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बेहतर कार्यकुशलता के लिए सम्मानित हुए शाखा प्रबंधक


शाखा प्रबंधक को सम्मानित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**रुपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** आर्यावर्त बैंक शाखा प्रबंधक आशुतोष यादव को गुरुवार को सम्मानित किया गया। समाजसेवी संस्था आदर्श समाज सेवा समिति ने अपने सम्मान आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शाखा प्रबंधक आशुतोष यादव को उनके मधुर व्यवहार व कार्य कुशलता के लिए अंगवस्त्र भेंटकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि बैंक प्रबंधक यादव का व्यवहार खाता धारकों के प्रति जहां काफ़ी मधुर व मिलनसार है वहीं वह ससमय बैंकिंग व विभागीय कार्यों को भी पूर्ण मनोयोग से निष्पादित करते आ रहे हैं। क्षेत्र मे भी वह काफ़ी लोकप्रिय बैंक अधिकारी के रूप मे जाने जाते हैं। इस दौरान शाखा मे कार्यरत कैशियर नीतेश मिश्रा व सहायक कौशलेन्द्र मिश्रा को भी उनके निष्पक्ष कार्यों व कर्तव्यों के लिए माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। शाखा प्रबंधक को समिति द्वारा सम्मानित किये जाने पर बैंक कर्मियों सहित क्षेत्रीय लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। सम्मान कार्यक्रम के इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा, संगठन मंत्री बद्री सिंह, सचिव शेरसिंह कसौधन, जिलाध्यक्ष विनोद गिरि, ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम सहित जगत राम साहू, अरुण सिंह, रामसूरत यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

## ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार:** लखनऊ गोरखपुर रेल प्रखंड पर गुरुवार को ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी गोंडा की पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जरवलरोड थाना क्षेत्र के लखनऊ गोरखपुर रेल प्रखंड पर घाघराघाट रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से गिरकर मृत्यु हो गई।

सूचना स्टेशन मास्टर घाघरा घाट द्वारा थाना जरवलरोड पर दी गई। रेलवे स्टेशन घाघरा घाट के स्टेशन मास्टर द्वारा मृतक की सूचना जीआरपी गोंडा को दी गई। मौके पर उप निरीक्षक आदित्य कुमार द्वारा जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि घटनास्थल जीआरपी गोंडा से संबंधित है। प्रभारी निरीक्षक बृज प्रसाद ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है।

# महिला से नकदी व जेवरात लेकर टप्पेबाज फरार

**जरवलरोड बहराइच :** बाइक सवार टप्पेबाज युवक महिला का गहना और नकदी लेकर फरार हो गया। सूचना पाकर पुलिस मामले की छानबीन कर घटना का खुलासा करने में जुटी हुई है।

गोंडा जनपद के परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बलमत्थर निवासी साधना सिंह पत्नी अरविंद सिंह अपने घर से अकेले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद इलाज कराने के लिए जा रही थी। हुजूरपुर मोड़ के पास उसकी एक बाइक सवार अज्ञात टप्पे बाज से मुलाकात हो गई। युवक ने महिला को झांसा देकर लखनऊ गोंडा मार्ग बाजार के तूफानी चौराहे के निकट उसके कान का सोने का कुण्डल और एक हजार नकदी मोबाइल निकलवा कर बोला कि पर्स में रख दो। महिला ने अपने जेवर उतार कर अपने पर्स में रख दिया। उसके बाद टप्पेबाज, महिला का पर्स अपनी मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखकर फरार हो गया। महिला ने शोर मचाते हुए जरवल रोड पुलिस को घटना की जानकारी दी। उप निरीक्षक राणा राज सिंह, हेड कांस्टेबल शकील अहमद, महिला आरक्षी पांडे ने सूचना पाकर महिला के निशानदेही पर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरे से जांच की, लेकिन जांच के बाद भी कुछ हाथ नहीं लगा है। इस मामले में थानाध्यक्ष का कहना है कि जल्द ही टप्पेबाज पकड़ा जाएगा।

## सार-संक्षेप

### परीक्षा में अव्वल आये छात्र किये गये पुरस्कृत


प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को मिला सम्मान। अमृत विचार

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र जरवल के प्राथमिक विद्यालय अलीनगर जरवल रोड वार्षिक परीक्षा में अव्वल आये छात्रों को समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीईओ जरवल अरविन्द बहादुर सिंह व अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ की गयी। गत शैक्षिक सत्र 2023 की सालाना परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा पांच के सरफराज, अशरफ, शिखर यादव, कक्षा चार के शिवा मौर्या, सायरा, शिवा, कक्षा तीन से शहनवाज हसन, फलक फातिमा, आदर्श कक्षा दो से गुलशन जहा, मयंक, सरफराज बेग, तथा कक्षा एक से आदित्य कुमार, विकास, दिलावर हुसैन को प्रगति पत्र के साथ स्टेशनरी व उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम 'पढ़ा–लिखा बबुआ, कलमिये मा जान बा, पर दी गयी प्रस्तुति पर मौजूद अभिभावकों ने तालियां बजाकर उनकी हौसला अफजाई की। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आसिफ अली, एआरपी मोहम्मद अहमद, कल्पना मिश्रा, प्रधानाध्यापिका कुसुम यादव, गिरीश यादव, विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष रामू व समिति अन्य सदस्यों सहित दर्जनों अभिभावक उपस्थित रहे।

### संस्कारविहीन मनुष्य पशु के समान

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** गायत्री नव चेतना विस्तार केंद्र पयागपुर के तत्वावधान में चल रही श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन कथावाचक ने संस्कार को अपनाते हुए सभी को संस्कार के लिए प्रेरित करने की बात कही। पयागपुर नगर पंचायत के भूपगंज बाजार स्थित रामलीला मैदान पर चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन शांतिकुंज हरिद्वार से आये हुये कथावाचक सत्यनारायण सत्य ने गर्भाधान,पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवीत विवाह, वानप्रस्थ और सन्यास सहित समस्त संस्कारों की विधिवत व्याख्या की। उन्होंने कहा कि संस्कार ही मनुष्य को महान बनाते हैं। संस्कार विहीन व्यक्ति में और पशु में सिर्फ इतना अंतर होता है कि जानवर के सींग और पूछ होती है मनुष्य के नहीं। कथावाचक ने उपस्थित धर्म प्रेमी श्रोताओं को संस्कार करवाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संगत टोली के द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय भजनों से श्रोता भक्तिरस में सराबोर रहे। इस दौरान गायत्री परिवार के परिब्राजक ज्ञान प्रकाश शुक्ला, मालिकराम शर्मा, संतोष सिंह, दुर्गेश श्रीवास्तव, अनुराग कश्यप, पुल्ली शुक्ला आदि मौजूद थे।


गायत्री परिवार के यज्ञ में मौजूद श्रद्धालु।

# पुजारी पर धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार।** नानपारा नगर में कायस्थ मोहल्ला में स्थित ऐतिहासिक मंदिर के पुजारी पर पुलिस ने संयुक्त तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुजारी के विरुद्ध पुलिस ने धोखाधड़ी समेत सात धाराओं में केस दर्ज किया है।

कोतवाली नानपारा अंतर्गत मोहल्ला कायस्थ टोला में माधव दास राधा कृष्ण शिव मंदिर स्थित है। इस मंदिर में फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लीला पूर्व निवासी प्रेमनाथ दीक्षित पुत्र बाला प्रसाद दीक्षित पुजारी हैं। मोहल्ला निवासी संतोष कुमार की अगुवाई में लोगों ने 10 फरवरी को समाधान दिवस में डीएम और सपा को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें सभी ने पुजारी पर अवैध तरीके से पूरे परिवार के साथ मंदिर में रहने, मंदिर को पुजारी की ओर से ट्रस्ट बनाने और मंदिर की जमीन को पूर्व के पुजारी के द्वारा स्वयं का बैनामा करने की शिकायत की थी। पुलिस के पहुंचने पर पुजारी प्रेमनाथ दीक्षित ने 20 फरवरी तक मंदिर से परिवार को हटाने का आश्वासन दिया था। इसके बाद भी पुजारी ने कोई कार्रवाई आगे नहीं बढ़ाई। जिस पर 3 मार्च को कायस्थ टोला निवासी संतोष श्रीवास्तव समेत 13 लोगों ने पुजारी के विरुद्ध संयुक्त तहरीर दी।

# गिरधारी तेरी यारी ने दीवाना बना दिया

**राजीचौराहा, बहराइच**

**अमृत विचार:** महसी क्षेत्र के बदरका में पांच दिनों से जारी नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान व्यास ने प्रभु के विभिन्न स्वरूपों की कथा सुनाई ।

कथाव्यास पं सुमन चन्द्र शास्त्री एवं संगीत मण्डली के साथ यजमान सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक पं. कृष्णमुरारी अवस्थी, पूर्व प्रधान सुखपालिनी देवी, अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ महसी धर्मेंद्र अवस्थी, अध्यक्ष लेखपाल संघ महसी सुनील अवस्थी, अधिवक्ता पं रामसर्वज्ञ मिश्र, प्रांतीय मीडिया प्रभारी सनातन ब्राह्मण समाज पं पुण्डरीक पाण्डेय ने पूजा अर्चना की। कथा के दौरान भक्तिपूर्ण संगीतमयी भजनों के साथ श्री हरि के अष्टम अवतार श्रीकृष्ण अवतार की कंस कारागार में देवकी के गर्भ से वसुदेव की उपस्थिति में अष्टम संतान के रूप में श्रीकृष्ण जन्म से लेकर गोकुल में यशोदा व नंद बाबा की संतान कन्या को मथुरा लाकर कंस के हवाले करने की कथा सुनाई। कथा का सजीव चित्रण व आकर्षक प्रस्तुतीकरण कर भक्त श्रद्धालुओं को तालियां बजाकर भजनों व समूहगायन से कलाकारों ने मन मोह लिया। गुरुवार को वामन, परशुराम व श्रीराम जन्मोपरांत श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झांकी व कथा का प्रस्तुतिकरण किया गया। कथा के दौरान पं पुण्डरीक पाण्डेय द्वारा कथाव्यास पं. सुमन चंद तिवारी को अंगवस्त्र भेंट किया।


कथावाचक को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

## 17 दिन बाद पुलिस ने दर्ज किया केस

**बहराइच।** कोतवाली नगर इलाके केवानाजंग मोहल्ला निवासी युवक व उसकी मां को घर में घुसकर पीटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस द्वारा 17 दिन पूर्व दोनों लोगों को बुलाकर उनका 151 के तहत चालान कर दिया गया था। तब से लगातार पुष्पेंद्र जायसवाल उर्फ हैप्पी थाने का चक्कर काट रहा था। एसपी से शिकायत करने व धार्मिक संगठन के हस्तक्षेप के बाद पुलिस द्वारा तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कोतवाल नगर मनोज कुमार पांडे ने बताया कि लाल चंद्र चौहान, कन्हैया चौहान व प्रियांशु चौहान के ऊपर घर में घुस कर हमला करने, धमकी देने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

**लोकसभा चुनाव** | डीएम की अध्यक्षता में प्रथम रेण्डमाइजेशन की तैयारी पूरी, 8 से शुरू होगा प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण में शामिल होंगे 14 हजार मतदान कार्मिक

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की प्रकिया को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) में नियुक्त किये गये मतदान कार्मिकों का प्रथम रेण्डमाइज़ेशन सम्पन्न हुआ।

जनपद में लोकसभा चुनव सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए 14167 मतदान कार्मिक नियुक्त किये गये हैं। जिसमें पीठासीन, मतदान अधिकारी प्रथम व तृतीय 3500-3500 एवं 3667 मतदान अधिकारी द्वितीय के रूप में नियुक्त किये गये हैं। नियुक्त किये गये मतदान कार्मिकों को 8 से 10 अप्रैल तक दो पालियों में प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02 से 05 बजे तक केडीसी के 25 कक्षों में प्रशिक्षण सम्पन्न कराया जायेगा। प्रशिक्षण कार्य को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सम्पन्न कराये जाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। डीएम ने सीडीओ व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों के मोबाइल नम्बर व उनके बैंक खातों का सत्यापन कर लिया जाय ताकि सम्पर्क करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में 14000 कर्मचारी शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रभारी मतदान कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, उपायुक्त मनरेगा केडी गोस्वामी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव व अन्य सम्बन्धित कर्मचारी मौजूद रहे।



प्रशिक्षण के लिए अधिकारियों के साथ बैठक करतीं जिला निर्वाचन अधिकारी।

# बकाया वसूली को गए व्यापारी का तालाब में मिला शव

**राजीचौराहा, बहराइच अमृत विचार:** जिले के नरोत्तमपुर गांव निवासी एक किराना व्यवसायी बुधवार शाम को बकाया वसूली के लिए गया था। गुरुवार को उसका शव तालाब में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरोत्तमपुरवा के मजरा मिश्रनपुरवा निवासी अखिलेश मिश्रा (33) पुत्र टुन्नु मिश्रा किराना की दुकान का संचालन करता था। बुधवार को रात 8.30 बजे अखिलेश बकाया वसूली के लिए चकैया गांव की ओर गया था। लेकिन पूरी रात वह घर नहीं आया, सुबह भी नहीं पहुंचा। परिवार के लोग उसकी खोजबीन कर रहे थे। बृहस्पतिवार शाम को चकिया गांव के तटबंध के निकट तालाब में किराना व्यवसायी का शव उतराता मिला। पुलिस को घटना की जानकारी दी गयी। पुलिस ने शव बाहर निकलवाकर उसकी पहचान करवाई । थानाध्यक्ष एसके सिंह और सीओ अनिल कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस के मुताबिक घर से एक किलोमीट की दूरी पर तालाब में शव मिला है।

**Government of India**
**Ministry of Home Affairs**
**Sashastra Seema Bal**
**Office of the Commandant**
**20th Bn. SSB Paktola Sitamarhi (Bihar)-843302**
**Control Room No.9431821390**

No. E-III/20th Bn/SSB/CRC/PF/CT (GD)/S.K.S./2015/___ Dated- .03.2024

**SHOW CAUSE NOTICE**

No. 110722785 (UIN-15040388), Constable(GD) Susheel Kumar Singh S/o Sh. Baliraj Singh, Village- Shreepalpur, P.O- Khanpur, P.S- Huzoorpur, Distt- Bahraich, State- Uttar Pradesh, PIN-271872 after relieving from 62 Bn SSB on 23.05.2023 (AN) on transfer to 20 Bn SSB Sitamarhi absenting without prior permission of competent authority w.e.f 02.06.2023 (AN). The Department has issued him 1st Show Cause Notice on 12.03.2023, but he failed to assume his duty till date. Now through this notice, he is again directed to resume his duties within a period of 15 days from the date of publication otherwise his service will be terminated by the department without any prior intimation.

Prafull Kumar
Commandant
71 Bn SSB Motihari (Bihar)
(Holding the statutory power of Commandant 20 Bn SSB).

उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति, कार्याणि न मनोरथै ।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य, प्रविशन्ति मृगा : ॥

प्रयत्न करने से ही कार्य पूर्ण होते हैं, केवल इच्छा करने से नहीं, सोते हुए शेर के मुख में मृग स्वयं प्रवेश नहीं करते हैं।

## संपादकीय

# भारत-अमेरिका संबंध

अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। भारत के साथ संबंधों को गहरा करना अमेरिकी विदेश नीति के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है। भारत और अमेरिका के व्यापक साझा हित हैं। अमेरिका उस क्षेत्र को खतरनाक मानता है जहां चीन आगे बढ़ रहा है। बुधवार को इंडो-पैसिफिक लैंड फोर्सेज कमांडर जनरल चार्ल्स फ्लिन ने कहा कि चीन की आधुनिक मिसाइलों का मुकाबला करने के उपायों का पता लगाने में अमेरिकी बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अमेरिका निकट भविष्य में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मध्यम दूरी की मिसाइलें तैनात करने पर विचार कर रहा है। भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल का उद्देश्य भी एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखना है। क्योंकि दुनिया का अधिकांश व्यापार संचार की समुद्री लाइनों पर निर्भर होने के कारण उनकी सुरक्षा बनाए रखना महत्वपूर्ण है। चूंकि व्यापार बड़े पैमाने पर महासागर के माध्यम से किया जाता है, इसलिए मजबूत समुद्री परिवहन सहयोग से हिंद-प्रशांत में देशों के भीतर और बीच शिपिंग नेटवर्क को मजबूत करने में मदद मिलेगी। समुद्री क्षेत्र में सहयोग निकट भविष्य में भारत-अमेरिका संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन सकता है। साथ ही तेजी से सिर उठाते खतरों का सामना करने के लिए भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ख़ुफिया सूचना सहयोग को न सिर्फ सशक्त करने की ज़रूरत है, बल्कि इसे विभिन्न क्षेत्रों में फैलाने के लिए तमाम संभावनाओं को तलाशने की भी आवश्यकता है।

भारत और अमेरिका खास तौर पर इंडो-पैसिफिक में महाद्वीपीय, समुद्र और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में संवेदनशील जानकारी साझा करने के साथ ही इंटेलिजेंस सेक्टर में आपसी सहयोग सशक्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के बीच मज़बूत होती भागीदारी ने खुफिया मामलों में आपसी सहयोग की संभावनाओं के ऐसे द्वारा खोलने का काम किया है जिनके बारे में दो दशक पहले सोचना भी मुमकिन नहीं था। जिस प्रकार से क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सुरक्षा को लेकर माहौल में बदलाव आ रहा है, उसके मद्देनज़र अमेरिका और भारत की खुफिया एजेंसियों के बीच सशक्त सहयोग बेहद ज़रूरी हो गया है। समुद्री क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारियां आज के दौर में क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए ख़ासी महत्वपूर्ण हो गई हैं। यही वजह है कि खुफिया जानकारी साझा करने का महत्व भी बहुत बढ़ गया है। इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक सफलता हासिल करने के लिए समुद्री मार्गों की सुरक्षा, समुद्री लुटेरों का मुक़ाबला करना और प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना बेहद अहम हो जाता है।

# किसानों से गेहूं खरीद क्यों है जरूरी


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

असल में सरकारी नियमानुसार प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल को सेंट्रल पूल में 74.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं रहना आवश्यक है। भारतीय खाद्य निगम स्वयं और राज्य सरकारों के सहयोग से बफर स्टॉक यानी सेंट्रल पूल के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और चावल की खरीद करती है। इसी क्रय किए गए खाद्यान्न में से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण किया जाता है।

सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से की जाने वाली गेहूं खरीद नियत समय से पहले ही प्रारंभ कर दी है, क्योंकि केंद्रीय पूल का गेहूं स्टॉक बफर मानक से भी नीचे आ जाने की संभावना है और यदि ऐसा हो जाता है तो पिछले सोलह वर्षों में पहली बार ऐसा होगा। वस्तुत पिछले दो सालों से गेहूं की कम सरकारी खरीद, देश के 80 करोड़ लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मुफ्त राशन निरंतर दिए जाने और बाजार मूल्य नियंत्रण के लिए भारतीय खाद्य निगम द्वारा खुले बाजार में की गई अधिक बिक्री के कारण बफर स्टॉक की यह स्थिति हुई है।

असल में सरकारी नियमानुसार प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल को सेंट्रल पूल में 74.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं रहना आवश्यक है। भारतीय खाद्य निगम स्वयं और राज्य सरकारों के सहयोग से बफर स्टॉक यानी सेंट्रल पूल के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और चावल की खरीद करती है। इसी क्रय किए गए खाद्यान्न में से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण किया जाता है। देश में सूखा, बाढ़, भूकंप आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आने वाली खाद्यान्न की कमी को दूर करने के लिए खाद्यान्न इसी बफर स्टॉक से ही भेजा जाता है। किसी भी देश में खाद्यान्न की उपलब्धता की स्थिति को दर्शाने के लिए यह बफर स्टॉक महत्वपूर्ण है। वस्तुतः पिछले दो सालों से खुले बाजार में गेहूं का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक है। स्वाभाविक रूप से किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचने के बजाय खुले बाजार में बेचना श्रेयस्कर समझा। खुले बाजार में निजी व्यापारियों द्वारा गेहूं का ज्यादा मूल्य दिए जाने के कारण किसान सरकार को पहले की तरह गेहूं नहीं बेच रहे हैं। इन्हीं सब कारणों से इस वर्ष देश में गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन की संभावना के बावजूद सरकार ने अपना क्रय लक्ष्य 320 लाख मीट्रिक टन ही रखा है।

चुनावी वर्ष होने के कारण सरकार पर अतिरिक्त दबाव यह है कि किसी तरह से वह मंहगाई को नियंत्रण में रखें। इसी के दृष्टिगत बाजार में गेहूं के मूल्य नियंत्रण हेतु सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ओपन मार्केट सेल स्कीम के अंतर्गत सरकार द्वारा सिर्फ 2150 रुपये प्रति क्विंटल के रियायती दर पर 80.04 लाख मीट्रिक टन गेहूं निजी और सहकारी क्षेत्र को बेच चुकी है। खुले बाजार में इतनी अत्यधिक मात्रा में गेहूं आने के बावजूद गेहूं का मूल्य कोई विशेष कम नहीं हो पाया है। अभी खरीद सीजन प्रारंभ होने और मार्केट में नया गेहूं आने के बावजूद गेहूं का मूल्य ज्यादा नहीं गिरा है। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को गेहूं बेचने के लिए अनेक प्रकार की कागजी औपचारिकताएं पूरी करनी होती हैं, जबकि व्यापारी किसानों के घर से गेहूं खरीद बिना किसी कागजी प्रक्रिया के कर लेते हैं।

> हालांकि गिरते बफर स्टॉक के बावजूद गेहूं के आयात के बारे में कभी नहीं सोचा गया, क्योंकि विदेशी खरीद से देश की इमेज पर असर पड़ता है और किसानों में गलत संदेश जाता है। इसके अतिरिक्त अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है कि गेहूं आयात करना पड़े।

हालांकि इसको देखते हुए सरकार ने इस वर्ष शुरू से ही मोबाइल क्रय केंद्रों की स्वीकृति दे दी है। अब सरकार भी किसानों के घर से गेहूं खरीद करेगी। निजी व्यापारी 'जो जैसा है, जहां है' नियम के आधार पर खरीद करते हैं। जबकि सरकारी क्रय केंद्रों पर मानक निर्धारित हैं। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को उसके बिक्री का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से उनके बैंक खातों में किया जाता है। जबकि निजी व्यापारी अभी भी ज्यादातर नकद भुगतान करते हैं, जो किसानों को ज्यादा सुविधाजनक लगता है। खेती और पारिवारिक के खर्चों के लिए तत्काल नकद पैसे उनको अच्छा लगता है। इसके अतिरिक्त अधिकतर किसानों ने बैंकों, सहकारी समितियों या अन्य संस्थाओं से कृषि या अन्य कार्यों के लिए ऋण लिया होता है जिसके संबंध में उन्हें भी लगता है कि सरकारी केंद्रों पर बेचे गए गेहूं का भुगतान यदि उनके बैंक खातों में गया तो संबंधित बैंक अपना ऋण या बकाया पहले एडजस्ट कर लेगी। इसके अतिरिक्त वे निजी व्यापारियों से भी फसल लगाने से पूर्व ही अग्रिम ले लिया गया होता है। इन सब कारणों से यदि मार्केट रेट एमएसपी से ज्यादा कम नहीं है तो वे निजी व्यापारियों को खाद्यान्न बेचना ज्यादा पसंद करते हैं। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि गेहूं ऐसा खाद्यान्न है जिसका किसान स्वयं भी आसानी से भंडारण कर सकता है और यदि तत्काल उन्हें पैसे की आवश्यकता नहीं है तो वे गेहूं नहीं बेचते हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2023-24 में गेहूं के अनुमानित उत्पादन 1120 लाख टन के सापेक्ष खपत मात्र 1077 लाख टन ही होने की संभावना है। हालांकि अमेरिका का कृषि विभाग आस्ट्रेलिया और भारत को छोड़कर कनाडा, रूस, यूक्रेन, यूरोपियन यूनियन में गेहूं के उत्पादन में गिरावट होने का अनुमान जारी किया है जिससे वैश्विक बाजार में भाव ज्यादा रहने की संभावना है। आम चुनाव के बाद देश में गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन की स्थिति में गेहूं एक्सपोर्ट शुरू होने की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं। राष्ट्रीय कृषि बाजार यानी ई-नाम के अनुसार देश की कई मंडियों में गेहूं का दाम अभी भी एमएसपी से ज्यादा है। भारत चीन के बाद दुनिया का सबसे बड़ा गेहूं उपभोक्ता और उत्पादक देश है, लेकिन घटती सरकारी खरीद और घटते बफर स्टॉक के दृष्टिगत सरकार ने 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। बफर स्टॉक में गेहूं के कम भंडारण से खुले बाजार में कीमतें बढ़ने की संभावना होती हैं।

हालांकि गिरते बफर स्टॉक के बावजूद गेहूं के आयात के बारे में कभी नहीं सोचा गया, क्योंकि विदेशी खरीद से देश की इमेज पर असर पड़ता है और किसानों में गलत संदेश जाता है। इसके अतिरिक्त अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है कि गेहूं आयात करना पड़े। अमेरिकी कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार भारत का कम गेहूं भंडार सरकार को इस वर्ष दो मिलियन मीट्रिक टन खाद्यान्न आयात करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन सरकार अपना क्रय लक्ष्य और बफर स्टॉक पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है। इसलिए उसने अनौपचारिक रूप से व्यापारियों सहित बड़े, बल्कि पर्चेजर्स कारगिल इंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, लुइस ड्रेफस कंपनी औलम ग्रुप इत्यादि को भी संकेत दिया है कि वे किसानों से नए सीजन के गेहूं की खरीदारी कम से कम अप्रैल में करने से बचें। वर्ष 2007 के बाद से सरकार की ओर से यह इस तरह का प्रथम पहल है। वैसे भी मई के मध्य के बाद से गेहूं की खरीद कम होने लगती है। महंगाई पर नियंत्रण रखने के लिए गेहूं व्यापारियों को स्टॉक की घोषणा करने के काम को एक अप्रैल से आगे भी जारी रखने को कहा है। सरकार ने रेलवे से भी अप्रैल में बड़े व्यापारियों को माल ढुलाई हेतु मालगाड़ी उपलब्ध नहीं कराने के लिए कहा है जिससे बड़े पैमाने पर गेहूं बाहर नहीं जा पाएगा। अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि बड़े व्यापारियों को बड़ी मात्रा में गेहूं खरीदने का मौका न मिले। डिस्ट्रेस सेल अर्थात् न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर खरीद तो कदापि न हो। हालांकि मध्य प्रदेश और राजस्थान में गेहूं की खरीद पर बोनस दिए जाने के चलते उत्तर प्रदेश में गेहूं की खरीद में समस्या आ सकती है, क्योंकि निजी खरीदार यहां गेहूं के दाम कम होने के कारण मध्य प्रदेश व राजस्थान की बजाय गेहूं खरीदने का प्रयास करेंगे, जिस पर रोक आवश्यक है। खुले बाजार में किसानों को अभी भी अपने गेहूं का मूल्य एमएसपी से ज्यादा मिल रहा है। यह अच्छी बात है, क्योंकि सरकार स्वयं किसानों को उनकी आय दुगुनी करने का वायदा कर चुकी है, परंतु सरकार के बफर स्टॉक और देश में खाद्यान्न प्रबंधन हेतु सरकारी खरीद भी जरूरी है तो इसका विकल्प यह है कि सरकार बोनस घोषित कर दे, परंतु इस पर विश्व व्यापार संगठन के नियम बाधक हैं। निर्यात पर रोक का वह पहले ही विरोध कर चुकी है। सबसे ज्यादा दबाव उत्तर प्रदेश की खरीद पर है, जो देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है, परंतु यहां देश की कुल सरकारी खरीद में मात्र दो प्रतिशत का योगदान रहा है। सरकार के विशेष प्रयासों से इस बार अच्छी गेहूं खरीद होने की संभावना है। यहां खरीद को और गति प्रदान के लिए पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर आढ़तिया खरीद की शुरुआत की जा सकती है, जिसे निजी क्षेत्र का योगदान भी सरकारी खरीद में शामिल हो जाएगा या राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्यों की तरह गेहूं पर बोनस घोषित किया जा सकता है।

## प्रसंगवश

# पुराना पड़ गया है पुरस्कार और दंड का सिद्धांत

पुरस्कार और दंड की प्रक्रिया का दूसरे छात्रों की मनः स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और वे उत्साहित नहीं होते, शोध तो यही कहती है। इसी एप्रोच के चलते अव्वल आने वाले छात्र एक 'स्पेशल केटेगरी' के समझे जाते हैं और जो छात्र सामान्य हैं और 35-45 या 50 प्रतिशत अंक लेकर पास हुए हैं, उनकी कमियों पर रिसर्च करके दूर करने की कोशिश होनी चाहिए। इस बाबत क्लास टीचर्स के एनालिसिस और एक्शन फॉर इम्प्रूवमेंट क्या रहता है, इस बारे में रिवाड्र्स देते समय इनके पास कोई प्लान है तो उसका ब्योरा नहीं दिया जाता, क्योंकि सोच किसी और दिशा में काम कर रही होती है।


रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

विदेशों में इस पर बहुत रिसर्च हुई हैः लेख और किताबें लिखी गई हैं और समाधान सुझाए गए हैं। रिकमेन्डेशन्स पर काम किया गया तो नतीजे भी अच्छे थे। प्रतिभा बढ़ाई जा सकती है अगर लर्निंग के तरीके में चालू प्रैक्टिसेस में कुछ परिवर्तन किए जाएं। एनसीईआरटी इस मामले में कुछ विशेष नहीं करता। रिवाड्र्स एंड पनिशमेंट की थ्योरी अब रिजेक्ट की जा चुकी है और 'इन्क्लूसिव थ्योरी' पॉपुलर है ताकि सभी बच्चे आत्मविश्वास के साथ और मजबूत इरादे के साथ न कि निरुत्साहित किए जाने वाले माहौल में स्कूल और कॉलेज की शिक्षा पूरी करें और एक 'मिनिमम डिज़यारेबल' लेवल तक तो पहुंचे ही। मैं बहुत ब्रिलियंट तो खुद भी नहीं रहा और न ही हूं, लेकिन परिश्रमी और लगनशील हूं और धीरे-धीरे वे तरीके सीख गया जिनके करने अडॉप्ट करने से विषय के प्रति अपनी समझ में इजाफा कर पाया। स्कूल और कॉलेज के दिनों में मैं औसत प्रतिभा का विद्यार्थी रहा, लेकिन विश्वविद्यालय में पहुंचने पर और विषय विशेष में गहन रुचि होने के कारण, अभ्यास से मैंने टॉप किया और मेरे से एकदम नीचे वाले और मेरे अंकों में 20 प्रतिशत का अंतर रहा। पद्धति बदलकर मैंने अपनी जानकारी का विस्तार किया और कुछ मायनों में थोड़ी से 'विजडम' भी हासिल की जो उम्र के साथ अनुभव बढ़ने से भी धीरे-धीरे बढ़ती है।

स्कूल एजुकेशन विभाग में टेक्स्ट बुक्स में दर्ज इन्फार्मेशन कंटेंट को डिलीवर करते समय परिवर्तन लाने की जरूरत है, जो इसलिए संभव ही नहीं, क्योंकि टीचर्स को इंस्ट्रक्शन्स इशू करने वाले महकमा और इसका थिंक टैंक ऐसा करने नहीं देता। असल में ये लोग एजुकेशनल फिलॉसफी और साइकोलॉजी के अलावा परिवेशी तत्वों और पृष्ठभूमि का ध्यान नहीं रखते। एक टाइट फ्रेम में शैक्षिक करियर निकालने वाले अध्यापकगण वही पिटी-पिटाई लकीर को आयुपर्यन्त फॉलो करते रहते हैं, बिना इस बात की परवाह किए कि वे किस तरह के कौशलयुक्त नागरिक देश को देना चाहते हैं। रिवॉर्ड और पनिशमेंट की नेचुरल थ्योरी मनुष्य द्वारा स्थापित रिवॉर्ड और पनिशमेंट की थ्योरीज से बिल्कुल अलग स्तर पर काम करती है, ऐसा आभास तभी हो सकता है जब अध्यापक गण हायर लर्निंग के रिसर्च जर्नल्स को पढ़ें।

मेरे हिसाब से रिवाड्र्स एंड पनिशमेंट को कभी हाईलाइट तो करना ही नहीं चाहिए। आईएएस एंड अलाइड सर्विसेज के एग्जाम को क्वालीफाई करने वाले कैंडिडेट्स में से जो आईएएस की केटेगरी को एलॉट किए जाते हैं इनमें से उच्चतम और निम्नतम स्कोरिंग वाले चयनित व्यक्तियों की परफॉरमेंस के हिसाब से क्या इनकी पोस्टिंग डेवलप्ड और अंडर-डेवलप्ड डिस्ट्रिक्स में की जाती है। क्या हाईएस्ट 10 स्कोरर्स को इलीट पोस्टिंग दी जाती है। मैंने देखा है कि एक्साम क्लियर करने में जो बहुत मेधावी रहे और जो उक्त दस प्रतिशत से नीचे के रहे इनकी सर्विस परफॉरमेंस एक डिजायरेबल लेवल और उच्चतम लेवल के बीच उतार चढ़ाव पर रही। यह बात रिटायर हो गए आईएएस से बातचीत करके या इनमें से कुछेक के संस्मरण पढ़ के मैंने जानी। इस सब्जेक्टिविटी में ऑब्जेक्टिविटी किस तरह से देखी जा सकती है, यह देखने वाले की ऑब्ज़र्वेशनल स्किल्स पर भी निर्भर करता है। पोस्ट-रिटायरमेंट के बाद अपनी प्री-रिटायरमेंट परफॉरमेंस पर कौन दृष्टिपात करता है? मुझे लगता है एवरेज़ेज ड्रा करने के चक्कर में ऑब्जेक्टिविटी का इंसानी गुणों से मिलान करना हम अधिकांश अवसरों पर भूल जाते हैं। इसलिए टीचर्स को हाई और हायर-सेकंड्री लेवल के स्टूडेंट्स को कैसा माहौल देना चाहिए, इसके प्रति अत्यंत सावधान रहने की जरूरत होती है।

# सब कुछ धुंधला-धुंधला सा है


डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> जनचेतना में सत्ता विरोध की लहर उठी। दमन को अपना हथियार और मनमानियों को अपना औजार बना चुकी सत्ता की प्राचीरें जन चेतना के प्रतिरोध को झेल नहीं सकी।

समझ में नहीं आ रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता में पहुंचने देने का विरोध कौन कर रहा और समर्थन कौन कर रहा? प्रत्यक्ष में बड़ी-बड़ी बातें बोलेंगे। संविधान पर खतरे की संभावनाएं गिनाएंगे, डिक्टेटर राज आने का डर दिखाएंगे, उखाड़ फेंकने की मुनादी करेंगे, लेकिन भीतर ही भीतर करतब ऐसी करेंगे कि मोदी की राह आसान हो जाए। अब यह डर के कारण से हो, लोभ के कारण से हो या जिस भी कारण से हो, ऐसे नेता और ऐसे राजनीतिक दल जनता के लिए किसी डिक्टेटर या किसी विभाजक राजनीतिज्ञ से भी अधिक खतरनाक हैं।

एक दौर था, जब इंदिरा गांधी के खिलाफ विपक्ष के नेताओं का गठजोड़ सामने आया था। भले ही यह एकता सत्ता में आने के बाद जल्दी ही बिखर गई, लेकिन इसने यह साबित किया कि अगर कोई शक्तिशाली सत्ताधीशों के संवैधानिक अधिकारों से खिलवाड़ करेगा, राजनीतिक विरोधियों के दमन के लिए सत्ता का अनुचित प्रयोग करेगा तो भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में अंतर्निहित चेतना उसे उखाड़ फेंकने की शक्ति रखती है।

'इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इज इंदिरा' ... राजनीतिक चारणों और चेले चपाटों के ऐसे बोल किस बियाबान में लुप्त हो गए, खुद मैडम भी समझ नहीं पाईं और जैसा कि कई इतिहासकार बताते हैं, वे इतनी बड़ी चुनावी हार के बाद कुछ दिनों के लिए सदमे में चली गई थीं। तब के नेताओं में नैतिक शक्ति थी। तब मोरारजी थे, अटल थे, चंद्रशेखर थे, चरण सिंह थे, मधु लिमये थे, मधु दंडवते थे, मृणाल गोरे थी, जॉर्ज फर्नांडिस थे, कई अन्य थे और सबसे बढ़कर जयप्रकाश नारायण का करिश्माई और प्रभावी नेतृत्व था। नेतृत्व की नैतिक आभा में जनता की राह आलोकित होती है, उसकी चेतना ज्योतिर्मयी होती है। जनचेतना में सत्ता विरोध की लहर उठी। दमन को अपना हथियार और मनमानियों को अपना औजार बना चुकी सत्ता की प्राचीरें जन चेतना के प्रतिरोध को झेल नहीं सकी। तब जबकि दक्षिण भारत में इंदिरा गांधी ने अच्छी खासी सीटें जीती थी, हिंदी पट्टी के राज्यों ने उनकी नियति का फैसला कर दिया था।

आज वही हिंदी पट्टी मोदी की राजनीति का पैरोकार बना है। दो वक्त की रोटी के लिए और बच्चों की स्कूल फीस के लिए खून सुखाते मेहनतकश लोगों की चेतना "मोदी मोदी" के प्रायोजित शोर में कहीं लुप्त सी हो गई लगती है और उनकी मुक्ति की बातें करने वाले विपक्ष के कई नेता, कई राजनीतिक दल अपने ही करतबों में लिप्त हैं। वे मोदी से अधिक जनविरोधी हैं। भारतीय राजनीति का वर्तमान उनके नैतिक पतन का बोझ उठाते-उठाते थक चुका है और भविष्य में इस बात का खतरा चारों ओर मंडराता दिख रहा है कि इनमें से कई लोग, कई दल चुनावी भाषणों में मोदी विरोध, संविधान की रक्षा, डिक्टेटर शिप के खतरे आदि की बातें करेंगे और अपनी मानसिक और राजनीतिक ऊर्जा मोदी को ही पुनः सत्तासीन करने में जाया करेंगे। सब कुछ धुंधला-धुंधला सा है।

मीडिया जिम्मेवारी ले चुका है कि वह जनता तक सत्य को पहुंचने नहीं देगा। महज ऐसा ही होता तो गनीमत थी। बड़े-बड़े चैनल, बड़े-बड़े एंकर तैयार हैं कि वे झूठ को इतना महिमा मंडित करेंगे कि वह सत्य की जगह लेकर आम लोगों का दिमाग खराब कर दे। आज से कुछ दशकों के बाद जब भारत के आज के दौर की विसंगतियों को विश्लेषित किया जाएगा तो तीन अध्याय मुख्य होंगे, पहला, भारतीय शहरी मध्य वर्ग का मानसिक और नैतिक अंधकार, दूसरा विपक्ष की राजनीति का नैतिक पतन और तीसरा मीडिया की मुख्यधारा का जनता का शत्रु बन जाना।नवउदारवाद का भारतीय संस्करण अपनी ढाई तीन दशकों की यात्रा के बाद ऐसा ही राजनीतिक मंजर लाने वाला था। इस संस्करण ने राजनीति से उसकी नैतिकता को सोखना शुरू किया जिसका एक परिणाम कारपोरेट शक्तियों की उंगलियों में राजनीति और आर्थिकी की डोर आने के रूप में सामने आया। कारपोरेट मीडिया यूं ही विध्वंसक और जहरीली भूमिका में नहीं आता। जिसे 'नियो लिबरल इकोनॉमी' और इससे उत्पन्न 'नियो लिबरल पॉलिटिक्स' कहते हैं। वह यूरोप और अमेरिका जैसे संपन्न और पढ़े लिखे समाज में अपनी जो छाप छोड़ता रहा, भारत में उसके बहुत आगे जाकर अपने अमानुषिक रूप में सामने आया। इस रूप को भारतीय राजनीतिक फलक पर ऐसे ही सामने आना था।

## सोशल फोरम

# बेवकूफी का सौंदर्य

सोचते हैं कोई बहुत बड़ी बेवकूफी की बात कह डालें, लेकिन फिर आलस्य हावी हो जाता है। इस चक्कर में दूसरे बाजी मार ले जाते हैं। इसी चक्कर में कुछ लोगों ने तो इत्ती आला बेवकूफी की बातें कहीं कि मन किया कि उनको दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बेवकूफ घोषित कर दें, लेकिन फिर आलस्य ने बाजी मार ली। साथ में बहाना भी कि ऐसे किसी को बेवकूफ घोषित करना उचित नहीं होगा।


अनूप शुक्ल
कानपुर

कायदे से टीम बनाकर सर्वे करके फिर वोटिंग कराकर 'सर्वश्रेष्ठ बेवकूफ' तय करना चाहिए। क्या पता कल को कोई ऐसा ऑनलाइन सर्वे कराने भी लगे। लोग एसएमएस करें- अपने प्यारे दोस्त को सबसे बड़ा बेवकूफ अवश्य चुनें। वोटिंग के लिए ये वाला बटन दबाएं। किसी का कोई प्रशंसक मेल करे कि फलाने भाई साहब को सबसे बड़ी बेवकूफी और सबसे बड़े बेवकूफ दोनों के लिए वोट दें। उससे ज्यादा बड़ा कायदे का बेवकूफ और कोई नहीं है दुनिया में। लोग अपने को सबसे बड़ा बेवकूफ साबित करने के लिए ज्ञानियों की सहायता से अपने बेवकूफी के किस्से बयान करें। तमाम नई कंपनियां खुल जाएं बेवकूफी का बायोडाटा बनाने वाली। किसी नुक्कड़ पर साइनबोर्ड लगा दिखे-यहां सब भाषाओं में बेवकूफों के बायोडाटा लिखे जाते हैं। यूनीकोड सुविधा उपलब्ध।

दुनिया में बेवकूफी का अस्तित्व हमेशा से रहा है, लेकिन बेवकूफी को उचित सम्मान कभी नहीं मिला। बहुमत हमेशा उपेक्षित रहा। हर व्यक्ति बेवकूफी से अपना पल्ला छुड़ाने की कोशिश करता दिखता है। किसी को बेवकूफ कह दो तो वह और ज्यादा बेवकूफी का तर्क देते हुए कहेगा 'हम बेवकूफ न हैं।' अगर बहुत उदारता में अपने को बेवकूफ मान भी लिया तो इस शर्त के साथ मानेगा कि आप उससे बड़े बेवकूफ़ हैं। ये वे लोग होते हैं, जो अशुद्ध बेवकूफ होते हैं जिनकी बेवकूफी में अक्ल की मिलावट हो जाती है।

शुद्ध बेवकूफ कभी अपने को ज्ञानी कहलाने के फेर में नहीं पड़ता। शुद्ध बेवकूफ पवित्रात्मा होता है। निर्मल। निडर। बेखौफ। वह अशुद्ध बेवकूफों और फर्जी ज्ञानियों की तरह अपने को बेवकूफी से दूर दिखाने के झमेले में नहीं पड़ता। छाती ठोंककर कहता है 'हां भाई हम बेवकूफ हैं।'

-फेसबुक वॉल से

# राज्य के धन के प्रति चाणक्य की संवेदना

मनुष्यः कुरुते तत्तु यन्न शक्यं सुरासुरैः। (मुद्रा राक्षस) मनुष्य जो कर सकता है, वह न देवता के वश की बात है और न असुर ही वह कर सकता है। मनुष्य सृजन भी करता है, किंतु विनाश भी वही करता है। देवता भी उसी में है तो दानव भी उसी में है। मनुष्य की ऐसी पहचान किसने की? महामति चाणक्य ने। ई.पू चौथी शती। वही प्रचंड विद्रोही! चंद्रगुप्त ने देखा था, वह घास को उखाड़ रहा था। चंद्रगुप्त ने पूछा तो बोला- "यह घास मेरे पैर में चुभ गई, मैं भी इसकी जड़ खोदकर मठा डाल दूंगा"। वह वज्र संकल्प-"अब यह शिखा तभी बंधेगी, जब नंद वंश का समूल नाश कर दूंगा"। "आचार्य! अपने पक्ष के अनेक प्रभावशाली व्यक्ति आपका साथ छोड़कर विपक्षियों से जा मिले हैं।" कौटिल्य ने उत्तर दिया - "जो चले गए हैं, वे तो चले ही गए हैं, जो शेष रह गए हैं, वे भी जाना चाहें तो चले जाएं, नंदवंश का विनाश करने के लिए सैकड़ों सेनाओं से भी अधिक बलशाली मेरी बुद्धि ही मेरे साथ बनी रहे।"


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

नंद के साम्राज्य को ध्वस्त करके एक नई राष्ट्रीयता का प्रतिपादक। राष्ट्र की अवधारणा का जनक। भारत की राजनैतिक एकता का स्वप्नद्रष्टा और उस स्वप्न को धरती पर साकार करने वाला : जीवन के यथार्थ को इतने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर देने वाला चिंतक! महान मेधावी चाणक्य! वही चाणक्य जिसने सिकंदर के आक्रमण को छोटे-छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर देखा था। सिकंदर के आक्रमण को उसने किसी जनपद, किसी राज्य, किसी जाति, किसी संप्रदाय, किसी वर्ण के संकट की नजर से नहीं देखा, राष्ट्र के संकट के रूप में देखा था और मौर्य साम्राज्य स्थापित किया था। वही चाणक्य जिसने प्रयोजनवाद की प्रतिष्ठा करते हुए कहा था कि न प्रयोजनमंतरा मनुष्यः स्वप्नेऽपि विचेष्टते। प्रयोजन के बिना मनुष्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता। वही चाणक्य जिसने अपने अर्थशास्त्र ग्रंथ में लिखा था कि सर्वज्ञता लोकज्ञता। शास्त्रज्ञोऽप्यलोकज्ञो भवेन्मूर्ख तुल्यः (542-54) अर्थात् जो शास्त्र को जानता है, किंतु लोक को नहीं जानता तो वह मूर्ख तुल्य ही है। लोक के संबंध में इतनी बड़ी बात चाणक्य ने क्यों ही कह दी थी? चाणक्य ने बड़े साफ-साफ शब्दों में निर्भय होकर अपनी बात कही थी, बोला - धर्मस्य मूलं अर्थः, अर्थस्य मूलं राज्यः। चाणक्य ने समझाया कि धर्म का मूल अर्थव्यवस्था है। अर्थव्यवस्था का मूल राज्य व्यवस्था है।

धर्म का मूल अर्थ है और अर्थ का मूल राज्य है। यदि अर्थव्यवस्था में कुछ गड्डमड्ड है तो समझ लीजिए कि धर्म के मूल में ही गड़बड़ी है। उसने योगसाधना और यज्ञ यागादि अनुष्ठान (धर्म के उपलक्षण) को धर्म का मूल नहीं बतलाया। धर्मवीर भारती ने कहा था कि पेशावर से पाटलिपुत्र तक का संचालन चाणक्य करते थे, स्वयं झोंपड़ी में रहते थे। चाणक्य के संबंध में ग्रीक-संदर्भ भी हैं, कोई यूनानी विद्वान उनसे मिलने गया तो वे अपनी कुटी में दीपक की रोशनी में कुछ लिख रहे थे। यूनानी विद्वान आया तो वे दीपक को बुझाकर बाहर चांदनी में बैठकर उससे बात करने लगे। यूनानी विद्वान को अचरज हुआ, उसने दीपक को बुझाने का कारण पूछा, तब चाणक्य बोले- राज्य का तेल बिना कारण के खर्च क्यों करूं? और चांदनी का इतना प्रकाश तो है ही कि हम-आप वार्ता कर सकते हैं। राज्य के धन के प्रति ऐसी संवेदना है किसी के मन में?

# राष्ट्रपति पद की गरिमा

हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में राष्ट्रपति सांविधानिक प्रमुख है और वही सरकार का गठनकर्ता एवं प्रधानमंत्री का नियोक्ता होता है। डा.राजेंद्र प्रसाद इस पद से हटने के बाद जब पटना से दिल्ली आए थे तो प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू उन्हें एयरपोर्ट पर रिसीव करने गये थे। राजेंद्र बाबू बोले, "आपने क्यों कष्ट किया धूप में?" नेहरू जी ने कहा, "धूप में ताजा होता है आदमी"। हालांकि आजकल काफी दिन से इस पद की गरिमा गिरी हुइ प्रतीत हो रही है। ताजा उदाहरण लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' अलंकरण प्रदान करने के समय का परिदृश्य है। 96 वर्षीय आडवाणी को द्रौपदी मुर्मू जी खड़े होकर तत्संबंधी उपकरण प्रदान कर रही हैं और वहीं सम्मानित हो रही विभूति के बगल में प्रधानमंत्री बैठे-बैठे तालियां बजा रहे हैं। आडवाणी जी तो 96 वर्ष के हैं और उनके बैठे रहने पर कोई सवाल नहीं कर सकता, किंतु प्रधानमंत्री भी न खड़े हो सकें, यह समझ से परे है। विगत जनवरी में अयोध्या के राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह एक भारी भरकम राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया गया जिसमें पूरा फोकस प्रधानमंत्री पर रहा, राष्ट्रपति को इस उत्सव से दरकिनार रखा गया। ऐसा ही नव निर्मित संसद भवन के उद्घाटन के समय भी हुआ। बातें अभी और भी हैं। दिल्ली के एक मंदिर में उन्हें (मुर्मू जी को) गर्भ गृह में प्रवेश नहीं करने दिया गया था, जबकि उससे कुछ पहले एक केंद्रीय मंत्री ने वहीं गर्भ गृह में अनुष्ठान किया था।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद पर चयनित होने पर कांग्रेसी नेता अधीर रंजन चौधरी ने बड़ी धृष्टता के साथ उन्हें 'राष्ट्रपत्नी' कहा था। इसके पहले वाले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भी नए संसद भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था। पद से हटने के पद कोविंद को 'एक देश एक चुनाव' समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। यह कैसी विसंगति है? कभी सरकार का शीर्षस्थ रहा व्यक्ति अब उसी सरकार को अपनी आख्याएं प्रेषित कर रहा है और करेगा। मेरे ख्याल से राष्ट्र की जनतांत्रिक प्रणाली के मूर्धन्य पद की गिरती गरिमा को तुरंत रोककर पुनर्स्थापित किया जाना चाहिए।



**25वां रोजा**

शिया
सहरी : 04.17 बजे
इफ्तार : 06.35 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.26 बजे
इफ्तार : 06.28 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थिति में गौशाला में लगी आग

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेथरा में बुधवार की रात करीब 10 बजे गांव निवासी जियालाल निषाद का खपरैल गौशाला में संदिग्ध परिस्थिति में आग लग गई। समय रहते लोगों ने गौशाला में बंधे पशुओं की रस्सी खोल दिया। जिससे उनकी जान बच गई, लेकिन गौशाला पूरी तरह जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। सरिया के कोठे में रखा गृहस्थी का सामान भी जल गया।

### विद्यारंभ संस्कार के साथ हुई नये सत्र की शुरुआत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर के कमला विद्या मंदिर में नए सत्र का आरंभ वैदिक मंत्रों एवं यज्ञ के द्वारा हुआ। बच्चों को विद्यारंभ संस्कार के साथ नई कक्षा में प्रवेश कराया गया। सर्वप्रथम आए हुए बच्चों का तिलक लगाकर तथा पुष्प वर्षा के द्वारा स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य प्रेम कुमार श्रीवास्तव, सभासद प्रतिनिधि संदीप सोनकर, राजेश श्रीवास्तव, त्रिभुवन नाथ चौबे, ऋषि श्रीवास्तव, रवि तिवारी, सुमन, सुप्रिया, आराधना आदि मौजूद रहे।

### जामा मस्जिद अहमट के अध्यक्ष का निधन



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अंजुमन असगरिया कदीम अमहट के संरक्षक व जामा मस्जिद अमहट व करबला कमेटी के अध्यक्ष एखलाक हुसैन खान (82) निवासी ग्राम गोराबारिक अमहट का बृहस्पतिवार को लखनऊ के एक हास्पिटल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर अमहट इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी। एखलाक धर्मगुरूओं के साथ रहकर समाजिक सौहार्द बनाने व मोहर्रम के जूलूसों को संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाते थे। दोपहर में अमहट के कब्रिस्तान में उनको सिपुर्दे खाक किया गया।

# अपहरण व दुराचार के दोषी को 20 वर्ष की कैद

## कोर्ट ने दो साल छह माह 19 दिन में दोषी को करनी की सजा देकर पीड़ित परिवार के साथ किया न्याय

विधि संवाददाता, सुलतानपुर



**अमृत विचारः** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र बाजार शुकुल के एक गांव में तीन साल पूर्व 12 साल की किशोरी के अपहरण व दुराचार करने के दोषी मोबीन को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने गुरुवार को 20 साल के कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर कुल 30 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है।

सरकारी वकील विवेक सिंह के मुताबिक आरोपी मोबीन ने नौ फरवरी 2021 की रात किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। किशोरी के परिवार वालो की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये पांच गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने दोषी को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने मुकदमे का फैसला दो साल छह माह 19 दिन में कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया।

### आज बंद रहेगा दीवानी न्यायालय

**सुलतानपुर :** रमजान माह का आखिरी शुक्रवार होने के कारण पांच अप्रैल को दीवानी न्यायालय में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। दीवानी कोर्ट में स्थानीय अवकाश के कारण इस दिन नियत मुकदमों की सुनवाई शनिवार को होगी। जिला जय प्रकाश पांडेय ने विवेकाधीन कोटे से इस साल पांच स्थानीय अवकाश घोषित किया था, जिनमें रमजान माह का आखिरी शुक्रवार भी शामिल है।

### हमले के आरोपी ने किया आत्मसमर्पण, जेल

**संवाददाता, सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र चांदा के कयामुद्दीनपुर (किन्दीपुर) में बीते साल गाली-गलौज मारपीट व हमला करने के आरोपी बीरू गौतम ने सेशन कोर्ट में गुरुवार को नियमित जमानत के अनुक्रम में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने आरोपों को गंभीर पाते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर जेल भेज दिया। अभियोजन के मुताबिक वादी मुकदमा शान्ती देवी का पति 13 अगस्त 2023 को शाम सात बजे काम निपटाकर घर लौट रहा था, जिसे रास्ते में गांव के संग्राम ने तेज रफ्तार बाइक से टक्कर मारकर अंदरूनी चोटे पहुंचाई। गांव में वादी के दरवाजे पर आकर आरोपी अभिषेक, कृष्णा, शीरू समेत पांच अन्य ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। मारपीट में तीन लोगों को काफी चोटें आई थी। तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ दर्ज केस में पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय भेजा। वहां इसी मामले में दूसरी तरफ से क्रास केस भी दर्ज हुआ था। आरोपी बीरू कोर्ट से अंतरिम जमानत पर था, जिसने नियमित जमानत की सुनवाई के लिए अदालत में सरेंडर किया। कोर्ट ने आरोपों को गंभीर मानते हुए उसकी जमानत खारिज कर जेल भेज दिया।

# युवती से छह माह तक किया दुराचार, मां ने दर्ज कराया केस

▸▸ युवती के गर्भ में पल रहा छह माह का बच्चा, पुलिस की जांच जारी

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः** शादी का झांसा देकर एक युवक छह माह तक युवती से दुराचार करता रहा। वह गर्भवती हो गई। परिवारवालों ने आरोपी युवक पर जब शादी का दबाव बनाया तो पह धमकी देने लगा। पुलिस ने युवती की मां की तहरीर पर दुराचार का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 24 वर्षीय युवती के साथ दुराचार किया गया है। मां ने आरोप लगाया है कि युवक उसकी पुत्री के साथ लगभग छह माह पूर्व से डरा धमकाकर जबरन दुराचार कर रहा था। उसके पेट में छह माह का बच्चा भी पल रहा है। पता चलने पर जब आरोपी युवक से मां ने बातचीत की तो उसने स्वीकार किया कि वह मेरा ही बच्चा है। आरोप है कि बुधवार को गांव में ही नहर की पुलिया के पास आरोपी दो अज्ञात युवक के साथ आया और बोला कि बच्चा गिरवा दो नहीं तो तुम्हें जान से मार देंगे। जाति सूचक शब्दों में गाली भी दिया। मां की तहरीर पर पुलिस ने लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के जयपालपुर निवासी आरोपी युवक तीरथ धुरिया समेत दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

# कमल अध्यक्ष तो अभय बने सचिव

● भारत विकास परिषद की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर



भारत विकास परिषद की कार्यकारिणी के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारत विकास परिषद की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर एक वृहद बैठक आयोजित की गई। जिसमें होली मिलन एवं दायित्व ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों द्वारा नई कार्यकारिणी को लेकर परिषद के सदस्यों के समक्ष नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष पद के लिए कमल सेठ,सचिव के लिए अभय शर्मा व कोषाध्यक्ष के लिए अरुण कुमार आर्या एवं महिला संयोजिका लता लोहिया के नाम पर सहमति बनी और घोषणा की गई।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल प्रयाग प्रान्त के अध्यक्ष अनूप जैन ने नई कार्यकारिणी के लिए चयनित पदाधिकारियों को उनके पद एवं दायित्व के लिए शपथ ग्रहण कराया। मुख्य अतिथि ने कहा कि परिषद अपने सामाजिक कार्यों की वजह से नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हम सभी को समाज के हर उस व्यक्ति की मदद करनी चाहिए जिसे वास्तव में मदद की जरूरत हो। इस मौके पर अमित श्याम, आरएस सिंह, अरुण कुमार सिंह, समन्वयक प्रवीन्द्र भालोठिया, नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, डॉ रमेश ओझा, डॉ भारत सिंह, डॉ अंकुर सेठ, रवि श्रीवास्तव वरिष्ठ पत्रकार, दिलीप बरनवाल आदि रहे।

### बोलेरो की टक्कर से पिता-पुत्री घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कादीपुर कोतवाली के मुड़िला बाजार के पास विपरीत दिशा में तेज गति से आ रही बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे हाजीपुर निवासी राजेश वर्मा को चोटे आई और साथ में चल रही पुत्री अनामिका को चोट लगने से वह वहीं बेहोश हो गई। 112 नंबर डायल किया गया। पुलिस की मौजूदगी में अनामिका को एंबुलेंस से कादीपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर डॉक्टर ने प्रथम उपचार करके जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि अनामिका का बायां पैर टूट गया है एवं गंभीर चोट आई है। राजेश वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# बूथों पर रहे पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था

● डीएम ने चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में की समीक्षा बैठक

संवाददाता, सुलतानपुर


लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक करतीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था तथा कोविड प्रोटोकॉल के संबंध में प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

सीएमओ डा. ओपी चौधरी ने बताया कि प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था तथा कोविड प्रोटोकॉल के अंतर्गत आने वाली सभी सुविधाओं जैसे मेडिसिन इत्यादि को समस्त बूथों के अनुसार पूर्ण कर लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आशा बहुओं के संबंध में जानकारी लेते हुए सीएमओ को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक बूथों पर एक-एक आशा बहुओं की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि एक बार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं से अवगत हो लें तथा जो भी कमियां मिले उसे ससमय पूर्ण कर लिया जाये। डीडीओ ने बताया कि निर्वाचन में लगे सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों हेतु अलग-अलग कलर के आईडी कार्ड/परिचय पत्र तैयार किये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मतगणना स्थल पर बिना आईडी कार्ड के किसी व्यक्ति को आने न दिया जाये। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला समेत अन्य नोडल व सहायक नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों घर में लटकता मिला युवक का शव

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** घर के अंदर कमरे में दुपट्टे से पंखे के सहारे युवक का शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर विधिक कार्रवाई शुरू की। मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के विवेकनगर मोहल्ले से जुड़ा है। जहां कुड़वार थाना क्षेत्र के पूरे जुराम तिवारी का पुरवा प्रतापपुर निवासी अजय तिवारी (38) अपने परिवार के साथ विवेकनगर मोहल्ले में निजी मकान में रहता था।

गुरुवार को सुबह जब पत्नी व बच्चे जगे तो युवक के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर जब दरवाजा नहीं खुला तो किरायेदारों की मदद से दरवाजा खोला गया तो उसके अंदर युवक पंखे में दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पंचनामा करके पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अजय की शादी लगभग 9 साल पहले तिरछे गांव निवासी करुणा शंकर दुबे की लड़की के साथ हुई थी। वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ शहर में रहता था। नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दुबई का वीजा देने के नाम पर की डेढ़ लाख रुपये की जालसाजी

**धोखाधड़ी**

▸▸ पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** दुबई भेजने के नाम पर एक युवक जालसाजी का शिकार हुआ है। पीड़ित ने बल्दीराय थाने में चार लोगों पर केस दर्ज कराया है।

बल्दीराय थाना क्षेत्र के पटैला गांव निवासी मो. अशरफ आठ महीने पहले बहन मुमताज फातिमा की सुसराल अमेठी के बाजार शुकुल अंतर्गत शाहपुर औलाद हुसैन गांव गया था। पीड़ित की मानें तो वो शिक्षित तो था, लेकिन उसके पास कोई रोजगार नहीं था। बहन की ससुराल वाले गांव में रुकसाना और मोईन से उसकी भेंट हुई। दोनों ने डेढ़ लाख खर्च करने पर विदेश में अच्छी जॉब का लालच दिया। वह झांसे में आ गया तो दोनों जालसाजों ने एजेंट कामिल निवासी हारीमऊ सिंधियावा थाना जगदीशपुर और राशिद से भेंट कराई। बीते 12 सितंबर को रुकसाना ने मोईन के खाते में 25 हजार रुपए डलवाए। इसके बाद 18 अक्टूबर को पीड़ित ने कामिल को अपने घर पर 60 हजार दिए और राशिद के अकाउंट पर 35 हजार रुपए डाले। फिर 30 अक्टूबर को 22 सितंबर से 20 नवंबर 2023 के टूरिस्ट वीजे पर उसे दुबई भेज दिया। अशरफ ने बताया कि दुबई पहुंचने पर ठगी का पता चला। उसने गिरोह के सदस्यों को फोन पर बताया तो ढाई साल का वीजा बढ़वाने के लिए 27 दिसंबर को राशिद के एकाउंट पर 30 हजार रुपए लिए गए। इसके बाद भी न वीजा की वैलिडिटी बढ़ी न अशरफ को जॉब ही मिली। एसओ ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर धोखाधड़ी मारपीट और गालीगलौज की धाराओं में केस पंजीकृत कर लिया गया है। साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी

## सार-संक्षेप



जयसिंहपुर में कार्यक्रम आयोजित कर किया गया रिटायर्ड शिक्षकों का सम्मान।

### मतदाता जागरूकता के साथ शिक्षकों को किया सम्मानित

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर शिक्षा क्षेत्र के परसौहा उच्च प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम व शिक्षक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीईओ शिव शंकर मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी श्री मिश्र ने कहा कि भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता बढ़ाने और मतदाता साक्षरता का समर्थन करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग का प्रमुख कार्यक्रम है। इसका मुख्य उद्देश्य चुनावों के दौरान सभी योग्य लोगों को मतदान करने और एक जानकार नागरिक बनाने के लिए प्रेरित करके भारत मे एक सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। कार्यक्रम में 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों विंदू देवी, जनक लली, रघुनंदन, को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित किया। विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को इस सत्र की पुस्तक वितरित किया गया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा, दीपेंद्र सिंह,अशोक सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह,रवि सिंह राकेश दूबे, सुनीता जायसवाल, संगीता देवी, अमर बहादुर आयोजक नरेंद्र प्रताप सिंह, आदि शिक्षक एवं छात्र मौजूद रहे।

### चिकित्सक हत्याकांड में आरोपी की रिहाई का रास्ता साफ

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर के संविदा चिकित्सक डा. घनश्याम तिवारी की हत्या और दो अन्य मामलों में जेल में बंद आरोपी जगदीश नारायण सिंह की रिहाई का रास्ता साफ हो गया है। हत्या और लोक संपत्ति की क्षति मामलों में जमानत के बाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर केस में भी जगदीश नारायण की याचिका मंजूर कर जेल से रिहाई का आदेश दिया है। शास्त्री नगर मोहल्ले में बीते साल 23 सितंबर की शाम संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी को आरोपियों ने पीटकर मरणासन्न कर ई-रिक्शे पर लादकर घर भेज दिया था। घायल चिकित्सक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में जेल में रहने के दौरान जगदीश नारायण पर लोक संपत्ति को क्षति पहुंचाने तथा गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था। हत्याकांड में आरोपी के वकील रणजीत सिंह त्रिसुंडी ने बताया कि हाईकोर्ट ने जमानत याचिका मंजूर कर जगदीश नारायण सिंह को गैंगस्टर के मामले में भी जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है, जिस पर रिहाई की प्रक्रिया जल्द पूरी की जायेगी। इससे पूर्व दो मामलों में जमानत याचिका मंजूर हो चुकी है। सह आरोपी विजय नारायण सिंह की रिहाई पहले ही हो चुकी है। हत्याकांड में मुख्य आरोपी अजय नारायण और उसका ड्राइवर दीपक सिंह भी जेल में बन्द हैं।

### बच्चों के साथ शिक्षकों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली



स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई जागरूकता रैली।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र जयसिंहपुर के स्थानीय कस्बे में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय जयसिंहपुर के शिक्षकों ने प्रधानाध्यापक देवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को बच्चों के साथ जागरूकता रैली निकाली। स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली में प्रवेश से सम्बंधित पम्पलेट व बैनर के साथ निकले शिक्षकों ने क्षेत्र के जयसिंहपुर गांव ,मोकलपुर ,संगरवा, किरईया, बगिया चौराहा होते हुए करीब 5 किलोमीटर की दूरी में जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली में बच्चों ने नारों के साथ लोगों को परिषदीय विद्यालय के गुणवत्ता के बारे में बताया। शिक्षकों ने बच्चों के साथ गांवो में रैली के माध्यम से परिषदीय विद्यालय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन के लिए प्रेरित किया। परिषदीय विद्यालय में निशुल्क शिक्षा, मध्यान्ह भोजन, यूनिफार्म व अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर सहायक अध्यापक शशिकांत सिंह, रामपति वर्मा, अंकिता पांडेय, विजय प्रकाश, जलालुद्दीन ,ओमप्रकाश पांडेय समेत सैकड़ों स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

### पुलिस ने केंद्रीय सशस्त्र बलों के साथ किया एरिया डोमिनेशन

**धनपतगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना पुलिस आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक एवं पारदर्शी कराने को लेकर अपनी तैयारी मे लग गई है। इसी परिपेक्ष में प्रभारी निरीक्षक पंडित त्रिपाठी के नेतृत्व में उप निरीक्षक अनूप कुमार सिंह उपनिरीक्षक चंद्रमणि यादव सुब्बा यादव राजेंद्र प्रसाद एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के सैकड़ों जवानों के साथ गुरुवार को पूरे थाना क्षेत्र में रूट मार्च किया।

# कूड़ा फेंकने से पट जाती है नहर

● सिंगल यूज प्लास्टिक से खेतों की मिट्टी की संरचना होती है प्रभावित

धनपतगंज, सुलतानपुर


धनपतगंज में नहर में फेंका गया कूड़ा-करकट। अमृत विचार

**अमृत विचारः** नहर सिल्ट सफाई को लेकर विभाग में इच्छशक्ति का अभाव और कस्बे वासियों द्वारा नहर में कूड़ा फेंकने की परंपरा से नहर कटान की संभावना बलवती होती जा रही है। फसल सिंचाई के दौरान पानी के साथ खेतों में पंहुच रहा सिंगल यूज प्लास्टिक से मिट्टी की संरचना भी प्रभावित हो रही है। बावजूद इसके महकमा बेखबर है।

ग्रामीण अंचल में फसल सिंचाई के सरकारी तौर पर विकसित सबसे बड़े आयाम शारदा सहायक नहर खंड 16 में सिल्ट जमाव से बड़े खतरे की संभावना बलवती होती जा रही है। सिल्ट जमाव का सबसे बड़ा कारण नहर में फेंके जाने वाला कूड़ा करकट है। कस्बे से गुजरी नहर पर बने पुल के मुहाने के आसपास बाजारों का कूड़ा करकट फेंके जाने से सिल्ट जमा हो गया है। बाजार हरौरा को ही लें तो, बाजार के निकट पुल के मुहाने में फेंके जा रहे कूड़ा करकट से एक मुहाना पूरी तरह बंद हो चुका है। जिसके चलते नहर में दौड़ने वाले पानी की निस्सरण क्षमता घट जाती है। नहर पटरी कटान की संभावना बढ़ती जा रही है। क्षेत्र के गंगासागर शुक्ला, हरना गांव निवासी भोले , रज्जन पाठक, सुरेश, कपिल आदि किसानों की जिला प्रशासन से मांग है कि नहरों में फेंके जा रहे कूड़ा करकट पर अंकुश लगाया जाए। नहर में सिल्ट सफाई का कार्य अविलंब करवाया जाए।

### सौंराई गौशाला में बीडीओ को चार पशु मिले बीमार

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** भदैंया क्षेत्र के सौंराई गोशाला का खंड विकास अधिकारी भदैंया ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया, जहां पर चार पशु बीमार पाए गये। उन्होंने गर्मी बढ़ने तथा मौसम परिवर्तन को लेकर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भदैंया विकासखंड के सौंराई ग्राम पंचायत में स्थित मनरेगा गौशाला की बीडीओ दिव्या सिंह ने गुरुवार को सुबह 11 बजे औचक निरीक्षण किया। गौशाला मे 197 नर व 281 मादा सहित 477 पशु पाये गये। जिसमें चार गोवंशीय पशु बीमार मिले। उन्होंने प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी को फटकार लगाई तथा उनको पानी व छाया हेतु अतिरिक्त टीन शेड की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आए मजदूर की मौत, चालक हिरासत में

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः** मजदूरी कर रहा युवक ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गया। स्थानीय लोग मजदूर को अस्पताल पहुंचाए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजते हुए चालक को हिरासत में लिया है।

बल्दीराय थानाक्षेत्र के बघौना में कुछ दिनों से सड़क निर्माण का काम चल रहा है। दर्जनों मजदूर इसमें रात दिन काम कर रहे हैं। बुधवार की रात भी यहां निर्माण कार्य चल रहा था। उसी समय मजदूरी कर रहा एक युवक जैसे ही सामान लेने के लिए जा रहा था तभी एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली उधर से गुजरी जो उसे रौंदती हुई निकल गई। ग्रामीणों ने दौड़ाकर ट्रैक्टर ट्रॉली को रुकवा लिया। साथ ही थाने पर घटना को लेकर सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने तत्काल मजदूर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मजदूर की शिनाख्त कोतवाली नगर के चुनहा गांव निवासी गुल्लू (30) पुत्र रामकुमार के रूप में हुई है। एसओ आरबी सुमन ने बताया कि परिवार वालों को घटना की जानकारी दी गई है। चालक को हिरासत में लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### केएनआईटी में अनुभूति-24 का आयोजन छह से

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान (केएनआईटी) में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव अनुभूति-24 का आयोजन 6 से 8 अप्रैल को किया गया है। इन तीन दिनों में कला, साहित्य और सांस्कृतिक क्षेत्र की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों से संस्थान के सभी मंच अलंकृत रहेंगे। यहां छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी प्रतिभा एवं कौशल को साझा करने का उपयुक्त अवसर मिलेगा। संस्थान के इस उत्सव को औपचारिक रूप से प्रारंभ करते हुए पहले दिन छह अप्रैल को कवि सम्मेलन होगा। इसके अलावा डीजे नाइट और स्टार नाइट आकर्षण का केंद्र होगा। यह जानकारी संस्थान के डा. एसएम त्रिपाठी ने दी है।

**हिदायत** चेयरमैन ने जलकल, सफाई व मार्ग प्रकाश के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ की बैठक

# त्योहारों पर सफाई, मार्ग प्रकाश व पेयजल की न हो समस्या

जिला संवाददाता, सुलतानपुर


त्योहारों को लेकर जिम्मेदारों के साथ बैठक करते नगर पालिकाध्यक्ष। अमृत विचार

**अमृत विचारः** त्योहारों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को पालिका सभाकक्ष में जलकल, सफाई व मार्ग प्रकाश के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। इन तीनों मूलभूत सुविधाओं में अभाव पाए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

पालिकाध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल ने बताया कि पूर्व की भांति अलविदा की नमाज, नवरात्रि पर्व एवं ईदुल-फितर के त्योहार मनाये जाने के लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। नगर में अलविदा की नमाज के दिन सभी मस्जिदों के आस-पास की साफ-सफाई एवं चूना छिड़काव की व्यवस्था, नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन से रामनवमी तक प्रत्येक दिन नगर के छोटे बड़े मंदिरों के आस-पास एवं निकट स्थित नाला-नालियों की साफ-सफाई एवं चूना छिड़काव निरंतर कराया जाए। मंदिरों/मस्जिदों के अगल-बगल के विद्युत पोलों पर प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ईदुल-फितर के पर्व के पूर्व ईदगाह मैदान व मस्जिदों एवं नमाज स्थलों पर साफ-सफाई, चूना इत्यादि व्यवस्था एवं प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई व चूना की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित की जायेगी। पानी का टैंकर भी खड़ा किया जायेगा। ईद के दिन निर्बाध रूप से पानी की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाएगी।

### सभी वार्डों में कराएं एंटी लार्वा का छिड़काव

बैठक में पालिकाध्यक्ष ने निर्देशित किया कि संचारी रोग एवं मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के दृष्टिगत प्रतिदिन 30 अप्रैल तक समस्त वार्डों में स्थित नाला नालियों एवं जल भराव युक्त स्थलों को चिन्हित कर एन्टीलार्वा छिड़काव नियमित रूप से कराया जाय। फॉगिंग कार्य अन्तर्गत 01 मशीन से निर्धारित रोस्टर के अनुसार वार्डों में की जायेगी।एक मशीन से सार्वजनिक स्थलों पर प्रत्येक दिन रोस्टर के अनुसार वार्डों में फॉगिंग करायी जायेगी।

### ट्री गार्डों की भी करें देखभाल

पालिकाध्यक्ष ने सभी सफाईनायक व सहायकों को निर्देशित किया कि नगर के प्रमुख मार्गों व सड़क के मध्य स्थित डिवाइडर पर लगे पेड़ों एवं ट्री-गार्ड का दैनिक रूप से पर्यवेक्षण करते हुए उनकी देखभाल की जाय, जिससे नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाया जा सके।



**25वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.23 बजे
इफ्तार : 06.29 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.24 बजे
इफ्तार : 06.21 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**पैग़ाम ए रमज़ान**

अच्छे कामों का सबक़ हमको दिया,
जिस्म वो जां ईमान ताज़ा कर दिया।
रहमतें अपनी लुटाकर जा रहा!
अलविदा माह ए मुबारक अलविदा।।
**नियाज़ कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर**

# खेतों में लटकते विद्युत तार खाक कर रहे किसानों की मेहनत

सिद्धार्थनगर

**समस्या**

**हर वर्ष चिंगारी गिरने से सैकड़ों बीघा फसलकर हो जाती है नष्ट**

**अमृत विचार।** जिले में गेंहू की फसल तैयार हो गई है। लेकिन खेतों की आग लगने की घटनाएं भी तेज हो गई हैं। ऐसे में किसान लटकते बिजली के तारों को लेकर चिंतित हैं। यदि एक भी चिंगारी गिरी तो सैकड़ों बीघा गेंहू का फसल जलकर राख हो जाएगी। इसका एक उदाहरण बीते सोमवार को देखने को मिला। जबतक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची तब तक उसका बाजार में लगभग 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस बार भी फसल को आग से बचाने के इंतजाम आधे-अधूरे हैं।

पिछले साल गर्मी में 200 घटनाओं में 20 हजार हेक्टेयर फसल जल गई थी, इससे कई किसान बर्बाद हो गए थे। इनमें ज्यादातर स्थानों पर बिजली की चिंगारी से आग लगी थी। इसके बावजूद भी बिजली के तार दुरुस्त नहीं हो सके। ग्रामीण क्षेत्रों में करीब चार दशक पुराने तारों से बिजली आपूर्ति दी जा रही है, जबकि इन तारों की मियाद करीब 25 साल होती है। जर्जर और ढीले तारों के कारण गर्मी में तार टूटकर गिरते हैं। और फसल में आग लग जाती है। इस बार भी वही लापरवाही है। पुराने तार को बदलने के लिए बजट पास हुआ है। लेकिन अभी सभी जगहों पर तार नहीं बदला गया हैं। इससे किसानों की चिंता बढ़ती ही जा रही है। गेंहू की फसल प्रति वर्ष जलती हैं। इसमें से कुछ ऐसे किसान भी हैं। जिनके पास खाने के लिए एक भी दाना गेंहू नहीं बचता हैं। जबकि किसान इसको लेकर कई बार आला अधिकारियों से कहते भी हैं। लेकिन कुछ जगहों पर ही कार्य हो पाता हैं। जबकि किसानों के फसल के ऊपर से गुजरने वाले हाइटेंशन तार गेंहू के फसल के करीब लटकते रहते हैं। किसान फसल को कटवाने के लिए कंबाइन भी नहीं चलवा पाता हैं। जबकि अन्य जगहों पर भी व्यवस्थाएं आधी अधूरी हैं।



गेंहू की पकी फसल के करीब रखा ट्रांसफार्मर और खेत के ऊपर से गुजरे तार।

सोहांस क्षेत्र के किसान शमशेर खान बताते हैं कि खेत के ऊपर से बिजली तार गया है। इससे हमेशा चिंता लगी रहती है। किसी भी समय तार खेत में गिर कर फसल को बर्बाद कर सकती है। बिजली निगम को ढीले तार को सही करने के लिए प्रार्थना पत्र भी दिए हैं। इसी प्रकार एक अन्य किसान साधू शरन चौधरी का कहना है कि क्षेत्र में ढीले बिजली के तारों से आग लगने की संभावना बनी रहती हैं।

> अधिकतर जगहों पर ढीले तार को सही करा दिया गया हैं।जिस जगह पर अभी तक सही नहीं हुआ हैं वहा भी सही करवाया जा रहा हैं। फसल कटने से पहले सभी जगहों पर ढीले तार सही करा दिए जाएंगे।
>
> –**एसके पासवान**, एसई,

प्रतिवर्ष किसानों को हजारों एकड़ गेंहू की फसल जलकर राख हो जाती हैं। इससे कई किसान बरबाद हो जाते हैं। इसी तरह बीते बुधवार की दोपहर थाना क्षेत्र चिल्हियां के पल्टादेवी पुलिस चौकी अन्तर्गत पल्टादेवी ग्राम पंचायत के पिछौरा और नरायनपुर गांव के सिवान में गेंहू की फसल में आग लग गई, जिससे लगभग 37 से 38 बीघा गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई।

## मुख्यमंत्री योगी ने सांसदों व विधायकों के साथ की बैठक

**गोरखपुर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोकुल अतिथि भवन में लोकसभा संचालन समिति, गोरखपुर, बासगाव और संतकबीर नगर के सांसदों, विधायकों और प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूती से पार्टी को जिताने के लिए कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में गोरखपुर से सांसद रवि किशन शुक्ला भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों को पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ काम करने की अपील भी की।

**एक नजर**

### छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने निकाली जागरूकता रैली

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** प्राथमिक विद्यालय विद्यालय नकथर शोहरतगढ़ द्वारा गुरुवार को प्रधानाध्यापक पप्पू यादव की अगुवाई में विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों ने नामांकन और विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। बच्चों का स्कूल में नामांकन के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ बनाने, बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। प्राथमिक विद्यालय नकथर के प्रधान प्रतिनिधि शैलेश एवं प्रधानाध्यापक पप्पू यादव के साथ शिक्षकों व बड़ी संख्या में बच्चों ने बैनर व पोस्टर के साथ रैली निकाली। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय नकथर के प्रधान प्रतिनिधि शैलेश एवं प्रधानाध्यापक पप्पू यादव, प्रतिभा यादव, बिन्दु शर्मा, शिक्षामित्र कविता उपाध्याय, केशव राम यादव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री लक्ष्मी सिंह, सुनील कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शिव मंदिर में तोड़फोड़, गांव में तनाव

## मौके पर भारी पुलिस बल तैनात, आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस

सिद्धार्थनगर,

**अमृत विचार।** जनपद के खेसरहा थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा शिव मंदिर में तोड़फोड़ की घटना से हंगामा खड़ा हो गया। खबर लगते ही हिन्दू समुदाय में आक्रोश छा गया। मौके पर भीड़ जुटने पर सूचना पुलिस तक पहुंची। जिसके बाद कई थानों की पुलिस गांव में तैनात कर दी गई है। फिलहाल मंदिर क्षतिग्रस्त करने वालों की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गेगटा गांव में बुधवार की रात असामाजिक तत्वों ने शिव मंदिर में तोड़फोड़ कर दी। शिवलिंग और नंदी की मूत्रियां खंडित कर दी गईं। गुरुवार सुबह जब लोगों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया।



मंदिर के बाहर जमा मीडियाकर्मियों को जानकारी देतीं एसपी प्राची सिंह।

हिन्दू समाज के लोग आक्रोशित होकर नारेबाजी करने लगे। बड़ी संख्या में आस-पास के गांवों के लोग भी पहुंचने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। एसपी प्राची सिंह ने भी गांव पहुंचकर जानकारी ली और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

बताया गया कि यह गांव खेसराहा थाने से करीब 15 किलोमीटर दूरी पर बसा हुआ है। गांव की पूरी आबादी लगभग 2200 है। जिसमें लगभग 250 मुस्लिम समाज के लोग भी रहते हैं। मंदिर के अंदर शिवलिंग और नंदी की मूर्ति भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दी गई है। देर शाम खबर लिखे जाने तक मंदिर में तोड़फोड़ करने वाले पकड़े नहीं जा सके थे। घटना को लेकर हिन्दू संगठनों के लोगों ने भी नाराजगी जाहिर की। साथ ही पुलिस से तत्काल आरोपियों को पकड़कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

> शिव मंदिर तोड़ने के मामले में पांच टीम गठित की गई हैं। स्थानीय पुलिस को निर्देशित किया गया है कि मूर्तियां तोड़ने वाले लोगों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव में फिलहाल शांति कायम है, पुलिस बल तैनात किया गया है।
>
> –**प्राची सिंह**, पुलिस अधीक्षक



### मेधावी छात्र-छात्राओं को दिए स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** नगर पंचायत बढ़नी स्थित विद्यालय सेन्ट जुड के सभागार में कक्षा नर्सरी से नौंवी एवं कक्षा 11वीं के छात्र–छात्राओं के वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डायरेक्टर ज्योतिर्मय श्रीवास्तव ने बताया कि हमारा उद्देश्य छात्र–छात्राओं में प्रति वर्ष हो रहे शैक्षिक विकास को उनके अविभावकों एवं माता–पिता तक पहुंचाना तथा आगामी चुनौतियों के लिए तैयार कराना है। मुख्य अतिथि एसएसबी कमाण्डर बढ़नी दिनेश कुमार ने कहा कि आज देश को पढ़े लिखे हुनरमंद नौजवानों की जरूरत है। आज बिना शिक्षा के कुछ पाना और बन जाना, अपने आप में बेमानी है। शिक्षा से शसक्त समाज का निर्माण होता है। जीवन में कुछ बनने के लिए आपका पढ़ा लिखा होना जरूरी है। समारोह में कक्षावार प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमश: स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के साथ–साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति, उत्तम आचरण और सुन्दर लेखन के लिए छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साह वर्धन किया गया।

# जिले के मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी कर हो रही जांच

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** ड्रग इंस्पेक्टर और उनकी टीम द्वारा नकली, प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर लगाम लगाने के लिए जिले भर में मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी व जांच की जा रही है। इसी क्रम में बीते बुधवार को एक मेडिकल स्टोर से 10 संदिग्ध दवाओं के सैंपल लिए गए। बीते एक साल में विभाग ने 202 दवाओं के सैंपल लिए। जिसमें एक सैंपल फेल पाया गया। वहीं दो मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के संचालित मिले थे।

ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। जांच के बाद रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। टीम की जांच में एक दवा हेपाकाइन 450 का सैंपल फेल पाया गया। पिछले माह 20 मार्च को भी बिना लाइसेंस के चल रहे मेडिकल स्टोर में संदिग्ध दो दवाओं का सैंपल लिया गया। उस्का बाजार में बिना लाइसेंस के चल रहे मेडिकल स्टोर मिला है। बुधवार को एक निजी अस्पताल से सूचना मिलने पर ड्रग इंस्पेक्टर और उनकी टीम ने दस संदिग्ध दवाओं का सैंपल लिया। सैंपल लेने के बाद जांच के लिए लैब में भेजा जा रहा है।

## घर में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र के लोहिया नगर वार्ड के परती मोहल्ला निवासी महिला का शव घर में फंदे से लटका मिला। मृतका इंदू देवी (32) के पति दीपू गुप्ता ने पुलिस को सूचना दी। बताया कि इंदू देवी अपने कमरे में छत के कुंडे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उस समय घर पर कोई नहीं था। स्कूल से पढ़कर लौटी बेटी पंखुड़ी ने जब मां को फंदे से लटका देखा तो शोर मचाया। दीपू और इंदू देवी की शादी 11 वर्ष पहले शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के महदेवा में हुई थी। दंपति को दो बेटी और एक बेटा है। प्रभारी एसओ चंद्रशेखर पांडेय ने बताया कि फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है।

# तीन तहसील मुख्यालयों पर दमकल की यूनिट तैयार

सिद्धार्थनगर

**तैयारी**

**आग लगने की घटनाओं में तत्काल राहत कार्य शुरू करने के लिए की गई व्यवस्था**

**अमृत विचार।** आग लगने की घटनाओं में तत्काल राहत कार्य शुरू करने के लिए फायर स्टेशन विहीन तीन तहसील मुख्यालयों पर दमकल की यूनिट तैयार की गई। संसाधन से लैश टीम क्षेत्र में आगलगी की घटनाओं में समय पर पहुंचकर आग बुझाने का कार्य करेगी। इसमें इटवा, बांसी और शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के लिए टीम बनाई गई है। संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष की निगरानी में यह टीम काम करेगी। थाने पर इनके रहने आदि की व्यवस्था रहेगी। दो माह के लिए यह स्पेशल और 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेंगे। आग से होने वाली क्षति से निपटने के लिए यह व्यवस्था शुरू की गई है।

अप्रैल से लेकर जून माह तक आगलगी की घटनाएं जनपद में बड़े पैमाने पर होती है। इस आग लगी की घटना में तरीबन 20 हजार हेक्टेयर फसल आग की आगोश में समा जाती है। न जाने कितने लोग बेघर हो जाते हैं, उनका अशियाना जल जाता है। घटनाओं में यह पाया गया है कि समय से फायर बिग्रेड न पहुंचने के कारण अधिक नुकसान होता है। फायर बिग्रेड को भी बड़ी चुतौती का सामना करना पड़ता है। जनपद में पूरब यानी उसका से बलरामपुर बार्डर भवानीगंज और त्रिलोकपुर की दूरी तकरीबन 100 किलोमीटर होगी। जबकि उत्तर से दक्षिण यानी नेपाल बार्डर से बस्ती जनपद की सीमा 80 किलोमीटर है। इतने बड़े दायरे और 11336 ग्राम पंचायतों वाले जनपद में केवल दो फायर स्टेशन डुमरियागंज और नौगढ़ में है। जहां से पूरे जनपद में कहीं आग लगती है तो बुझाने की जिम्मेदारी है। इसलिए एक साथ कई स्थानों पर आगलगी की घटना होने पर वहां टीम को पहुंचने में परेशानी होती है।

आग लगी की घटनाओं से बचने के लिए पुलिस अधीक्षक ने फायर स्टेशन विहीन इटवा, बांसी और शोहरतगढ़ तहसील स्तर पर फायर यूनिट खड़ा करते हुए जवानों की तैनाती कर दी है। संसाधन से लैश यह कर्मी थाने में रहेंगे और थानाध्यक्ष इनका सहयोग करेंगे। यह क्षेत्र में आगलगी की सूचना मिलने पर मौके पर जाकर आग बुझाने का कार्य करेंगे। इनकी ड्यूटी दो माह के लिए लगाई है।

बांसी तहसील में आग से बचाव के उपकरण के साथ 11 दमकल कर्मी तैनात रहेंगे। इसी प्रकार इटवा तहसील क्षेत्र में पांच लोग तैनात रहेंगे। जबकि शोहरतगढ़ क्षेत्र में चार कर्मी तैनात रहेंगे। हर यूनिट में लीड करने के लिए फायरमैन तैनात हैं, जो टीम के साथ आग बुझाएंगे। इनके साथ पुलिस टीम भी मदद करने का कार्य करेगी।

> आग लगी की घटनाओं पर काबू पाने के लिए इटवा, बांसी और शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र में फायर बिग्रेड की अलग–अलग ड्यूटी लगाई है, जो क्षेत्र में लगने वाली आग की घटनाओं पर काबू पाने का कार्य करेंगे। इनका सहयोग संबंधित थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ करेंगे।
>
> –**प्राची सिंह**, पुलिस अधीक्षक

# रेलवे के खिलाड़ी व कोच आज होंगे सम्मानित

गोरखपुर

**अमृत विचार।** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं संरक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ सौम्या माथुर ने शुक्रवार को रेलवे प्रेक्षागृह गोरखपुर में आयोजित खेल सम्मान समारोह-2024 के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने तथा शानदार प्रदर्शन करने वाले 90 खिलाड़ियों व कोचों को सम्मानित करेंगी। इसके पूर्व महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे प्रातः 8 बजे सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर नवीनीकृत बैडमिंटन हॉल का उद्घाटन करेंगी। इस बैडमिंटन हॉल को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ सुसज्जित किया गया है। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक गोरखपुर एवं तीनों मण्डलों के अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए 5 से 7 अप्रैल तक चलने वाले तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का उद्घाअन करेंगी। तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के अन्तर्गत विभिन्न आयु वर्ग में खेलों का आयोजन तथा मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता किया जायेगा। खेलों में क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, चेस, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वॉलीबाल आदि सम्मिलित है।



सौम्या माथुर, महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे

स्पोर्टस मीट के अन्तर्गत सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा, जिसमें विभिन्न वर्ग में गायन, वादन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक डीके सिंह, अध्यक्ष/नरसा एससी श्रीवास्तव, प्रमुख विभागाध्यक्ष, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## यात्रियों की सुरक्षा में तत्पर है आरपीएफ

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, आरक्षण दलालों एवं अवैध सामानों की धर–पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में आरपीएफ गोरखपुर द्वारा कुचैटा बाजार बासगांव, गोरखपुर स्थित ज्ञानदीप किराना की दुकान से ई–टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्ति को 12 ई–टिकटों के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा गोरखपुर जं. स्टेशन के प्लेटफार्म पर 10 वर्ष का लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के बाद उसे चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया गया। 15 वर्ष की लड़की को टीटीई द्वारा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, लखनऊ को सुपुर्द किया गया। पूछताछ के बाद लड़की को चाइल्ड लाइन, लखनऊ को सुपुर्द किया गया। आरपीएफ गोरखपुर स्टाफ ने आरक्षित कोच से यात्री का छूटा झोला बरामद कर गोरखपुर पोस्ट पर जमा किया गया, जिसे यात्री के उपस्थित होने पर उसे सुपुर्द किया गया। आरपीएफ गोरखपुर द्वारा प्लेटफार्म के वेटिंग हाल में एक यात्री की तबियत खराब होने पर उसे तत्काल एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

**सार-संक्षेप**

### जोगिया उदयपुर थाना पुलिस की कार्यप्रणाली विवादों में

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जोगिया उदयपुर थाना पुलिस की कार्यप्रणाली इन दिनों विवादों में है। पीड़ितों द्वारा फोन किए जाने पर जोगिया उदयपुर थाना प्रभारी का सीयूजी नंबर भी जल्दी नहीं उठाता है। ग्राम कपिया मिश्र निवासी दीना मिश्रा ने बताया कि बीते दिन रात में नाती के साथ हुए विवाद के बाद उन्होंने पुलिस के सीयूजी नंबर पर फोन मिलाया लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। पुलिस से मदद न मिलने पर पीड़ित दीना मिश्रा को गांव से बाहर जाकर परिचित के घर सहारा लेना पड़ा। अगले दिन सुबह उन्होंने जोगिया उदयपुर थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। इसके अलावा बताया गया कि जोगिया उदयपुर थाना पुलिस ने एक युवक का चाकू रखने के आरोप में फर्जी चालान कर दिया गया। पीड़ित राजकुमार ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई थी। ग्रामीणों के अनुसार जोगिया कोतवाली पुलिस आए दिन इसी तरह से क्षेत्रीय तनता को परेशान करने का काम करती है।



उसका बाजार कस्बा में एचडीएफसी बैंक की शाखा का उद्घाटन करते अतिथि।

### बैंक की शाखा का किया गया उद्घाटन

**उसका बाजार, अमृत विचार।** कस्बा के बैंक रोड पर गुरुवार को एचडीएफसी बैंक की शाखा का उद्घाटन हुआ है। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने फीता काटकर शाखा का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद बैंक के हाल में दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस मौके पर शिक्षक विधायक ने कहा कि इस क्षेत्र में बैंक खुलने से लोगों को बेहतर सुविधा मिलेंगी और इस क्षेत्र के विकास में बैंक सहभागी बनेगी। इस दौरान एचडीएफसी बैंक के कोर हेड विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि इस शाखा में बैंकिंग से संबंधित सारी सुविधाएं दी जाएगी। इस अवसर पर करुणा सागर त्रिपाठी, शाखा प्रबंधक अमरेश उपाध्याय, चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल, आसुतोष मणि त्रिपाठी, राजू छापड़िया, अविनाश नाथ त्रिपाठी, गौरव तुलस्यान उपस्थित रहे।

### शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराएं त्योहार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ईदु–उल फितर त्योहार एवं चैत्र नवरात्र (रामनवमी) को शान्तिपूर्ण माहौल संपन्न कराने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह, अपर जिलाधिकारी उमाशंकर प्रमुख रूप से मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये संभ्रान्त नागरिकों, समस्त उपजिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्षों को रमजान का पर्व एवं ईदु–उल फितर को शान्ति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। थानाध्यक्षों को छोटे–छोटे विवादों पर भी तत्काल सतर्क रहकर एक्शन लेने को कहा गया।

**चैत नवरात्र** — **नौ अप्रैल से शुरू हो रहा है चैत नवरात्र व्रत का पर्व, जय मां वैष्णो देवी ज्योतिष तंत्र अनुष्ठान एवं परामर्श केंद्र के आचार्य योगेश पांडे ने बताया महत्व**

# घोड़े पर सवार होकर पधारेंगी मां जगदम्बे, हाथी की सवारी से प्रस्थान

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** हिंदू धर्म में नवरात्र व्रत का विशेष महत्व है। एक वर्ष में दो बार नवरात्र मनाया जाते हैं, जिनमें चैत्र नवरात्र और अश्वनी मास की सारदीय नवरात्र शामिल है। इस बार चैत्र नवरात्र 9 अप्रैल से शुरू हो रहा है जो 17 अप्रैल तक चलेगा। इस बार मां भगवती जगदम्बे आदि शक्ति घोड़े की सवारी कर पृथ्वी मंडल पर विचरण करेंगी और हाथी की सवारी से प्रस्थान करेंगी। इस बार के नवरात्र महापर्व को लेकर ज्योतिष के विद्वान मिलजुला फलदायी बता रहे हैं।

जनपद मुख्यालय पर स्थित जय मां वैष्णो देवी ज्योतिष तंत्र अनुष्ठान एवं परामर्श केंद्र के आचार्य योगेश पांडे ने कहा कि इस बार चैत्र नवरात्र 9 अप्रैल दिन मंगलवार से प्रारंभ होकर 17 अप्रैल बुधवार तक चलेगा मां जगत जननी जगदंबा घोड़े की सवारी कर पृथ्वी मंडल पर प्रहार कर अपने भक्तों के मनोकामनाओं की पूर्ति करेंगे वहीं हाथी की सवारी कर प्रस्थान करेंगे।

इस बार चैत नवरात्रि व्रत का पर्व पूरे नौ दिनों तक चला। आचार्य योगेश पांडे शास्त्रों का हवाला देते हुए कहा कि संवत्सर का प्रथम दिन चैत शुक्ल प्रतिपदा मंगलवार 9 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है जो बहुत ही पुनीत दिवस है। इसी के दिन श्री ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इसलिए आज के दिन को सनातनी लोग महा उत्सव के रूप में मनाते हैं। आज के दिन ही जो वार पड़ता है उसी को वर्ष का राजा मानते हैं, इस प्रकार मंगल वर्ष के राजा हुए हैं। चैत्र नवरात्र भी इसी दिन से शुरू हो रहा है। कलश स्थापना से लेकर दुर्गा पूजा से संबंधित समस्त कार्य सुबह से शाम तक शुरू कर दिए जाने का शास्त्र विधान है। चैत्र नवरात्र में भगवती के साथ गौरी का भी दर्शन पूजन प्रतिदिन क्रमानुसार किया जाएगा।



### घोड़े की सवारी के मायने

आचार्य योगेश पांडे ने कहा कि शास्त्रों की माने तो अगर नवरात्र में मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर पृथ्वी मंडल पर आती है तो इससे छात्र भांग स्तुरगम कहा जाता है मां दुर्गा के वाहन को शुभ नहीं माना जाता है मां दुर्गा के इस वाहन से यह संकेत मिलते हैं कि आने वाले वक्त में सत्ता में कुछ बदलाव होने वाला है साथ ही युद्ध का सामना करना पड़ सकता है ऐसा कहा जाता है की मां दुर्गा के घोड़े पर सवार होकर आने से प्रकृति आपदाएं बढ़ सकते हैं।

### व्रत का पारण कब करें

आचार्य योगेश पांडे ने कहा कि धर्म ग्रंथ निर्णय सिंधु के अनुसार नवरात्र व्रत का पारण नवमी तिथि बीत जाने के बाद दशमी तिथि के प्रथम चरण में करना शास्त्र विधान है जो 18 अप्रैल पूर्ण नवरात्रि व्रत की पारण प्रात: कॉल किया जाना फलदाई होगा।



### नौ दिनों तक चलेगा नवरात्र व्रत

आचार्य योगेश पांडे ने बताया कि नवरात्र के प्रथम दिन 9 अप्रैल को मां शैलपुत्री का पूजन अर्चन किया जाएगा। दूसरे दिन ब्रह्म चारणी देवी, तीसरे दिन मां चंद्रघंटा देवी, चौथे दिन मां कुष्मांडा, पांचवें दिन स्कंदमाता माता, छठे दिन मां कात्यायनी देवी, सातवें दिन मां कात्यायनी, आठवें दिन गौरी माता और 9वें दिन मां सिद्धिदात्री देवी श्री महालक्ष्मी गौरी देवी की पूजा अर्चना की जाएगी। कहा कि महाअष्टमी का व्रत 16 अप्रैल मंगलवार को है। नौवमी कि पूजा 16 अप्रैल को ही की जाएगी। इसे भवानी उत्पति के साथ बसियउरा योग के रूप में भी मनाते हैं। महानवमी का व्रत 17 अप्रैल बुधवार को होगा नवरात्र की समाप्ति से संबंधित हवन पूजन नवमी तिथि पर्यन्त 17 अप्रैल बुधवार को सायं 5:25 के अंदर शास्त्र विधान से कर लिया जाना उत्तम रहेगा।

### पूजा-अर्चना और कलश स्थापना के शुभ समय

आचार्य योगेश पांडे ने कहा कि शास्त्र विधान के अनुसार 9 अप्रैल 9 अप्रैल को घट स्थापना कलश स्थापना के समय इस प्रकार हैं रात कल 6:05 से लेकर 10:20 तक है इस समय में कलश स्थापना करना विशेष शुभ कार्य होगा उन्होंने कहा इसके अलावा दोपहर 11:55 से लेकर दोपहर के 12:50 तक मध्य अभिजीत मुहूर्त में भी कलश स्थापना घट स्थापना करने का विशेष मुहूर्त निर्धारित किया जाता है इस समय में किया गया कलश स्थापना जगत कल्याण स्वयं के कल्याण घर परिवार के कल्याण के लिए उत्तमकारी फलकारी साबित होगा।

## एक नजर

### मस्जिदों में आज पढ़ी जाएगी अलविदा की नमाज

**बलरामपुर, अमृत विचार।** पाक रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को जिले की मस्जिदों तथा ईदगाहों में अलविदा की नमाज पढ़ी जाएगी। रोजेदार अल्लाह से मुल्क में अमन चैन व शांति की दुआ मांगेंगे। नमाज की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शासन तथा प्रशासन ने साफ-सफाई व सुरक्षा के व्यापक के इंतजाम किए हैं।

### ई-रिक्शा लूट कांड के तीन आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**बलरामपुर।** बलरामपुर के थाना महाराजगंज तराई में गत 4 अप्रैल को तीन बदमाशों ने एक ईरिक्शा चालक को मारपीट कर उसका रिक्शा, नगदी व मोबाइल आदि लूट लिया था। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। महाराजगंज तराई थाना प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी तथा एस ओ जी की टीम ने तीनों आरोपियों को गुरुवार के दिन सीएचसी शिवपुरा थाना ललिया के पास से 24घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान धर्मराज, दिवाकर व शिवलाल ग्राम श्रीनगरा कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती के रूप में हुई है। पूछताछ में तीनों ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया है। लूटा गया ईरिक्शा भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस में तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। एसपी केशव कुमार ने पुलिस की त्वरित कार्यवाही टीम को बधाई दी है।

### स्टडी सर्किल में छात्रों ने सीखीं संविधान की बारीकियां

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज में चार अप्रैल को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की कॉलेज इकाई द्वारा "महारानी लाल कुंवरि स्टडी सर्किल" का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मनोज सिंह मौजूद रहीं। मुख्य वक्ता डॉ मनोज ने विद्यार्थियों के साथ संविधान सभा के सदस्यों के विचार व कल्पनाओं को विस्तृत रूप से बताते हुए वर्तमान समय में संविधान के विभिन्न उपलब्धियों की उपयोगिता व चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होने संविधान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को बड़े ही सरल तरीके से बताया। इस दौरान कॉलेज इकाई मंत्री शिवम दूबे, दक्षिता, सौरभ, राज पुनीत आदि विद्यार्थी और अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कम मतदान वाले केंद्रों पर चला जागरूकता कार्यक्रम

**संतकबीरनगर।** "व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप) के अन्तर्गत विकास खण्ड-बघौली के जिन बूथों पर विगत चुनावों में 40 से 50 प्रतिशत तक मतदान हुए थे उन बूथो के मतदाताओं को जागरुक किये जाने हेतु नेहरु युवा केन्द्र और युवा कल्याण विभाग की टीम द्वारा मतदान के प्रति जागरूक किया गया। टीम ने विकास खण्ड बघौली के ग्राम बढ़या, शिवापार, हरदी, ढ़ोढ़या, बड़हरा और काटामांन सिंह में क्षेत्रीय लोक संगीत के माध्यम से मतदाता जागरुकता सम्बन्धी प्रचार-प्रसार किया। ग्रामीणों को आगामी 25 मई को उनके मत के प्रयोग के बारे बताया। टीम ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। इसके माध्यम से आम नागरिक देश में अपनी पसंद की सरकार चुनकर देश के सुनहरे भविष्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है। ऐसे में हमें शत् प्रतिशत मतदान कर देश के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करनी चाहिए।

### मामूली विवाद मे 8 घायल

**बलरामपुर।** घटना दलपतपुर गांव की है। प्रथम पक्ष से संझिला, रामभवन, मनीषा, रीता व दूसरे पक्ष के मिथुन, जयजयराम, प्रदीप, अंजनी को चोट लगी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. प्रणव कुमार पांडेय ने बताया कि इलाज के बाद सभी की हालत सामान्य हो गई है। इस संबंध में थाना ललिया निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम पक्ष की संझिला व द्वितीय पक्ष मिथुन की तहरीर पर मुकदमा लिखा गया है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने पर होगी सख्त कार्रवाई

▸▸ आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं : डीएम

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के हवाले से जिला सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता का पालन कराने की दृष्टि से सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर जिला प्रशासन द्वारा निरन्तर निगरानी रखी जा रही है। उक्त की दृष्टि से सभी ग्रुप एडमिन को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने के निर्देश दिये गये हैं। अगर किसी भी ग्रुप पर भ्रामक, भड़काऊ या आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से सम्बंधित पोस्ट प्रसारित होती है तो सम्बंधित एडमिन के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

उक्त के दृष्टिगत किसी भी सोशल मीडिया ग्रुप पर नियमों के उल्लंघन से संबंधित पोस्ट प्रसारित नहीं होनी चाहिए। सभी को यह सलाह दी जाती है कि वे या तो ग्रुप के सदस्यों को नियमों की जानकारी दें, अन्यथा अपने ग्रुप को केवल एडमिन मोड पर कर लें। यदि ऐसा नहीं किया जाता है और नियम उल्लंघन से संबंधित पोस्ट प्रसारित होती है तो सीधे ग्रुप एडमिन पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज होगा।

# डीएम ने एयरपोर्ट के विस्तार कार्य का लिया जायजा

▸▸ श्रावस्ती-बलरामपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए राजस्व ग्राम बगाही व ऐलहवा में शीघ्र चालू होगा भूमि का अधिग्रहण कार्य



बलरामपुर में श्रावस्ती एयरपोर्ट विस्तार स्थल का निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** डीएम अरविन्द सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों संग श्रावस्ती-बलरामपुर एयरपोर्ट के विस्तार कार्य के प्रगति का जायजा लेने के लिए ग्राम बगाही पहुंचे। एयरपोर्ट के विस्तार के लिए अथक प्रयास के बाद बीते सोमवार को बजट प्राप्त हो गया। जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के प्रोजेक्ट पर युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। कृषकों से सहमति के आधार पर बैनामे की सहमति प्राप्त करने की कार्यवाही पहले ही पूर्ण हो चुकी है। बैनामे का कार्य शीघ्र शुरू कराने को लेकर जिलाधिकारी ने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे समस्त आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण कराते हुए कृषकों से बैनामा शुरू करा दें तथा यह सुनिश्चित करें कि जिस प्रकार विश्व विद्यालय निर्माण के लिए कृषकों से बैनामे के मात्र 48 घन्टे के अन्दर उनके बैंक खातों में धनराशि पहुंच गई थी, उसी प्रकार एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए जिन कृषकों से जमीन का बैनामा लिया जाये उन सभी के बैंक खाते में प्रत्येक दशा में 48 घन्टे के अन्दर बिना किसी बिलम्ब के राशि पहुंचाना सुनिश्चित करायें।

बताते चलें कि एयरपोर्ट के विस्तरीकरण को लेकर पहले ही माइक्रो लेवल की प्लानिंग बनाई जा चुकी थी, सिर्फ बजट का इंतजार था। बजट मिलने के बाद जिलाधिकारी ने ग्राम बगाही एवं एलहवा में पहुंचकर एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए चिन्हित एक-एक गाटे का निरीक्षण कर जानकारी ली। हालांकि विगत माह 10 मार्च को एयरपोर्ट का लोकार्पण हो चुका है और हवाई सेवा चालू भी हो गई है। विदित हो कि रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उड़ान) के तहत प्रदेश के पांच जनपदों में अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, चित्रकूट और श्रावस्ती को इस योजना से जोड़ते हुए सस्ती उड़ान सेवाएं शुरू की गई है। यह सभी उड़ानें लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट से कनेक्ट की गई हैं। उड्डयन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त सामन्जस्य से श्रावस्ती एयरपोर्ट का विस्तार जनपद बलरामपुर में किये जाने का निर्णय हुआ जिसके क्रम में श्रावस्ती-बलरामपुर कॉमन एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए जनवरी माह में कुल 267 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई थी जिसमें से 40.5 हेक्टेयर का क्षेत्र जनपद बलरामपुर में पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर, तहसीलदार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजनीतिक दलों की मौजूदगी में डीएम ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर



बलरामपुर कलेक्ट्रेट परिसर मे वेयरहाउस का निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं गैसड़ी विधान सभा उपचुनाव को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम एवं वीवीपैट स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सीसीटीवी कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था साहित समस्त व्यवस्थाओं को देखा गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि ईवीएम एवं वीवीपैट स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को सुविधा पोर्टल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशियों को यह सुविधा प्रदान की गई है कि वह अपना नामांकन ऑनलाइन माध्यम से भी कर सकते हैं। जो प्रत्याशी ऑनलाइन पद्धति से नामांकन करना चाहते हैं वह सुविधा पोर्टल पर जाकर नामांकन पत्र भरकर उसका प्रिंट निकाल कर प्रारूप-1 में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्गत सूचना में इंगित स्थान पर नामांकन दाखिल कर सकते हैं। जमानत धनराशि को भी ऑनलाइन जमा करने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके साथ ही साथ सुविधा पोर्टल पर राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी चुनाव में प्रचार प्रसार के लिए रैली,सभा करने, वाहनों का संचालन, हेलीपैड, लाउडस्पीकर आदि के लिए ऑनलाइन आवेदन करके परमिशन प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार व समस्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण 8 अप्रैल को

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए नियुक्त विधानसभावार सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण आगामी 8 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभागार में कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेंहदावल और खलीलाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नियुक्त नियुक्त जोनल मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण 8 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार धनघटा विधानसभा और रिजर्व के लिए नियुक्त जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण 8 अप्रैल को ही अपरान्ह 1.30 बजे से अपराह्न 4.30 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में नियत किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्धारित समय और तिथि पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश जारी किया किया है।

## सार-संक्षेप

### छात्र-छात्राओं से गुलजार हुए विद्यालयों के कैंपस



नवीन सत्र की शुरुआत के अवसर पर मां सरस्वती का पूजन करते प्रबंध निदेशक।

**संतकबीरनगर।** सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी शैक्षणिक संस्थानों में पठन-पाठन का कार्य बृहस्पतिवार को शुरू हो गया। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजन के साथ विद्यालयों में बच्चों को क्लास रुम में प्रवेश कराया गया। जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान सूर्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रबन्ध निदेशक डॉ उदय प्रताप चतुर्वेदी और प्रशासनिक प्रबन्ध निर्देशिका सविता चतुर्वेदी ने मां सरस्वती और संस्थान के आधार स्तम्भ स्व. सूर्य नारायण चतुर्वेदी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर नवीन सत्र का शुभारम्भ कराया। साथ ही उन्होंने बच्चों को तिलक लगाकर उनकी कक्षाओं में प्रवेश कराया। डा. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने बताया कि संस्थान सभी विषयों के विशेषज्ञ शिक्षकों और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ आज से शैक्षिक सत्र 2024-25 में प्रवेश कर रहा है। छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कराकर उन्हें देश का जिम्मेदार नागरिक बनाना संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि छात्र छात्राओं के प्रवेश और रजिस्ट्रेषन का सिलसिला लगातार जारी है। हर वर्ष की भांति कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं को संस्थान द्वारा नि:शुल्क टेबलेट वितरित किया जाएगा। इसी कड़ी में ब्लूमिंग बड्स एकेडमी पर भी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर प्रबन्ध निर्देशिका पुष्पा चतुर्वेदी ने नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ कराया। एस आर इंटरनेशनल एकेडमी नाथनगर पर प्रबंध निदेशक राकेश चतुर्वेदी ने विधि विधान के साथ शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ कराया। छात्र छात्राओं की उपस्थिति से विद्यालयों के परिसर गुलजार हो गए। गर्मी की छुट्टियां बिता कर विद्यालय पहुंचे छात्र छात्राओं ने भी अपने सहपाठियों का अभिवादन कर उनके कुशलता की जानकारी हासिल किया। इस मौके पर विद्यालयों के शिक्षक, अभिभावक और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### बखिरा पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ किया फ्लैग मार्च

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राघवेन्द्ग सिंह राठौर के पर्यवेक्षण में बखिरा पुलिस ने अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत बृहस्पतिवार को विभिन्न संवेदनशील गांवों और कस्बों में एरिया डोमिनेशन और पैदल गश्त किया। आगामी लोकसभा चुनाव को भयमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत वरिष्ठ उप निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल संतोष गुप्ता, अनिल यादव, कांस्टेबल अखिलेश नायक समेत तमाम अधिकारियों और कर्मचारियों ने अर्धसैनिक बल के साथ बखिरा थानाक्षेत्र के कस्बा बखिरा, छडना, भगवानपुर, जीवधरा, बभनी, बंजरिया, भैंसमथान, परसामाफी आदि गांवों और कस्बों में फ्लैग मार्च और एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही किया। पुलिस बल ने फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया और लोगों से भयमुक्त होकर मतदान की अपील किया। साथ ही चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने वाले और शांति व्यवस्था खराब करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

### नारी सुरक्षा की विभिन्न योजनाओं के प्रति किया जागरूक



महिलाओं को सुरक्षा, स्वाभिमान व सम्मान के प्रति जागरूक करती पुलिस।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** एसपी केशव कुमारके निर्देश पर एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं आदि को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- ओटीपी शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा पंपलेट का वितरण किया गया।

### न्यायायल परिसर में एटीएम व दवाखाना खुलवाने की मांग

**बलरामपुर अमृत विचार।** बार संघ ने बृहस्पतिवार को अपनी मांगों के समर्थन में जिला जज व जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। अधिवक्ताओं ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति व मुख्य न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय को भी पत्र भेजकर शीघ्र ही मांगों के निस्तारण की मांग की है। जिला बार संघ की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार को छह सूत्री मांगपत्र सौंपा। मुख्य न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय, जनपद के प्रशासनिक न्यायमूर्ति व जिला एवं सत्र न्यायाधीश को संबोधित ज्ञापन जिला जज अनिल कुमार झा को सौंपकर अधिवक्ताओं ने शीघ्र निस्तारण की मांग की। जिला बार संघ अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, महामंत्री संजय, कलेक्ट्रेट बार संघ अध्यक्ष राम गोपाल पांडेय, महामंत्री अशोक कुमार मिश्र, युवा बार संघ अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्र व महामंत्री शिवयोगी शुक्ल ने बताया कि वादकारियों को गर्मियों में न्यायालय के बरामदे में धूप व लू का सामना करना पड़ रहा है। वादकारियों व अधिवक्ताओं के हित के लिए न्यायालय प्रशासन से बरामदे में पर्दा लगवाने की जरूरत है। न्यायालय परिसर में एटीएम व दवा खाना खुलवाने की मांग करते हुए 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया है। इस अवसर पर गोमती प्रसाद त्रिपाठी, हरिकांत मिश्र, जितेंद्र केसरवानी, शत्रुजीत सिंह, विजय कुमार त्रिपाठी, विवेक कुमार सिंह, अमित पांडेय, केजी श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव, अजीत सिंह, व धर्मदेव मिश्र सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सीएमओ के निरीक्षण में सात मिले अनुपस्थित



बलरामपुर में सीएचसी गैंड़ास बुजुर्ग का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

**कार्रवाई**

▸▸ सीएमओ ने सभी का वेतन रोकने का दिया आदेश

**बलरामपुर, अमृत विचार।** गुरुवार को सीएमओ बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सीएचसी गैंडास बुजुर्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण में चिकित्सक समेत कुल सात कर्मी अनुपस्थित पाए गए। अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डॉ शोएब अहमद भी अनुपस्थित पाए गए सीएमओ ने अधीक्षक को फोन किया तो पता चला की वह आवशक कार्य से लखनऊ गए हैं। डॉ विजय प्रताप सिंह, डॉ नूरी खान , डॉ दीपक , सी बी सिंह यूडीसी, अर्चना सिंह,नीलम स्टाफ नर्स अनुपस्थित पाए गए।सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने दिया। सीएमओ ने निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को बाहर से ना कोई दवा लिखी जाए और ना ही कोई जांच कराई जाए, उन्होंने यह भी कहा की सभी मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ निर्धारित ड्रेस कोड में ही ड्यूटी पर उपस्थित हो।

# आधा दर्जन पैथोलॉजी सेंटर किए गए सील

**मेंहदावल, संतकबीरनगर।** समय देने के बाद भी पंजीकरण न कराने पर गुरुवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर रामरतन के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम ने मेंहदावल अस्पताल के सामने स्थित आधा दर्जन डायग्नोस्टिक सेंटरों को सीज कर दिया। जिससे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राम रतन ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश के क्रम में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शैलेंद्र सिंह, डॉक्टर मुबारक अली, शशी भूषण वर्मा, राजेंद्र प्रसाद के साथ मेहदावल में संचालित अपंजीकृत पैथोलॉजी का निरीक्षण किया। उक्त पैथालॉजी संचालकों को रजिस्ट्रेशन कराने के लिए पूर्व में कई बार नोटिस देने के साथ ही पंजीकरण कराए जाने हेतु प्रेरित किया गया था। लेकिन अभी तक पंजीकरण कराए जाने के लिए तैयार नहीं हुए। केयर पैथोलॉजी मेहदावल, लाइव पैथोलॉजी, सिग्मा पैथोलॉजी, सद्भावना पैथोलॉजी, स्वर पैथोलॉजी, निशांत पैथोलॉजी में सील बंद की कार्रवाई की गई है। उक्त सभी पैथोलॉजी सेंटरों पर कोई भी प्रशिक्षित चिकित्सक उपस्थित नहीं मिले। मेडिकल के बारे में भी अल्प ज्ञान रखने वाले प्रशिक्षित लोगों द्वारा ही संचालन किया जा रहा था। केयर पैथोलॉजी के संचालक द्वारा सहयोग न करके मेडिकल टीम को धमकी दी जा रही थी।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय को स्मार्ट क्लास की सौगात



विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**मगहर, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर निचौरा में बुधवार को प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विद्यालय की साफ सफाई, शत् प्रतिशत नामांकन, संचारी रोग के प्रति जागरूक करने पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

इस दौरान मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शीला देवी द्वारा विद्यालय में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुसार विद्यालयों को हाईटेक किया जा रहा है। स्मार्ट क्लास शुरू होने से बच्चों का शिक्षा के प्रति रुझान तो बढ़ेगा ही साथ ही नई नई जानकारियां भी हासिल कर सकेंगे। शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के साथ ही संस्कारिक शिक्षा देने की जरूरत है। क्योंकि यही बच्चे हमारे समाज व देश के उज्ज्वल भविष्य हैं। प्रबंध समिति की अध्यक्षा माया देवी ने कहा कि विद्यालय में शत् प्रतिशत बच्चों का नामांकन हो सके इसके लिये हम सभी लोगों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेश कुमार सिंह, प्रबंध समिति की अध्यक्ष माया देवी, उपाध्यक्षा गेना देवी, सचिव राजेश कुमार और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

**श्रद्धा** | मेंहदीपुर बालाजी जागरण मे खूब झूमे श्रद्धालु



बलरामपुर के उतरौला नगर में मेंहदीपुर बालाजी जागरण कार्यक्रम में भजन सुनकर झूमते श्रद्धालु। अमृत विचार

# दोनों हाथ उठाओ मेरे हनुमान के लिए

**बलरामपुर, अमृत विचार।** उतरौला नगर के रामलीला मैदान मोहल्ला आर्य नगर में श्री बालाजी महाराज मेहंदीपुर धाम तृतीय वर्ष का विशाल जागरण व विशाल भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बालाजी सेवा समिति उतरौला कमेटी के लोगों ने मुख्य अतिथि उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, विशिष्ट अतिथि अनूप गुप्ता चेयरमैन प्रतिनिधि उतरौला, जिलाध्यक्ष वैश्य समाज जनपद बलरामपुर, बालाजी सेवा समिति उतरौला के अध्यक्ष संतोष कसौधन, महामंत्री संतोष सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज सोनी संरक्षक श्रवण सोनी उपाध्यक्ष अमित गुप्ता आदि कमेटी के सभी लोगों को जय श्री राम का पट्टी पहनाकर स्वागत किया। बालाजी सेवा सिमित उतरौला की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बालाजी महाराज का छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। जिसमें बाहर से आए हुए भजन गायक वैभव सक्सेना, भजन गायक शिप्रा सलोनी गोरखपुर, भजन गायिका गुड़िया सलोनी कानपुर, भजन गायक राज पांडेय गोरखपुर, भजन गायक शाही राज गोरखपुर व कई भजन गायकों ने बाला जी सरकार के भजन प्रस्तुत किए। भजनों पर श्रद्धालु पूरी रात आनंद लेते रहे जिसमें मास्टर मिंटू झांकी ग्रुप कानपुर द्वारा मनमोहक झांकिया दिखाई गयी।

नृत्य नाटिका के भजन पर श्रद्धालुओं ने खूब जयकारे लगाए। नृत्य नाटिका के कलाकारों ने राम लक्ष्मण सीता हनुमान जी,गणेश जी, मां काली जी, राधा कृष्ण, शिव पार्वती सहित कई बहुत ही अच्छी-अच्छी सुंदर झांकियां प्रस्तुत की। जिसमें श्री दुखहरण नाथ मंदिर के महंत पुरुषोत्तम गिरी, राजू महाराज आचार्य, अनूप पंडित, बालाजी सेवा समिति उतरौला के अध्यक्ष संतोष कसौधन, महामंत्री संतोष सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज सोनी संरक्षक श्रवण सोनी, रवीन्द्र गुप्ता कमलापुरी जिलाध्यक्ष वैश्य समाज जनपद बलरामपुर, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, व्यवस्थापक विजय श्रीवास्तव नरेन्द्र पटवा संयोजक, बलराम कौशल व्यवस्थापक मोनू गुप्ता सहित महिला पुरुष बच्चे भारी संख्या में लोगों ने बढ़ चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया।

# रिकार्ड मतों से जीते नानाजी देशमुख , सबसे कम मतों से हारे अटल

## कांग्रेस की सुभद्रा जोशी ने जनसंघ के अटल बिहारी को था हराया

## भाजपा के सत्यदेव सिंह को रिजवान जहीर तथा सपा के रिजवान जहीर को बृजभूषण ने हैट्रिक बनाने से था रोका

**लालजी सिंह, बलरामपुर**

**अमृत विचार:** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई तथा राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के नाम बलरामपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र से सबसे कम तथा सबसे अधिक मतों से हारने जीतने का रिकॉर्ड आज भी कायम है । जनसंघ के अटल जी को कांग्रेस की सुभद्रा जोशी ने 1962 में सबसे कम मतों से हराया था। जनसंघ के नानाजी देशमुख ने बलरामपुर राज परिवार की कांग्रेस उम्मीदवार महारानी राजलक्ष्मी को सबसे अधिक मतों से चुनाव हराया था ।

बात करते है 1957 के लोकसभा चुनाव से। इस चुनाव में जनसंघ उम्मीदवार अटल बिहारी वाजपेई बलरामपुर के साथ-साथ लखनऊ और मथुरा से भी लोकसभा का चुनाव लड़ रहे थे । बलरामपुर से उनको जीत मिली जबकि लखनऊ और मथुरा में वह चुनाव हार गए । उन्हें भारतीय संसद में पहली बार पहुंचने का मौका बलरामपुर संसदीय क्षेत्र से ही मिला । वर्ष 1962 में जनसंघ के अटल बिहारी वाजपेई को कांग्रेस उम्मीदवार सुभद्रा जोशी ने चुनौती दी। इस चुनाव में सुभद्रा जोशी को 1,02,260 मत मिले । जबकि अटल बिहारी वाजपेई को 100208 मतों पर संतोष करना पड़ा । अटल बिहारी वाजपेई को इस चुनाव में मात्र 2052 मतों से हार का मुंह देखना पड़ा । हालांकि इसका बदला अटल बिहारी वाजपेई ने 1967 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सुभद्रा जोशी को 32,000 मतों से पराजित कर ले लिया। 1971 में इस सीट पर कांग्रेस के चंद्रभाल मणि तिवारी ने जनसंघ के प्रताप नारायण मिश्र को करीब 5000 मतों से हरा दिया था।1977 का लोकसभा चुनाव काफी रोचक रहा। इंदिरा गांधी की इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव में जनसंघ ने बलरामपुर लोकसभा सीट पर नानाजी देशमुख को अपना उम्मीदवार बनाया। कांग्रेस ने उनके सामने बलरामपुर राज परिवार की महारानी राज लक्ष्मी को उतारा। पूरे देश में कांग्रेस के खिलाफ उठी लहर को महारानी भी अपने पक्ष में नहीं कर पाईं। नाना जी देशमुख को इस चुनाव में 2,17,254 मत मिले जबकि महारानी राज लक्ष्मी को 1,03,248 मतों से ही संतोष करना पड़ा। नाना जी को सर्वाधिक 1,14,006 मतों से जीत मिली। 1980 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रभाल मणि तिवारी ने जनता पार्टी के शारदा प्रसाद द्विवेदी को करीब 21000 मतों से पराजित कर दिया ।1984 में कांग्रेस के प्रत्याशी दीपनरायन वन ने निर्दलीय उम्मीदवार फलजुल बारी को लगभग 9000 मतों से चुनाव हराया। वर्ष 1989 में भाजपा के सत्यदेव सिंह को निर्दलीय उम्मीदवार फसीउर् रहमान उर्फ मुन्नन खान करीब 20000 मतों से चुनाव हरा दिया। और इस सीट पर पहली बार किसी निर्दल उम्मीदवार को सांसद बनने का मौका मिला। 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सत्यदेव सिंह ने जनता पार्टी के सैयद मुजफ्फर हुसैन को करीब एक लाख मतों से चुनाव हराया। 1996 में भी सत्यदेव सिंह ने जीत का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने सपा के अकबाल हुसैन को करीब 60,000 मतों से पराजित किया। 1998 में सपा प्रत्याशी रिजवान जहीर ने भाजपा के सत्यदेव सिंह को हैट्रिक बनाने से रोक दिया और रिजवान जहीर करीब 57000 से चुनाव जीतकर सांसद बने ।1999 में भी रिजवान जहीर ने सपा प्रत्याशी के रूप में अपने जीत का सिलसिला जारी रखा और भाजपा के कुशल तिवारी को करीब 20000 मतों से चुनाव हराया। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बलरामपुर सीट से गोंडा के बृजभूषण शरण सिंह को मैदान में उतारा। बृजभूषण ने रिजवान जहीर की हैट्रिक रोकी और उन्हें करीब 52000 मतों से हराकर जीत दर्ज की।





### वर्ष 2009 में खत्म हो गया था बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व

2009 के परिसीमन में बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व ही खत्म हो गया। चुनाव आयोग ने बलरामपुर जिले के तीन तथा श्रावस्ती जिले की दो विधानसभाओं को मिलाकर श्रावस्ती नाम से नया लोकसभा क्षेत्र बनाया। इस लोकसभा क्षेत्र से पहली बार कांग्रेस के डॉक्टर विनय कुमार पांडे को सांसद बनने का मौका मिला। वर्ष 2014 में भाजपा के दद्दन मिश्रा ने सपा के माफिया आतिक अहमद को हराकर चुनाव जीत लिया ।वर्ष 2019 में सपा बसपा गठबंधन के बसपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने भाजपा के दद्दन मिश्रा को करीब 5000 मतों से चुनाव हराकर यह सीट बसपा की झोली में डाल दी।

**अतीत के झरोखे से**

## गोंडा-बलरामपुर की चीनी की मिठास में घुली जौनपुर की पीढ़ी

## जौनपुर छोड़ यहीं के हो गए सत्यदेव सिंह व उनका पूरा परिवार

**अरुण कुमार मिश्र, गोंडा**

**अमृत विचार:** फर्राटेदार हिंदी और अंग्रेजी का ज्ञान, किसी प्रोफेसर की तरह वक्तव्य, देश विदेश की राजनीति व वहां की सामाजिक व्यवस्था का बारीकी ज्ञान रखने वाले सत्यदेव सिंह शायद ही किसी को विस्मृत हुए हों। नपी तुली भाषा व अपनी बात का लोहा मनवाना उनके लिए आम बात थी।

बलरामपुर चीनी मिल यूनिट के तुलसीपुर इकाई में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत सत्यदेव सिंह अपने पिता बाबू राजपति सिंह का हाथ पकड़कर जौनपुर से गोंडा आ गए। जौनपुर जिले के दरवेशपुर गांव के रहने वाले सत्यदेव सिंह ने अपनी पढ़ाई के दौरान ही छात्र राजनीति को आगे बढ़ाने का काम किया। वर्ष 1970 में वह जौनपुर से गोंडा आए और 1977 में ही उनकी राजनीतिक सक्रियता के चलते जनता पार्टी ने गोंडा से टिकट दे दिया और सत्यदेव सिंह ने लोकसभा का यह चुनाव भारी मतों से जीत लिया।

सत्यदेव सिंह का जन्म पूर्वांचल के जौनपुर के दरवेशपुर गांव में हुआ था। वे पिता राजपती सिंह के साथ वह भी गोंडा आ गए। पढ़ाई लिखाई के साथ उन्होंने राजनीति में कदम रखा। 1975 के आपात काल के बाद पूरे देश में चली कांग्रेस विरोधी लहर में वह भी शामिल हो गए। उनकी सक्रियता को देखते हुए जनता पार्टी ने उन्हें गोंडा लोकसभा सीट से टिकट दे दिया। कांग्रेस विरोधी लहर में सत्यदेव सिंह ने कांग्रेस से सांसद रहे मनकापुर राजघराने के कुंवर आनंद सिंह को मात देकर चुनाव जीत लिया। सत्यदेव सिंह ने 71273 के भारी अंतर से आनंद सिंह को परास्त किया था।

उनकी राजनीतिक सक्रियता, सोच व विचार को देखते हुए 1980-85 तक उन्हें भारतीय जनता पार्टी के युवा संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया। इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। एक बार भाजपा की बागडोर थामी तो वह अपने अंतिम समय तक भाजपा, संघ के होकर रह गए। कुशल वक्ता होने के साथ ही वह प्रखर विद्वान थे।

1990 में राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय रहे और पार्टी ने उन्हें 1991 में बलरामपुर से चुनाव लड़ाया। वह भाजपा के टिकट पर बलरामपुर सीट से चुनाव जीतने में सफल रहे। इसके बाद 1996 में भी वह भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतने में सफल रहे। जौनपुर से आकर गोंडा बलरामपुर की राजनीति में घुलने के कारण उनका परिवार भी राजनीति से जुड़ गया। उनकी पत्नी सरोज रानी सिंह भी गोंडा और बलरामपुर से जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं।

सत्यदेव सिंह एक संभ्रांत परिवार से थे। वह तीन भाई थे। उनके एक भाई आईएएस तो दूसरे बैंक के अधिकारी रहे। राजनीतिक रूप से अपने अंत समय तक वह सक्रिय रहे लेकिन कोरोना जैसी महामारी ने पहले उनकी पत्नी सरोज रानी सिंह उसके बाद सत्यदेव सिंह को निगल लिया।

**एक बार गोंडा तथा दो बार बलरामपुर से हुए सांसद**

### सत्यदेव की मांग पर बना था देवीपाटन मंडल व बलरामपुर जिला

वर्ष 1997 में गोंडा से कटकर बलरामपुर जिला बन गया और गोंडा को मंडल मुख्यालय बनाकर देवीपाटन कमिश्नरी का नाम रखा गया। 1997 में सत्यदेव सिंह बलरामपुर के सांसद थे और प्रदेश भाजपा के महामंत्री थे। उनकी मांग पर मंडल मुख्यालय और बलरामपुर जिला अस्तित्व में आया था।



सत्यदेव सिंह

### गोंडा उत्तरी, पश्चिमी व पूर्वी के रूप में बंटा था लोकसभा क्षेत्र

गोंडा लोकसभा के लिहाज से तीन क्षेत्रों में बंटा था। गोंडा उत्तरी से चौधरी हैदर हुसैन, गोंडा पश्चिमी से शंकुतला नायर तथा गोंडा पूर्वी जिसमें बस्ती का कुछ भाग शामिल था। वहां से केशवदेव मालवीय ने पहला चुनाव जीता था। गोंडा उत्तरी में बलरामपुर व गोंडा का कुछ भाग शामिल था। यहां से चौधरी हैदर हुसैन कांग्रेस से चुनाव जीते थे। गोंडा पश्चिमी से जो आज कैसरगंज है वहां से हिंदू महासभा की शकुंतला नायर ने चुनाव जीता था जबकि गोंडा का पूवी एरिया जिसमें मनकापुर, छपिया व नवाबगंज सहित अन्य भाग तथा बस्ती का कुछ भाग मिलाकर क्षेत्र बना था वहां से केशवदेव मालवीय चुनाव जीते थे।

### बलरामपुर सीट

| | | |
|---|---|---|
| चौधरी हैदर हुसैन | 1952 | कांग्रेस |
| अटल बिहारी बाजपेयी | 1957 | जनसंघ |
| सुभद्रा जोशी | 1962 | कांग्रेस |
| अटल बिहारी बाजपेयी | 1967 | जनसंघ |
| चंद्रभाल मणि तिवारी | 1971 | कांग्रेस |
| नाना जी देशमुख | 1977 | जनसंघ |
| चंद्रभाल मणि तिवारी | 1980 | कांग्रेस |
| दीप नरायन वन | 1984 | कांग्रेस |
| फसीउर्रहमान मुन्नन खां | 1989 | निर्दल |
| सत्यदेव सिंह | 1991 | भाजपा |
| सत्यदेव सिंह | 1996 | भाजपा |
| रिजवान जहीर | 1998 | सपा |
| रिजवान जहीर | 1999 | सपा |
| बृजभूषण शरण सिंह | 2004 | भाजपा |
| विनय कुमार पांडेय | 2009 | कांग्रेस |
| दद्दन मिश्रा | 2014 | भाजपा |
| राम शिरोमणि वर्मा | 2019 | बसपा |

# भाजपा की चुनौती आसान करेगा तीसरा मोर्चा

## 25 सीटों पर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व सपा की बाजी पलटने में सक्षम है ओवैसी-पल्लवी की जोड़ी

## सपा को विधानसभा चुनाव में कई सीटों पर हारने से लेकर माहौल बिगाड़ने की वजह थी एआईएमआईएम

## अखिलेश पर हमलावर ओवैसी साध रहे मुस्लिम वोट बैंक, इंडिया गठबंधन ठहरा रही भाजपा की बी टीम

**धीरेंद्र सिंह, लखनऊ**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में विपक्ष का विखराव भाजपा की चुनौती आसान कर सकता है। खासकर हाल ही में बना तीसरा मोर्चा, जिसमें छोटी-छोटी चार पार्टियां हैं, लेकिन प्रदेश में पूरब से मध्य और पश्चिम तक 25 सीटों पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल की जोड़ी असरदार दिख रही है। ओवैसी का असर प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में सपा पहले ही भुगत चुकी है, जबकि बिहार और महाराष्ट्र में उलटफेर समेत कई राज्यों में महागठबंधन को नुकसान उठाना पड़ा था।

असदुद्दीन ओवैसी जब से उत्तर-प्रदेश में सक्रिय हुए हैं, तब से अखिलेश यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वे न सिर्फ मुस्लिमों को वोट बैंक समझने वाली पार्टियों की पोल खोलकर माहौल बिगाड़ रहे हैं, वरन माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के घर जाने से लेकर कई मौकों पर मुसलमानों को अपने बीच का प्रतिनिधि चुनने का नारा बुलंद करते दिखते हैं। लोकसभा चुनाव में उनकी पूरी तैयारी थी कि बसपा के साथ गठबंधन करके इंडिया गठबंधन (कांग्रेस, सपा, राष्ट्रीय जनता दल, टीएमसी आदि) को उत्तर-प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र आदि राज्यों को चुनौती पेश की जाए। लेकिन, मायावती से बात नहीं बनीं, जबकि इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनने की उनकी कोशिश भी नाकाम रही। अलबत्ता अखिलेश समेत कई नेताओं ने उन्हें भाजपा की बी टीम ठहरा कर अछूत बना दिया।

यही हाल राज्य सभा चुनाव में सपा को वोट देने के बावजूद भी अखिलेश यादव के आंख से उतर चुकीं अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल का रहा। अंततः ओवैसी और पल्लवी ने एक साथ आकर पीडीए के जवाब में पीडीएम (पिछड़ा, दलित, मुसलमान) न्याय मोर्चा बनाकर 40 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की रणनीति से इंडिया गठबंधन का खेल बिगाड़ने में जुट गए हैं। उनके साथ नए मोर्चे में बाबूराम पाल की राष्ट्रीय उदय पार्टी, प्रेमचंद बिंद की प्रगतिशील मानव समाज पार्टी भी शामिल है।

प्रदेश में कुल मुस्लिम आबादी 19.3 फीसदी (3.84 करोड़) है. इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश, रुहेलखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में मुसलमानों की मजबूत उपस्थिति है। प्रदेश में 30 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाली 21 लोकसभा सीटें हैं। इसमें खासतौर पर सहारनपुर, मेरठ, कैराना, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, घोसी और गाजीपुर है। लेकिन 20 से 30 फीसदी मुस्लिम वोटर वाली सीटों की संख्या जोड़ दें तो, आंकड़ा कुल 80 सीटों में 65 सीटों तक पहुंचेगा। अपना दल कमेरावादी पार्टी का असर भी पूरब से मध्य उप्र. के कई जिलों में है। पल्लवी पटेल सपा के साथ कौशांबी की सिराथू विधानसभा क्षेत्र से पिछली बार उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को हराकर असर दिखा चुकी है। इस दौरान 'मिले मुलायम-सोनेलाल' यानी यादव और कुर्मी के साथ पोस्टर के जरिए सियासी संदेश दिया गया था। प्रदेश में ओबीसी का सबसे बड़ा हिस्सा इन्हीं दो जातियों का है।



### अखिलेश को ओवैसी दे चुके हैं तगड़ा झटका

- **– ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहाद–उल मुस्लिमीन** (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैशी बीते विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश के सत्ता में आने का सपना तोड़ने में सबसे आगे थे। 95 सीटों पर प्रत्याशी उतारकर 4 .5 लाख वोट हासिल किए, जिसमें सात विधानसभा सीटों पर 10 हजार से ज्यादा वोट मिलने से सपा जीती हुई बाजी हार गई थी। इन सीटों पर सपा की भाजपा से हार का अंतर 217 वोट से 1647 वोट तक का था। इसके पहले 2017 में ओवैसी ने पहली बार प्रदेश में 38 सीटों पर प्रत्याशी उतारकर 2 .05 लाख वोट हासिल किए थे। चुनाव–दर–चुनाव दूना हो रहा ओवैसी का वोट बैंक इसबार लोकसभा चुनाव में पीडीएम न्याय मोर्चा से जितना असर दिखाएगा, उतना की करारा झटका इंडिया गठबंधन को लगना तय है।

### यह है मुस्लिम वोटिंग पैटर्न

- सीएसडीएस के मुताबिक साल 2019 के लोकसभा में उप्र में मुस्लिम वोटिंग कांग्रेस को 14 फीसदी, भाजपा को 8 फीसदी, सपा व बसपा गठबंधन को 73 फीसदी और अन्य के खाते में 5 फीसदी थी। वहीं साल 2014 में कांग्रेस को 11 फीसदी, भाजपा को 10 फीसदी, बसपा को 18 फीसदी और सपा को 58 फीसदी मुस्लिम वोट गए थे। हालांकि विधानसभा चुनाव 2017 में ओवैसी की पार्टी 38 सीटों पर लड़ी थी, जिसमें 37 पर जमानत जब्त हो गई थी। उसे कुल 2 .46 फीसदी वोट मिले। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में ओवैसी ने 95 सीटों पर चुनाव लड़ाया और सभी पर प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई, मगर 2 .01 फीसदी वोट मिले।

### ऐसे अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा की मददगार रही ओवैसी की पार्टी

| सीट का नाम | भाजपा को वोट | रालोद को वोट | सपा को वोट | बसपा को वोट | ओवैसी की पार्टी को वोट | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बिजनौर | 97,165 | 95,720 | गठबंधन में सीट रालोद को | 52,035 | 2,290 | 1,445 |
| नकुड़ | 1,04,114 | गठबंधन में सीट सपा को | 1,03,799 | 55,112 | 3,593 | 315 |
| कुर्सी | 1,18,720 | गठबंधन में सीट सपा को | 1,18,503 | 35,561 | 8,541 | 217 |
| सुल्तानपुर | 92,715 | गठबंधन में सीट सपा को | 91,706 | 22,521 | 5,251 | 1,009 |
| औराई | 93,691 | गठबंधन में सीट सपा को | 92,044 | 28,413 | 2,190 | 1,647 |
| शाहगंज | 87,233 (निषाद पार्टी के साथ) | गठबंधन में सीट सपा को | 86,514 | 48,957 | 8,128 | 719 |
| मुरादाबाद नगर | 1,48,384 | गठबंधन में सीट सपा को | 1,47,602 | 14,013 | 2,261 | 782 |

**पहली बार मैदान में नहीं होगा कांग्रेस का प्रत्याशी**

## पं. जवाहर लाल नेहरू कर चुके हैं मछलीशहर का प्रतिनिधित्व

**जौनपुर**

उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले की मछलीशहर लोकसभा सीट का गठन 1962 में हुआ था,इससे पहले 1952 के चुनाव में यह क्षेत्र फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में था, यहीं से उस समय पंडित जवाहर लाल नेहरू पहला चुनाव जीतकर देश के प्रधानमंत्री मंत्री बने थे।

इस सीट पर चार बार कांग्रेस का परचम लहरा चुका है जबकि एक बार भारतीय लोकदल, तीन बार जनता दल, तीन बार भाजपा , दो बार सपा और एक बार बीएसपी के सांसद चुने गये हैं। मछलीशहर में 1962 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के गनपतराम सांसद चुने गये थे। 1967 और 1971 में कांग्रेस के ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित नागेश्वर द्विवेदी सांसद बने थे। 1977 में भारतीय लोकदल के टिकट पर राजकेशर सिंह सांसद चुने गये थे। 1980 शिव शरण वर्मा जनता पार्टी से सांसद बने थे। 1984 के चुनाव में श्रीपति मिश्रा ने कांग्रेस का पुनः परचम लहराया था, 1989 चुनाव में पूर्व सांसद शिवशरण वर्मा ने पुनः यह सीट कांग्रेस से छीनकर जनतादल की झोली में डाल दिया था और 1991 के चुनाव में जनता दल से ही शिवशरण वर्मा पुनः सांसद बने थे। 1996 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा के डॉ राम विलास वेदांती सांसद चुने गये । वर्ष 1998 में भाजपा के स्वामी चिन्मयानंद एमपी बने थे। 1999 के चुनाव में सपा प्रत्याशी सी एन सिंह सांसद बने थे। 2004 आम चुनाव में बसपा के बाहुबली उमाकांत यादव जेल रहते हुए भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी को हराकर सांसद बने थे।



2009 में सपा प्रत्याशी तूफानी सरोज सांसद चुने गये। 2014 चुनाव में मोदी लहर के दौरान एक बार फिर बीजेपी के रामचरित निषाद सांसद चुने गये थे और 2019 में यहां से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बीपी सरोज बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी टी राम को मात्र 181 मतों से पराजित कर सांसद चुने गए हैं।

मौजूदा लोकसभा चुनाव में अभी तक मछलीशहर सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से किसी भी पार्टी ने अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। 1984 के चुनाव के बाद आज तक 40 वर्ष हो रहे हैं कांग्रेस पार्टी का पहली बार यहां से प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ेगा, इस बार कांग्रेस का चुनाव चिन्ह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर नहीं रहेगा। क्योंकि यह सीट चुनावी समझौते में समाजवादी पार्टी के खाते में गई है।

**तैयारी जीत की** | लोस चुनाव को लेकर दोनों ही दलों ने गीतों के जरिए मतदाताओं को लुभाने की तैयारी

# राजनीतिक बयानबाजी ही नहीं, पार्टियों के बीच सॉन्ग-वार भी

## एनडीए का गीत - सपने नहीं हकीकत को बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं

## सपा-कांग्रेस गठबंधन का गीत- दिल्ली में प्रवेश की खातिर ये इंडिया का गठबंधन है

**अजय दयाल, लखनऊ**

**अमृत विचार:** हर चुनाव की तरह इस बार भी राजनीतिक दलों के बीच 'सॉन्ग-वार' चल रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा गठबंधन के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच गीत-संगीत के माध्यम से भी आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला है। इन गीतों में अपने-अपने दलों की उपलब्धियों का बखान करने के साथ दूसरे दलों की खामियां निकाल कर आमजन को रिझाने का प्रयास है। इस तरह के म्यूजिक एल्बम अलग-अलग क्षेत्रों में प्रचलित भाषा के मद्देनजर भी बनवाए जा रहे हैं। इसके लिए पार्टियों में एक अलग फंड की भी व्यवस्था है।

रोचक यह कि एक पार्टी अगर कोई गाना बनवा कर दूसरे पर हमला करती है तो दूसरा दल भी उसी तर्ज पर गीत के जरिए ही जवाब देने को आगे आ जाता है। यानि एक-दूसरे पर सोशल मीडिया से तीखी बयानबाजियां और मंच से भाषण देने के अलवा गीत-संगीत से भी हमला किया जा रहा है।

उदाहरण देखें तो सपा-कांग्रेस गठबंधन का पिछले दिनों थीम सॉन्ग लांच हुआ। इसमें इंडिया गठबंधन का बखान करते हुए गाने के बोल कुछ इस तरह हैं-

**गठबंधन है, गठबंधन है ये इंडिया का गठबंधन है,**

**दिल्ली में प्रवेश की खातिर, राहुल और अखिलेश की खातिर**

वहीं, इससे पहले खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा का चुनावी थीम सॉन्ग जारी किया था। यह गीत कुछ इस तरह है-

**जन-जन की आंखों के सपने लेकर चले, उम्मीदों को देखो कैसे नये पंख मिले।**

**तीन रंग में रंगा तिरंगा शान से लहराया, भारत मां के माथे पर फिर से मुकुट सजाया।।**

दोनों ही दलों के गीत बकायदा वीडियोज आधारित भी हैं जिसमें इन दलों से जुड़े नेताओं की वीडियो क्लिपिंग्स को दर्शाया गया है। हालांकि भाजपा ने अन्य दलों के मुकाबले इस गीत-संगीत वाले प्रचार में भी बाजी मार रखी है।

लोस चुनाव के मद्देनजर भाजपा कुछ और गाने कान में पड़ रहे हैं-

**बढ़ना हर उम्मीद के पार, नई भारत की यही पुकार,एक बार फिर मोदी सरकार...**

एक गीत मैं मोदी का परिवार हूं पर भी आधारित है। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी भी एक वीडियो गीत को लेकर सत्तापक्ष के सांसदों को कटघरे में खड़ा कर रही है। यह गाना कुछ इस तरह है—

**हाजिर हों, हाजिर हों सांसद जी हाजिर हों,**

**पांच साल दें हिसाब, क्षेत्र को क्या दिया दें जवाब।**

बहरहाल, इन्हीं चुनावी गीतों, म्यूजिक एल्बम के बहाने स्थानीय कलाकारों को भी कमाई करने का भी अवसर मिल रहा है। बकायदा किसी-किसी को पूरे लोकसभा चुनाव का ही कॉन्ट्रेक्ट मिल रहा है।



### चुनाव आयोग की भी है नजर

चुनावी गीत हों या ऐसे म्यूजिक एल्बम, चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के तहत इन पर भी पैनी नजर है। बीते दिनों राजस्थान दिवस के मौके पर पर्यटन विभाग की ओर से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकारों ने एक निर्दलीय लोस उम्मीदवार की तारीफ करते गीत गाया। चूंकि कार्यक्रम सरकारी था, इसलिए मामला आचार संहिता के उल्लंघन का बना।

### फिर उसी कलाकार को मौका

पिछले लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी पर राहुल गांधी चौकीदार शब्दावली को लेकर हमलावर थे। उस वक्त भाजपा की ओर से जवाब में, मैं भी चौकीदार गाने को अभियान की तरह सामने लाया गया। यह गीत मोदी के समर्थन में माहौल बनाने में काफी सहायक माना गया। इस बार के चुनाव में उसी कलाकार को मोदी का परिवार शीर्षक गीत का जिम्मा दिया गया है।

**महाभारत काल और जंगे आजादी का इतिहास समेटे कैराना की कहानी में नफरत, पलायन, असुरक्षा और अराजकता का गुनहगार विलेन है, तो मोहब्बत और इंसानियत के जीतने की इबारत लिखने वाला लोगों के दिलों में धड़कता हीरो है। चुनावों में बाजी मारने वाला एक अनूठा राजनीतिक घराना है, तो ध्रुवीकरण और जातीय समीकरण के दृश्यों के साथ 'जिन्ना और गन्ना' जैसे सवालों के बीच कानों में शहद घोलने वाला किराना घराना का संगीत है, 'जो मिले सुर मेरा तुम्हारा तो बने सुर हमारा' का अमिट संदेश सुनाता है। इन सबके बीच दर्शक के रूप में खड़ा वह मतदाता है, जो देश की संसद में अपना प्रतिनिधि भेजते समय डॉ. लोहिया की उस बात से इत्तफाक रखता है, कि रोटी को जलने से बचाने के लिए जिस तरह उलटना-पलटना जरूरी है, वैसे ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए सरकार या प्रतिनिधि को भी बदलते रहना चाहिए।**

# कैराना का किससे याराना
# किसे मिलेगा ठिकाना

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** कभी हिंदुओं के पलायन की वजह से सुर्खियां बटोरने वाले कैराना के चुनावी माहौल को पिछले हफ्ते शामली की जनसभा में मुख्यमंत्री योगी की इस बात से समझा जा सकता है कि 'वोट में बहुत ताकत होती है। जब वोट गलत हाथ में जाता है तो कैराना में पलायन होता और कर्फ्यू लगता है। जब वोट सही हाथ में जाता है तो अपराधी पलायन करता है। कांवड़ यात्रा निकलती है और धूम-धड़ाके के साथ विकास होता है।' कैराना का सच भी यही है, असुरक्षा के कारण पलायन के बदनुमा दाग से बाहर निकल कर अब यह कस्बा विकास के पथ पर अग्रसर है।

कैराना का अपना पौराणिक और ऐतिहासिक इतिहास है। मान्यता है कि महाभारत काल में कर्ण ने इसे बसाया था। आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ मराठों को छिपने की जमीन यहीं मिली थी। लेकिन शास्त्रीय संगीत की किराना घराना परंपरा को जन्म देने वाले कैराना की राजनीतिक पहचान किसी एक नेता के साथ सुर-ताल मिलाने की नहीं है। यहां मतदाता बीते तीन चुनावों से अलग उम्मीदवार चुन रहे हैं। इस बार भाजपा ने अपने सांसद प्रदीप चौधरी को फिर से मैदान में उतारा है। वह गुर्जर मतों के अलावा हिंदू और भाजपा के परंपरागत वोट बैंक को जोड़ने में जुटे हैं।

## अनूठा घराना हसन परिवार, तीन सदस्य सांसद, एक रहा विधायक

- कैराना का अनूठा राजनीतिक घराना है, हसन परिवार। इसके चार में तीन सदस्य सांसद रहे और एक सदस्य कई बार विधायक चुना गया।
- सपा प्रत्याशी इकरा हसन के पिता मुनव्वर हसन तो विधायक, एमएलसी के अलावा लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों के सांसद रहे।




- भाजपा ने दोबारा गुर्जर कार्ड खेलकर सांसद प्रदीप चौधरी पर जताया है भरोसा, हिंदू-मुस्लिम गुर्जर होंगे आमने-सामने
- सपा ने इकरा हसन पर लगाया दांव, उनकी मां तब्बसुम 2014 व 19 में हारीं, 2018 में जीतीं थीं उपचुनाव







लोकसभा चुनाव-2019 में राजनीतिक दलों का वोट शेयर



### सपा ने प्रत्याशी बदल इकरा पर लगाया दांव

- सपा ने प्रत्याशी बदलकर अपने विधायक नाहिद हसन की छोटी बहन इकरा हसन को टिकट दिया है। इकरा की मां तब्बसुम बेगम ने 2018 के उपचुनाव में रालोद के टिकट पर सपा के समर्थन से भाजपा प्रत्याशी हुकुम सिंह की बेटी मृगांका सिंह को पराजित किया था। लेकिन 2019 में चुनाव हार गई थीं। इन दोनों के मुकाबले बसपा ने सहारनपुर निवासी श्रीपाल राणा पर दांव खेला है। वह राजपूत वोटों के साथ दलित वोटों पर फोकस कर रहे हैं। इस सीट पर 14 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनकी किस्मत का फैसला पहले चरण के मतदान में 19 अप्रैल को होगा।

## ... यहां समीकरण और गुणा-भाग नेता नहीं जनता तय करती

पश्चिमी यूपी के शामली जिले का प्रतिनिधित्व कैराना लोकसभा सीट करती है। मुजफ्फरनगर से अलग होकर वर्ष 2011 में शामली जिला अस्तित्व में आया था। मुस्लिम और जाट बाहुल्य कैराना लोकसभा सीट पर ध्रुवीकरण और जातीय खेमेबंदी का बोलबाला रहता है। लेकिन राजनीतिक दलों और नेताओं का सारा गुणा-भाग यहां की जनता हर बार गलत साबित कर देती है। यह सिलसिला 1962 से चला आ रहा है। कोई दल लगातार दो चुनाव नहीं जीत पाया है। 1989 और 1991 में जनता दल के प्रत्याशी ने दो लगातार चुनाव जीते, लेकिन तीसरी बार हार गए। ऐसे में कोई दल दावा नहीं कर सकता कि यह उसका गढ़ है। कांग्रेस को इस सीट पर जीत का 40 सालों से इंतजार है। 2014 व 2019 में भाजपा जीती लेकिन 2018 का उपचुनाव हार गई थी।

### लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रदीप चौधरी | 5,66,961 |
| सपा | तबस्सुम बेगम | 4,74,801 |
| कांग्रेस | हरेंद्र मलिक | 69,355 |



### 2018 लोकसभा उपचुनाव परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| रालोद | तबस्सुम हसन | 4, 81,181 |
| भाजपा | मृगांका सिंह | 4, 36, 564 मत |

### लोकसभा चुनाव 2014 के नतीजे

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | हुकुम सिंह | 5,65,909 |
| सपा | नाहिद हसन | 3, 29, 081 |
| बसपा | कंवर हसन | 1, 60, 414 |
| रालोद | करतार भड़ाना | 42,706 |



### रालोद अध्यक्ष की दादी सांसद रहीं, मायावती हारीं थीं पहला चुनाव

कैराना सीट से 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पत्नी एवं रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी की दादी गायत्री चौधरी सांसद रह चुकी हैं। मायावती ने अपना पहला चुनाव यहीं से लड़ा था। कांसीराम ने बहुजन समाज पार्टी बनाई और मायावती को 1984 में इस सीट से खड़ा किया। लेकिन सपा की मौजूदा प्रत्याशी इकरा हसन के बाबा अख्तर हसन ने उन्हें हरा दिया था, मायावती तीसरे स्थान पर रही थीं।

### ढाई लाख बुजुर्ग तय कर सकते हवा का रुख

- कैराना लोकसभा सीट पर 60 से 100 वर्ष आयु के दो लाख 57 हजार से अधिक मतदाता हैं। ये बुजुर्ग मतदाता किसी भी दल और प्रत्याशी के पक्ष में हवा का रुख तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### 35% से ज्यादा मुस्लिम करीब 20% गुर्जर मतदाता भाग्य विधाता

- कैराना लोकसभा सीट पर 17,22,432 मतदाताओं में पुरुष 9,21,820, महिला मतदाता 8,00,518 तथा 871 थर्ड जेंडर मतदाता है। एक अनुमान के मुताबिक इनमें सर्वाधिक छह लाख मुस्लिम मतदाता हैं। दलित वर्ग के दो लाख वोटर और तकरीबन इतने ही जाट मतदाता हैं। इसके बाद सवा लाख से ऊपर कश्यप मतदाता बताए जाते हैं। हिंदू और मुस्लिम गुर्जर मिलाकर तीन लाख से अधिक हैं।



भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी

### विधानसभा में भाजपा व रालोद ने दो-दो, सपा ने जीती एक सीट

- कैराना लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें दो सीटें सहारनपुर और तीन सीटें शामली जिले में आती हैं।
- 2022 के विधानसभा चुनाव में नकुर और गंगोह सीट पर भाजपा जीती थी तो कैराना विधानसभा सीट सपा के हिस्से में गई थी। थाना भवन और शामली सीट पर राष्ट्रीय लोकदल का कब्जा है।

### स्थानीय मुद्दे

- छुट्टा पशु
- बकाया गन्ना भुगतान
- फैक्ट्रियों का प्रदूषित पानी
- नाले की समस्या।



वोट जरूर डालें

कर्नाटक के हुबली में लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर मतदाता जागरूकता अभियान के लिए कुछ इस अंदाज में वाहन पर निकाली गई रैली।

## बैलेट से चुनाव की मंशा रह गई अधूरी

**अमृत विचार:** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में गुरुवार को प्रत्याशियों के नामांकन के अंतिम दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 384 प्रत्याशियों वाला फार्मूला फेल हो गया। यहां नामांकन पत्र खरीदने के अंतिम दिन 241 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे थे। लेकिन नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन 23 उम्मीदवारों ने 32 नामांकन पत्र जमा किए। कल नामांकन की जांच की जाएगी। यहां चुनावी सभा में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा था कि 384 नामांकन फार्म जमा करें, ताकि बैलेट पेपर से मतदान हो सके।

# मेनका-वरुण के बिना बदले समीकरण

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत में इस बार का लोकसभा चुनाव राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा से जुड़ चुका है। भाजपा चार लाख से अधिक वोट से जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय करके नए चेहरे के साथ मैदान में है, तो समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के लिए तराई क्षेत्र में अपनी सियासी जमीन पाने का मौका है। साढ़े तीन दशक में यह पहला चुनाव है जब मेनका गांधी या वरुण गांधी मैदान में नहीं हैं। हालांकि भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद का पीलीभीत से जुड़ाव रहा है, लेकिन इस सीट पर वह चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं। ऐसे में भी सपा की साइकिल ने रफ्तार नहीं पकड़ी और बसपा के हाथी की चाल सुस्त रही तो दोनों दलों के लिए

पीलीभीत लोकसभा सीट मेनका गांधी और वरुण गांधी के चलते हाई प्रोफाइल बनी रही है। सूबे की सत्ता से दूर रहते हुए भी भाजपा लोकसभा चुनाव में मेनका गांधी या वरुण गांधी को प्रत्याशी बनाकर जीत दर्ज करती रही। दो बार चुनाव में भाजपा ने निर्दलीय उम्मीदवार मेनका गांधी को समर्थन किया था। इसके उलट समाजवादी पार्टी और बसपा पीलीभीत में कभी जीत दर्ज नहीं कर सकी हैं। प्रदेश में सरकार होने और जिले की अधिकांश विधानसभा सीटों पर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कई जनप्रतिनिधि होने के बाद भी बसपा या सपा यहां कभी अपना सांसद नहीं बना पाए। 2007 में प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी थी। जिले की दो विधानसभा सीटों पर बसपा के विधायक चुने गए। जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर भी बसपा काबिज रही, लेकिन 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा महज 13.44 प्रतिशत वोट ही हासिल कर सकी थी। इस चुनाव में वरुण गांधी ने 4,19,539 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। बसपा के प्रत्याशी गंगाचरन राजपूत को 1,12,576 वोट ही मिल सके थे। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी रियाज अहमद ने 1,17,903 (14.08) प्रतिशत वोट पाए थे। समाजवादी पार्टी की 2012 में सूबे में सरकार आई। जिले की चार में से तीन सीटों पर समाजवादी पार्टी के विधायक चुने गए। लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में साइकिल रफ्तार नहीं पकड़ सकी। भाजपा की मेनका गांधी ने 5,46,934 वोट पाकर जीत दर्ज की। इस चुनाव में सपा के बुद्धसेन वर्मा को 2,39,882 वोट मिले थे। बहुजन समाज पार्टी के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू ने 1,96,294 वोट पाए थे। 1999 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मेनका गांधी ने 4,33,421 वोट पाकर जीत दर्ज की। बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू दूसरे नंबर पर रहे थे। समाजवादी पार्टी के रामसरन को महज 58792 वोट मिले थे।

2004 में भाजपा के सिंबल पर मेनका गांधी ने 2,55,615 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। सपा के सत्यपाल गंगवार 1,52,895 वोट पाकर दूसरे जबकि बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू 1,21,269 वोट तीसरे नंबर पर रहे थे। लेकिन इस बार तस्वीर कुछ बदली हुई है। 35 साल बाद पीलीभीत के सियासी परिदृश्य से मेनका और वरुण गायब हैं। भाजपा प्रत्याशी की ही तरह सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार पहली बार पीलीभीत से चुनाव मैदान में हैं।





**इस बार चुनाव में प्रत्याशी**

जितिन प्रसाद : भारतीय जनता पार्टी
भगवत सरन गंगवार : सपा (गठबंधन)
अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू : बसपा

### पीलीभीत में सपा-बसपा 2019 में साथ लड़कर भी ढाई लाख वोटों से पिछड़े

- पीलीभीत सीट पर सपा-बसपा कभी जीत दर्ज नहीं करा सकी है। इस सीट पर भाजपा का विजय रथ रोकने में दोनों दल तब भी सफल नहीं हो पाए थे जब 2019 में साथ मिलकर गठबंधन में चुनाव लड़ा था। सपा ने इस चुनाव में पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया था। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में उन्हें 4,48,922 वोट मिले, जबकि उनके मुकाबले भाजपा प्रत्याशी वरुण गांधी ने 7,04,549 वोट पाकर 2,55,627 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। इस बार चुनाव में दोनों दल अलग-अलग हैं। हालांकि समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन है।

# हेमा मालिनी पर टिप्पणी में सुरजेवाला की शिकायत

**दिल्ली।** कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के विरुद्ध राष्ट्रीय महिला आयोग ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। सुरजेवाला पर मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

राष्ट्रीय महिला आयोग हेमा मालिनी के खिलाफ कथित तौर पर अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्वाचन आयोग का रुख किया। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर वीडियो साझा किया था। इसमें कांग्रेस सांसद सुरजेवाला कथित तौर पर सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए हेमा मालिनी के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि वह सुरजेवाला की बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता है। आयोग ने एक ट्वीट में कहा कि ये महिला विरोधी टिप्पणियां हैं और किसी महिला की गरिमा के लिए अपमानजनक हैं। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने औपचारिक रूप से मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर सुरजेवाला के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है। भाजपा ने बुधवार को सुरजेवाला पर हेमा मालिनी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि इस टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस महिला विरोधी है। सुरजेवाला ने 31 मार्च को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के फरल गांव में 'इंडिया' गठबंधन के समर्थन में एक चुनावी रैली के दौरान कथित टिप्पणी की थी।

**बसपा की तैयारी** | पिछली बार की 10 सीटें और घटता जनाधार बचाने की चुनौती, भीम आर्मी चीफ की पार्टी से युवाओं को अपनी तरफ खींचने की कवायद

# ...और नगीना लोकसभा क्षेत्र बना आकाश आनंद का लांचिंग पैड

महेश शर्मा,कानपुर

**अमृत विचार:** दलित, मुस्लिम और ओबीसी के दिग्गज नेताओं के बसपा छोड़ जाने के बाद पार्टी सुप्रीमो मायावती ने स्टार प्रचारक के रूप में अपने भतीजे आकाश आनंद पर भरोसा जताया है। यूपी का नगीना लोकसभा क्षेत्र आकाश का लांचिंग पैड होगा। यहां वह छह अप्रैल को जनसभा करेंगे, जबकि मायावती 13 अप्रैल को उत्तराखंड के हरिद्वार से लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगी। बिट्रेन से एमबीए की पढ़ाई करके आए आकाश मायावती के छोटे भाई आनंदकुमार के बेटे हैं।



मायावती भतीजे आकाश के साथ।

नगीना लोकसभा सीट को बसपा ने अपनी जिताऊ सीट में रखा है। यहां कुल मतदाताओं में 20 फीसदी दलित और 40 फीसदी मुस्लिम हैं। बसपा का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यही आधार वोट रहा है। नगीना सीट पर 2019 में बसपा प्रत्याशी गिरीशचंद्र ने सपा के समर्थन से भाजपा को 1.66 लाख वोटों से हराया था। इस बार बसपा ने गिरीश का टिकट काटकर सुरेंद्रपाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। यहां भीम आर्मी चीफ आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेता चंद्रशेखर आजाद भी प्रत्याशी हैं। नगीना बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की चुनावी राजनीति में एंट्री प्वाइंट माना जा रहा है। यहां का युवा दलित चंद्रशेखर आजाद से प्रभावित है। आकाश आनंद की कोशिश युवा वर्ग को बसपा से जोड़ने की है। बसपा ने आकाश आनंद की 25 रैलियां कराने की योजना बनाई है। इनमें से अधिकतर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में होंगी। आकाश आनंद मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ में भी चुनाव संभाल रहे हैं।

### विधान सभा चुनावों में 30.43 से घटकर 12.88 पहुंचा मत प्रतिशत

- 2007 में 206 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत से यूपी में सरकार बनाने वाली बसपा को तब 30 .43 प्रतिशत वोट मिला था जो लगातार घट रहा है। 2022 के विधान सभा चुनाव में यह सिर्फ 12 .88 फीसदी ही रह गया। पार्टी का सिर्फ एक विधायक है। लोकसभा चुनाव 2019 में सपा के साथ मिलकर लड़ने पर बसपा को दस सीटें हासिल हुई थीं। अब इन्हें बचाकर रखना और पार्टी का ग्राफ बढ़ाना मायावती और आकाश आनंद दोनों के सामने बड़ी चुनौती है।
- लोकसभा चुनाव को आनंद के राजनीतिक चातुर्य की कड़ी परीक्षा माना जा रहा है। वह 2019 में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक बनाए गए थे। उन्हें मायावती के उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जा रहा है। हालांकि एंट्री उस वक्त पर हुई है जब बसपा का जातीय गणित गड़बड़ा चुका है। यूपी में भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद लोकप्रियता में अपना मुकाम बना चुके हैं।

### राजस्थान विस चुनाव में मेहनत नहीं लाई थी रंग

आकाश ने राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव में काफी मेहनत की थी। पार्टी 184 सीटों पर लड़ी थी और 1.82 फीसदी वोटों के साथ दो सीटों पर जीती थी, जबकि 2018 में वहां 4 .03 फीसदी वोट हासिल करके छह सीटों पर विजय हासिल की थी। अन्य राज्यों में बसपा को मुंह की खानी पड़ी थी। ऐसे में आकाश आनंद के सामने छिटकते दलित वोटों को जोड़ना और उसके साथ ही मुस्लिम और ब्राह्मणों में सामंजस्य बैठाना चुनौती है। यही समीकरण 2007 में बसपा को यूपी की सत्ता में लाया था

दीवानगी



बेंगलुरु दक्षिण भाजपा उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा। पार्टी की महिला कार्यकर्ता मोदी की गारंटी से लोगों को लुभाते नजर आए।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# सेंसेक्स 351 अंक चढ़कर नए रिकॉर्ड पर

## नीतिगत ब्याज दर में स्थिरता व कंपनियों के प्रदर्शन के चलते निफ्टी भी नए शिखर पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी



नीतिगत ब्याज दर में स्थिरता और कंपनियों के मजबूत तिमाही प्रदर्शन की उम्मीदों के बीच स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बृहस्पतिवार को आधा प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। शेयर बाजारों में इस तेजी के पीछे सूचना प्रौद्योगिकी, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी की अहम भूमिका रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 350.81 अंक यानी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 74,227.63 के अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 74,501.73 से 73,485.12 अंक के दायरे में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 80 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,514.65 के अपने नए शिखर पर पहुंच गया। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 बढ़त के साथ बंद हुए। इस तेजी के साथ बाजार पिछले दो सत्र की गिरावट से उबरने में सफल रहा।

सेंसेक्स का पिछला उच्चतम स्तर सात मार्च को 74,119.39 अंक का दर्ज किया गया था। वहीं निफ्टी का पिछला रिकॉर्ड 22,493.55 अंक का था। घरेलू बाजारों ने नीतिगत दर रेपो पर शुक्रवार को आने वाले फैसले के पहले एक सीमित दायरे में सकारात्मक कारोबार किया। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो दर पर लिए गए निर्णय की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-व्यापक बाजार ने मजबूत व्यावसायिक स्थितियों को दर्शाते हुए समग्र पीएमआई आंकड़ों के आधार पर अच्छे तिमाही नतीजों और निर्यात की उम्मीद में बैंक जैसे चुनिंदा क्षेत्रों में जुझारूपन दिखाया है। सेंसेक्स के समूह में शामिल 20 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### सोना तेजी के साथ 70,050 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 850 रुपये के उछाल के साथ 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। यह लगातार दूसरा सत्र है जब सोने ने रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये के उछाल के साथ 81,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 80,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमत (24 कैरेट) 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी जो पिछले बंद भाव से 850 रुपये की बढ़त है।

### आईटीआर के फॉर्म ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) जमा करने से संबंधित फॉर्म ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए गए हैं और बीते चार दिन में करीब 23,000 रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं।

हाल के वर्षों में पहली बार आयकर विभाग ने करदाताओं को नए वित्त वर्ष के पहले दिन ही अपना आईटी रिटर्न दाखिल करने में सक्षम बनाया है। यह कर अनुपालन में सुगमता और निर्बाध करदाता सेवाओं की दिशा में उठाया गया कदम है। आईटीआर फॉर्म 1 (सहज) और आईटीआर फॉर्म 4 (सुगम) बड़ी संख्या में छोटे और मझोले करदाताओं की जरूरतों को पूरा करते हैं। वहीं आईटीआर-2 आवासीय संपत्ति से आय वाले लोगों द्वारा दाखिल किया जाता है।

## सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए हरसंभव कदम उठा रही : सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री बोले-भीषण गर्मी के अनुमान पर की गई तैयारी



केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पारा चढ़ने के साथ बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बिजलीघरों को पूरी क्षमता के साथ काम करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। मौसम विभाग के लंबे समय तक भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान के साथ सरकार ने रखरखाव या अन्य कारणों से बंद सभी बिजलीघरों से जल्द-से-जल्द परिचालन शुरू करने को कहा है। साथ ही विशिष्ट उपयोगकर्ताओं के लिए काम कर रहे बिजलीघरों पर उपलब्ध अतिरिक्त बिजली का उपयोग करने को कहा है।

उन्होंनै कहा सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि तापीय बिजलीघर के पास जून तक के लिए पर्याप्त कोयला भंडार हो। साथ ही सभी इकाइयों से बिजली बाजारों में अपनी बिना अनुबंध वाली या अधिशेष बिजली की पेशकश करने को कहा है। केंद्रीय बिजली, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री सिंह ने खास बातचीत में गर्मियों में अधिकतम मांग को बिना किसी बाधा के पूरा करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा-हम अपनी पूरी क्षमता जुटा रहे हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 81,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 71,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53,450-53,650 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 69,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 68,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 77,300 |
| चांदी तैयार | 77,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 69,350 |
| चांदी आभूषण | 78,100। |

## देश के आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- नाइट फ्रैंक ने जनवरी-मार्च के जारी किए आंकड़े

देश के आठ प्रमुख शहरों में लक्जरी मकानों और प्रीमियम कार्यक्षेत्र की मजबूत मांग के दम पर जनवरी-मार्च में आवासीय बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कार्यालयों की मांग 43 प्रतिशत बढ़ी। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने बृहस्पतिवार को एक वेबिनार में 'भारत रियल एस्टेटः कार्यालय तथा आवासीय रिपोर्ट (जनवरी-मार्च 2024)' जारी की।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे और अहमदाबाद में जनवरी-मार्च में आवासीय कीमतें सालाना आधार पर दो से 13 प्रतिशत के दायरे में बढ़ीं। कार्यालय का किराया एक से नौ प्रतिशत बढ़ा। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च में आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री बढ़कर 86,345 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 79,126 इकाई थी। इस वर्ष जनवरी-मार्च में कार्यालय स्थान का सकल पट्टा 43 प्रतिशत बढ़कर 1.62 करोड़ वर्ग फुट हो गया,।

### उत्तर प्रदेश, राजस्थान व बिहार से गेहूं खरीद को 7 गुना करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे गैर-पारंपरिक राज्यों में गेहूं खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि करने की योजना की घोषणा की तथा चालू विपणन वर्ष 2024-25 में खरीद को सात गुना बढ़ाकर 50 लाख टन करने का लक्ष्य रखा। इन तीन राज्यों ने 2023-24 विपणन वर्ष (अप्रैल-मार्च) के दौरान केंद्रीय पूल में केवल 6.7 लाख टन का योगदान दिया है। वहीं केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने 2024-25 के लिए 310 लाख टन के कुल गेहूं खरीद लक्ष्य का 16 प्रतिशत इनसे खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## वरिष्ठ पदों पर औसत 20% वेतन वृद्धि का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड ने जारी की रिपोर्ट



इस साल वरिष्ठ पदों पर वेतन वृद्धि औसतन 20 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड 2024 के अनुसार, पारंपरिक उद्योगों में फिर से नियुक्तियां फिर से बढ़ रही हैं जो विशेष रूप से विनिर्माण तथा परिचालन भूमिकाओं की निरंतर उच्च मांग से स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रों में डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग में कुशल पेशेवरों की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वार्षिक मार्गदर्शन रिपोर्ट में बीएफएसआई, इंजीनियरिंग तथा विनिर्माण, वित्त व लेखा, स्वास्थ्य देखभाल तथा जीवन विज्ञान, मानव संसाधन, विधि, अनुपालन, खरीद व आपूर्ति श्रृंखला, संपत्ति व निर्माण, बिक्री तथा विपणन और प्रौद्योगिकी के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की छह प्रतिशत जीडीपी वृद्धि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारत को इस क्षेत्र में विशिष्ट स्थान पर रखती है।

पेजग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा-भारत की अर्थव्यवस्था के इस तरह के लचीलेपन तथा आशावाद को प्रदर्शित करने और वैश्विक महामारी के पहले के अपने प्रदर्शन को पार करने के बाद क्षमताओं का दोहन करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रतिभा को फलने देना और नवप्रवर्तन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण बना हुआ है।

# राष्ट्रीय

# विपक्षी गठबंधन सीएए को लेकर अफवाह फैला रहा: मोदी

## पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री बोले-नागरिकता देना मोदी की गारंटी

कूचबिहार (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को लेकर झूठी अफवाह फैलाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की बृहस्पतिवार को आलोचना की और कहा कि 'मां भारती' में आस्था रखने वालों को नागरिकता देना मोदी की गारंटी है। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार के रास मेला मैदान में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने भ्रष्ट लोगों को बचाने के प्रयासों को लेकर विपक्षी दलों निशाना साधा और उनकी सजा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि अगले पांच वर्ष में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संदेशखालि में हाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने आश्वासन दिया कि दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं।

मोदी ने कहा-उन्होंने कभी हाशिए पर पड़े समुदायों की परवाह नहीं की। अब जब हम सीएए लाए हैं तो वे अफवाहें और झूठ फैला रहे हैं। मां भारती में आस्था रखने वालों को नागरिकता देना मोदी की गारंटी है। उनकी टिप्पणी तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के उन दावों की पृष्ठभूमि में आई है जिसमें कहा गया है कि सीएए के लिए आवेदन करने से वैध नागरिक विदेशी बन जाएंगे।



कूच बिहार जिले में चुनावी रैली के दौरान भाजपा उम्मीदवार निसिथ प्रमाणिक द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। • एजेंसी

### सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं: ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जहरीले सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से इस पर गौर करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा-आप एक जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं, आप इसे पाल भी सकते हैं, लेकिन आप भाजपा पर कभी भरोसा नहीं कर सकते... भाजपा देश को बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी, केंद्रीय एजेंसियों की धमकी के आगे नहीं झुकेगी।

## देश बनाने और बिगाड़ने वालों के बीच फर्क करना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी ने पोस्ट में कहा भारत निर्णायक मोड़ पर खड़ा



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश इस समय निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और ऐसे में हर वर्ग को देश बनाने और देश बिगाड़ने वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, देश इस वक्त निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। हर वर्ग को 'देश बनाने' और 'देश बिगाड़ने' वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा। उन्होंने कहा-कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का मतलबः युवाओं की पहली नौकरी पक्की, किसानों को एमएसपी की गारंटी, हर गरीब महिला लखपति, श्रमिक को न्यूनतम 400 रू प्रतिदिन, जातिगत गिनती और आर्थिक सर्वे और सुरक्षित संविधान एवं नागरिक के अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का मतलब बेरोज़गारी पक्की, किसानों पर कर्ज़ का बोझ, असुरक्षित और अधिकार विहीन महिलाएं, मजबूर और बेबस मज़दूर, वंचितों के साथ भेदभाव और शोषण, तानाशाही और दिखावे का लोकतंत्र है। राहुल गांधी ने कहा-आपका भविष्य आपके हाथों में है, सोचिए, समझिए और सही फैसला कीजिए।

### कांग्रेस आज जारी करेगी अपना घोषणापत्र

कांग्रेस शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करेगी जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित होगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी यहां कांग्रेस मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करेंगे। इसके अगले दिन जयपुर एवं हैदराबाद में जनसभाएं आयोजित की जाएंगी जिनमें पार्टी के शीर्ष नेता शामिल होंगे। जयपुर में आयोजित घोषणापत्र संबंधी रैली को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा संबोधित करेंगी। हैदराबाद में घोषणापत्र संबंधी जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय – हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा।

## एक नजर

### ईडी ने हेमंत सोरेन के भूखंड को किया कुर्क

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित स्वामित्व वाले 8.86 एकड़ के भूखंड को कुर्क किया है। ईडी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत यह कार्रवाई की गई। ईडी ने 30 मार्च को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 48 वर्षीय नेता सोरेन तथा चार अन्य-- भानु प्रताप प्रसाद, राज कुमार पहान, हिलारियास कच्छप और विनोद सिंह- के खिलाफ यहां विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था।

### कोटा से किन्नर प्रत्याशी ने भरा नामांकन

**कोटा।** राजस्थान की कोटा-बूंदी संसदीय सीट से गुरुवार को किन्नर समाज के प्रत्याशी काजल किन्नर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। काजल किन्नर ने भारतीय आम जन पार्टी प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भरा है। नामांकन भरने के बाद काजल किन्नर ने कहा कि वह 20 साल से जनता से जुड़ी है। उनकी अपनी पहचान है और जनसेवा का संकल्प लेकर वे चुनाव मैदान में हैं। वह बड़े नेताओं की तरह वह झूठे वायदे नहीं करेंगी।

## पहचान पत्र न हो लेकिन वास्तविक मतदाता हो तो मतदान सुनिश्चित कराएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने राज्यों के अधिकारियों को दिए निर्देश



निर्वाचन आयोग ने राज्यों के निर्वाचन अधिकारियों से कहा है कि यदि पहचान पत्र के जरिए किसी मतदाता की पहचान स्थापित हो जाती है तो उसे मतदाता पहचान पत्र की लिपिकीय या वर्तनी की त्रुटियों को नजरअंदाज करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कोई भी वास्तविक मतदाता मतदान के अपने अधिकार से वंचित न हो।

आयोग ने यह भी कहा है कि किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र पहचान के लिए स्वीकार किया जाएगा बशर्ते मतदाता का नाम उस मतदान केंद्र की मतदाता सूची में हो जहां वह मत डालने गया हो। तस्वीर बेमेल होने की स्थिति में मतदाता को निर्वाचन आयोग द्वारा सूचीबद्ध वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों में से एक को पेश करना होगा। पिछले महीने जारी एक आदेश में आयोग ने कहा कि जो मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाए हैं उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए फोटो पहचान पत्रों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) के तहत भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड शामिल हैं।

भारतीय पासपोर्ट, फोटो के साथ पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकारों या पीएसयू द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो वाले सेवा आई-कार्ड, सांसदों, विधायकों और एमएलसी को जारी आधिकारिक पहचान पत्र और सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा जारी विशिष्ट दिव्यांगता आई-कार्ड भी स्वीकार किए जाते हैं। प्रवासी भारतीय, जो अपने भारतीय पासपोर्ट में विवरण के आधार पर मतदाता सूची में पंजीकृत हैं, की पहचान मतदान केंद्र पर केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर की जाएगी और कोई अन्य पहचान दस्तावेज नहीं जरूरी होंगे।

## शरद पवार, अजित पवार गुट आदेशों का करें पालन

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने दोनों धड़ों को दिया निर्देश

लोकसभा चुनाव से कुछ दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले धड़ों से चुनावों के लिए प्रचार सामग्री में चुनाव चिह्न, पार्टी के नाम और 'डिस्क्लेमर' (दावा अस्वीकरण) के इस्तेमाल पर उसके दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने उसके 19 मार्च के आदेश का अनुपालन न किये जाने के आरोप वाली दोनों पक्षों की याचिकाओं का निस्तारण करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि दोनों गुटों के नेताओं को कहीं और होना चाहिए, न कि अदालतों में। उसने शरद पवार गुट से कहा कि वह आगामी लोकसभा चुनाव और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियानों में 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' का नाम और 'तुरही बजाता आदमी' चुनाव चिह्न के इस्तेमाल के लिए अपने कार्यकर्ताओं को जागरूक करे। आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभा चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ ही हो रहे हैं।

## सांसद राणा को राहत, जाति प्रमाणपत्र रद करने संबंधी आदेश खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अमरावती सांसद नवनीत कौर राणा को राहत देते हुए उनका अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र बहाल कर दिया, जिससे भाजपा के टिकट पर दलितों के लिए आरक्षित महाराष्ट्र सीट से चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के 2021 के फैसले को खारिज करते राणा का जाति प्रमाणपत्र बहाल किया। यह फैसला नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन आया है। भाजपा ने राणा को अमरावती से उम्मीदवार बनाया है। हाईकोर्ट ने 8 जून 2021 को कहा था कि राणा ने धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज के जरिए 'मोची' जाति का प्रमाणपत्र हासिल किया था। हाईकोर्ट ने सांसद पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था और कहा था कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि वह 'सिख-चमार' जाति से हैं।

# अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर चुनावों पर पूरे देश की नजर

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

### पहले से ही बढ़ गई है चुनावी सरगर्मी

- मत विभाजन को रोकने के लिए काफी सक्रिय है कांग्रेस
- घाटी की तीन सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस का कब्जा है

**अमृत विचार:** जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद पहली बार लोकसभा का चुनाव हो रहा है। जिसमें न सिर्फ वर्षों से इस राज्य में रहने वाले लोगों के राजनीतिक अधिकार बहाल हुए हैं बल्कि आजादी के बाद से इस राज्य में रहने वाले उन तमाम लोगों को लोकसभा चुनाव में वोट देने का अधिकार भी मिलेगा जो धारा 370 हटने से पहले नहीं था।

धारा 370 का विरोध वहां के प्रमुख क्षेत्रीय दल नेशनल कांफ्रेंस एवं पीडीपी ने किया था और इसके प्रमुख नेताओं महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला को नजर बंद भी किया गया था। इंडिया गठबंधन में जम्मू कश्मीर भी है। बिल्कुल उसी तरह जैसे पंजाब या पश्चिम बंगाल में है। इस बार नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी ने जम्मू एवं उधमपुर की सीट पर कांग्रेस को समर्थन दिया है और कश्मीर की तीन सीटों पर कांग्रेस अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी, नेशनल कांफ्रेंस या पीडीपी उम्मीदवारों को समर्थन देगी। हालांकि घाटी की अनंतनाग, बारामूला और श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के बीच विवाद चल रहा है। दोनों दलों का कहना है कि केंद्र में हम इंडिया गठबंधन के साथ हैं लेकिन राज्य में हम अलग-अलग रहेंगे। जैसे पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस अलग-अलग चुनाव लड़ रही है। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस की है। जम्मू कश्मीर के दोनों क्षेत्रीय दल दिल्ली में 31 मार्च को हुई रैली में एक साथ थे। फिलहाल घाटी की तीनों सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस का कब्जा है।

इस बार के चुनाव में जम्मू कश्मीर में मत विभाजन को रोकने के लिए कांग्रेस काफी सक्रिय है। यदि मत विभाजन हुआ तो बीजेपी को लाभ मिलेगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के सामने कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस व पीडीपी अलग-अलग थे। जिसका लाभ बीजेपी को मिला और उसे 46 फीसद मत प्राप्त हुए थे। जबकि कांग्रेस को 28.38 फीसद, नेशनल कांफ्रेंस को 7.87 फीसद और पीडीपी को 3.5 फीसद मत प्राप्त हुए थे। इस बार के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद कांग्रेस से अलग हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी का गठन किया है। आजाद से बीजेपी को फायदा और इंडिया गठबंधन को नुकसान होने की आशंका है।

मगर पूरे देश के लिए सबसे दिलचस्प यह है कि धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में चुनाव परिणाम क्या होंगे? बीजेपी के लिए भी यह सवाल काफी बड़ा है। राष्ट्रपति शासन लगने के बाद केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख को अलग-अलग कर वहां विकास के नए-नए कार्यों के करने का दावा किया है। अब देखना है कि इसका राजनीतिक लाभ उसे कितना मिलता है।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 03 | 167 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 03 | 06 |

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | −0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | −0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | −0.876 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | −1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | −1.423 |

# मुस्तफिजुर के बिना सीएसके का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से

**हैदराबाद, एजेंसी**

फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है।

दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी। इतने लंबे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में उतार चढाव आना लाजमी है और चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में मिली हार के बाद यही कहा था। उन्हें और उनके सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र को हालांकि घूमती गेंदों का सामना करने के लिये तैयार रहना होगा, जिसमें वे दिल्ली के खिलाफ चूक गए थे। क्रिकेट प्रेमी महेंद्र सिंह धोनी को आठवें नंबर से ऊपर बल्लेबाजी करते देखना चाहते थे। उन्होंने पिछले मैच में अपना पुराना फिनिशिर फॉर्म दिखाते हुए 16 गेंद में 37 रन बनाये थे। वैसे उनके ऊपर आने की संभावना कम ही है क्योंकि वह शिवम दुबे और समीर रिजवी को फिनिशर की भूमिका निभाते देखना चाहते हैं।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी, मोईन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शाइक रशीद, मिचेल सेंटनेर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधू, प्रशांत सोलंकी, महीष तीक्षणा, रचिन रविंद्र, शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिचेल, समीर रिजवी, मुस्ताफिजूर रहमान, अवनीश राव अरावेली। **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन। **समय :** शाम 7 .30 से।

गेंदबाजी में चेन्नई को संयोजन पर विचार करना होगा क्योंकि मुस्तफिजुर अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये वीजा की प्रक्रिया पूरी करने बांग्लादेश लौट गए हैं। अभी तक मुस्तफिजुर और मथीषा पथिराना की जोड़ी सीएसके के लिये अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। मुस्तफिजुर की जगह मुकेश चौधरी ले सकते हैं जबकि शार्दुल ठाकुर ने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है। दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। उसके बल्लेबाजों ने मुंबई के खिलाफ दूसरे मैच में आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बनाया था हालांकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभी तक प्रभावित नहीं कर सके हैं।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहली बार सनराइजर्स के बल्लेबाज नाकाम रहे। गेंदबाजी में जयदेव उनादकट, मयंक मार्कण्डेय और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं। भुवनेश्वर ने नयी गेंद से निराश किया है और तीन मैचों में तीन ही विकेट ले सके हैं। कप्तान पैट कमिंस ने आठ रन प्रति ओवर की दर से रन दिये हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग चाहिये।

# दिखा गिल का जलवा, पंजाब को 200 रनों का लक्ष्य

## गुजरात टाइटंस के कप्तान ने बनाए नाबाद 89 रन, पंजाब किंग्स के कगिसो रबाडा ने दो विकेट झटके




शुभमन गिल

**अहमदाबाद, एजेंसी**

शुभमन गिल के नाबाद 89 रनों की कप्तानी पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें मैच में पंजाब किंग्स को जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य दिया।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा 11 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद केन विलियम्सन 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। साई सुदर्शन ने 19 गेंदों में छह चौकों की मदद से 33 रन बनाये। विजय शंकर आठ रन बनाकर आउट हुये। शुभमन गिल ने 48 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 89 रनों की पारी खेली। वहीं राहुल तेवतिया आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाकर 23 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 199 रन का स्कोर खड़ा किया। पंजाब किंग्स की ओर से कगिसो रबाडा ने दो विकेट लिये। हरप्रीत बरार और हर्षल पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




साई सुदर्शन

- **पंजाब किंग्स के हरप्रीत बरार और हर्षल पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया**

**पंजाब किंग्सः**

| | |
|---|---|
| रिद्धिमान साहा का धवन बो रबाडा | 11 |
| शुभमन गिल नाबाद | 89 |
| विलियमसन का बेयरस्टो बो हरप्रीत | 26 |
| साइ सुदर्शन का जितेश बो हर्षल | 33 |
| विजय शंकर का हरप्रीत बो रबाडा | 08 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 23 |

**अतिरिक्त :** 09

**कुल :** 20 ओवर में चार विकेट पर : 199 रन, **विकेट पतन :** 1-29, 2-69, 3-122, 4-164

**गेंदबाजी :** हरप्रीत 4-0-33-1, अर्शदीप 4-0-33-0, रबादा 4-0-44-2, कुरेन 2-0-18-0, हर्षल 4-0-44-1, रजा 2-0-22-0

### पहले दस मैचों में आईपीएल की रिकॉर्ड दर्शक संख्या

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के पहले दस मैचों को 35 करोड़ दर्शकों ने देखा जो टूर्नामेंट के किसी भी सत्र से अधिक है जिसमें कोरोना महामारी के दौरान खेले गए सत्र भी शामिल हैं। डिजनी स्टार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार टूर्नामेंट का कुल 'वॉचटाइम' 8028 करोड़ मिनट रहा जो पिछले साल से बीस फीसदी अधिक है। डिजनी स्टार (स्पोटर्स) के प्रमुख संजोग गुप्ता ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''टाटा आईपीएल 2024 की रिकॉर्ड व्यूअरशिप से हम आहलादित हैं। हमने दर्शकों को केंद्र में रखकर कई पहल की जिससे दर्शकों की संख्या में इजाफा हुआ।'' डिजनी स्टार आईपीएल का 10 भाषाओं में प्रसारण कर रहा है जिसमें मूक, बधिरों और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिये स्पेशल फीड भी शामिल है।

## खेल डायरी

### पाकिस्तान वालीबॉल महासंघ ने भारत को एशियाई चैलेंज लीग के लिए न्योता दिया

**कराची।** पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ ने भारत को अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाली एशियाई चैलेंज वॉलीबॉल लीग में टीम भेजने के लिये न्योता दिया है। पीवीएफ के अध्यक्ष चौधरी याकूब ने कहा कि उन्होंने टूर्नामेंट के लिये भारतीय वॉलीबॉल महासंघ को न्योता दिया है। उन्होंने कहा, ''हमने काफी प्रयासों के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी हासिल की है। हम चाहते हैं कि 11 से 17 मई तक होने वाले टूर्नामेंट में सभी शीर्ष टीमें भाग लें।'' ईरान, श्रीलंका, भूटान, तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, कजाखस्तान, किर्गीस्तान ने टूर्नामेंट में भागीदारी की पुष्टि कर दी है।

### पांच महिला बैडमिंटन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** अनमोल खरब समेत पांच भारतीय महिला खिलाड़ी गुरुवार को कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। देविका सिहाग, पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत और ईशारानी बरूआ ने महिला एकल में अंतिम आठ में जगह बनाई। तरुण चौथे वरीय स्थानीय खिलाड़ी दिमित्री मनारिन से भिड़ेंगे जबकि रवि और भरत आमने-सामने होंगे। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूत्विजा गाडे, अभ्युदय चौधरी और वैष्णवी खाडकेकर, संजय श्रीवत्स और मनीषा के और अलीशा खान और झाकुओ सेयी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

### भारतीय फुटबॉल टीम 121वें स्थान पर पहुंची

**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ताजा फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर खिसक गई जो पिछले कुछ साल में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारत को पिछले महीने गुवाहाटी में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर में अफगानिस्तान ने 2-1 से हराया था। पिछले साल इंटर कांटिनेंटल कप, त्रिकोणीय टूर्नामेंट और सैफ चैम्पियनशिप जीतकर भारत शीर्ष सौ में पहुंचा था लेकिन 26 मार्च को अपने से नीची रैंकिंग वाली अफगानिस्तान टीम से हार अप्रत्याशित रही। जनवरी में एशियाई कप में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी। गत विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना शीर्ष पर है जबकि फ्रांस दूसरे, इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर है। ब्राजील पांचवें स्थान पर है।

### दक्षिण अफ्रीकी फुटबॉलर ल्यूक की लूटपाट में हत्या

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के फुटबॉलर और ओलंपियन ल्यूक फ्लूर्स की यहां लूटपाट की एक घटना में हत्या कर दी गई। उनके क्लब काइजेर चीफ्स ने यह जानकारी दी। चौबीस वर्ष के डिफेंडर ल्यूक को उस समय गोली मारी गई जब वह हनीड्यू इलाके में पेट्रोल पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। क्लब ने एक बयान में कहा, ''ल्यूक फ्लूर्स की जोहानिसबर्ग में लूटपाट की घटना में कल रात हत्या हो गई है। इस कठिन समय में उनके परिवार और दोस्तों के प्रति हमारी संवेदनायें।'' पुलिस के प्रवक्ता मावेला मासोंडो ने बताया कि हमलावर ल्यूक की कार लेकर भाग गए। पुलिस कार लूटने और हत्या की जांच कर रही है।

### सात्विक-चिराग बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से हटी

**नयी दिल्ली।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी कंधे की चोट से नहीं उबर पाए हैं जिसके कारण उनकी और चिराग शेट्टी की गत चैंपियन पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को अगले सप्ताह होने वाली बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से हट गई। सात्विक और चिराग की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने पिछले साल अप्रैल में 58 साल के सूखे को खत्म करते हुए इतिहास रचा था क्योंकि वे दिनेश खन्ना के बाद दुबई में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय बने थे। दिनेश ने 1965 में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि मौजूदा सत्र में फ्रेंच ओपन सुपर 750 जीतने के अलावा दो टूर्नामेंट के उप विजेता रहे सात्विक और चिराग ने गुरुवार को टूर्नामेंट से बाहर होने का फैसला किया।

## थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी पीवी सिंधु

**नयी दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु पेरिस 2024 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी। उनकी जगह अनमोल खरब को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने गुरुवार को चीन में के चेंगदू में 27 अप्रैल से होने वाले थॉमस और उबेर कप के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीम की घोषणा करते हुए कहा है कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु इस साल के उबेर कप में हिस्सा नहीं लेंगी। सिंधु ने पेरिस 2024 ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इस साल के उबेर कप से हटने का फैसला किया है।

# डोपिंग टेस्ट फेल होने के सर्वाधिक मामले भारत में

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2000 या अधिक नमूनों की जांच कराने वाले देशों में 2022 टेस्टिंग आंकड़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत में डोपिंग टेस्ट में नाकाम रहने के मामले सर्वाधिक हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर है।

वाडा ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में 3865 नमूनों (मूत्र और रक्त दोनों) की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे जो नमूनों की संख्या का 3.2 प्रतिशत है। नमूनों की जांच के मामले में भारत 11वें स्थान पर है लेकिन डोपिंग के मामले रूस (85), अमेरिका (84), इटली (73) और फ्रांस (72) जैसी खेल महाशक्तियों से अधिक है। दक्षिण अफ्रीका ने 2023 नमूनों की जांच की जिसमें से 2.9 प्रतिशत पॉजीटिव रहे। तीसरे स्थान पर कजाखस्तान है जिसके 2174 नमूनों में से 1.9 प्रतिशत पॉजीटिव निकले। चौथे स्थान पर नॉर्वे और अमेरिका रहे। चीन ने रिकॉर्ड 19228 नमूनों की जांच की जबकि प्रतिकूल नतीजे 0.2 प्रतिशत रहे। डोपिंग मामलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का निलंबन झेलने वाले रूस ने 10186 नमूनों की जांच की और 0.8 प्रतिशत पॉजीटिव रहे।

- **3865 नमूनों की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे**

## ऋषभ पंत पर धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रुपये जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में दूसरी बार धीमी ओवरगति रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की ओवरगति बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में धीमी रही थी। आईपीएल ने एक बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है।'' इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत या छह लाख रूपये में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है।''

# सलीमा को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 का पुरस्कार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पहले दो अप्रैल को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह को भी इसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इन दोनों खिलाड़ियों को पुरुष और महिला वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से नवाजा गया है। पुरस्कार के तहत दोनों खिलाड़ियों को 25-25 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किये गये।



हार्दिक सिंह भारतीय हॉकी पुरुष टीम के उप-कप्तान के रूप में टोक्यो ओलंपिक 2023 में कांस्य पदक जीतने वाली दल और हांग्जो एशियाई टीम का हिस्सा थे। वहीं सलीमा टेटे ने भी भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा बनकर 2023 हांग्जो एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। झारखंड के सिमडेगा जिले की रहने वाली सलीमा ने पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि मेरे करियर में पहली बार इतने बड़े पुरस्कार से सम्मानित होना बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़ा सम्मान है और मेरे पूरे करियर के दौरान मेरे लिए यह एक बड़ी प्रेरणा होगी।



## बॉलीवुड हलचल

# करीबी ने बताया- भद्दे कमेंट करने वाले कॉमेडियन पर केस नहीं करेंगे सलमान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अक्सर ही चर्चा में बने रहते हैं। कभी अपनी फिल्मों के कारण तो कभी किसी के द्वारा की गई टीका-टिप्पणी की वजह से। अब हाल ही में स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने सलमान खान पर अभद्र टिप्पणी की थी वहीं जब केआरके ने उनका वीडियो शेयर किया तो उन्होंने हेकड़ी दिखाते हुए कहा था कि वह जोक्स के लिए माफी नहीं मांगते हैं। इसी दौरान केआरके ने दावा किया था कि सलमान खान, कुणाल कामरा के खिलाफ मानहानि का केस करने वाले हैं। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। अब इसके पीछे की वजह भी सामने आ गई है। दबंग खान के एक करीबी ने हाल ही में बताया है कि सलमान खान को अब इस तरह की चीजों की आदत हो गई है। वह कोर्ट के चक्कर नहीं काटना चाहते। इसलिए अब वह इस तरह का कोई भी कदम नहीं उठाना चाहते। जूम टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान के एक करीबी सूत्र ने बताया है कि अगर सलमान खान ऐसे हर गाली देने वाले के खिलाफ मुकदमा करते रहे तो वह कोर्ट रूम के ही चक्कर लगाते रहेंगे। इतने सालों में सलमान खान इन सबके आदी हो चुके हैं। वह बहुत अच्छे से जानते हैं कि उनका नाम लेकर अटैक करने वाले सिर्फ अटेंशन पाने के लिए ऐसा करते हैं। इसलिए वह कुणाल कामरा पर केस नहीं कर रहे हैं। बता दें कि हाल ही में कॉमेडियन कुणाल कामरा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह कहते नजर आ रहे थे कि 'मुझे ऑफर आया कि अंबानी के ओटीटी पर जानकर सलमान से मॉरल ज्ञान लेने का।



# करवाचौथ सीन पर ट्रोल होने पर रश्मिका मंदाना ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई, एजेंसी।** रश्मिका मंदाना ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं, इस फिल्म में वो रणबीर कपूर के किरदार रणविजय की पत्नी के रोल में थीं। फिल्म का जब ट्रेलर सामने आया तो करवा चौथ वाले सीन में रश्मिका मंदाना रणबीर पर गुस्सा जाहिर करती हैं और दांत पीसकर बोलने की वजह से उन्हें खूब ट्रोल किया गया। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्री का मजाक उड़ाया गया और उनकी एक्टिंग एबिलिटी पर भी सवाल उठाए गए। फिल्म की रिलीज के बाद चीजें बदल गईं क्योंकि यह सीन फिल्म के सबसे चर्चित सीन में से एक बन गया। रश्मिका मंदाना ने आखिरकार टॉक शो नो फिल्टर नेहा में फिल्म की रिलीज से पहले हुई ट्रोलिंग के बारे में खुल कर बात की है। रश्मिका ने बताया कि ट्रेलर के बाद शुरुआती आलोचना ने एक्ट्रेस को खुद से सवाल करने पर मजबूर कर दिया था। रश्मिका ने कहा, "करवा चौथ का सीन जो कि नौ मिनट लंबा सीन था और सीन करते समय सेट पर मौजूद लोगों को यह बहुत पसंद आया। वे तालियाँ बजा रहे थे और महसूस कर रहे थे कि यह बहुत अच्छा शूट हुआ है, लेकिन ट्रेलर आया और उसी सीन के एक खास डायलॉग के लिए मुझे इतना ट्रोल किया गया।

# इस वजह से शाहरुख खान के साथ कभी आईपीएल मैच नहीं देखती हैं जूही



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और जूही चावला न सिर्फ अच्छे दोस्त और बेहतरीन को-स्टार हैं, बल्कि दोनों आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के को-ऑनर्स भी हैं। इन दिनों आईपीएल 2024 का खुमार चल रहा है। अब हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में जूही चावला ने खुलासा किया है कि वह शाहरुख खान के साथ कभी भी आईपीएल मैच नहीं देखती हैं। उन्होंने इसके पीछे की बड़ी ही मजेदार वजह भी बताई है। दरअसल हाल ही में जूही चावला ने बताया कि आईपीएल हमेशा रोमांचक होता है। हम सभी अपने टेलीविजन सेट के सामने होते हैं। जब हमारी टीम खेलती है, तो उन्हें देखना दिलचस्प होता है और हम सभी बहुत ज्यादा तनाव में होते हैं। शाहरुख खान के साथ मैच देखना अच्छा नहीं है क्योंकि जब हमारी टीम अच्छा परफॉर्म नहीं कर रही होती है, तो वह मुझ पर अपना गुस्सा निकालते हैं। मैं उनसे कहती हूं कि वह यह बात मुझे नहीं बल्कि टीम को बताएं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इसलिए हम मैच देखने के लिए अच्छे लोग नहीं हैं। मुझे लगता है कि यही बात आईपीएल टीम के कई मालिकों के साथ भी लागू होती है, उन सभी को अपनी टीमों के खेलने के दौरान पसीना बहाते हुए देखा जा सकता है। बता दें कि जूही चावला और शाहरुख खान फैमिली फ्रेंड हैं। दोनों की दोस्ती दशकों पुरानी है। जूही चावला ने शाहरुख खान के साथ कई फिल्मों में काम किया है। वह आर्यन खान के भी बेहद करीब हैं। जब आर्यन खान क्रूज केस में फंसे थे तो जूही चावला ने ही उनकी मदद की थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़: सुरक्षाबलों ने दो इनामी महिला नक्सली को किया गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो इनामी महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के फरसेगढ़ और कुटरू थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एक लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली पोयाम फगनी और 10 हजार रुपये की इनामी पोयाम सन्नी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा- बुधवार को चुचकोंटा गांव से महिला नक्सली पोयाम सन्नी (34) को गिरफ्तार किया, वहीं दूसरी को केतुलनार गांव से फरसेगढ़ से पोयाम फगनी (30) को गिरफ्तार कर किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों महिला नक्सली एक ग्रामीण की हत्या, मारपीट और पुलिस दल पर हमला समेत अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल थीं।



### कर्नाटक में बोरवेल में गिरा दो साल का बच्चा, 20 घंटे बाद बाहर निकाला

**विजयपुरा।** कर्नाटक के लचायन गांव में एक दो वर्षीय बच्चा बुधवार की शाम को 15-20 फीट की गहराई बोरवेल में गिर गया। बच्चे की पहचान सात्विक मुजागोंद के तौर पर की गई है जो विजयपुड़ा जिले में सिर के बल बोरवेल में गिरा था। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को बोरवेल से बाहर निकाल लिया है। बुधवार शाम अपने माता-पिता के खेत में खेलते समय बोरवेल में गिर गया।

### एयरलाइन विस्तारा का गतिरोध बरकरार, 20 उड़ानें रद

**मुंबई।** पायलटों की नाराजगी की वजह से टाटा समूह की एयरलाइन विस्तारा की उड़ानों के रद होने का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। समस्या बरकरार रहने से करीब 20 उड़ानें रद करनी पड़ीं। बुधवार को भी 26 उड़ानें रद हुई थीं। हालांकि, एयरलाइन के सीईओ विनोद कन्नन ने नाराज पायलटों से समस्या के समाधान का वादा किया था। समस्या अबतक हल नहीं हो पाई है। जिससे गुरुवार को 20 उड़ानें रद कर दीं।

### इमरान की पार्टी ने धार्मिक कारणों से कल होने वाली रैली रद की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने धार्मिक कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को होने वाली अपनी बहुप्रचारित रैली को रद करने की घोषणा की। इमरान की जेल से रिहाई की मांग को लेकर की जानी थी। मीडिया के मुताबिक, पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने बुधवार को कहा लैलत-उल-कद्र के कारण रैली होगी। बता दें, मुस्लिम समुदाय रमजान के महीने में लैलत-उल-कद्र की रात को बहुत पवित्र माना जाता है।

## सेना के खिलाफ राजनीतिक दलों के आरोप निराधार, राष्ट्रपति से मिले सेना प्रमुख असीम मुनीर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके व्यक्तियों द्वारा सेना के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता व्यक्त की है। बुधवार को जब सेना के प्रमुख (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की तब उन्होंने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधा।



इस बैठक में सेना प्रमुख ने जरदारी को 14वें राष्ट्रपति के तौर पर नियुक्ति के लिए बधाई दी है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, राष्ट्रपति जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके कुछ व्यक्तियों द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता जताई है। उन्होंने ऐसे तत्वों से निपटने के लिए संकल्प लिया है। दरअसल, जरदारी स्पष्ट रूप से अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने पर इमरान खान और उनकी पार्टी द्वारा पाकिस्तानी पर लगातार हमले का जिक्र कर रहे थे। इस बैठक में सीओएएस ने राष्ट्रपति को आतंकवाद के खिलाफ सेना के अभियानों से अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रपति को विशेष तौर पर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान क्षेत्र में विकास पहल में सेना के योगदान के बारे में भी बताया।

## दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट में सेंध, जांच शुरू

**नई दिल्ली।** हैकरों के एक समूह ने दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट में सेंध लगाने का दावा किया है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि मिली जानकारी के अनुसार 'किलसेक' नामक हैकरों के समूह ने अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट किए गए संदेश में दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट तक पहुंच और चालान की स्थिति को हासिल करने का दावा किया।

पुलिस ने कहा कि दूसरे संदेश में, समूह ने दावा किया कि उसने दिल्ली पुलिस की वेबसाइट में सेंध लगाई है और तस्वीरों को छोड़कर वह सारा डेटा हासिल कर लिया है, जो वे कर सकते हैं। पुलिस ने कहा कि एनआईसी रिकॉर्ड की पड़ताल कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांश शुरू कर दी गई है।

## पांच साल में 28 फीसदी बढ़ी राहुल गांधी की संपत्ति

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केरल के वायनाड से नामांकन दाखिल किया। राहुल ने जो हलफनामा दिया है, उसके मुताबिक उनके पास कुल 20.39 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसमें 9.24 करोड़ रुपये चल और 11.15 करोड़ की अचल संपत्ति है। 2019 में राहुल ने कुल 14.85 करोड़ रुपये की संपत्ति बताई थी है। यानी 5 साल में उनकी संपत्ति 5.54 करोड़ रुपये से 28 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। बचत से ज्यादा निवेशः राहुल बैंक से ज्यादा शेयर और म्यूचुअल फंड में निवेश पर भरोसा करने लगे हैं। उनके पास 4.33 करोड़ के शेयर और 3.81 करोड़ के म्यूचुअल फंड हैं। हालांकि बैंक में महज 6.25 लाख जमा हैं।*

- 18 केस दर्ज... राहुल ने शपथ पत्र में 18 आपराधिक केस का जिक्र किया है। इसमें मानहानि केस में सूरत कोर्ट की तरफ से सुनाई सजा का भी जिक्र है। 2019 में दाखिल हलफनामे में उन्होंने अपने खिलाफ 6 केस का जिक्र किया था।



### 2004 के चुनाव में इतनी थी संपत्ति

राहुल गांधी ने साल 2004 में नामांकन के दौरान दिए गए हलफनामे में बताया था कि उनके पास महज 55 लाख 83 हजार 123 रुपये मूल्य की कुल संपत्ति है। फिर 2009 के अगले लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपनी कुल संपत्ति की कीमत 2 करोड़ रुपये बताई जो 2014 के लोकसभा चुनाव के वक्त 9 करोड़ 40 लाख रुपये हो गई। हलफनामें में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बताया कि उनके पास 40 हजार रुपये नकदी है, उनके 17 .93 लाख रुपये कई बैंकों में जमा हैं।



इसके अलावा राहुल गांधी ने 5 .19 करोड़ रुपये विभिन्न कंपनियों के बॉन्ड, डिबेंचर और शेयरों में लगा रखे हैं। उनके पास 333 .3 ग्राम सोना भी है। दिल्ली के सुल्तानपुर गांव में उनके पास खेती की पैतृक जमीन भी है, इसके अलावा गुरुग्राम में उनके पास दो कार्यालय भी हैं।

### कमाई करोड़ों की बैंक में मात्र 26 लाख रुपये...

राहुल गांधी ने शपथ पत्र में बताया है कि बीते पांच सालों में उन्हें कुल 6 करोड़ रुपये की आमदनी हुई। उनके पास कुल 20 .39 करोड़ रुपये की संपत्ति है। राहुल गांधी ने बताया है कि उनके पास कुल नकदी 55 हजार रुपये की है और इसके अलावा 26 लाख रुपये की धनराशि बैंक में जमा है। राहुल के एफीडेविट में जिक्र किए ब्योरे के अनुसार उनकी संपत्ति में 2019 की तुलना में 28 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

## परिवर्तनकारी सुधारों से युद्ध क्षमताओं को धारदार बनाएगी भारतीय सेना

### सैन्य कमांडर सम्मेलन में भारतीय सेना की बहुआयामी रणनीति पर दिया जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय सेना भविष्य में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी युद्ध क्षमता को विकसित करेगी। इसके लिए 'प्रतिद्वंदी बल' के रूप में एक विशेष संगठन तैयार करने पर विचार किया है। इसकी वजह यह है कि प्रतिद्वंदी बल के साथ भारतीय सेना युद्ध और प्रशिक्षण की बारिकियों पर ध्यान दे सके। दिल्ली में आयोजित सैन्य शीर्ष कमांडर सम्मेलन में उच्च पदस्थ अफसरों ने भारतीय सेना की मानव संसाधन प्रबंधन नीति को संशोधित करने का भी निर्णय लिया।

अफसरों का मानना है कि भविष्य में भारतीय सेना की तकनीक संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मानव संसाधन प्रबंधन नीति का नवीनीकरण जरूरी है। इस दौरान भारतीय सेना के उप प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सैन्य कमांडरों और वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने मौजूदा सुरक्षा माहौल की समीक्षा करते हुए भारतीय सेना की बहुआयामी रणनीति और केंद्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेना के तकनीक-सक्षम और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए सर्वोत्तम प्रणालियों को अपनाना जरूरी है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय सेना के लिए यह पहल एक बड़ा परिवर्तन साबित हो सकती है। बता दें, सैन्य कमांडरों का सम्मेलन मंगलवार को दिल्ली में संपन्न हुआ। यह द्विवार्षिक कार्यक्रम 28 मार्च को थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की अध्यक्षता में एक ऑनलाइन सत्र के साथ शुरू हुआ था इसके बाद एक और दो अप्रैल को आमने-सामने की चर्चा हुई।

### संशोधित होगी मानव संसाधन प्रबंधन नीति, मजबूत होगा बुनियादी ढांचा

सम्मेलन में शीर्ष अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह फैसला लिया गया कि भारतीय सेना की मानव संसाधन प्रबंधन नीतियों को संशोधित किया जाएगा। यह संशोधित नीति सेना के तकनीक-सक्षम भविष्य के लिए मददगार होगी। इसके अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों में उन्नत क्षमता निर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास के प्रयासों में तेजी लाई जाएगी। इसके लिए अन्य मंत्रालयों के साथ सहयोग करने के अधिक अवसर तलाशे जाएंगे।



### आत्मनिर्भरता पर रहेगा फोकस, नवाचार क्षमता को बढ़ाया जाएगा

सम्मेलन के दौरान सेना के शीर्ष अधिकारियों ने आत्मनिर्भरता पर ध्यान देने की बात कही। उनका मानना है कि भविष्य की क्षमता विकास की दिशा में विशिष्ट प्रौद्योगिकी को शामिल करना बड़ी पहल साबित होगा। इस दिशा में आर्मी डिजाइन ब्यूरो की नवाचार क्षमता को बढ़ाया जाएगा। सेना ने कहा कि इस पहल को और मजबूत करने के लिए अलग से एक फंड हेड का विकल्प तलाशा जाएगा। इसके अलावा सैन्य परीक्षणों में अधिक दक्षता और निरंतरता सुनिश्चित की जाएगी।

## सीबीआई की कार्रवाई सऊदी अरब से भारत लाया गया वांछित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा जांच किए जा रहे सोना तस्करी के एक मामले में वांछित और इंटरपोल के रेड नोटिस का सामना कर रहे एक आरोपी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा समन्वित एक अभियान में सऊदी अरब से वतन वापस लाया गया है।

अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि जांच एजेंसी के वैश्विक अभियान केंद्र ने शौकत अली की सऊदी अरब से मुंबई वापसी के लिए इंटरपोल के माध्यम से राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो-रियाद के साथ समन्वय किया है। अली को बुधवार रात वापस लाया गया। अली राजस्थान के जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तस्करी कर लाई गई सोने की छड़ों की जब्ती से संबंधित 2020 में दर्ज मामले में वांछित था। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है।

अधिकारी ने बताया, "जांच के दौरान यह पता चला कि आरोपी शौकत अली ने सह आरोपियों के साथ मिलकर सऊदी अरब से भारत में सोने की छड़ों की तस्करी की साजिश रची थी।

## चीन-पाक को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों से रिश्ते बेहतर

तिरुवनंतपुर, एजेंसी

- विदेश मंत्री जयशंकर बोले-चीन के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि चीन और पाकिस्तान को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों से भारत के संबंधों में पहले की तुलना में काफी सुधार हुआ है। क्षेत्र में भारत की कूटनीतिक प्रगति के बारे में मीडिया से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन देश आश्वस्त है और अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम है।

विदेश मंत्री बोले- भारत के आसपास के छोटे देशों में चीनी हस्तक्षेप चिंता का विषय है, लेकिन भारत एक ऐसा देश है जो आज आश्वस्त है, जो अपने हितों को आगे बढ़ाने और उनकी रक्षा करने में सक्षम है, दुनिया में हम प्रतिस्पर्धा करेंगे। मंत्री ने इस बात को खारिज किया कि एक दशक पहले की तुलना में अब ऐसे पड़ोसियों की संख्या अधिक है जो भारत के प्रति मित्रवत नहीं हैं। विदेश मंत्री ने कहा, पड़ोस में ऐसी ताकतें हो सकती हैं जो समस्याएं पैदा करती हैं और भारत में ऐसे लोग हो सकते हैं जो इन समस्याओं को तूल देना पसंद करते हैं। जयशंकर ने कहा, चीन के साथ हमारे संबंध बहुत ही असामान्य हैं, और पाकिस्तान के साथ भी हमारे संबंध ठीक नहीं हैं - आप सभी जानते हैं कि हमारे वर्तमान संबंधों की स्थिति क्या है।



### कच्चातिवु वार्ता में द्रमुक पक्षकार थी : जयशंकर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कच्चातिवु को लेकर दिए गए बयान के बाद से ही राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई है। तमाम दलों के बीच बयानबाजी का दौरा शुरू हो गया है। इस बीच डीएमके पर कटाक्ष करते हुए जयशंकर ने दावा किया कि तत्कालीन केंद्र के साथ डीएमके ने पांच दशक पहले बातचीत की थी, बाद में जो निर्णय लिया गया उसमें भी उन्होंने सहमति दिखाई थी। डीएमके पर कटाक्ष करते हुए जयशंकर ने कहा कि जो सबसे खास है वह यह है कि तमिलनाडु के लोगों को सच्चाई पता होनी चाहिए।

## नाटो का लंदन में जश्न...



**लंदन :** अमेरिका के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना नाटो की 75वीं वर्षगांठ (डायमंड जुबली) 4 अप्रैल को थी। इसकी पूर्व संध्या पर चेंजिंग ऑफ द गार्ड सेरेमनी मनाई गई। इसी दौरान शाही परिवार के विशेष घुड़सवारी दल के साथ बैंड ने परेड की। जश्न गुरुवार तक जारी रहा। इस उत्सव में नाटो देशों के विदेश मंत्री भी जुटे। इसके अलावा जुलाई में अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में भी आयोजन होगा। नाटो की स्थापना 4 अप्रैल 1949 को हुई थी। इस गठबंधन में अभी 32 देश शामिल हैं। इनमें से 30 देश तो यूरोप के हैं। ● एजेंसी

## थाईलैंड: जहाज में लगी आग, सवार 108 यात्री समुद्र में कूदे

**बैंकॉक।** थाईलैंड की खाड़ी में गुरुवार नाव में भीषण आग लग गई। आग से बचने के लिए घबराए यात्री समुद्र में कूदने लगे, जिससे जहाज पर सवार सभी 108 लोगों को सुरक्षित बच गए। सूरत थानी प्रांत से रात भर चलने वाली नाव थाई तट से दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल कोह ताओ पहुंचने ही वाली थी।

तभी यात्रियों में से एक ने अचानक एक तेज आवाज सुनी और धुएं की गंध महसूस की। फिर सभी ने समुद्र में कूद कर जान बचाई। अधिकारियों ने कहा कि नौका पर सवार 108 लोगों में से 97 यात्री सूरत थानी के थे। प्रांत के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि सभी को बचा लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ।

## कम लागत में होगा कैंसर का इलाज मुर्मू ने लांच की पहली स्वदेशी थेरपी

मुंबई, एजेंसी

- राष्ट्रपति बोलीं- सीएआर टी-सेल थेरेपी से मानव जाति को मिलेगी नई उम्मीद

कैंसर वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारी है, जिसका जोखिम साल-दर साल बढ़ता देखा जा रहा है। भारत में भी कैंसर रोग एक बड़ा खतरा रहा है। पवई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कैंसर के इलाज के लिए स्वदेशी रूप से विकसित सीएआर टी-सेल थेरेपी की शुरुआत की।

आईआईटी बॉम्बे और टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा विकसित यह जीन-आधारित थेरेपी विभिन्न प्रकार के कैंसर को ठीक करने में मदद करेगी। एक अध्ययन के अनुसार, भारत में साल 2019 में लगभग 12 लाख नए कैंसर के मामले और 9.3 लाख मौतें दर्ज की गई थीं। भारत, एशिया में इस बीमारी के बोझ वाल दूसरा सबसे बड़ा देश है। सीएआर टी-कोशिका-सेल थेरेपी भारत की पहली 'मेड इन इंडिया' सीएआर टी-कोशिका-सेल थेरेपी है, जिससे इलाज की लागत में काफी कमी आने की उम्मीद जताई गई है।



टाटा मेमोरियल सेंटर के निदेशक सुदीप गुप्ता ने कहा कि सीएआर टी-सेल थेरेपी एक बेहद महंगा उपचार है, जो अधिकतर लोगों की पहुंच से बाहर है। उन्होंने कहा, नेक्ससीएआर19 का भारत के बाहर उपलब्ध इलाज की कीमत से तकरीबन 10 गुना कम खर्च है।

## लद्दाख में सैन्य हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग, कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना के एक अपाचे हेलीकॉप्टर को लद्दाख में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान उतार-चढ़ाव वाले इलाके और अधिक ऊंचाई के कारण हेलीकॉप्टर को नुकसान पहुंचा है। हालांकि इसमें सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। वायुसेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार को हुई।

वायु सेना ने घटना की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए हैं। आईएएफ ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'आईएएफ के अपाचे हेलीकॉप्टर ने 3 अप्रैल को लद्दाख में एक परिचालन प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एहतियाती लैंडिंग की। इस लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान, उतार-चढ़ाव वाले इलाके और उच्च ऊंचाई के कारण इसे नुकसान हुआ।'

इसमें कहा गया, 'विमान पर सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं और उन्हें निकटतम एयरबेस पर ले जाया गया है। कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है।

## बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का हुआ सफल परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ को दी बधाई

सामरिक बल कमान ने डीआरडीओ के साथ मिलकर कल (बुधवार) शाम लगभग 7:00 बजे ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने इस परीक्षण की पुष्टि की। मंत्रालय ने कहा- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर 1,000 से 2,000 किमी की मारक क्षमता वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

प्रक्षेपण के मौके पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान, स्ट्रैटजिक फोर्सेज कमांड के प्रमुख और डीआरडीओ और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, एसएफसी



और सशस्त्र बलों को बधाई दी है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "रणनीतिक बल कमान (एसएफसी) ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर 3 अप्रैल को लगभग 07:00 बजे ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया गया है।

**विज्ञान** मुख्य खोजकर्ता डॉ. निकोल नेविल ने की खोज, सूर्य की उत्पत्ति से पहले अस्तित्व में आया है यह कण

## वैज्ञानिकों ने की ब्रह्मांड के दुर्लभ कण की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने एक ऐसे दुर्लभ धूल कण की खोज की है, जिसका सम्बंध हमारे सूर्य के अलावा किसी अन्य तारे से है। कर्टिन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है, जो प्राचीन धूल कणों की उत्पत्ति में प्रकाश डाल सकती है।

मुख्य खोजकर्ता डॉ. निकोल नेविल ने अपने सहयोगियों के साथ यह खोज की है। उल्कापिंड हमारे सौर मंडल में बने पदार्थों से बने होते हैं और इनमें बहुत छोटे कण भी हो सकते हैं, जो हमारे सूर्य से बहुत पहले पैदा हुए सितारों से उत्पन्न होते हैं। इन्हें प्रीसोलर ग्रेन के रूप में जाना जाता है। इन कणों के अंदर विभिन्न प्रकार के तत्व मौजूद



ब्रह्मांड के कणों की फोटो।

होते हैं। का विश्लेषण करके पाए जाते हैं।

डॉ. नेविल के अनुसार ये कण एक तरह के आकाशीय कैप्सूल की तरह हैं, जो अपने मूल तारे के जीवन का एक स्नैपशॉट हैं। यह हमारे सौर मंडल में निर्मित सामग्री में आइसोटोप का अनुमानित अनुपात होता है। इस खोज को लेकर डॉ. डेविड सैक्से ने कहा है कि अनुसंधान विश्लेषणात्मक तकनीक और खगोल भौतिकी मॉडल को आगे बढ़ाने में यह खोज महत्वपूर्ण हो सकती है।

इससे ब्रह्मांड को समझने के तरीके में नई दिशा मिलती है।। हाल ही में हाइड्रोजन बर्निंग सुपरनोवा की खोज भी हुई है, यह एक तारा है। इस सुपरनोवा में नई खोज की तरह के कण मौजूद हैं। दोनों के धूल कण का विश्लेषण करने के बाद यह जानकारी सामने आई है।

### ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने में मिलेगी मदद

कर्टिन स्कूल ऑफ अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंसेज के प्रोफेसर फिल ब्लैंड कहते हैं कि ब्रह्मांड के अनेक रहस्यों को जानने के लिए उल्कापिंडों में दुर्लभ कण बड़ा योगदान दे सकते हैं। ब्रह्मांड के अनेक रहस्य आज भी बने हुए हैं। जिन्हे समझने के लिए निरंतर अनुसंधान जारी हैं।

## अमेरिका : ओपिनियन पोल में बाइडन से आगे निकले ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले एक ताजा सर्वे में राष्ट्रपति जो बाइडन पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पिछड़ते नजर आ रहे हैं। सात राज्यों में हुए ओपिनियन पोल में रिपब्लिकन नेता ट्रंप ने डेमोक्रेट बाइडन पर बढ़त बनाई है, जबकि बाइडन केवल एक राज्य में आगे दिखे।

सर्वे में पाया गया कि मतदाता देश की अर्थव्यवस्था से संतुष्ट नहीं हैं, इसके साथ वे बाइडन की क्षमता और राष्ट्रपति के रूप में उनके प्रदर्शन से भी निराश हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार, ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, एरिजोना, जार्जिया, नेवादा और उत्तरी कैरोलिना राज्यों में बाइडन पर दो से आठ प्रतिशत तक बढ़त बनाई। जबकि, बाइडन केवल विस्कन्सिन राज्य में



मतदाताओं का तीन प्रतिशत अधिक समर्थन प्राप्त कर सके। राष्ट्रपति बाइडन के विरुद्ध सभी राज्यों में पद के प्रदर्शन को लेकर 16 प्रतिशत नकारात्मक दृष्टिकोण रहा, जबकि चार राज्यों में यह 20 प्रतिशत तक देखा गया। अगर ट्रंप की बात करें तो जब वह राष्ट्रपति थे तो केवल एरिजोना राज्य में उनके विरुद्ध नकारात्मक दृष्टिकोण था। सर्वेक्षणों पर नजर रखने वाली रीयल क्लीयर पालिटिक्स के अनुसार, 2020 की तरह इस वर्ष के चुनाव में भी ट्रंप और बाइडन के बीच कांटे का मुकाबला होने की संभावना है।